दैनिक सच्चाई की जंग

लोकमित्र

वर्ष : 29 | अंक :200
प्रतापगढ़ | सोमवार , 22 मई-2023
पृष्ठ : 12 | मूल्य : 3 रुपये

प्रतापगढ़,लखनऊ, कौशाम्बी, एवं प्रयागराज से एक साथ प्रकाशित

R.N.I. No. : 71870/94

संस्थापक : श्रद्धेय स्व. रामनिरंजन भगवन

प्रतिदिन की खबरों के लिए देखें www.dailylokmitra.com

न्यूज डायरी

सोनिया व खड़गे ने पुण्यतिथि पर राजीव गांधी को दी श्रद्धांजलि



नई दिल्ली (आरएनएस)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सीपीपी अध्यक्ष सोनिया गांधी और पार्टी नेताओं राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा ने रविवार को पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को उनकी 32वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी। खड़गे ने वीर भूमि पर पूर्व प्रधानमंत्री को पुष्पांजलि अर्पित की। सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी ने भी पूर्व प्रधानमंत्री को पुष्पांजलि अर्पित की, जिनकी 21 मई, 1991 को हत्या कर दी गई थी।राहुल गांधी ने ट्विटर पर अपने पिता का एक वीडियो साझा किया।उन्होंने कहा, पापा, आप हमेशा मेरे साथ हैं, प्रेरणा में और मेरी यादों में।कांग्रेस ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल से पूर्व प्रधानमंत्री को याद करते हुए कहा, भारत पुराना देश है, लेकिन युवा राष्ट्र है, मैं भारत का सपना देखता हूं मजबूत, स्वतंत्र, आत्मनिर्भर और दुनिया के राष्ट्रों की अग्रिम पंक्ति में व मानव जाति की सेवा में।राजीव गांधी के शब्द हम सभी के मन में गूंजते रहते हैं। 21वीं सदी का भारत अपनी कई उपलब्धियों का श्रेय इस दूरदर्शी नेता को देता है, जिन्होंने न केवल देश को प्रगति और आधुनिकीकरण की ओर अग्रसर किया, बल्कि हमारे लोकतांत्रिक और धर्मनिरपेक्ष लोकाचार की जड़ों को भी मजबूत किया।पार्टी ने कहा, उनकी पुण्यतिथि पर, हम राजीव जी को याद करते हैं, जिन्होंने भारत के सच्चे चरित्र - एकजुटता और सहिष्णुता की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया और अंततः इस सपने के लिए अपनी जान दे दी।राजीव गांधी का जन्म 20 अगस्त, 1944 को हुआ था और उन्होंने चार बार उत्तर प्रदेश के अमेठी संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया।

एलआईसी ऑफिस में लगी आग, दस्तावेज जलकर हुए खाक

कानपुर,(हि.स.)। तेज धूप और 40 के पार तापमान पहुंचने पर आग की घटनाएं बढ़ने लगी है। इसी कड़ी में रविवार को बर्रा थाना क्षेत्र स्थित एलआईसी (भारतीय जीवन बीमा निगम) के ऑफिस में अवकाश के दिन भीषण आग लग गई। आग लगने से ऑफिस में रखे दस्तावेज जलकर खाक हो गये। सूचना पर पहुंची दमकल की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। दमकल विभाग का कहना है कि संभवतः शार्ट सर्किट से आग लगी होगी।कानपुर के दक्षिण में पटेल चौक के पास मातृछाया कॉम्पलेक्स स्थित भारतीय जीवन बीमा निगम का ऑफिस है। ऑफिस में अचानक धुएं का गुबार निकलने लगा तो लोगों ने दमकल विभाग को सूचना दी। दमकल की टीम आने से पहले धुआं का गुबार तेज लपटों में तब्दील हो गया। कॉम्पलेक्स में मौजूद हॉस्पिटल समेत अन्य दुकानदारों ने आग बुझाने का प्रयास किया। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने दो गाड़ियों के बदौलत कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक ऑफिस में रखे सारे दस्तावेज जलकर खाक हो गये।मुख्य अग्निशमन अधिकारी दीपक शर्मा ने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है और आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। संभावना है कि आग शार्ट सर्किट से लगी होगी और एलआईसी के अधिकारी भी मौके पर पहुंचकर कारणों की जांच कर रहे है।

कुपवाड़ा से जैश का ऑपरेटिव गिरफ्तार, रच रहा था अस्थीरता फैलाने की साजिश

नई दिल्ली (हि.स.)। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने रविवार को जम्मू-कश्मीर को अस्थिर करने की साजिश में शामिल जैश-ए-मोहम्मद के ऑपरेटिव को कुपवाड़ा (जम्मू-कश्मीर) से गिरफ्तार किया है, जिसकी पहचान मोहम्मद उबैद मलिक के तौर पर हुई है।जांच में एनआईए को पता चला है कि उबैद पाकिस्तान के जैश कमांडर से संपर्क में था और सुरक्षाबलों और सैनिकों की आवाजाही से जुड़ी जानकारी पहुंचा रहा था। इसके पास से कुछ दस्तावेज भी बरामद हुए हैं, जिनसे यह बात साबित होती है।उल्लेखनीय है कि एनआईए ने पिछले साल जून में विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया। मामला जम्मू-कश्मीर की शांति भंग करने और देश के खिलाफ युद्ध छेड़ने से जुड़ा था।

2,000 रुपये के नोट को लेकर एसबीआई का आया बयान

नोट बदलने के लिए नहीं होगी किसी फॉर्म या पहचान पत्र की जरूरत

नई दिल्ली, एजेंसियाँ। स्टेट बैंक इंडिया (एसबीआई) की तरफ से 2000 रुपये के नोट को लेकर हाल ही में नई गाइडलाइन जारी की गई है। इसके मुताबिक जिन लोगों को नोट बदलने हैं उन्हें नोट बदलने के लिए किसी आईडी की जरूरत नहीं होगी। नोट बदलवाने के लिए लोगों को किसी तरह की आईडी नहीं देनी होगी यहां तक किसी तरह का फॉर्म भी उन्हें भरने की जरूरत नहीं होगी। एसबीआई ने साफ किया है कि नोट बदलने के लिए एक बार में अधिकतम 10 नोट दिए जा सकेंगे यानी 20 हजार रुपये के नोट बदलवाए जा सकेंगे।इस संबंध में एसबीआई ने नोटिफिकेशन भी जारी कर दिया है। बता दें कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को 2,000 रुपये के नोटों को चलन से वापस लेने की घोषणा की थी। इन नोटों को बैंक खातों में जमा करने या बदलने के लिए जनता को 30 सितंबर तक का समय दिया गया। हालांकि, 2000 रुपये का नोट 30 सितंबर तक वैध मुद्रा बना रहेगा, जबकि नवंबर, 2016 की नोटबंदी में 500 रुपये और 1,000 रुपये के नोटों को रातोंरात अमान्य कर दिया गया था।

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने अपने सभी स्थानीय प्रधान कार्यालयों के मुख्य महाप्रबंधक को पत्र लिखकर कहा है कि आम जनता को एक बार में कुल 20,000 रुपये तक के 2,000 रुपये के नोटों को बदलने के लिए किसी फॉर्म की जरूरत नहीं होगी। ऐसे नोटों को अपने खाते में जमा करने के लिए रिजर्व बैंक ने कोई सीमा नहीं तय की है। इसके लिए 'अपने ग्राहक को जानो' (केवाईसी) मानदंडों और अन्य लागू वैधानिक आवश्यकताओं को पूरा करना होगा। वहीं जमा कराने को लेकर बैंक के मूल नियमों का पालन करना होगा।बैंक ने 20 मई को जारी नोटिफिकेशन में कहा कहा, ''विनिमय के समय कोई पहचान प्रमाण प्रस्तुत करने की जरूरत नहीं है।''

इस संबंध में सोशल मीडिया पर कई भ्रामक जानकारियां भी फैलाई जा रही हैं जो सही नहीं है। एसबीआई ने अपने स्थानीय प्रधान कार्यालयों को जनता के लिए सभी तरह के सहयोग की व्यवस्था करने को कहा है। सूत्रों के मुताबिक 2,000 रुपये के नोट बदलने के लिए कोई कितनी भी बार कतार में खड़ा हो सकता है। नोट बदलने की सुविधा 23 मई से उपलब्ध है, लेकिन कई ग्राहक शनिवार को 2,000 रुपये के नोट बदलने के लिए अपनी शाखाओं में पहुंचे, जिन्हें समझाकर वापस भेज दिया गया।

मथुरा के मंदिर में जारी हुआ ड्रेस कोड

फैशनेबल कपड़े पहनकर आने वालों को नहीं होंगे दर्शन

मथुरा (आरएनएस)। मथुरा के वृंदावन के सप्त देवालयों में शामिल ठाकुर राधा दामोदर मंदिर में अमर्यादित (छोटे कपड़े) वस्त्र पहनकर दर्शन करने आने वालों पर रोक लगा दी गई है। मंदिर के गेट पर पुरुष और महिलाओं से ऐसे वस्त्र न पहनकर आने की अपील का बोर्ड लगा दिया है। सेवायत पूर्ण चंद गोस्वामी ने अन्य मंदिर संचालकों से भी ऐसे वस्त्र पहनकर आने वाले श्रद्धालुओं पर रोक लगाने का आह्वान किया है।उन्होंने बताया कि हमारी संस्कृति और शास्त्रों में मंदिरों में ऐसे वस्त्र पहनकर आना निषेध बताया है। बता दें कि देश के अलग-अलग हिस्सों से मंदिरों में मर्यादित वस्त्र पहनकर आने का आह्वान हो रहा है। उधर, बांकेबिहारी मंदिर के प्रबंधक ने कहा है कि धार्मिक स्थलों पर अमर्यादित वस्त्र पहनकर नहीं आना चाहिए। मंदिर की परंपरा का ध्यान रखना चाहिए।पंचायती मंदिर ठा. राधारमण लाल के पदाधिकारी अनुभूति गोस्वामी ने कहा कि लोगों को धार्मिक स्थल पर अशोभनीय वस्त्र नहीं पहनने चाहिए। बाकी वह स्वतंत्र हैं कि कब क्या पहनें। यह सनातन संस्कृति और परंपरा के खिलाफ है।ठा. राधावल्लभ मंदिर के सेवायत मुकेश वल्लभ गोस्वामी ने अपील का समर्थन करते हुए कहा कि सभी मंदिरों में ऐसा होना चाहिए। मंदिर की अपनी वेशभूषा होती है, देखते जा रहे हैं कि यहां फुहड़पन फैलाया जाता है जिस पर रोक लगनी ही चाहिए।

प्रधानमंत्री मोदी व पीएम ऋषि सुनक के बीच कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर हुई चर्चा

हिरोशिमा,(हि. स.)। जापान के हिरोशिमा में जी-7 की बैठक में भाग लेने पहुंचे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के साथ कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने को लेकर चर्चा की। इस दौरान भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते पर प्रगति सहित द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी की समीक्षा की।मोदी ने जी-7 देशों के शिखर सम्मेलन से अलग ऋषि सुनक से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने व्यापार एवं निवेश और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी जैसे व्यापक क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को और मजबूत करने पर सहमति भी जताई। मोदी ने ट्वीट कर कहा, %प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के साथ मुलाकात बहुत सार्थक रही। हमने व्यापार, इनोवेशन, विज्ञान और ऐसे अन्य क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की है।विदेश मंत्रालय ने ट्वीट कर जानकारी दी है कि, %व्यापक रणनीतिक साझेदारी को बढ़ाया को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हिरोशिमा में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के साथ सार्थक बातचीत की।

दोनों नेताओं ने भारत-ब्रिटेन के बीच एफटीए (मुक्त व्यापार समझौता) से जुड़ी वार्ताओं में हुई प्रगति का जायजा लेने के साथ-साथ द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी की समीक्षा की।मंत्रालय ने कहा कि मोदी और सुनक ने व्यापार एवं निवेश, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, उच्च शिक्षा और दोनों देशों के नागरिकों के बीच परस्पर संबंधों जैसे व्यापक क्षेत्रों में सहयोग को गहरा करने पर सहमति व्यक्त की।विदेश मंत्रालय ने कहा कि मोदी और सुनक ने भारत की जी-20 अध्यक्षता पर भी चर्चा की। मंत्रालय ने कहा कि मोदी ने जी-20 शिखर सम्मेलन के लिए सुनक का नई दिल्ली में स्वागत करने की उत्सुकता जताई। भारत और ब्रिटेन पिछले साल जनवरी से एफटीए पर बातचीत कर रहे है, जिसका मकसद एक ऐसे व्यापक समझौते पर सहमति बनाना है, जिससे दोनों देशों के बीच 2022 में अनुमानित 34 अरब पाउंड के द्विपक्षीय व्यापार संबंधों में उल्लेखनीय वृद्धि होने की उम्मीद है।ब्रिटिश सरकार के आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक भारत 2022 की तीसरी तिमाही के अंत में बीती चार तिमाहियों में ब्रिटेन का 12वां सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार था। दोनों देशों के बीच हुआ व्यापार ब्रिटेन के कुल व्यापार का 2.1 प्रतिशत था।

यूएस में आपका जबरदस्त क्रेज, मुझे आपका ऑटोग्राफ ले लेना चाहिए, जब पीएम मोदी से बोले बाइडेन

नई दिल्ली (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जापानी शहर हिरोशिमा में जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान विश्व के शीर्ष नेताओं से मुलाकात की। इसी दौरान पीएम मोदी ने ग्ड शिखर सम्मेलन में हिस्सा लिया, जिसमें अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन, जापानी प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा और ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज भी शामिल हुए।इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता किसी से छिपी नहीं है लेकिन अब तो दुनिया के बड़े-बड़े देशों के राष्ट्राध्यक्ष भी ऐसा लगता है कि पीएम मोदी की लोकप्रियता के कायल हो गए हैं। दुनिया के सबसे ताकतवर देश अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन तो प्रधानमंत्री मोदी के इतने प्रशंसक बन चुके हैं कि वह उनका ऑटोग्राफ लेने की बात करने लगे हैं।जापान में ग्ड बैठक के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन जिस तरह से पीएम मोदी के पास आकर उनके गले लगे, उसे पूरी दुनिया ने देखा। अब खबर आई है कि ग्ड बैठक के दौरान जो बाइडन ने पीएम मोदी से कहा कि उनके कार्यक्रम में शामिल होने के लिए उनके पास कई शीर्ष नागरिकों की इतने आवेदन आ रहे हैं कि उन्हें काफी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। बता दें कि पीएम मोदी जून में अमेरिका के दौरे पर जाने वाले है। जो बाइडन ने पीएम मोदी से ये भी कहा कि 'उन्हें पीएम मोदी का ऑटोग्राफ ले लेना चाहिए।'

समीर वानखेड़े की बढ़ेंगी मुश्किलें! सीबीआई के बाद अब सीबीआईसी ने जांच की शुरू

मुंबई,(आरएनएस)। एनसीबी के मुंबई जोन के पूर्व डायरेक्टर समीर वानखेड़े की मुश्किलें और बढ़ सकती है। सीबीआई के बाद समीर वानखेड़े का गृह कैडर सीबीआईसी इस मामले में उनके खिलाफ एक्शन ले सकता है। एनसीबी ने अपनी विजिलेंस रिपोर्ट केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड के साथ भी शेयर की है। विजिलेंस रिपोर्ट मिलने के बाद सीबीआईसी ने विभागीय जांच शुरू कर दी है। समीर वानखेड़े मौजूदा समय में चेन्नई में केंद्र सरकार के सीबीआईसी विभाग में ही पोस्टेड है।गौरतलब है कि मुंबई में एनसीबी के पूर्व क्षेत्रीय निदेशकसमीर वानखेड़े कोर्डेलिया क्रूज से ड्रग्स की जब्ती के मामले में सुपर स्टार शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान का नाम शामिल नहीं करने के एवज में उनसे कथित रूप से 25 करोड़ रुपये मांगने से जुड़े मामले में पूछताछ के लिए शनिवार को सीबीआई के सामने पेश हुए।

श्रीनगर में 22 जुलाई से जी-20 सम्मेलन का शुभारंभ, विदेशी मेहमानों का पहुंचा शुरू, सुरक्षा के कड़े इंतजाम

जम्मू,(हि.स.)। जी-20 पर्यटन कार्य समूह का सम्मेलन 22 मई यानी सोमवार को श्रीनगर में शुरू होने जा रहा है जो 24 मई तक तक चलेगा। रविवार से ही विदेशी मेहमान जम्मू-कश्मीर में पहुंचना शुरू हो गए हैं। सम्मेलन में भाग लेने के लिए 63 विदेशी प्रतिनिधियों के श्रीनगर आने की उम्मीद है। चीन और तुर्किये के प्रतिनिधि सम्मेलन में शामिल नहीं होंगे क्योंकि दोनों ने ही इसमें भाग लेने से इनकार कर दिया है। सऊदी अरब, इंडोनेशिया और मिस्र के प्रतिनिधियों की मौजूदगी को लेकर भी असमंजस बना हुआ है।22 से 24 मई तक चलने वाले इस सम्मेलन के दौरान विदेशी मेहमानों को श्रीनगर के कुछ चिन्हित क्षेत्रों के दौरे पर ले जाया जा सकता है। सम्मेलन का उद्घाटन उपराज्यपाल मनोज सिन्हा करेंगे और आयोजन में कई केन्द्रीय मंत्रियों के शामिल होने की उम्मीद है।इस आयोजन को लेकर उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि केंद्र शासित प्रदेश के सभी नागरिक इस आयोजन के माध्यम से यहां की सांस्कृतिक विरासत से पूरी दुनिया को अवगत कराएं। जम्मू-कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश के सभी नागरिकों के लिए यह अवसर है कि वह अपनी संस्कृति, विरासत, पर्यटन और आतिथ्य का परिचय करवा सकें। इसके साथ ही सभी देशवासियों को इस वादराज आयोजन का हिस्सा बनना चाहिए। ये देश के अभिन्न हिस्से को एक नई पहचान दिलाने का सुनहरा अवसर है। उनका कहना है कि जी-20 सम्मेलन की सफलता से इस केंद्र शासित प्रदेश में पर्यटकों की संख्या और निवेश बढ़ेगा जो जम्मू-कश्मीर के लोगों के लिए और अधिक सुखद अवसर लेकर आयेगा।इस सम्मेलन में जम्मू कश्मीर की कला, संस्कृति, हस्तशिल्प जम्मू कश्मीर के व्यंजन और जम्मू कश्मीर के विशिष्ट कृषि उत्पादों का मेला भी लगाया जाएगा। डल झील किनारे स्थित शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर (एसकेआईसीसी) में जी-20 के पर्यटन कार्य समूह का सम्मेलन होगा। सम्मेलन में भाग लेने आ रहे विदेशी मेहमान प्रदेश की सदियों पुरानी समृद्ध व रंगबिरंगी लोक संस्कृति से भी अवगत होंगे।सम्मेलन के दौरान एसकेआईसीसी परिसर में हस्तशिल्पियों के लिए विशेष पंडाल लगाया लगाया गया है जहां आने वाले मेहमान बुनकरों को सामान तैयार करते हुए देख सकेंगे।

योगी ने की नौ नव निर्मित मंदिरों में देव विग्रहों की प्राण प्रतिष्ठा

गोरखपुर,(हिस.)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और गोरख पीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने रविवार को गोरखनाथ मंदिर परिसर में स्थापित नौ देव मंदिरों के देव विग्रहों की प्राण प्रतिष्ठा की। इस दौरान पूरा मंदिर परिसर जयकारे और वैदिक मंत्रों से गुंजता रहा।इन कार्यक्रमों के साथ ही गोरखनाथ मंदिर के देवलोक का विस्तार हो गया। प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में 08 मई से मंदिर में गोरखनाथ मंदिर में दो अनुष्ठानिक कार्यक्रम चल रहे थे। रविवार को इन्हें भी विश्राम दे दिया गया।उल्लेखनीय है कि इससे पहले शुक्रवार और शनिवार को योगी आदित्यनाथ ने हवन और धार्मिक अनुष्ठानों में हिस्सा लिया था और कथाओं का श्रवण किया। रविवार को भी मुख्यमंत्री योगी ने हवन में भाग लिया और आरती उतारी।

केजरीवाल ने मोदी का पुराना ट्वीट पोस्ट करते हुए केंद्र पर साधा निशाना, पूछा - अध्यादेश क्यों, सर?

नई दिल्ली (आरएनएस)। सेवा मामलों पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को पलटने के लिए अध्यादेश पर केंद्र के साथ गतिरोध के बीच, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 10 साल पुराने ट्वीट को दोबारा पोस्ट किया जिसमें उन्होंने केंद्र सरकार से पूछा था कि अध्यादेश क्यों? मोदी का यह ट्वीट 2013 का है जब वह गुजरात के मुख्यमंत्री थे। इस पोस्ट को रीट्वीट करते हुए केजरीवाल ने पूछा, अध्यादेश क्यों, सर?मोदी ने 14 जुलाई 2013 को किए गए एक ट्वीट में लिखा, संसद सत्र वैसे भी होने वाला है। केंद्र संसद को भरोसे में लेकर एक अच्छा विधेयक क्यों नहीं बना सकता? अध्यादेश क्यों? नरेंद्र मोदी पूछते हैं।पीएम मोदी, जो उस समय गुजरात के मुख्यमंत्री थे, ने एक मुद्दे पर केंद्र में मौजूद कांग्रेस पर निशाना साधने के लिए ट्वीट पोस्ट किया था।उसी ट्वीट को रीपोस्ट करते हुए केजरीवाल ने वही सवाल मोदी सरकार से पूछा है - अध्यादेश क्यों, सर?दिल्ली के मुख्यमंत्री की यह टिप्पणी केंद्र द्वारा सुप्रीम कोर्ट के फैसले को नकारने के लिए एक अध्यादेश जारी करने के बाद आई है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा था कि लगभग सभी सेवाओं से जुड़े अधिकार दिल्ली की राज्य सरकार के पास हैं।केंद्र सरकार राष्ट्रीय राजधानी सिविल सेवा प्राधिकरण के नाम से एक स्थायी प्राधिकरण बनाने के लिए एक अध्यादेश लाई है जिसके अध्यक्ष दिल्ली के मुख्यमंत्री होंगे। दिल्ली के मुख्य सचिव इसके सदस्य होंगे तथा दिल्ली के प्रमुख सचिव (गृह) इसके सदस्य सचिव होंगे। प्राधिकरण राष्ट्रीय राजधानी में ट्रांसफर पोस्टिंग, सतर्कता और अन्य प्रासंगिक मामलों से संबंधित मसलों पर दिल्ली के एलजी को सिफारिशें सौंपेगा। हालांकि, सिफारिशें पर उपराज्यपाल का निर्णय अंतिम होगा।सुप्रीम कोर्ट की पांच-न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने 11 मई को फैसला सुनाया कि यह मानना आदर्श है कि लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई दिल्ली सरकार का अपने अधिकारियों पर नियंत्रण होना चाहिए और एल-जी जनता पब्लिक ऑर्डर, पुलिस और जमीन के अलावा हर चीज में चुनी हुई सरकार की सलाह मानने के लिए बाध्य है। शीर्ष अदालत ने जोर देकर कहा कि अगर सरकार अपनी सेवा में तैनात अधिकारियों को नियंत्रित करने और उनकी जिम्मेदारी तय करने में सक्षम नहीं है, तो यह विधायिका के साथ-साथ जनता के प्रति उसकी जवाबदेही को कमजोर करता है।वहीं अदालत द्वारा अधिकारियों के तबादले और तैनाती समेत सेवा मामलों में दिल्ली सरकार को नियंत्रण दिये जाने के बाद केंद्र सरकार यह अध्यादेश लेकर आई है।

2000 रुपये का नोट हटाना नोटबंदी की तरह ही एक राजनीतिक निर्णय है - हेमंत सोरेन

रांची। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रविवार को आरोप लगाया कि चलन से 2000 रुपये का नोट हटाना नोटबंदी की भांति ही एक 'राजनीतिक निर्णय' है। भारतीय रिजर्व बैंक ने 2000 रुपये के नोट को वापस लेने की घोषणा की है और कहा है कि ये नोट 30 सितंबर तक बैंक खाते में जमा कराये जा सकते है या बदले जा सकते है। सोरेन ने यहां एक कार्यक्रम में कहा, '' यह (2000 रुपये का नोट चलन से वापस लेना) उनकी (भाजपा की) राजनीतिक पहचान को बचाने के लिए 2016 में की गयी नोटबंदी की भांति ही विशुद्ध रूप से एक राजनीतिक निर्णय है। लेकिन वे लोगों के सामने बेनकाब हो गये है। दुर्भाग्य से 2000 रुपये के नोट की उम्र महज छह से सात साल रही।''उन्होंने दावा किया कि दो लाख से अधिक छोटे एवं मझोले उद्योग नोटबंदी के चलते बंद हो गये। उन्होंने कहा, '' कैमरा एवं मोबाइल फोन समेत हर चीज की भी एक उम्र होती है लेकिन दुर्भाग्य से 2000 रुपये का नोट महज 6-7 साल ही चला।'' नवंबर, 2016 में 500 और 1000 रुपये के नोटों को प्रचलन से बाहर किये जाने के बाद अर्थव्यवस्था में तेजी से मुद्रा की जरूरतों को पूरा करने के लिए 2000 रुपये का नोट लाया गया था।

चकल्लस

नेताओं की पृष्ठभूमि का खेल निराला है
वादे पर वादे होते हैं सब गड़बड़ झाला है
हर चुनाव में नये किस्म के आश्वासन होते
अभी तलक न धन लौटा जो भी काला है

डा .श्याम शंकर शुक्ल श्याम
वरिष्ठ साहित्यकार, पत्रकार

सडक निर्माण और चौडीकरण के लिए 250 करोड़ की मिली मंजूरी

प्रयागराज महाकुंभ की योजनाओं ने पकड़ी गति

रेल ओवर ब्रिज और रेल अंडर ब्रिज का बिछने लगा जाल

प्रयागराज। प्रयागराज में आयोजित होने जा रहे महाकुंभ को दिव्य और भव्य बनाने के लिए प्रदेश की योगी सरकार संकल्पित है। राज्य सरकार महाकुम्भ के आयोजन से पूर्व शहर के अन्दर और शहर के बाहर कुंभ नगरी को जोड़ने वाले सम्पर्क मार्गो में फ्लाई ओवर्स, रेल ओवर ब्रिज और रेल अंडर ब्रिज के साथ चौड़ी सड़कों के जाल बिछाने में लग गई है। इससे शहर में सड़कों में जाम की समस्या से छुटकारा मिलेगा वहीं श्रद्धालुओं का कुंभ क्षेत्र में आवागमन भी आसान होगा। प्रयागराज में आयोजित होने जा रहे महाकुंभ में 40 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के कुम्भ नगरी पहुचने का प्रशासन का अनुमान है। आस्था के इस सैलाब को समायोजित करने के लिए केंद्र और राज्य सरकार साझा प्रयास कर रही हैं।शहरी क्षेत्र में रेल पटरियों से जुड़े सड़क मार्ग पर रेलवे फाटक बंद होने से जाम की समस्या सामने न उत्पन्न हो इसके लिए कुंभ नगरी में रेल ओवर ब्रिज और रेल अंडर ब्रिज का जाल बिछेगा। प्रयागराज मंडल के रेल प्रबंधक हिमांशु बड़ोनी के मुताबिक़ प्रयागराज में इसके लिए कुल 17 रेल ओवर ब्रिज और रेल अंडर ब्रिज बनाए जाएंगे। महाकुंभ की तैयारियों के लिए जिला प्रशासन और रेलवे के बीच इस विषय में आयोजित समीक्षा बैठक में यह निर्णय लिया गया है। जिन स्थानों में आरओबी का निर्माण होना है उनमें छिवकी, बेगम बाजार, जसरा यार्ड, सूबेदारगंज, जिगना मांडा, भीरपुर-करछना, फाफामऊ और एसीपीएल प्रयागराज शामिल हैं।

आउटर रिंग रोड के साथ फ्लाई ओवर्स करेंगे राह आसान

प्रयागराज। महाकुम्भ में यातायात की सुगमता और जाम की समस्या के निजात के लिए आउटर रिंग रोड परियोजना मील का पत्थर साबित होगी। एनएचएआई के परियोजना निदेशक पंकज मिश्रा के मुताबिक 4068 करोड़ की लागत से बनने वाली 65 किलोमीटर लंबी इस रिंग रोड का काम तेजी से चल रहा है। दो चरणों में पूरा होने वाली इस परियोजना के प्रथम चरण में सहसों से डांडूपुर तक 2 साल में 29.8 किलोमीटर लंबी रिंग रोड का निर्माण किया जाएगा जिसके लिए 5000 से अधिक किसानों की जमीन का अधिग्रहण किया जा चुका है और इन किसानों का जमीन का मुआवजा भी उपलब्ध करा दिया गया है। यातायात को सुगम बनाने के लिए 6 लेन वाले तीन फ्लाई ओवर भी बनाए जा रहे हैं। रिंग रोड के निर्माण के लिए गंगा नदी पर रेल से होकर झूसी पर उतरने वाला 3.2 किलोमीटर लंबा 6 लेन का पुल भी बनाया जाना है। इसके अलावा गंगा पार में एक और 6 लेन का पुल भी बनाया जाएगा जो फाफामऊ क्षेत्र के गोहरी को बेली गांव से जुड़ेगा। इसकी लंबाई 9.8 किलोमीटर होगी। एनएचएआई के अधिकारियों के मुताबिक इसका भी निर्माण अंतिम चरण पर चल रहा है।

250 करोड़ की सड़कों की मिली मंजूरी

प्रयागराज। प्रयागराज विकास प्राधिकरण ने महाकुम्भ के लिए शहर में 250 करोड़ की राशि के लिए सैद्धांतिक सहमति दे दी है। विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अरविन्द सिंह चौहान के मुताबिक़ महाकुम्भ के पहले शहर में 40 सड़कों को चौड़ा किया जाएगा । इसमे ₹321 करोड़ की लागत आयेगी। इसमें ₹250 करोड़ की सड़कों के निर्माण की सैद्धांतिक सहमति भी मिल गई है। इसके अलावा 8 नयी सड़कों का निर्माण होना है जिसके लिए शासन ने सहमति दे दी है। इस रकम से नैनी, झूंसी और शहर की सड़कों का कायाकल्प होगा। इससे महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं का कुम्भ क्षेत्र में आवागमन आसान होगा।

समय की बात करती हैं प्रमोद दुबे की कहानियां

- डॉ. समर की ग़ज़लें वास्तविक समय का चित्रण
- दो किताबों के विमोचन पर बोले मशहूर न्यूरो सर्जन डॉ प्रकाश खेतान

प्रयागराज। आज के समय में अपनी रचनाओं के जरिए समाज की विडंबनाओं को उकेरना, ग़लत चीज़ों के खिलाफ़ अपनी रचनाओं के जरिए खड़ा होना बड़ी बात है। कहानियों और ग़ज़लों के जरिए क़लमकार अपनी बात कहता आया है और आगे भी कहता रहेगा। यह चीज़ स्पष्ट रूप से प्रमोद दुबे की कहानी संग्रह 'घोंसला' और डॉ. इम्तियाज़ समर के ग़ज़ल संग्रह 'मोहब्बत का समर' में दिखाई देती हैं। इन दोनों ही लोगों ने वर्तमान समय की विसंगतियों को समझा, देखा और परखा है, इसी हिसाब से सृजन किया है। यह बात रविवार को साहित्यिक संस्था 'गुफ़्तगू' की ओर से करेली स्थित अदब घर में अयोजित कार्यक्रम के दौरान मशहूर न्यूरो सर्जन और कवि डॉ. प्रकाश खेतान ने अपने वक्तव्य में कही।गुफ़्तगू के अध्यक्ष इम्तियाज़ अहमद गाज़ी ने कहा कि प्रमोद दुबे और डॉ. इम्तियाज़ समर 21वीं सदी के उल्लेखनीय रचनाकार हैं। इन्होंने अपनी रचनाओं से शानदार उपस्थिति दर्ज़ कराई है। डॉ. वीरेंद्र तिवारी ने कहा कि प्रमोद दुबे ने अपनी कहानियों में समाज की विसंगतियों को बहुत ही मार्मिक ढंग से रेखांकित किया। रेलवे में नौकरी करते हुए श्री दुबे ने जो-जो अनुभव किया, उसका बहुत सटीक ढंग से मूल्यांकन और रेखांकन किया है। अजीत शर्मा 'आकाश' ने कहा कि डॉ. इम्तियाज़ समर को ग़ज़ल की बारीकियों और छंद-बह्र की बहुत अच्छी जानकारी हैं। प्रमोद दुबे ने कहा कि आज प्रयागराज आकर यहां की साहित्यिक गतिविधियों को देखकर धन्य हो गया। जिसके लिए यह शहर मशहूर है, वह आज स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। डॉ. इम्तियाज़ समर ने कहा कि गुफ़्तगू और प्रयागराज ने साहित्य की परंपरा को बरकरार रखा है, यह हमारे लिए गर्व की बात है। मेरी किताब का यहां विमोचन मुझे गौरवान्वित करता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ साहित्यकार श्रीप्रकाश मिश्र ने कहा कि लिखना आपके प्रगतिशील होने का प्रमाण है, जो व्यक्ति प्रगतिशील होता है, वहीं अपने विचारों कागज पर उकेरता है। प्रमोद दुबे और डॉ. इम्तियाज़ समर की रचनाएं मौलिक, पारदर्शी और समाज को दिशा देने वाली हैं, आज के समय में ऐसे ही लेखन की आवश्यकता है। कार्यक्रम का संचालन अजीत शर्मा 'आकाश' ने किया। दूसरे दौर में मुशायरे का आयोजन किया गया। नरेश महरानी, अफसर जमाल, प्रभाशंकर शर्मा, संजय सक्सेना, शिवाजी यादव, अर्चना जायसवाल, मुसर्रत जहां, फ़रमूद इलाहाबादी, विजय लक्ष्मी विभा, असलम निज़ामी, भारत भूषण वार्ष्णेय, आसिफ उस्मानी आदि ने कलाम पेश किया।

गृह शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का द्वितीय दिवस आयोजित

लोकमित्र ब्यूरो

नैनी(प्रयागराज)। महर्षि विद्या मन्दिर सीनियर सेकण्डरी स्कूल दूरवाणी नगर नैनी, प्रयागराज में चल रहे त्रिदिवसीय गृह शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का द्वितीय दिवस दिनांक 21 मई 2023 को सम्पन्न हुआ । प्रशिक्षण कार्यक्रम के इस शुभ अवसर पर महर्षि विद्या मन्दिर नैनी के वातानुकूलित सभाकक्ष में महर्षि विद्या मन्दिर नैनी, महर्षि विद्या मन्दिर कालिन्दीपुरम एवं महर्षि विद्या मन्दिर झूँसी के शिक्षकगण उपस्थित रहे । स्थल निदेशिका एवं पाठ्यक्रम निर्देशिका श्रीमती पूजा चन्दोला ङ्क प्रधानाचार्या ङ्क महर्षि विद्या मन्दिर नैनी के दिशा निर्देसन में कार्यक्रम का शुभारम्भ श्री गुरू पूजन से हुआ । गुरू पूजनोपरांत ध्यान शिक्षक द्वारा प्राणायाम एवं भावातीत ध्यान का अभ्यास कराया गया । दीप प्रज्ज्वलित करके निर्देशिका महोदया ने कार्यक्रम में गति दिया । महर्षि विद्या मन्दिर कालिन्दीपुरम की शिक्षिका विभा पाण्डेय द्वारा प्रथम दिवस का समीक्षा प्रतिवेदन पढ़ा गया । स्वागत की कड़ी में सर्वप्रथम प्रधानाचार्या श्रीमती पूजा चन्दोला एवं प्रधानाचार्या म0वि0म0 कालिन्दीपुरम डॉ. वन्दना सक्सेना का तिलक एवं पुष्पगुच्छ से स्वागत किया

गया । उसके बाद कार्यक्रम में उपस्थित सभी सहभागी शिक्षक महानुभावों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया । सर्वप्रथम पाठ्यक्रम निर्देशिका श्रीमती पूजा चन्दोला द्वारा सोलह सिद्धान्तों पर आधारित रचनात्मक बौद्धिकता निरीक्षण कार्य का प्रस्तुतीकरण का विश्लेषण किया गया । इसी के तहत कियात्मकता एवं आकर्षक अंकों का भी निरीक्षण किया गया ।महर्षि विद्या मन्दिर नैनी के शिक्षकों द्वारा आनन्ददायक कक्षा पर विचारों का प्रस्तुतीकरण किया गया जो वास्तव में खुशियों से पूर्ण कक्षा रहा । इसके बाद पाठ्यक्रम का संक्षिप्त विवरण एवं मूल्यांकन सुदृढ़ आँकलन एवं अखंडता आदि कार्यक्रम विभिन्न गति-विधियों के साथ प्रस्तुतीकरण किया गया । महर्षि विद्या झूँसी के शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा महर्षि चेतना पर आधारित शिक्षा के पाठ्यक्रम द्वितीय का संक्षिप्त सार एवं जाँच का प्रस्तुतीकरण किया गया । कार्यक्रम के अन्त में डॉ. वन्दना सक्सेना प्रधानाचार्या ङ्क महर्षि विद्या मन्दिर कालिन्दीपुरम ने पूरे कार्यक्रम का संक्षिप्त विवरण को प्रस्तुत किया । इस तरह त्रिदिवसीय गृह शिक्षक ङ्क प्रशिक्षण कार्यक्रम का द्वितीय दिवस विभिन्न क्रियात्मक गतिविधियों की प्रस्तुकरण के साथ निर्विघ्न सम्पन्न हुआ ।

भव्यता के साथ निकलेगी भगवान जगन्नाथ जी की विश्राम यात्रा 4 जून को

प्रयागराज। श्री जगन्नाथ जी महोत्सव समिति के वरिष्ठ पदाधिकारियों की एक आवश्यक बैठक आज समिति के अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद गुप्ता के आवास पर संपन्न हुई। जिस पर उन्होंने कहा कि 4 जून को हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान जगन्नाथ जी की विश्राम यात्रा भव्यता के साथ निकाली जाएगी।बैठक में समिति के मंत्री गगन दास गुप्ता ने 4 जून को श्री प्रयागेश्वर नाथ मंदिर राजा बनारस कोठी निकलने वाली विश्राम यात्रा एवं 20 जून को आर्य भवन हाटकेश्वर नाथ मंदिर जीरो रोड निकलने वाली 24 वीं रथ यात्रा की तैयारियों के विषय में अवगत कराया तथा सभी के सहयोग से समय से पूर्ण करने का आश्वासन दिया। जिसका शोभा यात्रा संयोजक बसंत लाल आजाद एवं शोभा यात्रा सहसंयोजक राजेश केसरवानी ने स्वागत किया।बैठक में कोषाध्यक्ष जयराम गुप्ता, विधि सलाहकार एडव श्याम घर गुप्ता, उपाध्यक्ष दाऊदयाल गुप्ता , कार्यक्रम संयोजक त्रिलोकी केसरवानी, हैप्पी कसेरा, महेश सोनी, गीता गुप्ता, अरुण साहू उपस्थित रहे।

ग्राम समाज की जमीनों से हटेंगे अवैध कब्जे-शहजादे ग्राम प्रधान

आयुक्त प्रयागराज को प्रधान ने दिया राजस्व हित में प्रत्यावेदन

कोरांव(प्रयागराज)। ग्राम पंचायत अल्हवा तहसील कोराव के ग्राम प्रधान ने पंचायतीराज अधिनियम में प्रदत्त अधिकारों का इस्तेमाल करते हुए प्रसाशन से अवैध ढंग से अतिक्रमित ग्राम समाज की जमीनों को सीमांकन कर खाली किए जाने का अनुरोध पत्र प्रस्तुत किया है। ग्राम पंचायत अल्हवा में ग्राम ही के कई सरहगों ने चकमार्ग,रास्ते,बंजर,नवीन परती, खलिहान,अस्पताल,मुख्य मार्ग की जमीनों पर काफी समय से अवैध कब्जा कर निर्माण कार्य तथा कृषि कार्य कर अनुचित लाभ उठा रहे हैं जिस पर ग्राम सभा की खुली बैठकों में तथा संदेशों द्वारा अतिक्रमण खाली कराने का अनुरोध किया जा चुका है। फिर भी लोगों ने अमल नहीं किया। जिस पर तहसील दिबाद,थाना दिवस सीएम हेल्प लाइन,एसडीएम,तहसीलदार,डीएम,सी आर ओ प्रयागराज से ले कर राजस्व सचिव लखनऊ,और मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश सासन लखनऊ तक कोई कार्यवाही न होने पर लिखा पढ़ी की है। इस परिपेक्ष्य में ग्राम प्रधान अल्हवा अखिल भारतीय प्रधान संगठन प्रयागराज मंडल अहद अहमद सिद्दीकी उर्फ शहजादे ने कमिश्नर प्रायछाज मंडल को पत्र दे कर ग्राम सभा की सारी जमीनों से अवैध कब्जे हटवाने के लिए राजस्व टीम गठित किए जाने और विधिक कार्यवाही का आग्रह किया है। ग्राम प्रधान ने बताया कि ग्राम समाज की कीमती भूमि पर वृक्छा रोपड के नाम पर केंद्रीय कर्मचारी और अपात्र होते हुए बिना भूमि प्रबंधक समिति के अनुमोदन के पट्टा करा लिए जाने नजायेज लाभ उठाने के विरुद्ध डीएम न्यायालय में पट्टा कैंसिलेशन का वाद दाखिल किया है। जिस पर अविलंब निरस्त करण कार्यवाही हेतु ग्राम प्रधान ने उच्च न्यायालय प्रयागराज में एक याचिका दाखिल कर दी। जिस पर निगरानी न्यायालय एडीएम वित्त एवं राजस्व प्रयागराज को निरंतर सुन वाई कर अधिकतम छ माह के अंदर निस्तारण करने का आदेश पारित किया है। न्यायालय ने यह भी निर्देशित किया कि यदि हड़ताल भी हो तो भी सुनवाई जारी रखी जाए। ग्राम प्रधान ने बताया कि उक्त भू खंड पर विवाह घर निर्मित कराया जायेगा। साथ ही भू खंड संख्या 280 नवीन पर्ती अवैध ढंग से अतिक्रमण किए भूमि को खाली करा कर जल जीवन मिशन

के तहत पेयजल की टंकी निर्मित कराई जाएगी। जिससे पूरे ग्राम वासियों को शुद्ध पेयजल हर घर जल योजना के तहत मुहइया किया जा सकें। ग्राम प्रधान शहजादे ने बताया कि ग्राम समाज की जमीनें खाली करा कर पात्र गरीब भूमि हीनों को आवासीय तथा कृषि कार्य का आवंटन किया जायेगाद्ध, जिससे सभी गरीब समाज की मुख्य धारा से जुड़ सकें। प्रधान ने बताया कि उक्त भू खंडों को खाली नहीं कराया गरीबों को आवंटन में विलम्ब किया गया तो सीधे उच्च न्यायालय में याचिका प्रस्तुत कर दूंगा।

- आदेश के बावजूद राजस्व टीम कर रही लापरवाही,मनमाने रूप से अपात्र द्वारा पट्टा करा कर कीमती बंजर भूमि कब्जाने पर हाईकोर्ट ने एडीएम राजस्व को दिया शीघ्र निस्तारण कार्यवाही का आदेश

तरह की धमकियां एक दूसरे गांवों के तिस्तेदार और असमाजिक तत्वों से दिलवाते रहते हैं। इसकी सूचना सासन तक दी गई है। उन्होंने बताया कि भू अतिचारी आवंटन कार्य तथा सीमांकन और अतिक्रमण हटवाने में हल्का लेखपाल पर दबाव बना रहे हैं। जो बनुचित है। प्रधान ने बताया कि यदि राजस्व टीम ने उक्त भू खंडों को खाली नहीं कराया गरीबों को आवंटन में विलम्ब किया गया तो सीधे उच्च न्यायालय में याचिका प्रस्तुत कर दूंगा।

व्यापारी को पीटकर किया बेहोश, तीन गिरफ्तार

लोकमित्र ब्यूरो

मऊआइमा(प्रयागराज)। दबंग प्रवृत्ति के लोग एक राय होकर एक व्यापारी पर जानलेवा हमला बोल दिया। जिससे वह बेहोश हो गया । बीच बचाव करने पर कई को चोटें आयी है तथा दबंगों ने कई को जान से मारने की धमकी भी दिए। पुलिस ने आधा दर्जन को नामजद करते हुए तीन को गिरफ्तार कर लिया जबकि बेहोश व्यापारी को तेजबहादुर स्स्र में भर्ती कराया गया है।मिली जानकारी के अनुसार मऊआइमा कस्बा के मोहल्ला महतवाना कोट निवासी रहमत उल्ला पुत्र अब्दुल गफ्फार प्लाई का कारोबार करते हैं।

उनका आरोप है कि मोहल्ले के कतिपय दबंग प्रवृत्ति के लोग एक राय होकर उसकी दुकान में आकर लाठी डंडा सरिया से हमला कर दिए। जिससे वह बेहोश हो गया। आरोप है कि बीच बचाव करने पर दबंगों ने शफी उल्ला ,मोईनुद्दीन अख्तर ,वामिक ,जमील उद्दीन आदि को मारे पीटे तथा मोहल्ला के अतीक समी, उबैदुल्ला को मार डालने की धमकी भी दिए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तुरन्त मुख्य आरोपी अंसार अहमद, जुल्फिकार

- मऊआइमा के मोहल्ला महतवाना कोट में दबंगों की खुलेआम दबंगई से क्षेत्र में दहशत

अहमद, इफ्तिखार अहमद को हिरासत में ले कर बेहोश पडे व्यापारी रहमत उल्ला को पहले स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य पर भेजा गया डाक्टरों के जवाब देने पर बेली में भर्ती कराया गया है। रहमत उल्ला पुत्र अब्दुल गफ्फार की तहरीर पर मऊआइमा पुलिस ने अंसार अहमद ,इस्तियाक अहमद, इफ्तिखार अहमद पुत्रगण इम्तियाज तथा अंसार के पुत्र मोहम्मद बेलाल, शाहिद बाबू, जुल्फिकार अहमद तथा चार अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है तथा पुलिस हिरासत में अंसार अहमद, जुल्फिकार, इफ्तिखार से पुलिस पूछताछ कर रही है। मोहल्लावासियों ने बताया कि इनका अत्याचार इतना बढ गया है कि जब चाहते हैं चाहे जिसको पीट देते हैं। आरोप है कि मस्जिद एंव ईदगाह में अनायास खुराफात फैलाते हैं।

गर्मियों में हीट स्ट्रोक से बचाव जरूरी-डॉ प्रभात सिंह

प्रयागराज। इस साल गर्मी के मौसम में लगातार तापमान बढ़ता जा रहा है। ऐसे में लोगों में हीट स्ट्रोक के खतरे ज्यादा होते जा रहे हैं। गर्मी और बढ़ते तापमान से हीट स्ट्रोक से कैसे बचाव हो इस विषय पर मशहूर न्यूरोलॉजिस्ट डॉ प्रभात सिंह ने एक वार्ता में आकांक्षा पांडेय को बताया कि अधिक तापमान बढ़ने से शरीर के मस्तिक में उपस्थित ह्यपोथेलेमस ग्रंथि प्रभावित हो जाती है और काम करना बंद कर देती है, जिससे हीट स्ट्रोक का खतरा बन जाता है। हमारे शरीर का तापमान 106 डिग्री फेरेन्हाईट तक पहुंच जाता है।डॉ सिंह के अनुसार हीट स्ट्रोक या लू लगने पर उलटी आना, दस्त आना, सर में चक्कर आना, सर में या पेट में दर्द होना, बेहोशी होना आदि लक्षण हो सकते हैं। अगर समय से इलाज न मिले तो मौत भी हो सकती है। किसी भी मरीज को अगर हीट स्ट्रोक का खतरा दिखाई दे तो तुरंत उसको छाए में ले जायँ, पानी से पूरे शरीर को साफ़ करें, तुरंत डॉटर से संपर्क करें।डॉ प्रभात सिंह के अनुसार बढे हुए तापमान में अगर बहार जाना हो तो सर को ढँक कर रखें, सूती कपडे का प्रयोग करें ताकि वेंटिलेशन बना रहे। भरपेट पानी का प्रयोग करें, शरीर को डिहाइड्रेट न होने दें, हरे पत्तियों के शाक सब्जियों का प्रयोग करें। अगर शरीर में पानी की कमी होगी तो हीट स्ट्रोक का खतरा ज्यादा हो जायेगा।डॉ प्रभात सिंह ने एक सवाल के जवाब में बताया कि हार्ट के मरीज या ब्लड प्रेशर के मरीज को हीट स्ट्रोक का खतरा ज्यादा रहता है, क्योंकि हार्ट कमजोर होने पर गर्मी में ठीक से पंप नहीं कर पाता है। जिससे ऑक्सीजन का सर्कुलेशन सही से नहीं हो पाता है। गर्मी में हार्ट और बीपी के मरीज को विशेष ध्यान देने की जरूरत होती है ।

राजीव गांधी ने देश की एकता के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया: प्रमोद तिवारी

प्रयागराज। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि भारत-रत्न राजीव गांधी ने देश की एकता और शांति के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। वे विश्व नेता थे। रविवार को प्रातः आनंद भवन में जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी के सदस्यों द्वारा 32वें शहादत दिवस आतंकवाद विरोध दिवस पर दिवंगत नेता के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को याद किया गया।श्रद्धांजलि सभा में तिवारी ने कहा कि राजीव ने दलबदल कानून, महिला सशक्तिकरण, 18 वर्ष के युवाओं को मताधिकार प्रदान कर मुख्य धारा में शामिल किया। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी ने पंचायती राज संस्थाओं को अधिकार संपन्न बनाने के लिए सत्ता विकेंद्रीकरण की प्रक्रिया की थी। उन्होंने यह सुनिश्चित करने के लिए अनेक पहल की थी कि भारत एक आधुनिक एवं समृद्ध राष्ट्र के रूप में 21वीं सदी में प्रवेश करे। दो हजार रुपये के नोट को चलन से वापस लेने की आरबीआई की घोषणा को लेकर तिवारी ने पीएम मोदी की तुलना

तुगलक से की जिसका शासन गुमराहियत और विरोधाभासभरा होने के नाम से जाना जाता है। पूर्व विधायक द्वय अनुग्रह नारायण सिंह एवं विजय प्रकाश ने कहा कि राजीव गांधी ने कंप्यूटरों के इस्तेमाल सहित प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में प्रगति के लिए देश को प्रेरित किया।सभा की अध्यक्षता शहर अध्यक्ष प्रदीप मिश्रा अंशुमन ने किया। संचालन उ.प्र.कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रवक्ता किशोर वार्ष्णेय ने किया।इस अवसर पर जिलाध्यक्ष द्वय सुरेश यादव व अरूण तिवारी, प्रभा शंकर मिश्रा, उज्वल शुक्ला, मुकुंद तिवारी, हरिकेश त्रिपाठी, विवेकानंद पाठक, सुधाकर तिवारी, फुजैल हाशमी, संजय तिवारी, ब्रजेंद्र मिश्रा, सुभाष पांडेय, मनोज पासी, परवेज़ सिद्दीकी, डा.सत्या पांडेय, राकेश पटेल, खुशनवेदा फारूकी, विजय यादव, आफरीन सिद्दीकी, प्रदीप द्विवेदी, अनिल कुशवाहा, आशीष पांडेय, अजेंद्र गौड़, विनय पांडेय , इरशाद उल्ला, चमन रावत, राजीव दुबे, अजय श्रीवास्तव, अब्दुल कलाम, रमेश जायसवाल आदि मौजूद थे।

जमीन कब्जाने से मना करने पर दबंगों ने पीटा

मऊआइमा के ग्राम चकफात्मा उर्फ माधोपुर में की घटना, पन्द्रह लोग नामजद

लोकमित्र ब्यूरो

मऊआइमा (प्रयागराज)। दूसरे की जमीन पर दरवाजा करने से मना करने पर विपक्षी हाथों में लाठी डंडा, हथौडा आदि लेकर घर में घुस कर जमकर तोडफ़ोड़ किए और चरही, चारामशीन आदि तोड डाले तथा जान से मारने की धमकी भी दिए। भुक्तभोगी ने पन्द्रह नामजद अन्य अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।मिली जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम चकफात्मा उर्फ पूरे माधोपुर निवासी हरिलाल पुत्र स्वर्गीय

भगौतौदीन का आरोप है कि उसके विपक्षी एक राय होकर उसकी जमीन पर दरवाजा लगा रहे थे। मना करने पर सभी हाथों में लाठी, डंडा, हथौडा, रम्भा आदि लेकर घर पर हमला बोल दिया। चरही तोडने के बाद चारा मशीन क्षतिग्रस्त कर दी। हरिलाल का आरोप है कि जब वह जान बचा कर घर में घुस गया तो घर के अन्दर घुस कर सारा गृहस्थी का सामान तोडते हुए गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दिए जबतक 112 नम्बर पहुंती सभी भाग गए। हरीलाल ने मऊआइमा थाने में सुभाष चन्द्र ,शिवपूजन, सुरेश कुमार, प्रेमचंद्र, सिकंदर कुमार, नीरज कुमार, राम सिंह, अमर चन्द्र ,रामचन्द्र, राहुल कुमार, आशीष कुमार, वीरेंद्र कुमार, हनुमन्त ,महेंद्र कुमार, गुलाब चंद्र तथा अन्य अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

बभनपुर में दो पक्षों में जमकर मारपीट

होलागढ़(प्रयागराज)। स्थानीय थाना के बभनपुर गाव मे शुक्रवार को राम सजीवन पटेल और दिनेश पटेल के मध्य जमीन और कालोनी को लेकर जमकर लाठी डंडा चलाया गया। मारपीट में राम सजीवन सहित दोनों पक्षों में चोट आयी है। सभी का इलाज सीएचसी होलागढ़ में कराया गया।पुलिस ने दोनों पक्ष से क्रास मुकदमा दर्ज किया है। लोगों की माने तो परिवार में चार लोगों को सरकारी आवास बनाने को दिया गया है। जिसमें जेसीबी से मिट्टी खोदने से मना करने पर मारपीट की गई।

रील्स बनाने के चक्कर में उड़ायीं ट्रैफिक नियम की धज्जियां, पुलिस ने काटा चालान

प्रयागराज। सोशल साइट पर रील्स बनाने का पागलपन लोगों पर सवार है। आये दिन इस चक्कर में होने वाले हादसों के बाद भी लोग सबक नहीं ले रहे हैं। ताजा मामला प्रयागराज का है जहां एक युवती को चलती सफारी गाडी के बोनट पर बैठकर रील बनाने के चलते ट्रैफिक पुलिस ने सिविल लाइंस इलाके में 15500 का चालान काटा है। बता दें कि वर्णिका चौधरी नाम की इस लड़की ने एक वीडियो में दुल्हन की तरह सज कर चलती सफारी गाड़ी की बोनट पर बैठकर रील बनाई है। वहीं दूसरे वीडियो में बिना हेलमेट पहन कर स्कूटी चला कर

ट्रैफिक नियम की खुलेआम धज्जियाँ उड़ाई हैं। लड़की को ट्रैफिक पुलिस का कोई भी खौफ नही रहा। वीडियो बना कर बकायदा सोशल मीडिया पर पोस्ट भी कर दिया गया। जिसके बाद हरकत में आई पुलिस ने सफारी गाड़ी नंबर और स्कूटी नंबर को ट्रेस किया। सिविल लाइंस थाने की पुलिस ने 15500 रूपये का चालान काट दिया है।

शांतिभंग की आशंका में युवक का चालान

होलागढ़(प्रयागराज)। स्थानीय पुलिस ने पटेल नगर तिराहा से 38 वर्षीय एक युवक को पकड़कर शांतिभंग की आशंका में चालान कर दिया।जानकारी थानाध्यक्ष अमित कुमार सिंह ने देते हुए बताया कि युवक श्याम लाल कोरी पुत्र गनेशी लाल गंजिया, बरई हरख का निवासी है।

राष्ट्रीय लोक अदालत का हुआ आयोजन, 1.12.49,650 का वसूला गया जुर्माना

जनपद न्यायाधीश ने दीप प्रज्जवलित कर किया शुभारंभ

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कौशाम्बी के तत्वाधान जनपद न्यायाधीश बृजेश कुमार मिश्र की अध्यक्षता में राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारम्भ दीप प्रज्जवलित कर किया गया। न्यायिक अधिष्ठान के सभी सम्मानित न्यायाधीशगण एवं माडल बार एसोसिएशन के विद्वान अधिवक्तागण व बैंक अधिकारी व कर्मचारीगण तथा जनमानस उपस्थित रहे।

उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में वादों के निस्तारण के क्रम में माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय द्वारा कुल 05 वाद का निस्तारण किया गया। मोटर दुर्घटना से सम्बन्धित 23 वादों का निस्तारण कर प्रतिकर के रूप में 44,50,000 रू0 दिलाये गये तथा प्रथान न्यायाधीश परिवार न्यायालय द्वारा कुल 68 परिवारिक वादों का निस्तारण किया गया। अध्यक्ष स्थायी लोक अदालत (जनोपयोगी सेवायें) द्वारा कुल 02 मामलों का निस्तारण किया गया। इसी कम में अपर जनपद न्यायाधीश प्रथम द्वारा कुल 06 वाद का निस्तारण कर 21,500 रू0 अर्थदण्ड वसूला गया। अपर जनपद न्यायाधीश भ् विशेष न्यायाधीश एससी एसटी द्वारा 08 वाद का निस्तारण कर 5,000 रू0 का अर्थदण्ड वसूला गया। अपर जनपद न्यायाधीश सम्तम द्वारा विद्युत अधिनियत के 216 वादों का निस्तारण कर 4,83,500 रू0 की रिकवरी की गयी अपर जनपद न्यायाधीश कथ सं0 नवम् द्वारा कुल 07 बाद निस्तारित कर 3,500 रू0 का अर्थदण्ड वसूला गया। अपर जनपद न्यायाधीश, त्वरित न्यायालय प्रथम द्वारा 01 वाद का निस्तारण किया गया। अपर जनपद न्यायाधीश, त्वरित न्यायालय द्वितीय द्वारा 01 वाद का निस्तारण किया गया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा कुल 1561 फौजदारी वादों का निस्तारण कर 9,02,860 रू0 अर्थदण्ड वसूला गया। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, सिविल जज सी0डि0 द्वारा कुल 48 वादों का निस्तारण कर 8,740 रू0 का अर्थदण्ड अधिरोपित करने के अतिरिक्त 78,48, 197.98 का उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी किया गया।

सिविल जज जुडि0 द्वारा कुल 186 वादों का निस्तारण कर 58,410 रू0 अर्थदण्ड वसूला गया। न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा 211 वादों का निस्तारण कर 39,300 रू0 का अर्थदण्ड वसूला गया। इसी प्रकार अपद सिविल जज जू0डि0 द्वितीय द्वारा कुल 80 बाद निस्तारित कर 43.750 रू0 अर्थदण्ड वसूला गया तथा अपर सिविल जज जू0डि0, त्वरित न्यायालय द्वितीय द्वारा कुल 238 वादों का निस्तारण कर 70.840 रू0 का अर्थदण्ड वसूला गया। जिले के समस्त राजस्व न्यायालयों द्वारा 17,346 वादों व पूर्वाचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड द्वारा 216 वादों का निस्तारित कर 7,08,590 रू0 तत्काल जमा कराये गये गया। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, कौशाम्बी द्वारा 05 वाद निस्तारित कर 1,43,118 रू0 तत्काल जमा कराये गये तथा बैंक के ऋण वसूली वादों से सम्बन्धित जनपद के सभी बैंको के द्वारा 435 वादों का निस्तारण कर 43.10,542 रू0 तत्काल जमा कराये गये।

इस प्रकार राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल बाद 1.12.49,650 रू0 वसूला गया। 20663 का निस्तारण कर। तदोपरान्त प्राधिकरण के सचिव अपर जनपद न्यायाधीश देवेश चन्द्र गुप्ता द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया तथा लोक अदालत की समाप्ति की घोषणा की।

शहजादपुर में सर्विस लेन से बस संचालित कर यात्रियों को उतारे व बैठाए- सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक

नेशनल हाइवे ओवरब्रिज से निकलती है बस, यात्रियों को असुविधा

लोकमित्र ब्यूरो

सिराथू, कौशाम्बी। नेशनल हाइवे पर बसों के संचालन को लेकर रोडवेज बसों के कुछ चालक व परिचालक को रोडवेज विभाग के अधिकारियों के नियम कायदों की परवाह नही है। सर्विस लाइन से भटके चालक ओवरब्रिज के ऊपर से ही बसों को दौड़ा रहे हैं। इससे महिला यात्रियों व मरीजों के लिए ओवरब्रिज से नीचे बस के लिए यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ता है ।

बताते चले की प्रयागराज से कानपुर नेशनल हाइवे पर बस चालक गांव व कस्बे में बनाए गए ओवरब्रिज के ऊपर से बस का संचालन करते है जिससे यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ता है । यात्रियों को बस में सफर करने के लिए ओवरब्रिज के अंतिम छोर पर पैदल चलकर इतजार करना पड़ता है जिसके बाद घंटो खड़े होने के बाद बस मिलती है जिससे यात्री परेशान हो जाते है। साथ ही परिवहन निगम की छवि धूमिल होने के साथ यात्रियों की कमी से राजस्व की हानि होती है । यात्रियों ने गुलामीपुर , कमासिन , अटसराय आदि गांव में ओवरब्रिज के नीचे सर्विस लेन से बस संचालन की मांग की है। सोशल मीडिया में लगातार मिल रही शिकायत को संज्ञान में लेते हुए प्रयागराज के लीडर रोड डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक आर एस वर्मा ने आदेश पत्र जारी करते हुए परिवहन निगम के सभी बस चालक व परिचालक को आदेश देते हुए बताया की प्रयागराज से सैनी को संचालित होने वाले बस शहजादपुर के टेढीमोड में यात्रियों को परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने के लिए ओवरब्रिज से न जाकर नीचे सर्विस लेन से बस को संचालित कर यात्रियों को बैठाने व उतारने का आदेश दिया है । सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक ने बस चालको को चेतावनी दिते हुए कहा की शिकायत मिलने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

श्रीमद भागवत कथा में लग रहा भक्तो का जमावड़ा

कौशाम्बी। कथावाचक श्री मज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य श्री स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती महाराज ज्योतिर्मठ बद्रिकाश्रम हिमालय के कृपा पात्र शिष्य आचार्य श्री रोहित जी महाराज के श्रीमुख से मुख्य यजमान श्री कामतादत मिश्रा धर्मपत्नी मालती मिश्रा, ग्राम - फरीदपुर सुलेम, तहसील- चायल कौशाम्बी में भव्य श्रीमद भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन चल रहा है। जिसमें आज कृष्ण सुदामा की मनमोहक झाँकी को देख कर श्रोता आनंदित हो उठे, श्रीकृष्ण और सुदामा जी की मित्रता अभूतपूर्व थी समस्त श्रोता इस साप्ताहिक श्रीमद् भागवत की कथा को सुनकर आनंद की अनुभूति प्राप्त कर रहे हैं।

जब स्कूल से लौट रही छात्राओं को नव निर्वाचित अध्यक्ष ने खिलाया लड्डू

लोकमित्र ब्यूरो

कड़ा, कौशाम्बी। नगर पंचायत दारानगर कड़ा धाम की नव निर्वाचित नगर अध्यक्ष रागिनी देवी ने शुक्रवार को एक अनोखी पहल की।दरअसल नव निर्वाचित अध्यक्ष ने अचानक अपनी गाड़ी रोककर विद्यालय बन्द होने के पश्चात अपने घर को लौट रही छात्राओं का हाल जानने लगी इतना ही नही उन्हें लड्डू भी खिलाया।नगर अध्यक्ष से मिलकर छात्राओं में खुशी की लहर देखने को मिली। छात्राओं ने नव निर्वाचित अध्यक्ष को शुभकामनाए देते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की। नगर अध्यक्ष ने नगर क्षेत्र के म्योहरा, इस्माइलपुर, कड़ा, देवीगंज आदि स्थानों पर पहुंचकर मतदाताओं का आभार भी व्यक्त किया है। इस मौके पर वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता अरुण केशरवानी, अमित अग्रहरि, शिवशंकर, लवकुश अग्रहरि, शुभम पाण्डेय, सुधाकर, अंशू पटेल, बुग्गी सरोज, अर्जुन आदि लोग मौजूद रहे।

मिट्टी खनन का कारोबार, खनन माफिया बेखौफ, सोशल मीडिया में वायरल वीडियो

लोकमित्र ब्यूरो

सिराथू, कौशाम्बी। सैनी थाना क्षेत्र के एक गांव में जिम्मेदारों की मिलीभगत से मिट्टी खनन का अवैध कार्य जोरों पर है। गांव में चल रहा मिट्टी खनन का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। खनन माफिया धरती का सीना चीर रहे हैं। जिम्मेदार मूकदर्शक बने हुए हैं। इस समस्या पर लगाम लगाने को लेकर जिम्मेदार खनन माफियाओं पर अंकुश नहीं लगा पा रहा है।

सैनी कोतवाली क्षेत्र के गई गांव में सचिवालय के नजदीक खनन माफिया पिछले कई दिनों से जेसीबी लगाकर मिट्टी का अवैध खनन कर रहे है जिसका वीडियो वायरल हो रहा है । लोगों का आरोप है कि खनन माफिया पुलिस को मोटी रकम देकर यह अवैध धंधा कर रहे हैं पिछले एक माह में कई जगह पुलिस की मिलीभगत से अवैध मिट्टी का कारोबार चल रहा है। सूत्रों की माने तो शाम होने के बाद क्षेत्र के गांव के जंगलों में ट्रैक्टर ट्रॉली व लेबर को लेकर पहुंच जाते हैं। रातभर मिट्टी खनन कर राजस्व विभाग को चूना लगाया जा रहा है।

स्थानीय पुलिस की नाक के नीचे चल रहे इस अवैध खनन पर खनन अधिकारियों से लेकर स्थानीय पुलिस तक ने आंखें बंद कर रखी हैं। जबकि यह खनन माफिया इतने बेखौफ हो गए हैं कि थाना क्षेत्र के आसपास ही धड़ल्ले से अवैध खनन कर रहे है इन माफिया को न तो पुलिस की परवाह है और न ही प्रशासन का डर। क्षेत्र में जगह-जगह खनन का कार्य जोरों पर चल रहा है। जिससे तहसील प्रशासन व पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली भी सवालों के घेरे में है।

जन्मोत्सव पर भगवान शनि की निकली शोभा यात्रा

कड़ा, कौशाम्बी। नगर पंचायत दारानगर कड़ा धाम के दारानगर कस्बे से शनिदेव सेवा समिति के तत्वाधान में शुक्रवार की शाम भव्य शोभा यात्रा निकाली गयी।भगवान शनिदेव के जन्मोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पंचायत की नव निर्वाचित अध्यक्ष रागिनी देवी व उनके पति वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता अरुण केशरवानी मौजूद रहे।दारानगर शनिदेव मन्दिर से निकली शोभा यात्रा संपूर्ण कस्बे के भ्रमण करते हुए म्योहरा पहुंची।शोभा यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया।इस दौरान भक्तिमय धुनों पर भक्त झूमते रहे।इस मौके पर शिवा मिश्रा, विपिन कुमार सोनकर, विष्णु साहु, शिवा केशरवानी, किशन केशरवानी, शुभम साहू सहित तमाम शनि भक्त मौजूद रहे।

सांस्कृतिक कार्यक्रम के बीच खेलो इंडिया मशाल रैली का स्वागत

छात्र-छात्राओं ने रंगारंग प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का मनमोहा

बांदा । खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स मशाल रैली का भागवत प्रसाद मेमोरियल व इंटर कालेज में सांस्कृतिक कार्यक्रम के बीच जोरदार स्वागत हुआ। छात्र-छात्राओं ने आकर्षक रंगारंग प्रस्तुतियां देकर दर्शकों की जमकर तालियां बटोरी। साथ ही अन्य प्रस्तुतियों से खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के प्रति जागरूक किया। चिल्ला रोड श्रीनाथ विहार स्थित भागवत प्रसाद मेमोरियल व इंटर कालेज में खेलो इंडिया मशाल का भव्य स्वागत किया हुआ। मशाल लेकर आए टीम लीडर हरिओम सिंह को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मां शारदे के समक्ष दीप प्रज्जलन व माल्यार्पण से सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। सिटी मजिस्ट्रेट राकेश वर्मा व क्रीड़ाधिकारी रजत वर्मा का बैच अलंकरण कर स्वागत हुआ। कक्षा दो की विभूति एवं कक्षा -4 जयति ने शानदार प्रदर्शन किया। कक्षा 3 की एंजेल एवं कक्षा 8 की तान्या ने मां पर आधारित गीत पर प्रस्तुति देकर सभी की आंखें नम कर दीं। मणिकर्णिका नाटक ने दर्शकों को देशभक्ति का जोश भरा। नृत्य कला शिक्षिका शैलजा पटेल ने भगवान श्री राम स्तुति पर शास्त्रीय नृत्य प्रस्तुत करके दर्शकों का दिल जीत लिया। भागवत प्रसाद मेमोरियल अकादमी एवं इंटर कॉलेज चेयरमैन शिवशरण कुशवाहा व नामित चेयरमैन अंकित कुशवाहा ने सभी का आभार जताया। इस मौके पर प्रधानाचार्य वृंदा जिनसल एवं इंटर कॉलेज प्रधानाचार्य राजेंद्र सिंह, रामेंद्र शर्मा, शिव कुमार गुप्ता, गजराज सिंह, इंद्रवीर सिंह, वासिफजमा खां, चंद्रमौली भारद्वाज, राजकुमार राज, मनोज जैन, अंजू दमेले, सजल कुमार रेडर आदि उपस्थित रहे।

80 छात्र-छात्राओं को वितरित किए गए स्मार्ट फोन

बांदा । शासन के निर्देश पर महाविद्यालयों में स्मार्ट फेन वितरण का सिलसिला लगातार जारी है। इसी कड़ी में पं.रामकृपाल दीक्षित डिग्री कॉलेज में 80 छात्र-छात्राओं स्मार्ट फेन वितरित किए गए। स्मार्ट फेन पाकर विद्यार्थियों के चेहरों पर खुशी की चमक देखी गई।महुआ ब्लाक क्षेत्र के रेउना गांव स्थित पं.रामकृपाल दीक्षित डिग्री कॉलेज में राज्य सरकार द्वारा छात्र-छात्राओं को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से तकनीकि सशक्तीकरण योजना के अंतर्गत विद्यार्थियों को स्मार्ट फेन उपलब्ध कराए जा रहे हैं, ताकि वह इसका प्रयोग बेहतर शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रयोग में ला सके। कॉलेज के संस्थापक कौशल किशोर दीक्षित एवं प्राचार्य डॉ. अनुज त्रिपाठी द्वारा कॉलेज के 80 छात्र-छात्राओं जिनमें से 70 छात्राओं एवं 10 छात्रों को स्मार्ट फेन वितरित किए गए।

आंदोलन रंग लाया, कस्बे में भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध

तड़के पांच से रात 10 बजे लागू की गई नो इंट्री

आंदोलनकारियों ने खुशी का इजहार किया

अतर्रा । आखिरकार आंदोलनकारियों का अतर्रा बचाओ-नो इंट्री लगाओ आंदोलन रंग लाया। आंदोलनकारियों की मांग पर एसडीएम ने कस्बे में भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया। नो इंट्री तड़के पांच से रात 10 बजे तक लागू रहेगी। मांग पूरी होने पर आंदोलन संयोजक समत अन्य कस्बावासियों ने ने खुशी का इजहार किया।कस्बे के बाजारों में भारी वाहनों के लिए नो एंट्री की व्यवस्था नहीं है। जिसके चलते सुबह से शाम तक जाम के हालात बने रहते हैं। इसी कड़ी में अतर्रा बचाओ-नो एंट्री लगाओ आंदोलन संयोजक सूरज बाजपेयी की अगुवाई में शुक्रवार को किसान यूनियन सहित अधिवक्ता व सभी राजनीतिक दलों के लोगों ने समर्थन देते हुए तहसील परिसर में धरना देकर प्रदर्शन किया। डीएम को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपते हुए कस्बे में नो एंट्री लागू करने की मांग की। शनिवार को एक बार फिर सैकड़ों की संख्या में लोग तहसील में जमा हो गए। आंदोलन संयोजक सूरज बाजपेई के नेतृत्व में नारेबाजी करते हुए लोग धरने पर बैठ गए। खबर पाकर कुछ देर बाद एसडीएम नमन मेहता धरना स्थल पहुंचे। आंदोलन स्थल पर कस्बे में नो एंट्री लगाने का आदेश जारी किया। साथ ही बाईपास निर्माण, नो पार्किंग जोन घोषित किए जाने का भी भरोसा दिलाया। कहा कि तड़के पांच से रात 10 बजे तक कस्बे में भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक रहेगी। आदेश लागू होने के बाद आंदोलनकारियों ने धरना खत्म कर दिया। इस दौरान अधिवक्ता संघ पूर्व अध्यक्ष अमर सिंह राजौर, समाजसेवी विवेक बिंदु तिवारी, संजय साहू, सोमचंद जाटव, प्रकाश त्रिवेदी, हिमांशु गर्ग, अधिवक्ता संघ पूर्व महासचिव मनोज द्विवेदी, बृजमोहन सिंह राठौर, सुशील गुप्ता, नंदकिशोर कुशवाहा, रमाकांत अवस्थी, राजेश द्विवेदी, ब्रह्म दत्त शुक्ला, राजेंद्र जाटव, जितेंद्र तिवारी, किसान यूनियन के आलोक साहू, रोहिणी गुप्ता, अरुण पांडेय, विद्याभूषण बाजपेई, सुशील चौरिहा, विवेक मिश्रा, राजेंद्र गुप्ता, रुपवेंद्र गुप्ता, मनीष जाटव समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

कस्बावासियों को मिलेगी जाम से निजात

अतर्रा बचाओ-नो इंट्री लगाओ आंदोलनकारियों की मांग पूरी होने के बाद कस्बे के लोगों को मुख्य मार्ग समेत बाजार में लगने वाले जाम से निजात मिलेगी। इससे पहले कस्बे में सुबह से लेकर रात तक बड़े वाहनों के गुजरने से आए दिन लोग जाम के झाम से जूझते रहते थे। कस्बे का जाम लोगों के लिए नासूर बन गया था। बड़े वाहनों के चालक आगे निकलने की होड़ में तेज गति से वाहन चलाते थे। इससे जाम लगने के साथ हादसे भी हो रहे थे। स्कूल जाने वाले छात्र-छात्राएं जाम में फंस जाते थे। अब कस्बे में नो ट्रेटी लागू होने के बाद कस्बावासियों को जाम से निजात मिलने के साथ हादसों पर भी काफी हद तक रोक लगेगी।

वाहनों के लिए पार्किंग व्यवस्था कराने के निर्देश

एसडीएम नमन मेहता ने नगर पालिका परिषद ईओ को कस्बे में डग्गामार वाहनों को खड़ा कराने के लिए पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि फुटपाथ को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए अभियान चलाए। थानाध्यक्ष से कहा कि बगैर हेलमेट दोपहिया वाहन चालकों पर कार्रवाई करते हुए जुर्माना वसूलें। शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर सख्त कार्रवाई करें। अतर्रा बचाओ-नो एंट्री लगाओ आंदोलन संयोजक सूरज बाजपेई ने शासन प्रशासन व कस्बेवासियों का आभार जताया

शिकायती प्रार्थना पत्रों का प्राथमिकता के साथ करें निस्तारण

डीएम ने जिला व तहसील स्तर के अधिकारियों को दिए निर्देश

हदबंदी की सुस्त रफ्तार पर तहसीलदार को मिली फटकार

अतर्रा(आरएनएस)। तहसील सभागार में आयोजित हुए समाधान दिवस में जिला अधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने जनता की समस्याएं सुनते हुए त्वरित गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने परिवादियों से कहा कि जिले की हर समस्या उनकी खुद की समस्या है। समस्याओं को हल करना उनकी प्राथमिकता है। हदबंदी सहित अन्य मामलों में सुस्त कार्रवाई करने पर डीएम ने तहसीलदार को फटकार लगाते हुए कार्रवाई की चेतावनी दी।कस्बा स्थित तहसील सभागार में शनिवार को आयोजित जिला स्तरीय समाधान दिवस में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल व एसपी अभिनंदन ने जनता की फरियादों पर सुनवाई की। कुल 134 शिकायती पत्र प्राप्त हुए। इसमें मात्र दो शिकायतों का मौके पर निस्तारण करते हुए शेष 132 शिकायती पत्रों को संबंधित विभाग को देकर एक सप्ताह के भीतर निस्तारण करने के निर्देश दिए।

डीएम ने सभी अधिकारियों को यह निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। उन्होंने परिवादियों से कहा कि जिले की हर समस्या उनकी खुद की समस्या है। समस्याओं को हल करना उनकी प्राथमिकता है। हदबंदी सहित अन्य मामलों में सुस्त कार्रवाई करने पर डीएम ने तहसीलदार को जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिए कि शासन से प्राप्त निर्देशों के अनुसार शिकायती प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए। इसके साथ-साथ शिकायत कर्ता से निस्तारण का फीड बैक भी लिया जाए। उन्होंने अधिकारियों को इस दिशा में पूरी निष्ठा के साथ कार्य करने के कड़े निर्देश दिए हैं। कहा कि इसमें कतई शिथिलता न बरती जाए। उन्होंने सभी जिला एवं तहसील स्तर के अधिकारियों को निर्देश दिए कि भविष्य में शासनएञआईजीआरएस एवं अन्य स्तर से प्राप्त होने वाले महत्वपूर्ण संदर्भों तथा जन सुनवाई के दौरान प्राप्त होने वाले शिकायती प्रार्थना पत्रों का सरससी तौर पर निस्तारण न करते हु गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण करें। इस मौके पर सीडीओ वेद प्रकाश मौर्य समेत तमाम जिलास्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

जमीन की पक्की पैमाइस व पथरगड्डी कराए जाने के बावजूद दबंगों द्वारा नहीं दिया कब्जा

मीरजापुर । सदर तहसील के थाना जिगना अंतर्गत ग्राम कोलेपुर निवासी त्रिभुवन मिश्रा पुत्र भगवाना मिश्रा ने पुलिस अधीक्षक को प्रतिवेदन देकर विपक्षियों द्वारा उद्याड़े गए पथरगड्डी के आरोप में अभियोग दर्जकर कार्यवाही किये जाने व पीड़ित को न्याय दिए जाने की मांग की है। पीड़ित ने इस संबंध में बताया कि प्रार्थी की भूमिधरी जमीन गाटा संख्या 98/अ रकबा .113 एयर व 98/ व रकबा .109 एयर की पक्की पैमाइश उप जिलाधिकारी सदर मिर्जापुर के न्यायालय अंतर्गत धारा 24 राजस्व संहिता 2006 के तहत प्रार्थना पत्र दिया था, जिस पर राजस्व निरीक्षक सीमांकन आख्या मय फील्ड बुक 31 अगस्त 2021 प्राप्त होने पर आदेश दिनांक 23 अगस्त 2022 द्वारा पोस्ट करते हुए आदेश पारित किया गया। सीमांकन के दौरान विपक्षी माता प्रसाद पुत्र टेढ़ाई से गाटा संख्या 97 से 19-1/5 धूर तथा गाटा संख्या 99 से रकबा 6-3/5 धुर अवधेश पुत्र चंदबली सिंह स्थानीय से रकबा बरामद किया गया। उक्त आदेश के अनुपालन में लेखपाल द्वारा पुलिस बल की उपस्थिति में पत्थर गड्डी की कार्रवाई 23 अप्रैल 2023 अमल में लाई जा चुकी है। बावजूद इसके अवधेश कुमार आदि जो बड़े ही सरहंग किस्म के व्यक्ति हैं, के द्वारा 19 मई 23 को सीमांकन किया गया पत्थर उखाड़ कर फेंक दिया गया। जिसकी सूचना थानाध्यक्ष जिगना को प्रार्थी द्वारा देकर अवगत कराया गया किंतु अभी तक इस संबंध में कोई कार्यवाही नहीं की गई। पीड़ित ने अपने दिए गए तहरीर में कहा है कि प्रतिपक्षी अवधेश प्रताप सिंह वगैरह ने पीड़ित व बुजुर्ग को काफी प्रताड़ित करते हुए गली गुप्ता व जान से मारने की बराबर धमकी दे रहा है। भयभीत पीड़ित ने प्रार्थी द्वारा दिये गए प्रतिवेदन पर उचित एवं आवश्यक कार्यवाही करते हुए न्याय दिलाने व जानमाल की सुरक्षा किये जाने की मांग की है।

मीरजापुर में खेलो इंडिया मशाल रैली में उमड़ा जनसैलाब

मीरजापुर । उत्तर प्रदेश में आयोजित खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के जन जागरूकता के लिए प्रदेश के सभी जनपदों में मशाल रैली का आयोजन हो रहा है। जहां योगासन खेल, पावर लिफ्टिंग, ताइक्वांडो, नेट बॉल के साथ-साथ अन्य खेलों में प्रतिभाग कर जनपद एवं देश का गौरव बढ़ाने वाले खिलाड़ी इस कार्यक्रम में सम्मिलित होकर इसकी उपयोगिता बता रहे हैं। मिर्जापुर जिले में आयोजित इस सुंदर एवं भव्य आयोजन को जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने हरी झंडी दिखाकर पुलिस लाइन परेड ग्राउंड से आगे के लिए रवाना किया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी के साथ-साथ पुलिस अधीक्षक, एडीएम, एसपी सिटी, सीओ सिटी के साथ-साथ अन्य आलाकमान के अधिकारीगण मौजूद रहे। खेलो इंडिया का यह मशाल जुलूस पुलिस लाइन परेड ग्राउंड से चलकर महुआरिया स्थित राजकीय इंटर कॉलेज में जाकर इसका समापन हुआ। समापन अवसर पर राजकीय इंटर कॉलेज में योगासन खेल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत के साथ किया गया। इस अवसर पर मिर्जापुर जिला योगासन संघ के राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों ने योग के अद्भुत प्रदर्शन करते हुए सबका मन मोह लिया। इस अवसर पर ताइक्वांडो के साथ-साथ बैडमिंटन खिलाड़ी, पावरलिफ्टिंग खिलाड़ी, कुश्ती एवं अन्य खेलों से तमाम खिलाड़ियों के साथ-साथ उनके कोच उपस्थित रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रम में बढ़पुर स्थित स्वामी गोविंद आश्रम के बच्चों ने भी हिस्सा लेकर अपने प्रदर्शन से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने कहा कि खेलो इंडिया के तहत देश ही नहीं अपितु प्रदेश के साथ-साथ हर जिले एवं गांव को खेल के प्रति जागरूक करते हुए तथा युवाओं को खेल से जोड़ते हुए ही उनके स्वस्थ एवं सुंदर भविष्य की कामना की जा सकती है। जिला क्रीड़ा अधिकारी भानु प्रसाद ने कहा कि खेलो इंडिया का इतना सुंदर एवं भव्य आयोजन हमने सोचा भी नहीं था समस्त जनपद वासियों के साथ साथ खेल से जुड़े सभी खिलाड़ी एवं उनके कोच के साथ-साथ परिवार के सदस्यगण इस मशाल रैली से जुड़ कर लोगों को जागरूक करने का एक सुंदर कार्य किया है।

जिला योगासन खेल संघ के मुख्य सचिव योग गुरु योगी ज्वाला सिंह ने कहां की प्रदेश के मुखिया और हम सब के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा प्रदेश के चारों दिशाओं पूर्व पश्चिम उत्तर दक्षिण में भेजे गए इस विशाल रथ एवं मशाल को प्रत्येक जनपद के हर नागरिक को जोड़ते हुए हर किसी को योगासन एवं खेल से जोड़ना है , तभी भारत के विश्व गुरु बनने के सपने साकार हो सकेंगे।

इस अवसर पर जनपद के पुलिस अधीक्षक, एडीएम, सीओ सिटी, एसपी सिटी के साथ-साथ विभिन्न खेल एवं खिलाड़ियों के साथ-साथ संस्थाओं में पतंजलि योग समिति की महिला महामंत्री रीना चौधरी, विंध्य योग सेवा धाम चैरिटेबल ट्रस्ट संस्थापक योग गुरु योगी भोलानाथ, जिला योगासन खेल संघ के अध्यक्ष डॉ अमन यादव, क्रीडा अधिकारी अमित कुमार, पावर लिफ्टिंग कोच कमलापति त्रिपाठी, अंतरराष्ट्रीय पावर लिफ्टिंग खिलाड़ी निधि सिंह पटेल, अंतरराष्ट्रीय योगासन खिलाड़ी शिवराज बिंद, अनिल मौर्या, चंदन कुमार, आरती सिंह, राजलक्ष्मी, राष्ट्रीय नेट बॉल कोच विवेक मिश्रा, पुटबॉल खिलाड़ी तुफैल अहमद, ताइकांडो सचिव रामू सोनकर, गोपाल सोनकर, एथलीट प्रवक्ता ग्रीन गुरु, शारीरिक शिक्षा अशोक कुमार उपाध्याय, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी अभय कुमार, विश्लेश कुमार, शिप्रा, ओपी, रामदुलार यादव, अरविंद कुमार मिश्रा, विशाल गुप्ता, प्रवीण मौर्य, श्रीप्रकाश दुबे के साथ-साथ आदि लोग उपस्थित रहे।

घर में सेंध लगाकर चोरों ने दो लाख के जेवरात और चार हजार नकद पर हाथ किया साफ

मीरजापुर । हलिया क्षेत्र के हलिया गांव के महादेव मुहाव में शनिवार की देर रात कच्चे मकान के दरवाजे के पास ईट की दीवार में सेंध लगाकर दरवाजे की कुण्डी खोलकर घर के भीतर घुसे हौसला बुलंद अज्ञात चोरों ने घर में रखे सात बाक्स घर से करीब चार सौ मीटर दूर सुसुआइ नाले के पास आम के बगीचे में उठा ले गए और बाक्स का ताला तोड़कर उसमें रखे सोने चांदी के आभूषण चार हजार रुपए नकद और साड़ी आदि नये कपड़े उठा ले गए। घटना के समय गृहस्वामी घर के बाहर सो रहे थे और उनका बड़ा बेटा अनिरुद्ध मिश्र पत्नी के साथ घर के भीतर सो रहे थे छोटा बेटा शशिभूषण मिश्र घर से सौ मीटर दूर निर्माणाधीन मकान के पास सोने चला गया था। रविवार सुबह घटना की जानकारी होने पर गृहस्वामी केशव प्रसाद मिश्र के होश उड़ गए सूचना पर पहुंची पीआरवी पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल की इसके बाद थानाध्यक्ष ने भी मौके पर पहुंचकर घटना की जांच पड़ताल की। इस संबंध में गृहस्वामी केशव प्रसाद मिश्र ने थाने में तहरीर देकर घटना का खुलासा किए जाने की मांग की है।दी गई तहरीर में बताया कि घर के उत्तर तरफ दरवाजे के पास ईट की दीवार में सेंध लगाकर अज्ञात चोर घर में घुस गये और भीतर रखे सात बाक्स जो जेवर कपड़े आदि से भरे थे घर से दूर सारी बारी बगीचे में उठा ले गए बाक्स में रखे चार हजार रुपए नकद जेवरात सोने की चार अंगूठी, तीन सोने की लाकेट, तीन जोड़ी चांदी की पायल, दो जोड़ी छागल,चांदी की एक करधन,माथबेंदी तथा नये कपड़े साड़ी आदि उठा ले गए और बाक्स में रखे पुराने कपड़े आदि बगीचे छोड़ गए। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष विष्णु प्रभा सिंह ने घटनास्थल पर पहुंच कर बारीकी से जांच पड़ताल की। थानाध्यक्ष विष्णु प्रभा सिंह ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है जल्द ही चोरी का खुलासा कर दिया जाएगा।

धर्म परिवर्तन पर बनाया जाए कठोर कानून

आज हिंदू समाज को सनातन धर्म को जानने की जरूरत है। लोगों को अपनी मानसिकता बदलना होगा साथ ही अपने बच्चों को गीता और रामायण जैसे धर्मग्रंथ को पढ़ाया जाना चाहिए साथ ही उन्हें तिलक,चोटी, जनेऊ,धोती कुर्ता जैसी सनातन सभ्यता को अपनाना होगा और लोगों को जागरूक करना होगा कि हमारा सनातन धर्म ही सबसे श्रेष्ठ है।

राजेश तिवारी समाजसेवी ग्राम प्रधान डिगवश

संविधान धर्म परिवर्तन की स्वतंत्रता जरूर देता है किंतु आर्टिकल पच्चीस में धर्म को लेकर किसी भी तरह उन्माद फैलाने को लेकर इजाजत नही देता। संविधान के पेज पंद्रह में भारतीय दण्ड संहिता में दो चीप्टर जोड़ने की जरूरत है इससे धोखे या जबरन धर्म परिवर्तन पर कठोर कानून बनाया जा सके इसपर राज्य स्तरीय कानून बनाए गए है किंतु इन कानूनों में और कठोरतम धाराओं की जरूरत है ।

वैभव पांडेय(अधिवक्ता)

रूपेंद्र शुक्ल

कुंडा प्रतापगढ़। देश में धर्मांतरण एक बड़ी समस्या बनती जा रही है। जिससे अछूता प्रतापगढ़ भी नही है पिछले कुछ महीनों में विभिन्न इलाकों में ईसाई मिशनरी द्वारा धर्म परिवर्तन के मामले सामने आए थे।

जिसको लेकर कुछ जगह पुलिस ने कार्यवाही भी की थी लेकिन प्रतापगढ़ के कई इलाकों में ईसाई मिशनरी द्वारा दलित बस्ती में प्रलोभन देकर धर्म परिवार का खेल बड़ी तेजी से चलाया जा रहा है।

जिसको लेकर प्रशासन को ठोस कदम उठाना होगा धर्मांतरण को लेकर समाज के विभिन्न लोगों ने अपनी प्रतिक्रिया दी है।धर्मांतरण को रोकने के लिए जो भी हिंदू धर्म गुरु काम करते है उन्हें बदनाम करने की कोशिश की जाती है।

सरकार धर्मांतरण को रोकने के लिए पूरी तरह फेल है पिछले कुछ वर्षो में जिस तरह धर्मांतरण की संख्या गांव गांव तक पहुच रही है वह चिंता का विषय है। इस मामले पर ग्रामीणों में जागरूकता फैलाने की जरूरत है साथ ही प्रशासन को भी मुस्तैदी दिखाते हुए ऐसे ठिकानों पर छापेमारी करना होगा जिससे इस गंभीर समस्या पर रोकथाम लगाया जा सके,काला जादू और अंधविश्वास फैलाने वाले लोगों पर भी कार्यवाही की जानी चाहिए।

संदीप त्रिपाठी(टीवी पैनलिस्ट,नेता कांग्रेस)

धार्मिक स्वतंत्रता जरूर है किंतु सभी को अपने धर्म पर विश्वास करना चाहिए साथ ही देश में कुछ विदेशी शक्तियां अराजकतत्व धार्मिक उन्माद फैलाने के लिए शहर से लेकर गांव तक धर्मांतरण के जरिए अपनी जड़े मजबूत कर रहे है। मैं अपील करता हूं सूबे के सामाजिक लोगों से की ऐसे लोगों पर नजर बनाएं रखें और उन्हें अपनी जड़ों को मजबूत करने से रोक सके।

सुमित प्रताप सिंह ग्राम प्रधान संरक्षक राजापुर

धर्मांतरण को रोकने के लिए सरकार ने ठोस कदम उठाया है प्रदेश सरकार ने रुपए से सात वर्षो की सजा और एससी,एसटी कानून के माध्यम कठोर सजा सुनिश्चित की है। यदि ऐसे मामले जिले में संज्ञान में आते है तो हम प्रशासन से अपील करेंगे की ईसाई मिशनरी के ठिकानों पर पड़ताल कर जबरन धर्म परिवर्तन करने वाले लोगों पर कठोर कानूनी कार्यवाही करें।

सत्येंद्र भूषण शुक्ला बब्बलू (किसान प्रकोष्ठ जिला कार्यकारिणी सदस्य बीजेपी)

लोक अदालत में 54253 वादो का निस्तारण

प्रतापगढ़ (ब्यूरो)। जनपद न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अब्दुल शाहिद की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। उन्होने सभी न्यायिक अधिकारियों को निर्देशित किया था कि अधिक से अधिक संख्या में आपसी सुलह समझौते से मुकदमो का निस्तारण लोक अदालत में किया जाए, जिससे अधिक से अधिक वादकारियो को लाभ मिल सके। कार्यक्रम का संयोजन/संचालन नीरज कुमार बरनवाल, अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने किया। इस अवसर पर समस्त न्यायिक अधिकारीगण एवं अधिवक्ता संगठनो के पदाधिकारीगण, मध्यस्थगण एवं पराविधिक स्वयं सेवक उपस्थित रहे। लोक अदालत में कुल 54253 वादो का निस्तारण किया गया। जिनमे 7117 फौजदारी वाद, 5 एनआई एक्ट 6 मोटर दुर्घटना वाद, 62 वैवाहिक वाद, 49 सिविल वाद, 650 बैंक ऋण, 28 बीएसएनएल वाद एवं कलेक्ट्रेट प्रशासनिक अधिकारियो द्वारा 46334 वादो का निस्तारण किया गया। फौजदारी वादो में 1457020/-रू. का अर्थदण्ड वसूल किया गया। मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति वादो में रू. 4620000/- का प्रतिकर दिलाया गया। उत्तराधिकार वादो में 15442919/-रू. का उत्तराधिकार प्रमाणपत्र जारी किया गया। बैंक वादो में 61300000/- रू. एवं बीएसएनएल वादो में 45521/-रू. का समझौता हुआ। लोक अदालत में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पराविधिक स्वयं सेवको मध्यस्थगण, कर्मचारीगण व बैंको का सहयोग सराहनीय रहा।

पुरानी पेंशन बहाली को लेकर संयुक्त मंच ने निकाला मशाला जुलूस

प्रतापगढ़ (ब्यूरो)। पुरानी पेंशन योजना बहाली संयुक्त मंच के तत्वाधान में प्रदेश की भांति जनपद में आज रविवार को सांय 6 बजे मशाल जुलूस निकाल कर प्रधानमंत्री, भारत सरकार को पुरानी पेंशन बहाली हेतु एक ज्ञापन पत्र जिलाधिकारी को प्रेषित किया गया। आज सांय 5 बजे अम्बेडकर चौराहे पर जनपद स्तरीय कर्मचारी संगठनो के पदाधिकारीगण एवं सदस्यो ने एकत्र होकर एक सक्षिप्त सभा की और एक स्वर से पुरानी पेंशन बहाली की मांग किया। तत्पश्चात मशाल व नारो से लिखी पट्टिका लेकर जुलूस/रैली निकाली। यह जुलूस/रैली अम्बेडकर चौराहे से प्रारम्भ होकर जिलाधिकारी आवास होते हुए सिचाई विभाग, लोक निर्माण विभाग, टेज़री चौराहा व पुलिस लाइन चौराहो से होते हुए पुनः अम्बेडकर चौराहे पर पहुंचा। जहां पर भारत सरकार को सम्बोधित ज्ञापन पत्र जिलाधिकारी महोदय/प्रतिनिधि को सौपकर मशाल जुलूस का समापन किया। मशाल जुलूस में नार्दन रेलवे मेन्स यूनियन, यूआरएमयू राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद व उससे सम्बद्ध दर्जनो कर्मचारी संगठन, शिक्षक संघ, राज्य कर्मचारी महासंघ, पेंशनर एसोसिएशन, मिनि. कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी संघ, पेंशनर्स कल्याण समिति, राजस्व संग्रह अमीन संघ, लेखापाल संघ, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कर्मचारी संघ समेत दर्जनो अन्य संगठन के प्रतिनिधि/पदाधिकारी उपस्थित रहे।

सांड़ के हमले से किसान की मौत

प्रतापगढ़ (ब्यूरो)। जेठवारा थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव बराभीखपुर में छुट्टा सांड़ के हमले से एक किसान की मौत हो गई। घटना से परिजनो में कोहराम मचा है। बताया गया कि गांव बराभीखपुर निवासी प्रताप बहादुर सिंह खेती किसानी करते थे। वह आज सुबह खेत की रखवाली करने के बाद घर जा रहे थे। उसी समय रास्ते में एक छुट्टा सांड़ ने हमला करके उन्हे गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। जानकारी होने पर परिजन उन्हे स्थानीय स्वास्थ्य केन्द्र ले गए। वहां पर डाक्टरो ने उन्हे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंची। साथ ही शव को कब्जे में ले लिया। किसान की मौत से परिजनो में कोहराम मचा है। किसान की मौत के बारे में मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी का कहना है कि आक्रामक सांड़ो को पकड़ने के लिए विभाग के पास कोई व्यवस्था नहीं है। गौशालाओ का निरीक्षण करने आए विशेष सचिव एवं नोडल अफसरो से ट्रंकुलाइजर गन और ठोज की मांग की गई है। निदेशक पशुपालन विभाग के निर्देश का इंतजार है।

भीषण अग्निकांड में दूसरी बार आशापुर अठगवां का जंगल जलकर राख

अग्निकांड में सागौन शीशम चिलबिल आम नीम वास के हजारों वृक्ष जलकर राख

भीषण अग्निकांड में लाखों की वन संपदा जलकर खाक

बीरापुर प्रतापगढ़- रविवार की दोपहर दूसरी बार अराजक तत्वों ने आशापुर अठगवां के जंगल में आग लगा दी। जब तक लोग कुछ समझ पाते हल्ला गुहार मचाते तब तक आग ने विकराल रूप धारण कर करीब 20 बीघे का विशालकाय जंगल जलकर राख में तब्दील हो गया। जिसमें हजारों पेड़ जलकर राख हो गए। भीषण अग्निकांड में लाखों रुपए के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के आशापुर अठगवां का विशालकाय जंगल सई नदी के किनारे स्थित है। रविवार की दोपहर अराजक तत्वों ने दूसरी बार जंगल में आग लगा दी। जब तक ग्रामीण कुछ समझ पाते हल्ला गुहार मचाते मौके पर पहुंचते तब तक आग ने विकराल रूप धारण कर करीब 20 बीघे के जंगल को अपनी चपेट में ले लिया। पछुआ हवा और सूखे सरपत ने आग को बढ़ाने में घी का काम किया।

ग्रामीणों के घंटों अथक प्रयास के बाद भी आग पर काबू नहीं पाया जा सका।भीषण अग्निकांड में करीब 20 बीघे का जंगल जलकर राख में तब्दील हो गया। जिसमें सागौन शीशम चिलबिल नीम बांस के हजारों पेड़ जलकर राख हो गए। भीषण अग्निकांड में सबसे अधिक सागौन के वृक्षों का हुआ जिसमें लगभग हजारों पेड़ सावन के जलकर राख हो गए जिसकी कीमत लाखों रुपए बताई जाती है।

भीषण अग्निकांड में आशापुर गांव के राम अचल सिंह, शिव अचल सिंह, डॉ अमर सिंह, लल्लन सिंह, सत्यवान सिंह, विजय सिंह, रामकरन सिंह, सुमन सिंह, राम किशुन सिंह, चंदन लाल यादव, राम अजोर यादव सहित तमाम किसानों की लाखों की वन संपदा जलकर खाक हो गई। ग्रामीणों के घंटों अथक प्रयास के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया गया।

लेकिन तब तक लाखों की वन संपदा जलकर खाक हो गई थी।

रात में प्लेटफार्म से नदारद रहती है खाकी, राम भरोसे सुरक्षा

मालदा टाउन और इंटरसिटी के समय नहीं दिखे सिपाही

प्रतापगढ़। स्थानीय रेलवे स्टेशन पर रात के समय ड्यूटी से सिपाही नदारद रहते हैं। जिससे यात्रियों की सुरक्षा का दावा खोखला साबित हो रहा है। ऐसे में मुसाफिरों की सुरक्षा ऊपर वाले के ही भरोसे है। इसकी एक बानगी रविवार रात को मालदा टाउन और कानपुर जाने वाली महत्वपूर्ण ट्रेन इंटर सिटी में देखने को मिली। दोनो ही ट्रेनों के समय प्लेटफार्म ड्यूटी वाले सिपाही दूर दूर तक नहीं दिखे।इन दिनों सहलग का मौसम चल रहा है। स्कूलों में छुट्टियां हो गई है। जिसके मद्देनजर ट्रेनों में भारी भीड़ चल रही है। इस लिहाज से प्लेटफार्म पर भी भीड़ होना लाजमी है। सूत्रों के अनुसार प्लेटफार्म पर यात्री सुरक्षित रहें इसका ख्याल जीआरपी और आरपीएफ को रखना होता है। ताकि मुसाफिर निर्भय होकर ट्रेनों में यात्रा सफर कर सके। मगर अफसोस खाकी इस जिम्मेदारी से बेफरवाह होती नजर आ रही है। रात में लखनऊ जाने वाली मालदा टाउन और कानपुर जाने वाली इंटरसिटी दोनो ही ट्रेन के आने और जाने के वक्त बीट के सिपाही नजर नहीं आए। रेल कर्मचारियों का आरोप है कि प्लेटफार्म के दक्षिणी छोर पर सन्नाटा छाया रहता है। कहीं कहीं अंधेरा भी रहता है। चोर उचक्के यहां पर छिपकर किसी भी समय घटना को अंजाम दे सकते हैं। पहले भी कई वारदातें हो चुकी हैं।

प्रधान को दी जान से मारने की धमकी

कुंडा प्रतापगढ़।विकास खंड बिहार के गांव भीखापुरकानेडीह की प्रधान शुभांशी शाहू पत्नी बैजनाथ शाहू अपने घर पर बैठकर कुछ लोगों से बात कर रही थी। तभी गांव के अंशू सिंह व इंद्रबहादुरसिंह व अजय सिंह आदि गांव के लोगों ने पहुंचकर प्रधान से गांव के विकास के बारे में बातचीत शुरू की।इसी बीच दोनों पक्षो में कहासुनी होने लगी । कहासुनी व जमकर गाली गलौज हुई ।प्रधान शुभांशी शाहू का कहना है कि उक्त लोगों ने जानसे मारने की धमकी भी दी किसी तरह घर मे भागकर जान बचाई। थानाध्यक्ष बाघराय त्रिलोकीनाथ पांडे का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। प्रधान शुभांशी शाहू की तहरीर पर पुलिस ने गांव के अंशू सिंह व इंद्रबहादुरसिंह व अजय सिंह व राजेश सिंह के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है

श्री गंगा दशहरा महोत्सव को भव्य मनाने की बनी रूपरेखा

11551 दीपों से जगमग होगा मां बेल्हा देवी घाट

प्रतापगढ़। श्री गंगा दशहरा महोत्सव समिति की एक बैठक मां बेल्हा देवी धाम के उपप्रबंधक व समिति के अध्यक्ष प्रमोद सिंह(मुन्ना भइया) की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसमें 30 मई को श्री गंगा दशहरा महोत्सव मनाने के विषय में समिति के लोगों ने विचार विमर्श किया।कार्यक्रम के संयोजक रोशनलाल उमरवैश्य ने बताया कि विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी गंगा दशहरा महोत्सव बेल्हा देवी धाम में मनाया जाएगा। 30 मई को 11551 दीपों से सभी घाटों को प्रकाश में किया जाएगा और मां बेल्हा देवी मंदिर धाम व हनुमान मंदिर आदि मंदिर परिसर को फूल-मालाओ और विद्युत झालरों से सजाया जाएगा। तत्पश्चात शाम को मां सई गंगा की महाआरती होगी।समिति के अध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंह(मुन्ना भइया) ने कहा कि सभी तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाएं और अब की बार महोत्सव में और भव्यता लाने का प्रयास किया जाएगा। भक्तगण बहुत ही उत्साहित है गंगा दशहरा महोत्सव में गत वर्षो की भीड़ को देखते हुए और भी इंतजाम किए जाएंगे। इस अवसर पर रघु पंडा, मनोज पंडा, सनी तिवारी, त्रिवेणी तिवारी, आशीष पाठक, आशीष सिंह, सुरेश मास्टर, जग्गू पंडा, सोनू पंडा, मोनू पंडा, प्रमोद, अजय, गैंडा, अरविंद कोटेदार, भारत, दीपक, प्रदीप, विजय, बच्चा, राजू, अमन, मोनू ,पप्पू पांडे, गिरजा, गणेश, बीनू ,गोलू, रविंद्र, इंद्रेश,संजय बाबा आदि उपस्थित रहे।

आबादी की भूमि पर जबरन कब्जा,रोकने पर महिला से मारपीट

दुर्गागंज प्रतापगढ़।रानीगंज तहसील क्षेत्र के कतरौली मजरे सुजनीपुर निवासी भगवानदीन पुत्र गयादीन कुम्हार ने उपजिलाधिकारी रानीगंज को शिकायत पत्र देकर आरोप लगाया है कि पड़ोस के ही रहने वाले कुछ दबंग लोगो द्वारा उनकी आबादी की भूमि पर जबरन कब्जा कर रहे थे। मना करने पर पीड़ित व उनकी पत्नी को दबंगों ने मारा पीटा। व आबादी की भूमि पर जबरन कब्जा कर लिया।पीड़ित का आरोप है कि पुलिस द्वारा कोई सुनवाई नहीं हो रहा है।जिसके बाद पीड़ित ने उपजिलाधिकारी रानीगंज को शिकायत पत्र देकर कार्यवाही की मांग की।

15 वीं बार उपजा रानीगंज के अध्यक्ष पद पर बच्चा मिश्रा हुए निर्वाचित

रानीगंज,प्रतापगढ़। रानीगंज तहसील के अंतर्गत यू.पी. जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन (उपजा) प्रतापगढ़ की रानीगंज तहसील इकाई का गठन आज रानीगंज नगर पंचायत के सभागार में किया गया। उपजा जिला अध्यक्ष अखिल नारायण सिंह व जिला महामंत्री डॉ अमित पाण्डेय की मौजूदगी में, चुनाव पर्यवेक्षक विनय पाठक व चुनाव अधिकारी राजेंद्र प्रसाद पांडेय की देखरेख में रानीगंज तहसील इकाई की नयी कार्यकारिणी का गठन किया गया।

जिसमे 24 सदस्यीय इस कमेटी के लिए सर्वसम्मति से राकेश कुमार तिवारी व राजकुमार मिश्रा को संरक्षक, सुरेंद्र कुमार मिश्रा उर्फ बच्चा मिश्रा को अध्यक्ष, पवन कुमार मिश्रा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, आनंद मिश्रा, अशोक सिंह व अवधेश मिश्रा को उपाध्यक्ष, रत्नाकर मिश्रा को महामंत्री, कमलेश कुमार पांडेय, मनोज रजक व विजय प्रकाश त्रिपाठी को मंत्री, संदीप मिश्रा को संयुक्त मंत्री, अनिल यादव को संगठन मंत्री, आकाश तिवारी को कोषाध्यक्ष, व देवदत्त उपाध्याय सचिन को मीडिया प्रभारी चुना गया। मौजूद सभी लोगों ने ताली बजाकर स्वागत किया। इनके अलावा दीपक पाण्डेय, अशोक कुमार वैश्य, अमित कुमार पटेल, जावेद अहमद अंसारी, बंसराज यादव, बृजभूषण मिश्रा, उदय शंकर यादव, संदीप विश्वकर्मा, वीरेंद्र मिश्रा को कार्यकारिणी का सदस्य घोषित किया गया ।

तहसील इकाई के नवनियुक्त अध्यक्ष बच्चा मिश्रा सहित कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों को जिलाध्यक्ष अखिल नारायण सिंह ने शुभकामनाएं देते हुए, अपने - अपने पदीय दायित्वों को सम्यक निर्वहन करने की अपेक्षा जतायी तो वही रानीगंज तहसील अध्यक्ष बच्चा मिश्रा ने कहा कि रानीगंज तहसील के समस्त पत्रकारों का हमेशा सम्मान हुआ है और होगा हमेशा पत्रकारों के लिए खड़ा रहूंगा।

पत्रकारिता दिवस के दिन होगा शपथ ग्रहण

रानीगंज,प्रतापगढ़। उपजा के नव निर्वाचित अध्यक्ष बच्चा मिश्रा ने बताया कि तहसील रानीगंज के उपजा के नव निर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह एवं पत्रकारिता दिवस का आयोजन 30 मई को दिन में 11 बजे तहसील सभागार में आयोजित किया गया है। जिसमें पदाधाधिकारियों के शपथ ग्रहण के साथ ही पत्रकारिता दिवस के अवसर पर पत्रकारों का सम्मान भी किया जायेगा।

मारपीट के मामले में चार लोगों के विरुद्ध हरिजन एक्ट का मुकदमा दर्ज

कुंडा प्रतापगढ़।बाघराय थाना क्षेत्र के चकवड़ गांव निवासी बाबूलाल पुत्र विदेशी एवं आदर्शसिंह के बीच बीते शनिवार की देर शाम बाइक से रास्ते से जाने को लेकर जमकर विवाद होने लगा तथा दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गई। गंभीर रूप से घायल बाबूलाल गौतम 65 वर्ष पुत्र विदेशी व विकरहिन 55 वर्ष पत्नी बाबूलाल को इलाज हेतु सीएचसी बाघराय लाया गया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक इलाज के बाद जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया । बाबूलाल गौतम की तहरीर पर पुलिस ने आदर्शसिंह हर्ष व जतिन सिंह व सूर्या के विरुद्ध हरिजन एक्ट व मारपीट समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है । मामले की छानबीन सीओ सदर अमरनाथ गुप्ता ने शुरू कर दी है ।

नौकरी का झांसा देने वाला ठग गया जेल

लालगंज प्रतापगढ़। नवजवानों को बड़ी बड़ी सरकारी नौकरियों में चयनित कराने का झांसा देने वाला आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर रविवार को उसे जेल भेज दिया। आरोपी ठगी में इस कदर माहिर निकला कि वह बैंक तथा पुलिस सेवा के साथ बड़ी बड़ी नौकरियों का फर्जी आईकार्ड एवं नियुक्ति पत्र आदि भी रचने लगा। उसकी पोल खुली तो पुलिस भी जालसाजी के उसके तिकड़म को देख दंग रह गई। लीलापुर थाने के बरिस्ता निवासी मो. इस्माइल पुत्र जैनुल आब्दीन के अनुसार उसे नौकरी दिलाने के नाम पर सिंघौर गांव निवासी चंद्रपाल पांडेय के पुत्र बृजेश कुमार पांडेय ने दो लाख सत्तर हजार रूपए की मांग की। आरोपी ने पीड़ित को झांसा देते हुए एडवांस के रूप में पंद्रह हजार रूपए गड़प भी कर लिए। यही नही आरोपी ने पीड़ित की चचेरी बहन समशेरगंज निवासी मंसूर अली की पुत्री शहनूर बेगम को डिप्टी एसपी पद पर नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी की। आरोपी ने पीड़ितों को विश्वास दिलाने के लिए कई लोगो के खुद के तैयार किए फर्जी नियुक्ति पत्र का भी सहारा लिया। इसके बाद आरोपी ने पीड़ित को बैंक आफ बड़ौदा शाखा लालगंज में प्रबंधक के पद पर फर्जी नियुक्ति पत्र व पहचान पत्र दे दिया। शनिवार को आरोपी पीड़ित को लेकर बैंक में उसे कार्यभार दिलाने भी पहुंच गया। बैंक में जांच पड़ताल हुई तो नियुक्ति पत्र फर्जी निकला। यह भांडा फूटते ही आरोपी वहां से भाग निकला। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी। इस पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जालसाजी व धोखाधड़ी समेत कई गम्भीर धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। कोतवाल कमलेश पाल ने बताया कि आरोपी को जेल भेज दिया गया है। वहीं पुलिस गैंग से जुड़े फर्जी वाड़े की पड़ताल में भी जुटी बताई जाती है।

देश और दुनिया में चाय के दीवाने की कोई कमी नहीं

अंतर्राष्ट्रीय चाय दिवस पर विशेष लेख

लोकमित्र ब्यूरो
कौशाम्बी। देश और दुनिया में चाय के दीवाने की कोई कमी नहीं है क्योंकि चाय पीने के शौकीन लोग अक्सर आपने सुबह की शुरुआत गरमा- गरम चाय की चुस्कियों से कहते हैं। ऐसे में हर साल 21 मई को इंटरनेशनल टी डे यानी अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाया जाता है। साल 2005 में पहले अंतरराष्ट्रीय दिवस राजधानी दिल्ली में आयोजित किया गया था। इसके बाद साल 2015 में भारत सरकार ने संयुक्त राष्ट्र खाद्य और कृषि संगठन को इस दिन को विश्व स्तर पर लाने का प्रस्ताव दिया था। ऐसे में आज यानी अंतरराष्ट्रीय दिवस के खास मौके पर, ... चाय बदनाम हो सकती है बेवफा नहीं?... मेरे जज्बातों का कोई तो सिला दो, कभी घर बुलाकर चाय ही पिला दो।... मान लो मेरी राय, इश्क से बेहतर है चाय।... जिंदगी को कुछ इस तरह जीना चाहिए, बात बिगड़े या बने बस चाय पीना चाहिए। चाहत का जरिया है चाय, चाय का नाम सुनते ही कई लोगों को इसकी तलब लग जाती है

आज चाय के ऐसे ही दीवाने (जम स्वअमते) लिए एक खास दिन है क्योंकि आज चाय दिवस है। हर साल चाय उत्पादन करने वाले देशों में 21 मई को अंतरराष्ट्रीय चाय दिवस इंटरनेशनल टी डे मनाया जाता है। भारत चाय का उत्पोग करने के मामले में पहले नंबर और इसके उत्पादन के मामले में दूसरे नंबर पर है चानी के बाद चाय दुनिया में सबसे ज्यादा पाया जाने वाला पेय है। ऐसे में इस पर समर्पित एक दिन होना जरूरी है। अंतर्राष्ट्रीय दिवस संयुक्त राष्ट्र द्वारा हर साल 21 मई को मनाया जाता है इसकी शुरुआत संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा वर्ष 2019 में की गई तथा वर्ष 21 मई 2020 को संयुक्त राष्ट्र द्वारा पहला अंतरराष्ट्रीय चाय दिवस मनाया गया परंतु वर्ष 2005 से ही भारत, नेपाल, श्रीलंका, बांग्लादेश, इंडोनेशिया, मलेशिया, विषनतनाम, युगांडा, तंजानिया, यूके, फ्रांस, जर्मनी नीदरलैंड और केन्या समेत दुनिया के कई देशों में यह दिन 15 दिसंबर को हर साल चाय प्रेमियों द्वारा चाय के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। इंटरनेशनल टी डे मुख्यतरू चाय के सबसे ज्यादा उत्पादकता वाले देशों द्वारा मनाया जाता रहा है भारत में इसकी शुरुआत वर्ष 2005 से हुई मानी जाती है। चाय दिवस की थीम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गरीब देशों में निष्पक्ष तरीके से व्यापार करने पर जोर डालती है जिससे चाय की पहुंच दुनिया भर में बढ़ने के साथ ही गरीब देशों का भी फायदा होगा। चाय का व्यापार कुछ गरीब देशों में लोगों की आय और निर्यात राजस्व का एक मुख्य स्रोत है जो चाय उत्पादक देशों में श्रमिकों को रोजगार प्रदान करता है इसके साथ ही चाय का उत्पादन और इसकी प्रोसेसिंग गरीबी कम करने बहु के खिलाफ लड़ाई में महिलाओं के सशक्तिकरण और स्थली पारिस्थितिक तंत्र के सदुपयोग में योगदान देता है।

तीन घर में नकब काटकर एक लाख की चोरी

नारा, कौशाम्बी। मंझनपुर कोतवाली के चक व नारा गांव में शनिवार की रात अलग अलग तीन घरों में नकब काटकर नगदी, सोने, चांदी के जेवर, बर्तन, कपड़े सहित करीब एक लाख का सामान उठा ले गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर कार्यवाही में जुट गई है। चक गांव निवासी सुभाष गुप्ता किसान है। शनिवार की रात घर के बाहर सो रहे थे इस दौरान पीछे की दीवार में सेंध काटकर अंदर दाखिल हुए चोर कमरे में रखे बक्से का ताला तोड़कर दस हजार नगद एक तोले सोने का मंगलसूत्र, चांदी की पालय, बिछिया कपड़ा बर्तन सहित अन्य सामान उठा ले गए। रविवार की सुबह जगने पर समान दिख रहा देख घरवालों के होश उड़ गए। सूचना पर पहुंचे चौकी प्रभारी धीरज जायसवाल ने घटनास्थल का निरीक्षण कर पीछे खेत मे पड़े बक्से को बरामद करने बाद मामले की जांच पड़ताल में जुट गए हैं। दूसरी घटना नारा गांव में श्रीपत व शतान के घर में पीछे की दीवाल में नकब काटी गई लेकिन जग जगहर होने पर चोर मौके से फरार हो गए हैं।

शिक्षा रूपी धन जीवन की सफलता का आधार- एमएलसी बाबूलाल

लोकमित्र ब्यूरो
अजुहा, कौशाम्बी। अजुहा कस्बे के दयानंद सरस्वती ज्ञान मंदिर कालेज में सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया जहां मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विधान परिषद सदस्य बाबूलाल तिवारी व विशिष्ट अतिथि के रूप में नव निर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष शांति कुशवाहा ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरुवात की इस दौरान मुख्य अतिथि ने कालेज के हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के मेधावी छात्रों को शील्ड व अंगवस्त्र भेट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में कालेज के छात्रों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति से अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एमएलसी बाबूलाल तिवारी ने कहा की शिक्षा रुपी धन व्यक्ति के जीवन सफलता और तरक्की का आधार होता है।

नगर पंचायत अध्यक्ष शांति कुशवाहा ने कहा की शिक्षा से हर मुकाम को हासिल कर सकते है। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर रमेश चंद केसरवानी ने बताया अंग्रेजी मीडियम का प्ले ग्रुप से सेकंड तक जुलाई से चलाया जायेगा। आयोजित कार्यक्रम में स्कूल के बच्चों ने स्वागत गीत गाकर एमएलसी बाबूलाल तिवारी जी का स्वागत किया ।

कालेज के अध्यक्ष कपूरचंद्र केसरवानी ने एमएलसी बाबूलाल तिवारी व नव निर्वाचित चेयरमैन शांति कुशवाहा को शील्ड व अंगवस्त्र देकर स्वागत किया। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष शांति कुशवाहा , प्रतिनिधि ओमप्रकाश कुशवाहा , कपूर चंद्र केसरवानी , वेद प्रकाश केसरवानी , प्रशांत केसरवानी , शिव प्रताप मौर्य , राम किरण त्रिपाठी व विद्यालय स्टाफसहित गणमान्य एवं छात्र मौजूद रहे।

29 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर आरोग्य स्वास्थ्य मेले का हुआ आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो
कौशाम्बी। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार प्रत्येक रविवार को आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जाता है जनपद कौशाम्बी में 29 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। आरोग्य स्वास्थ्य मेले को सफल बनाने के लिए नोडल अधिकारी तथा अपर उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी कौशाम्बी को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो के निरीक्षण हेतु जिम्मेदारी दी गयी है। डॉ0 सुभेन्द्र कुमार मुख्य चिकित्सा अधिकारी कौशाम्बी ने नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो का निरीक्षण किया व उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 एच0पी0मणि व डा0के0डी0 सिंह द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मंझनपुर का निरीक्षण किया उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अवगत कराया है कि समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो पर प्रत्येक रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया है। अन्य उप मुख्य चिकित्साध् अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारियो ने भी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो का निरीक्षण किया आरोग्य स्वास्थ्य मेले में (51) चिकित्साधिकारी व (119) पैरामेडिकल कर्मचारी की ड्यूटी लागायी गयी थी, आरोग्य स्वास्थ्य मेले में विभिन्न रोगो से ग्रसित कुल (1072) मरीजों का चिकित्सको द्वारा उपचार किया गया एवं (18) मरीजों को जिला संयुक्त चिकित्सालय मंझनपुर कौशाम्बी संदर्भित किया गया। साथ साथ मेले मे कुल (40) गोल्डेन कार्ड भी बनाये गये।

फसल नष्ट करने का उलाहना देने पर महिला को दी धमकी

लोकमित्र ब्यूरो
मनौरी, कौशाम्बी। चरवा कोतवाली क्षेत्र के चंदईतारा गांव में शनिवार की शाम उर्दी की फसल नष्ट करने का उलाहना देने पर एक युवक ने महिला को मारपीट की धमकी दी। लोगों ने बीच-बचाव कर मामले को शांत कराया। पीड़ित महिला ने थाने जाकर आरोपी युवक के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

चरवा के चंदईतारा गांव की मनोरमादेवी पत्नी पिंटू पासी के अनुसार उसने बटाई पर खेत लेकर उसमें उर्दी की फसल बो रखा है।इस समय फसल तैयार होने के कगार पर है। शनिवार की शाम पड़ोसी खेत मालिक अपने खेत से बूकेलिण्टरस की जड़ निकलवाने के लिए जेसीबी और ट्रैक्टर लेकर गया था।दोनों वाहन उसके खेत में लगी उर्दी की फसल को रौंदते हुये निकल गये। इससे उसकी काफी फसल नष्ट हो गई।खेत का नजारा देख कर उसके होश उड़ गए।उसने युवक के घर जाकर फसल के नुकसान का उलाहना दिया। आरोप है कि उलाहना देने से नाराज होकर युवक ने महिला को मारपीट की धमकी दी। मौके पर पहुंचे लोगों ने बीच-बचाव कर मामले को शांत कराया। महिला ने थाने जाकर आरोपी के खिलाफ मामले की तहरीर दी।तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

16 राशि दुधारु भैंस के साथ दो आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

लोकमित्र ब्यूरो
कौशाम्बी। अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोखराज पुलिस उ0नि0 अभिषेक कुमार यादव मय हमराह पुलिस बल द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर बंशराज राम निवासी ग्राम उस्सिया थाना दिलदार नगर जनपद गाजीपुर, सरफाज कुरैसी, निवासी मोहल्ला कानून गो थाना जमानिया जनपद गाजीपुर को प्रयागराज बाई पास मोड़ सकाहा से 01 अदद वाहन ट्रक से 16 राशि दुधारु भैंस के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में उ0नि0 अभिषेक कुमार यादव, का0 अंकित कुमार रहें।

दुष्कर्म के वांछित गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना पश्चिम शरीर पुलिस उ0नि0 रघुराज मय हमराह पुलिस बल द्वारा धर्मेंद्र निवासी औरनी थाना सिंहपुर जनपद अलीगढ़ को पुनवार चौराहा से गिरफ्तार किया गया।

03 वारण्टी गिरफ्तार

कौशाम्बी। थाना चरवा पुलिस उ0नि0 सुनील यादव मय हमराह पुलिस बल द्वारा वीरेन्द्र कुमार निवासी मलाक नागर थाना चरवा जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया। थाना कोखराज पुलिस उ0नि0 वीरेन्द्र कुमार शुक्ला मय हमराह पुलिस बल द्वारा राजकुमार निवासी गिरधरपुर थाना कोखराज को गिरफ्तार किया गया। थाना संदीपन चाट पुलिस उ0नि0 संजय राय मय हमराह पुलिस बल द्वारा कंचन सिंह निवासी पट्टी परवेजा थाना संदीपनचाट को गिरफ्तार किया गया।

चोरी के रुपयों के साथ एक गिरफ्तार

कौशाम्बी। अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सराय अकिल पुलिस उ0नि0 अभिषेक कुमार यादव मय हमराह पुलिस बलकोमुखबिर खास द्वारा सूचना दी गयी कि ग्राम कोल्हुआ चोरी की घटना को अंजाम देकर एक व्यक्ति भागने की फिराक में है। सूचना पर सराय अकिल पुलिस द्वारा मुखबिर के बताये हुए स्थान पर पहुंचकर लड्डू नि0 ग्राम छिहवा कटैया थाना सराय अकिल जनपद कौशाम्बी को बकोद्या पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया। जमातलाशी से अभियुक्त के कब्जे से चोरी किये हुये कुल 6000 रू0 तथा चोरी के दो अदद पैन कार्ड व दो अदद आधार कार्ड बरामद हुआ।

पूंछताछ से आरोपी द्वारा ग्राम कोल्हुआ वग्राम बेनपुर में हुई चोरी को घटना को स्वीकार किया गया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में उ0नि0 अभिरेश कुमार, ह0का0 मनोज कुमार, का0 उदय सिंह रहें।

अवैध शराब मय बनाने के उपकरण के साथ तीन गिरफ्तार

कौशाम्बी। थाना मंझनपुर पुलिस उ0नि0 धीरज कुमार जायसवाल मय हमराह पुलिस द्वारा जयचन्द्र निवासी महन्दापुर थाना मंझनपुर को 20 लीटर अवैध कच्ची शराब मय बनाने के उपकरण के साथ गिरफ्तार किया गया। थाना सैनी पुलिस उ0नि0 अभिषेक गुप्ता मय हमराह पुलिस द्वारा रघुराज उर्फ अतहर नि0 वार्ड नं0 02 अजुहा थाना सैनीजनपद कौशाम्बी को 16 लीटर अवैध कच्ची शराब मय बनाने के उपकरण के साथ गिरफ्तार किया गया। थाना कोखराज पुलिस उ0नि0 प्रमेश कुमार यादव मय हमराह पुलिस द्वारा रामचन्द्र निवासी मनमऊ थाना कोखराज को 08 लीटर अवैध कच्ची शराब मय बनाने के उपकरण के साथ गिरफ्तार किया गया।

वाहन चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

कौशाम्बी। जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई, चेकिंग के दौरान दो-पहियाच्चार पहिया वाहनों को चेक किया गया। यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 120 वाहनों का ई-चालान किया गया तथा 40 वाहनों को सीज किया गया।

निरोधात्मक कार्यवाही मे 09 गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में (थाना मंझनपुर से 02,थाना कौशाम्बी से 01,

थाना सराय अकिल से 01,थाना पिपरी से 02,थाना संदीपनचाट से 01,थाना कड़धाम से 02) कुल 09 आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान किया गया।

30 सितम्बर तक प्रचलन में रहेगा दो हजार की नोट

दो हजार की नोटबंदी पर कारोबारियों की प्रतिक्रिया

लोकमित्र ब्यूरो
कौशाम्बी। केंद्र की मोदी सरकार ने दो हजार के नोट बंद करने का ऐलान किया है हालांकि अभी 30 सितंबर तक ये नोट प्रचलन में रहेगा इस डेडलाइन तक कोई भी व्यक्ति अपने दो हजार के नोट बैंकों में जमा करवा सकता है इस बार की नोटबंदी का कोई ज्यादा फर्क नहीं पड़ेगा,

ऐसा लोगों का मानना है इसकी एक वजह यह भी है कि दो हजार के नोट बाजार में बहुत कम हैं अधिकतर लोगों का कहना है कि दो हजार के नोट बंद करने से आम लोगों को कोई दिक्कत नहीं होगी, इससे उन लोगों को दिक्कत हो सकती है, जिन्होंने ब्लैक मनी रखा है ।

इन नोटों को एकदम पूरी तरह से बंद नहीं किया गया है, 30 सितंबर तक इन नोटों को इस्तेमाल कर सकते हैं और इस तारीख तक लोग इनको बैंकों में जमा करवा सकते हैं वहीं दो हजार के नोट वैसे भी बाजार में बहुत कम देखे जा रहे हैं, जिससे आम आदमी के पास बहुत कम ही वे

कारोबारी घनश्याम अग्रहरी का कहना है कि दो हजार के नोट बड़े थे और जब कभी लोग इन नोटों को लेकर दुकानों में पहुंचते थे तो दुकानदारों को इनके बदले खुदरा नोट देना संभव नहीं हो पाता था अब 500 या इससे छोटे नोट ही ग्राहक दुकानों में लाएंगे ऐसे में इसको बंद करना सही है। वहीं जिन लोगों के पास ब्लैक मनी है, वह सरकार के इस फैसले से खत्म हो जाएगा।

सुनील साहू का कहना है कि 2024 में लोकसभा चुनाव होने है और चुनाव में ब्लैक मनी यानी काला धन सबसे ज्यादा इस्तेमाल किया जाता है यानी 2000 का नोट नोट हैं ऐसे में बैंकों में इनको जमा करवाने के लिए भी वक्त मिल जाएगा बंद करने से जहां महंगाई पर लगाम लगेगी वहीं चुनाव में राजनीतिक दल काला धन इस्तेमाल नहीं कर पाएंगे।

प्रवेश पाल बताते हैं कि लोगों को आज तक यह बात भी समझ नहीं आई की 2000 का नोट आया क्यों था और अब इस नोट को क्यों बंद किया जा रहा है दो साल से उन्होंने 2000 रुपये का नोट नहीं देखा है उनका कहना है कि सरकार अब तक यह बात भी स्पष्ट नहीं कर पाई है कि आखिर नोटबंदी के दौरान कितने नोट वापस आए और कितने नोट नए छापे गए थे नोटबंदी के बाद ₹2000 का नोट काफी प्रचलन में था लेकिन कुछ समय बाद मार्केट से ₹2000 का नोट एकदम से गायब हो गया।

मो आशिफ बताते हैं कि मुद्दों से लोगों का ध्यान भटकाने के लिए 2000 का नोट बंद किया जा रहा है, ताकि लोग इसमें ही उलझ कर रह जाएं यह पूरा खेल 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव की तैयारी का है।अब सरकार द्वारा यह फैसला लिया गया है, जो काफी अच्छा है।

अधिकतर कारोबारी इस फैसले को सही मान रहे है। और लोगों को कतारों में भी खड़ा नहीं होना पड़ेगा।

इतने आजाद न हो कि संस्कारों का नाश कर दे- आचार्य देवव्रत

लोकमित्र ब्यूरो
सरसवां, कौशाम्बी। कुम्हियावां में श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन आचार्य देवव्रत महाराज ने कपिल देवहूती संवाद, सती चरित्र व ध्रुव चरित्र का वर्णन किया। कहा कि जो भागवत प्रेत का कल्याण कर सकती है वो मनुष्य का भी कर सकती है। ये आज के सनातनी अपने कल्याण और संस्कृति के लिए जागृत नहीं हैं। वर्तमान में लोग घरों में पूजा पाठ भी विधि विधान से नहीं करते हैं। हमें इतना आजाद नहीं होना चाहिए कि संस्कारों का नाश कर दें।प्रवचक ने कहा कि लोगों को मंदिर जाने में, तिलक लगाने में, चोटी रखने में शर्म आती है। कहते हैं कि लोग क्या कहेंगे। मनुष्य को लोगों से नहीं भगवान से डरना चाहिए, जब आप भगवान के पास जाएंगे तो वे क्या कहेंगे। यदि आपकी संतान संस्कारी है तो आप कम पैसा होने पर भी अधिक पैसे वालों से ज्यादा सुखी रहेंगे। यह भागवत कथा ही हमें संस्कारी बनाती है। इस मौके पर यजमान बिहारी लाल त्रिपाठी केशव प्रसाद त्रिपाठी आशीष त्रिपाठी हिमांशु त्रिपाठी राज मणि त्रिपाठी नेहा देवी पूनम देवी नैना देवी आदि सैकड़ों पुरुष महिलाएं कथा में मौजूद रहे।

कांग्रेस ने मनाया राजीव गांधी की जयंती

लोकमित्र ब्यूरो
कौशाम्बी। कांग्रेस पार्टी ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी कि जयंती कांग्रेस की नवनिर्वाचित सभापद शुभिति देवी गौतम ने आजाद नगर वार्ड में मनाया। इस मौके पर बोलते हुए कांग्रेस पार्टी के युवा नेता भारत गौतम ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न राजीव गांधी कि सोच हमेशा समाज के आखिरी पंक्ति में खड़े लोगों को आगे बढ़ाने कि रही है। उन्होंने सूचना कि क्रांति, युवाओं को 18 वर्ष में वोट का अधिकार, पंचायती राज व्यवस्था जैसे कई क्रांतिकारी कदम उठाए। उन्होंने कहा कि आज हम सब

उनसे प्रेरणा लेते है। इस मौके पर मुख्य रूप से अरशद मास्टर, रमन सिंह, रितु गौतम, सचिन चौधरी, राजू चौधरी, धनंजय भारतीय, गणेश अग्रहरी, अंकित चौधरी, मखखन पासी, आदि कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

अवैध बालू खनन, परिवहन के खिलाफ कार्यवाही करते हुए 36 लाख 58 हजार रुपये का लगाया गया जुर्माना

लोकमित्र ब्यूरो
कौशाम्बी। शासन की मंशा के अनुरूप अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही हेतुजिलाधिकारी कौशाम्बी व पुलिस अधीक्षककौशाम्बी द्वारा निर्देशित किया गया था। इस क्रम में थाना सराय अकिल अंतर्गत ग्राम मोहम्मदाबाद केवटपुरवा स्थित खनन पट्टा क्षेत्र में अवैध खनन और खनन की शर्तों के उलंघन की सूचना पर उपजिलाधिकारी चायल, क्षेत्राधिकारी चायल और खनन अधिकारी को टास्क फोर्स द्वारा थाना सराय अकील व पिपरी पुलिस फोर्स के साथ देर रात

छापा मारकर निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मानकों के उल्लंघन, निर्धारित सीमा से बाहर खनन करने और एनजीटी के नियमों की अवमानना करने के संबंध में थाना सराय अकिल पर वैष्णो ट्रेडर्स के प्रो0जगदीश प्रसाद नि0 निधियांवा थाना कोखराज जनपद कौशाम्बीव अन्य के खिलाफ पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

इसके अतिरिक्त मानकों के उल्लंघन के सम्बन्ध में 36,58,000ष्- (छत्तीस लाख अट्ठावन हजार) रुपए का जुर्माना लगाया है। नियमानुसार विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

सम्पादकीय

फिर चुनाव का क्या मतलब?

थाईलैंड के चुनाव में जो बदलाव की जन इच्छा दिखी, असल में वह शायद बदलाव नहीं आ पाएगा। देश के सत्ता तंत्र पर कंजरवेटिव शासक वर्ग का नियंत्रण है। वह चेहरे में भी ऐसा बदलाव पसंद नहीं करता, जिसे लाने में उसका हाथ ना हो। थाईलैंड में संसद के निचले सदन का आम चुनाव हुआ। लेकिन अब वहां आशंकाएं गहरा रही हैं कि जनादेश में जो बदलाव की इच्छा दिखी, असल में वह बदलाव शायद ना आ पाए। कारण यह है कि देश के सत्ता तंत्र पर कंजरवेटिव शासक वर्ग का नियंत्रण है। हालांकि चुनाव में अधिक समर्थन पाने वाली पार्टियां भी इसी वर्ग का हिस्सा हैं, लेकिन उनके लिए भी अपने सियासी वादों को लागू कर पाना आसान नहीं है। चुनाव में मूव फॉरवर्ड पार्टी सबसे बड़े दल के रूप में उभरी, जबकि पेउआ थाई पार्टी दूसरे नंबर पर रही। मूव फॉरवर्ड पार्टी फ्यूचर फॉरवर्ड पार्टी का नया संस्करण है। फ्यूचर फॉरवर्ड को प्रतिबंधित कर दिया गया था। नए संस्करण के साथ ऐसा नहीं होगा, यह कोई यकीन के साथ कहने को तैयार नहीं है। कई हलकों से मूव फॉरवर्ड पर वोट पाने के लिए धन बांटने के आरोप लगाए गए हैं। इस कारण बहुत-सी सीटों पर चुनाव नतीजे का औपचारिक एलान नहीं हुआ है। एक रिपोर्ट में बताया गया है कि लगे आरोपों का निपटारा करने में निर्वाचन आयोग को कई महीने लग सकते हैं।सभी चुनाव नतीजों की घोषणा के बाद ही नई सरकार बन पाएगी। उधर मूव फॉरवर्ड के नेता पिता लिमिजारोएनरात पर राजशाही को अपमानित करने के आरोप भी लगाए गए हैं। थाईलैंड राजशाही की आलोचना कानूनन प्रतिबंधित है। ऐसा करने पर 15 साल की कैद हो सकती है। ऐसे संभवतः आरोप उन लोगों की तरफ से लगाए जा रहे हैं, जो यथास्थिति को बरकरार रखना चाहते हैं। मूव फॉरवर्ड ने संसद के 500 सदस्यों वाले निचले सदन में कुल 151 सीटें जीत कर सबको चौंका दिया है। दूसरे नंबर पर पेउआ थाई पार्टी रही। यह पूर्व प्रधानमंत्री ताकसिन शिनावत्रा की पार्टी है। शिनवत्रा को देश निकाला दे दिया गया था। अब उनकी छोटी बेटी पायेतोंगतर्ण इस पार्टी की नेता हैं। पिता अमेरिका की हारवर्ड यूनिवर्सिटी से ग्रैजुएट हैं और उनके परिवार के थाकसिन शिनवत्रा के पारिवारिक रिश्ते रहे हैं। इस तरह सत्ता कुछ परिवारों के इर्द-गिर्द ही सिमटी रहनी है। लेकिन मुमकिन है कि सत्ता प्रतिष्ठान को चेहरे का बदलाव भी पसंद ना आए।

मेष-यह सुख, समृद्धि और प्रचुरता में वृद्धि का समय है। आपके परिवार के भीतर सद्भाव बढ़ेगा और आप अपने सभी रिश्तेदारों के प्रति सहयोग की भावना बनाए रखेंगे। कल्याण की भावना रहेगी। परिवार के सदस्यों का सहयोग और सहयोग आपको प्राप्त होगा। आनंद के पल बनेंगे और घर में उत्सव का माहौल रहेगा। आकर्षक प्रस्ताव प्राप्त होंगे।

वृष-आपके पास नई गतिविधियों और कार्यक्रमों में शामिल होने के अवसर होंगे। अपने रचनात्मक प्रयासों को बढ़ाएं और लालित्य की भावना बनाए रखने का प्रयास करें। आप अपनी वाणी और व्यवहार से दूसरों का दिल जीत लेंगे और खुशियां बांटेंगे। आवश्यक कार्यों में दक्षता रहेगी और आप अपने कलात्मक कौशल को निखारेंगे। आपकी उपलब्धियों से सभी प्रभावित होंगे।

मिथुन-आप रिश्तों और लंबी दूरी के संबंधों में मजबूती का अनुभव करेंगे। निवेश संबंधी गतिविधियों पर आपका ध्यान रहेगा। आप बाहरी मामलों में रुचि दिखाएंगे। आप अपने प्रियजनों की भलाई के लिए प्रयास करेंगे। आर्थिक मामलों में सतर्कता बनाए रखें। आत्मबल में वृद्धि होगी। कामकाज सामान्य रहेगा। यात्रा संभव हो सकती है। दान-धर्म में रुचि बढ़ेगी। जल्दबाजी से बचें। पेशेवर चर्चाओं में भाग लें। धोखेबाजों के खिलाफ सुरक्षा बढ़ाएं। जिम्मेदार व्यवहार बनाए रखें। कामकाज से जुड़े मामले प्रभावित हो सकते हैं। व्यापारिक संबंधों में सतर्क रहें। सद्भाव बढ़ेगा।

कर्क-अपने काम के विस्तार के अवसर मिलेंगे और लाभ के अवसरों में भी वृद्धि होगी। लाभ का प्रतिशत बढ़ेगा और आप विभिन्न योजनाओं को आगे बढ़ाएंगे। धन और प्रचुरता में वृद्धि होगी और आपके नेतृत्व कौशल में सुधार होगा। अपने लक्ष्यों पर ध्यान दें। बातचीत में झिझक पर काबू पाएं। आय के नए स्रोत सृजित होंगे।

सिंह-आवश्यक कार्यों में आप तेजी से आगे बढ़ेंगे और आपके जीवन स्तर में सुधार होगा। आपके करियर और व्यवसाय में प्रभाव पड़ेगा और पेशेवर गतिविधियों में आप आगे रहेंगे। संचार सकारात्मक रहेगा और आपको अनुकूल प्रस्ताव प्राप्त होंगे। सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा। महत्वपूर्ण विषय सामने आएंगे। आपको पुरस्कृत किया जा सकता है।

कन्या-व्यावसायिक प्रयासों में वृद्धि होगी और आप नए लक्ष्यों को प्राप्त करेंगे। महत्वपूर्ण निर्णय लेना स्वाभाविक रूप से आपके अंदर आएगा और आप सभी क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे। धार्मिक कार्यों में आपका मन लगेगा और आस्था और विश्वास में वृद्धि होगी। स्थितियों में तेजी से सुधार होगा और आप धार्मिक कार्यों में व्यस्त रहेंगे।

तुला-निजी चर्चाओं में आपकी प्रभावशाली उपस्थिति रहेगी। शारीरिक संकेतों को नजरअंदाज न करें। अत्यधिक बोझ उठाने से बचें। महत्वपूर्ण कार्यों में धैर्य बनाए रखें। जिम्मेदार व्यवहार बनाए रखें। संगठन पर ध्यान दें। जोखिम भरे प्रयासों से बचें। द्विभाषी बनें। अपने बड़ों की बात सुनें। सफलता प्रतिशत में औसत रहेगी। स्थितियां मिली-जुली रह सकती हैं। प्रलोभन और दबाव के आगे न झुकें। अनुशासन से आगे बढ़ें। नए प्रयासों में अति उत्साहित होने से बचें। विनम्रता दिखाओ। अप्रत्याशितता हो सकती है।

वृश्चिक-आप महत्वपूर्ण कार्यों को पूरा करने का प्रयास करेंगे। आप अपनी योजनाओं को गति देंगे। साझेदारी से सफलता मिलेगी। प्रबंधन के कार्य सफल रहेंगे। निजी मामले आपके पक्ष में रहेंगे। व्यावसायिकता और लाभ में वृद्धि होगी। अपने रिश्तों को मजबूत करें। आवश्यक कार्यों में गति प्राप्त करें। आपके नेतृत्व के प्रयास बेहतर होंगे। कार्यकुशलता का पुरस्कार मिलेगा। सद्भाव बनाए रखें। विभिन्न क्षेत्रों में सकारात्मक परिणाम प्राप्त होंगे। दांपत्य जीवन सुखमय रहेगा। उपलब्धियों से प्रेरित रहें। बड़े लक्ष्य निर्धारित करें। अपने आहार पर ध्यान दें।

धनु-यह कड़ी मेहनत के साथ आगे बढ़ने का समय है। काम में आलस्य और लापरवाही से बचें। स्मार्ट वर्किंग बढ़ाएं। करियर पेशेवर बेहतर प्रदर्शन करेंगे। उपलब्धियां दोहराई जाएंगी। अपने कार्यों को जिम्मेदारी से करें। मेहनत के प्रति विश्वास बढ़ेगा। गुमराह होने से बचें। बाधाओं पर काबू पाना। संतुलन बनाकर आगे बढ़ें। अनुशासन बनाए रखें। सेवा-उन्मुख क्षेत्रों में शामिल हों। बजट का पालन करें। व्यावसायिक प्रयास रंग लाएंगे। लगन से काम करो। अपने समकक्षों का विश्वास जीतें। कर्ज लेने से बचें।

मकर-बौद्धिक सक्रियता बढ़ेगी। सहयोग और समर्पण से सभी प्रभावित होंगे। आप प्रतिस्पर्धी बने रहेंगे। तथ्यों पर ध्यान दें। निरंतरता और मेहनत बढ़ाएं। परिवार में सुख और सहजता बढ़ेगी। समय सकारात्मक रहेगा। कारोबार और कामकाज में तेजी से सुधार होगा। विजय प्रतिशत अधिक रहेगा। महत्वपूर्ण मामलों में आप आगे रहेंगे। कलात्मक कौशल में निखार आएगा। आप प्रेम में सफल होंगे। दिल के मामले प्रबल होंगे। अपने बड़ों की आज्ञा का पालन करें। निजी प्रदर्शन बेहतर रहेगा। आर्थिक लाभ में वृद्धि होगी।

कुंभ-आप संसाधनों में रुचि विकसित करेंगे और आप बुनियादी ढांचे और वाहन मामलों में उत्साह दिखाएंगे। आप विनम्रता और सूझबूझ से काम लेंगे और अफवाहों पर भरोसा करने से बचें। सामंजस्य बनाए रखें और परिवार के सदस्यों से सलाह लें। जल्दबाजी में निर्णय लेने से बचें। बौद्धिक संतुलन बनाए रखें।

मीन-भरपूर्ण उपलब्धियां प्राप्त हो सकती हैं और आप नए व्यक्तियों के साथ संबंध बढ़ाएंगे। समाज में मनचाही जगह बनेगी और आप साहसी पहल करना जारी रखेंगे। साहसिक कार्यक्रमों की स्थापना होगी और आप स्वाभाविक रूप से लोगों से जुड़ेंगे। अपने नेटवर्क का विस्तार करें। व्यावसायिकता बनाए रखें।

महाराणा प्रताप की जयंती पर विशेष

राणा प्रताप, मेवाड़ की थर्मोपोली और मैराथन युद्ध

राव शिवराज पाल सिंह

विक्रम संवत पंचांग के अनुसार ज्येष्ठ शुक्ल तृतीया संवत 1540 को महाराणा प्रताप का जन्म महाराणा उदय सिंह की सबसे बड़ी रानी जयवंता बाई की कोख से हुआ था। मेवाड़ में आज भी प्रताप जयंती पंचांग के अनुसार मनाई जाती है जो इस वर्ष 22 मई को है। यहां हम इस अवसर पर मेवाड़ के हल्दीघाटी युद्ध और मेवाड़ की स्वतंत्रता बनाए रखने में सबसे महत्वपूर्ण दिवेर युद्ध, जिन्हें कर्नल जेम्स टॉड ने क्रमशः मेवाड़ के थर्मोपॉली और मैराथन युद्ध की उपमा दी थी, के बारे में बात करते हैं।मुगल बादशाह अकबर कभी नहीं चाहता था कि महाराणा प्रताप के साथ युद्ध करना पड़े, उसकी नीति तो यही थी कि येन केन प्रकारेण संधियों से या किसी अन्य दबाव या प्रलोभन से मेवाड़ उसकी अधीनता स्वीकार कर ले, ताकि उसकी सम्पूर्ण भारतीय उपमहाद्वीप पर एकछत्र शासन के रास्ते में आंखों में खटकने वाले शूल की तरह बाधा बने मेवाड़ को भी मुगलिया सल्तनत के झंडे तले ले आया जाय। इस उद्देश्य से उसने ईस्वी सन् 1572 और 1573 में समय समय पर अपने चार मनसबदार आसिफ खां, भगवान दास, मान सिंह तथा टोडरमल को महाराणा प्रताप के पास समझाने के लिए भेजे।

राणा प्रताप अपनी मातृभूमि की स्वतंत्रता और स्वाभिमान के लिए इतने दृढ़ संकल्पित थे कि उन्हें सूखी रोटी खाकर जंगलों की खाक छानना स्वीकार था लेकिन मुगल शासन की अधीनता स्वीकार कर महलों का राजसी जीवन स्वीकार्य नहीं किया। अकबर ने अपने मंसूबे सफल नहीं होते देखकर आखिर 1576 ईस्वी में अजमेर से अपनी विशाल सेना आसफ खां और मान सिंह के नेतृत्व में मेवाड़ पर चढ़ाई करने के लिए रवाना कर दी। इधर मेवाड़ में राणा प्रताप भी मुगल मंसूबों को भांप कर अपनी सेना को तैयारी में लगे हुए थे, इस अभियान में उनके साथ अनेक अन्य क्षत्रिय वंशी और अन्य जातियों के योद्धाओं के साथ ग्वालियर के तोमर शासक राम शाह तोमर भी अपने तीन पुत्रों कुंवर शालिवाहन, कुंवर भवानी सिंह, कुंवर प्रताप सिंह और पौत्र बलभद्र सिंह के साथ अपनी सेना सहित साथ देने आए थे। प्रताप की सेना का संचालन हकीम खां सूरी कर रहे थे, और साथ में भोमट के तत्कालीन शासक राणा पूंजा सोलंकी अपने वीर भील योद्धाओं को लिए साथ दे रहे थे। जब मेवाड़ी सेनानायकों ने मेवाड़ के ऊपर चढ़ाई हेतु अजमेर से मुगल सेना के प्रयाण के बारे में सुना तो उन्होंने भीलवाड़ा के पास मांडल में उनसे लोहा लेने की योजना बनाई। यहां पर बुजुर्ग और युद्धनीति विशारद रामशाह तोमर ने अपनी असहमति जताई। उनका कहना था यहां मांडल में हाथियों और तोपखाने से सुसज्जित मुगल सेना का सामना करना आत्मघाती सिद्ध होगा, मातृभूमि मेवाड़ के पहाड़ और घाटियां हमारी माता समान हमारी रक्षा करेंगी और सुविधा के संतुलन के सिद्धांत अनुसार उन अगम्य घाटियों में मुगल सेना का सामना करना आसान होगा। यह सलाह राणा प्रताप और उनके सेनानायकों को समझ आ गई और

उन्होंने मुगल सेना के रास्ते में पड़ने वाले सभी गांव ढाणियों को खाली करते हुए अपनी सेना को खमनोर की घाटियों में ले आए, यहां की घाटी में हल्दी के रंग की मिट्टी के कारण ही इस युद्ध को हल्दीघाटी का युद्ध कहा गया। मेवाड़ योद्धा इन पहाड़ों घाटियों से खूब परिचित थे वहीं मुगल सेना के लिए यह क्षेत्र एकदम अपरिचित था और वापस लौटने के लिए वही एक दर्रा था, जहां पर दोनों तरफ के ऊंचे पहाड़ों पर प्रताप की माता जयवन्ता बाई के मानस पुत्र राणा पूंजा सोलंकी तीर कमान, गोफन और पत्थरों से सुसज्जित भील सैनिकों के साथ मोर्चा संभाले थे। मुगल सेना खाली गांवों को रौंदते बिना किसी विरोध के प्रताप के बिछाए जाल में आगे बढ़ती चली आई और घाटी में पहुंचते ही मेवाड़ी वीरों की लपलपाती तलवारों से सामना हुआ। इतिहासकार बदायूनी हल्दीघाटी युद्ध में स्वयं मौजूद था उसने हल्दीघाटी युद्ध का अपनी किताब 'मुन्तखाब उत तवारीख' विवरण दिया है जिसमें वह आसिफ खां के युद्ध से पलायन के बारे में भी लिखता है। मुगल सेना एक ऐसे जाल में फंस गई जहां आगे मौत थी वहीं पहाड़ों से दोनों तरफ से बाण वर्षा , गोफन से पत्थर और लुढ़कती चट्टानों ने उनके पांव उखाड़ दिए। राणा प्रताप ने हाथी पर सवार मानसिंह के ऊपर भाले से वार किया लेकिन उसने हौदे में छिप कर अपनी जान बचाई।स्वयं घायल हुए देखकर स्वतंत्रता संग्राम जारी रहे इसलिए उनके सादड़ी के सामंत झाला मान ने उनको जबरन युद्ध क्षेत्र से बाहर भेज कर राणा के शिरस्त्राण और मेवाड़ के राजचिन्ह को धारण कर युद्ध में वीरगति को प्राप्त हुए। इस युद्ध में रामशाह तोमर अपने तीनों पुत्रों, एक पौत्र और अपने सैनिकों के साथ, चारण और अन्य अनेक योद्धा काम आए। अंत में मुगल सेना के पांव उखाड़ दिए गए, अकबर इस से इतना खिन्न हुआ कि कुछ इतिहासकार कहते हैं कि एक वर्ष तक सेना के नायकों को दरबार में प्रवेश नहीं करने दिया गया। राणा प्रताप के भाई शक्ति सिंह जो किसी कारण से नाराज हो कर अकबर से जा मिले थे और इस युद्ध में मुगल सेना के साथ थे, ने दो मुगल सैनिकों को घायल प्रताप का पीछा करते देख उनका खून उबल उठा और उन्होंने उन सैनिकों के पीछे अपना घोड़ा दौड़ा दिया। आगे चलकर एक नाला आया जिसे घायल चेतक एक ही छलांग में कूद गया लेकिन मुगल सैनिकों के घोड़े ठिठक गए, तब तक शक्ति सिंह ने वहां पहुंच कर दोनों सैनिकों को मौत के घाट उतार दिया। वहां पर दोनो भाइयों का मिलन हुआ और वहीं पर बाद में चेतक की समाधि स्थल बना। हल्दीघाटी युद्ध में यद्यपि मुगल सेना को पलायन करना पड़ा लेकिन प्रताप को भी भारी क्षति उठानी पड़ी, उनके अनेक सेनानायक और सैनिक मारे गए, मेवाड़ की आर्थिक स्थिति बिगड़ गई।

ऐसी सूरत में मेवाड़ के भामाशाह ने राणा प्रताप को मालवा विजय की लूट और दंड से प्राप्त सम्पूर्ण धन समर्पित कर दिया, यह ऐसी संजीवनी साबित हुआ जिस से राणा प्रताप ने फिर से सेना संगठित की और सेना को हथियारों से सुसज्जित किया तथा रसद की व्यवस्था की। इधर मुगलों ने दिवेर को केंद्र बनाकर आसपास अपने नाके स्थापित कर दिए। राणा प्रताप को दिवेर अब खटकने लगा। उन्होंने पूरी तैयारी के साथ ईस्वी सन् 1582 में अपने उत्तराधिकारी कुंवर अमरसिंह और अन्य अनेक सेनानायकों के साथ दिवेर पर धावा बोला। धावे से पूर्व उन्होंने दिवेर को कुमुक और रसद पहुंचने के सारे रास्ते राणा पूंजा सोलंकी और उनके भील सैनिकों की मदद से रोक दिए। मुगल किलेदार और सेना प्रताप के नाम से ही इतनी भयभीत थी कि प्रताप की सेना का बिना विशेष प्रतिरोध किए दिवेर का नाका छोड़कर भाग खड़ी हुई, लेकिन अमरसिंह ने उनका पीछा कर उनके किलेदार को मार डाला। दिवेर विजय ने महाराणा प्रताप के नाम को सूर्य की तरह देदीप्यमान कर दिया, और उसके बाद आसपास के अन्य नाके भी मुगलों से छुड़ा लिए गए। इसके बाद मेवाड़ और प्रताप को मुगलों के आक्रमणों से थोड़ी राहत मिली और अकबर ने भी मेवाड़ पर से अपना ध्यान हटाकर दक्षिण और पूर्व के अभियानों में लगा दिया। इसी युद्ध को कर्नल जेम्स टॉड ने मेवाड़ का।मैराथन के समकक्ष नवाजा था।महाराणा प्रताप की मृत्यु आखेट करते हुए पेट में लगे घाव की वजह से 19 जनवरी 1597 को चावंड में हुई। अकबर उस समय लाहौर में था, जब उसने राणा प्रताप के देहांत की खबर सुनी तो स्तब्ध रह गया और उसकी आंखों में आंसू भर गए। अकबर के दरबार में निर्भीक चारण कवि दुरसा आढ़ा ने इस पर डिंगल में एक कवित्त पढ़ा जिसका भावार्थ है..«हे गुहिल राणा प्रताप ! तेरी मृत्यु के समाचार ने अकबर को भी स्तब्ध कर दिया है, वह अपनी जीभ दांतों तले दबाने पर मजबूर हो गया, उसकी आंखों में आंसू आ गए। हे प्रताप ! तेरी जय हो, तूने अपने घोड़ों पर कभी मुगलिया दाग नहीं लगने दिया, अपनी पगड़ी को कभी मुगलिया सल्तनत के सामने नही झुकाया, न तेरी रानियां कभी नौरोज के बाजार में गई और ना ही तू कभी अकबर के झरोखे के नीचे जाकर खड़ा हुआ। इसीलिए मैं कहता हूं कि तू मरकर भी जीत गया और अकबर सदा की तरह तेरे से हार गया।»

ऐसे स्वाभिमानी राणा प्रताप को उनकी जयंती के अवसर पर शत शत नमन। जय मेवाड़, जय राणा प्रताप और जय चेतक

तैयार रहे, तापमान तो बढ़ेगा!

दुनिया का हर जानकार कह रहा है कि यदि धरती को बचाना है तो दुनिया के औसत तापमान में 1.5 डिग्री की बढ़ोत्तरी की सीमा को कतई पार नहीं होने दे। लेकिन कहना है और ठारगेट बहुत कठिन। विशेषकर इसलिए क्योंकि आबादी, माल और सेवाओं की मांग और भू-राजनैतिक तनाव ङ्क तीनों बढ़ रहे हैं। सही है कि दुनिया के देशों ने समस्या की गंभीरता को समझा हुआ है। सन 2015 में पेरिस समझौते पर दस्तखत करके संकल्प भी लिया था कि औद्योगिक क्रांति से पूर्व दुनिया का जो औसत तापमान था, उसमें 1.5 डिग्री सेल्सियस से अधिक की वृद्धि नहीं होने दी जाएगी। परन्तु जैसे-जैसे समय बीतता गया, सभी को समझ आने लगा है कि इस संकल्प को पूरा करना आसान नहीं होगा।कल (मई 17, 2023) संयुक्त राष्ट्रसंघ के वर्ल्ड मेट्रोलॉजिकल आर्गेनाईजेशन (डब्ल्यूएमओ) ने चेतावनी दी है कि अगले पांच वर्षों में से कम से कम एक वर्ष में तापमान में वृद्धि की 1.5 डिग्री की सीमा पार होने की सम्भावना 66 प्रतिशत है। एक साल पहले डब्ल्यूएमओ ने इसकी सम्भावना 48 प्रतिशत बताई थी। इस संगठन का यह भी कहना है कि अगर 1.5 डिग्री की सीमा पार न भी हुई तब भी यह तो पक्का है कि अगले पांच सालों में से एक साल मानव इतिहास का सबसे गर्म साल होगा। इसके पहले यह रिकॉर्ड 2016 के नाम था। उस साल का औसत तापमान, औद्योगिक क्रांति से पहले की दुनिया की तुलना में 1.28 डिग्री ज्यादा था।इस अंतर्राष्ट्रीय मौसम विज्ञान संगठन के महासचिव पेटेरी टालस ने चेतावनी देते हुआ कहाहै, इसके स्वास्थ्य, खाद्य सुरक्षा, वाटर मैनेजमेंट और पर्यावरण पर व्यापक प्रभाव होंगे। हमें तैयार रहना होगा।तापमान में संभावित वृद्धि के लिए मानव जाति तो जिम्मेदार है ही, इसका पीछे एल नीनो भी है। वर्ल्ड मेट्रोलॉजिकल आर्गेनाईजेशन के अनुसार अगले पांच सालों में उत्तरी यूरोप और अफ्रीका में सहारा रेगिस्तान के दक्षिण के स्थिति सहेल इलाके में गर्मी के मौसम में ज्यादा बारिश हो सकती है और अमेज़न व ऑस्ट्रेलिया में कम। इसका सबसे बड़ा कारण है एल नीनो सदर्न ऑक्सीलेशन, जिससे आशय है प्रशांत महासागर के पूर्वी हिस्से के गर्म और ठंडे होना का प्राकृतिक चक्र। इस चक्र का दुनिया के मौसम पर व्यापक असर होता है। जब प्रशांत महासागर का पानी ठंडा होता है तब उसे ला नीना कहा जाता है। पिछले तीन सालों से यही हो रहा था, जिसके कारण पूरी दुनिया में तापमान कम था। इस साल इस चक्र का दूसरा हिस्सा, जिसमें पानी गर्म होता है और जिसे एल नीनो कहा जाता, शुरू होने वाला है। ग्रीनहाउस गैसों के बढ़ते स्तर के कारण धरती पहले से ही गर्म होती जा रही है। एल नीनो तापमान को और बढ़ाएगी जिसके कारण इस साल जला देने वाली गर्मी पड़ेगी। अभी तक सबसे गर्म साल, 2016, भी एल नीनो का साल था।इसका अर्थ यह नहीं कि हमें हाथ पर हाथ धर कर बैठ जाना चाहिए और तापमान में वृद्धि को 1.5 डिग्री से कम रखने के पेरिस क्लाइमेट एग्रीमेंट के लक्ष्य को भूल जाना चाहिए। सारे देश यदि मिल कर काम करें तो हम इस सीमा की भीतर रह सकते है। इसके लिए ज़रूरी होगा कि हर साल 3.5 बिलियन से लेकर 5.4 बिलियन टन के बीच कार्बन डाइऑक्साइड को वातावरण से बाहर किया जाए। अगले 30 सालों में इस मात्रा को 4.7 बिलियन से लेकर 9.8 बिलियन टन करना होगा।

इस साल नवम्बर में 28वीं यूनाइटेड नेशन्स क्लाइमेट चेंज कांफ्रेंस (कॉप28) आयोजित होगी जिसमें दुनिया भर की सरकारें मिल-बैठ कर यह विचार करेंगी कि पेरिस समझौते में निर्धारित लक्ष्यों को पाने की दिशा में हम कितना आगे बढ़े। जब हिसाब-किताब होगा तब संभवतः यही सामने आएगा कि तापमान में वृद्धि को 1.5 डिग्री के अन्दर रखने के लिए जो ज़रूरी है

लोकमित्र का रंग कवियों के संग

दो हजार का नोट

कल तक जिसको कहते थे यह मेरा है।
दो हजार का नोट नहीं अब तेरा है।।
कौन सगा भाई है कौन चचेरा है।।
पता नहीं चलता है कौन लुटेरा है।।
कुछ दिन का ही अतिथि रहा इस दुनिया में।
तीस सितंबर तक ही इसका डेरा है।।
काले धन पर मँडराएँ काले बादल।
संकट धन-पतियों पर घिरा घनेरा है।।
ग्रहण लगा तहखानों की अलमारी में।
रिश्वतखोरों को ई-डी ने घेरा है।।
गठबंधन का सूर्य चला अस्ताचल को।
नेताओं को दिखता नहीं सवेरा है।।
काम-क्रोध मद लोभ-मोह में फँसे हुए।
इंसानों का जीवन सदा अँधेरा है।।
इस जग में जो आया है उसको जाना।
चार दिनों का सबका रैन-बसेरा है।।
जीवन के अंतिम पड़ाव पर आकर भी।
मृगतृष्णा ने नीलम तुमको घेरा है।।

डा0 नीलिमा मिश्रा
प्रयागराज

श्री राम सी शबरी

बरगद सरीखे वृक्ष को खुद ही संभलना होता है।
दूसरों का सहारा बनते जो चंद ही इंसान होता है।।
एक समय के बाद काँटों से गुलाब के जैसे खिले।
अरक के बहुत हो नजदीक मुस्कुराहट सोता है।।
भरोसा उस परमेश्वर पर दिन प्रतिदिन होता है।
दुख समय के बीच रिश्ते का साक्षात्कार होता है।।
तुम मुस्कुराना तक छोड़ देना ये जिद शत्रुओं की।
भजन छंद में ईश्वर को पालूं ऐसा आभास होता है।।
मुहब्बत खुद से तुझसे बाद ही किया जा सकता है।
रखा पहले हमेशा तुझको मेरा अब दुर्भाग्य लगता है।।
प्रेमिका बनाम पत्नी हमेशा छलती ही चली गयी है।
बनूं श्री राम सी शबरी अब बस इक नाम जचता है।।
मय पी लिया बस तेरे नाम का श्रीराम गोविन्द जी।
धड़कन में पाप की गठरी जैसे रखी हो भावों को।।
है इकरार बड़ा मुश्किल निभा पाना उससे मुश्किल।
है दोनों जहां मौजूद दिक्कत है साथ चल पाने की।।

मीनाक्षी श्रीवास्तव
लखनऊ, यूपी

विष्णु आराधना

हे जगदीश्वर हे परमेश्वर तू ही पालनहार
हमको इतनी शक्ति देना मन पे रहे लगाम
मन को गर मैं जीत गई जीत मेरी ही होय
भेद भाव दिल से मिटाकर मन को स्वच्छ करूं
हे जगदीश्वर
जो कोई गलती कर दे तो उसको माफ कर पाऊँ
क्रोध लोभ से मुक्त रहूँ ऐसा ही वर दो भगवन
छल प्रपंच छू भी न पाए हरदम हो सच का संग
धर्म-कर्म का पथ न छूटे भक्ति को दो आशीष
हे जगदीश्वर हे परमेश्वर
जिंदगी के तुफान में बस इतना ही सब्र दे
मुश्किलों के हाल में मैं धीरज से काम लूँ
धर्म-कर्म का पथ कभी मुझसे न छूटे प्रभु
खुद के बाजुओं पर भरोसा मैं कर सकूँ
हे जगदीश्वर हे परमेश्वर

डॉ अनुराधा प्रियदर्शिनी
प्रयागराज, उत्तर प्रदेश

खुशी

किसी को खुशी मिलती है रूठें को मनाने में
किसी को खुशी मिलती है रोतों को हँसाने में
कोई ऐसा भी जो रुलाकर खुशी भरपूर पाता है
कोई खुश हो जाता अपनों को बिछड़ों से मिलाने में।
कोई अपनी सफलता पर बहुत भरपूर खुशी पाता है
कोई औरों की सफलता पर भी अथाह खुशी पाता है
अपनों की सफलता तो सबको बहुत अच्छी लगती है
मजा तो तब है जब गैरों की खुशी मन को बहुत भाता है।
माता-पिता को बच्चों की खुशी सदा सबसे प्यारी लगती है
बच्चों को सफलता पर मिली खुशी भी आनन्ददायक लगती है
पर खुशी की खुशी से मिली खुशी सबको अच्छी लगती है
पर किसी दुखी के चेहरे की खुशी बहुत ही अनमोल लगती है।
सबकी खुशी सबसे एकदम अलग उसकी कोई तुलना नहीं होती
इसकी खुशी छोटी और मेरी है बड़ी इसमें कोई आकार नहीं होती
खुशी तो वह छोटी-सी एक पल है जो जीवन को खुश कर दे
और जो सबको खुशी नहीं दे पाये वह खुशी खुशी नहीं होती।



बाल मुकुन्द द्विवेदी
पटना

मां है तो जहान है

मां की ममता मां की समता
मां के आंचल में दुनिया जमता
कर न सके वह भी विश्लेषण
मां के भावो का संश्लेषण
जो ऊपर बैठकर दुनिया रचता ।
मां की ममता मां की समता.....
इस जग में जब आया बंदे
बस मां से ही तो रिश्ता था ,
दुख दर्द तुम्हारे चोट तुम्हारे
मां के आंचल में भरता था।
मां आन बान और शान है
मां से तेरी पहचान है ,
धड़कन तेरी सांसे तेरी
तू मां का जिगर और जान है।
पर थके पांव जब मां के
जीर्ण शीर्ण मां की बाहें
कंपन भरी मां की बातें
तब तूने वृद्धाश्रम का राह दिखाया
अरे तु कैसा उनका लाल है ?
तू कैसा उनका लाल है?
कर गहन अध्ययन अब इस विषय पर
मां की ममता के उद्धरण पर
सोचो अब इस अंतरण पर
अपनी मां के अवतरण पर
मां प्यार की भंडार है
मां जलते की सार है
मां है तो यह जहांन है
मां है तो यह जहांन् है

रंजना राय
बलिया, उत्तर प्रदेश

नोट दो हजार का

काले धन के पोड़ा की जब घनघोर उठी घटा भारी
तब की सत्ता ने मिलकर, मुझे जनक की तैयारी ।।
अनंत काल जीवन नहीं यह, क्यों भूल जाते हैं नर नारी
मेरे जन्म समय पर ही घोषणा हुई थी यह एक भारी ।।
ना माया में फस ना तुम, ना रूप पर मोहित हो जाना,
जो आएगा वह जाएगा यही नियति की विधि हमारी।।
फिर भी ना माना यह मानव, करने लगा भारी तैयारी,
जोड़ने काला धन सारा, छपवा लिए दो हजार के नोट भारी ।।
जिसने जन्म लिया काले धन समाप्ति हेतु वह कैसे इसे बढ़ाएं वह अपने जन्म समय की भविष्यवाणी सबको याद दिलाए।।
देखो हुआ है अवतरण नोट का,पर इसे सहज के ना रखना तुम
समय आने पर इसे प्रतिबंधित किया जाएगा ये याद रखना तुम ।।
इस रूप की चाहत, खुशबू गुलाबी नोट की मोहित करती देखो जोड़ने की इस आदत ने लाकर आज रख दी विपदा अब भारी।।
अब भर रखी थी जिसने भी जोड़कर अपनी अपनी अलमारी
मीडिया पोस्ट डालें दो हजार के नोट की अनोखी स्मृति सारी ।।



आशी प्रतिभा दुबे (स्वतंत्र लेखिका)
मध्य प्रदेश, ग्वालियर

गैंगेस्टर एक्ट के वांछित आरोपी को पुलिस ने दबोचा, भेजा जेल

धोखाधड़ी का आरोपी गिरफ्तार

प्रतापगढ़।गैंगेस्टर एक्ट में वांछित आरोपी को पुलिस ने दबोच कर जेल भेज दिया जबकि धोखाधड़ी के अरोपी को गिरफ्तार किया है।पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ श्री सतपाल अंतिल के निर्देशन में थाना लालगंज के उ0नि0 श्री अनिल कुमार यादव मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र, तलाश वांछित, अभियुक्त के दौरान थाना लालगंज के मु0अ0सं0 159,23 धारा 419, 420, 467, 468, 471 भादवि में अभियुक्त बृजेश कुमार पाण्डेय पुत्र स्व0 चन्द्रपाल पाण्डेय निवासी ग्राम सिम्बौर थाना लीलापुर जनपद प्रतापगढ़ को थानाक्षेत्र के राईस मिल चौराहा बाबूगंज रोड के पास से गिरफ्तार किया गया। आरोपी के पास से कूटरचित दस्तावेज (30प0 पुलिस परिचय पत्र,पहचान पत्र सहायक अध्यापक,पहचान पत्र बडौदा यू0पी0 बैंक,इपीएफओ कार्ड, आधार कार्ड मेडिकल दस्तावेज, पे स्लिप, बडौदा यू0पी0 बैंक के सम्बन्ध में सूचना पत्र) व 01 मोबाइल फोन बरामद बरामद किया है।जनपद के थाना महेशगंज के उ0नि0 दीपक कुमार यादव मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र, तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान वारण्टी सम्बन्धित मु0अ0सं0-220,14 धारा 2,3 लोक सम्पत्ति क्षति निवारण अधिनियम से संबंधित अभियुक्त 1- मनोज कुमार पुत्र श्रीराम यादव निवासी ग्राम माधी चौनगढ़ थाना महेशगंज जनपद प्रतापगढ़, 2- संतोष यादव पुत्र श्रीराम यादव निवासी ग्राम माधी चौनगढ़ थाना महेशगंज जनपद प्रतापगढ़ को उसके घर से गिरफ्तार किया गया ।जनपद के थाना अन्तू के उ0नि0 शिवपूजन यादव मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र, तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान वारण्टी सम्बन्धित "च्ज् छब् 1250,2020 मु0अ0सं0-95,19 धारा 2,3अ0प0 गैं0 एक्ट से संबंधित अभियुक्त गिरवर सरोज पुत्र मेवालाल निवासी ग्राम गोबरी थाना अन्तू जनपद प्रतापगढ़ को उसके घर से गिरफ्तार किया गया ।जनपद के थाना रानीगंज के उ0नि0 पिंटोज खाँ मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र, तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान मु0अ0-379,21 धारा 376,504,506,भादवि व 3(1)द,3(1)घ,3(2)5,3(2)5 ए से संबंधित अभियुक्त विकास बिन्द पुत्र जीतलाल बिन्द निवासी ग्राम धनुआ थाना रानीगंज जनपद प्रतापगढ़

रेलवे लाइन पर मिला अज्ञात महिला का शव

कुंडा प्रतापगढ़।रेलवे ट्रैक किनारे 25वर्षीय युवती का शव मिला है। उसके हाथों पर चोट के निशान नाक से खून बह रहा था। ट्रेन से गिरने से मौत की आशंका जताई जा रही है। उसे ट्रेन से धकेला गया या फिर गिर कर हुई मौत की गुत्थी सुलझाने का पुलिस प्रयास कर रही है । अभी तक मृतका की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। लखनऊ प्रयागराज वाया कुंडा रेलवे ट्रैक के पास शव मिलाहै। हथिगवां थाना इलाके के कृष्णा राम का पुरवा रेलवे क्रासिंग के पास की घटना है।

लक्ष्मी नारायण महायज्ञ एवं भागवत कथा का आयोजन

प्रतापगढ़ गोरक्ष पीठ गुरु गोरखनाथ मंदिर गोरखपुर में उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री महंत योगी आदित्यनाथ जी के सानिध्य में श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ एवं डॉक्टर श्याम सुंदर पाराशर जी महाराज भागवत कथाकार के द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का विशाल आयोजन किया गया ।

कार्यक्रम में जनपद प्रतापगढ़ के युवा नेता व भाजपा जिला कार्यकारिणी के सदस्य एवं समाजसेवी शैलेश पांडेय को भी सम्मिलित होने का अवसर मिला । जहां पर यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी से शिष्टाचार भेंट किया एवं प्रदेश से पधारे पूज्य संत सतुआ बाबा आश्रम काशी से संतोष दास जी महाराज अयोध्या से पधारे पूज्य संत राघवाचार्य जी महाराज अशर्फी भवन श्री धाम अयोध्या से श्री धराचार्य जी महाराज, श्री प्रपन्नाचार्य जी महाराज एवं जगतगुरु श्री रामानुजाचार्य स्वामी श्री वासुदेवानंद जी महाराज का भी आशीर्वाद प्राप्त हुआ। बताते चलें कि शैलेश पांडेय सामाजिक कार्यकर्ता और युवा भाजपा नेता भी हैं जो कि पट्टी तहसील के ग्राम सभा कुकुआर के निवासी हैं।

वार्षिक परीक्षा में श्रेष्ठ स्थान पाने वाले बच्चों को किया गया पुरस्कृत

प्रतापगढ़। सृजना साहित्यिक संस्था उत्तर प्रदेश द्वारा सदर विकास खंड के ग्राम सरायदल्ली में वार्षिक परीक्षा में श्रेष्ठ स्थान पाने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। सभी को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल से नवाजा गया। ग्रीष्मावकाश में निरंतर पढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। समाजसेवा में उत्कृष्ट योगदान हेतु श्रीमती प्राणपती देवी को शाल तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।मुख्य अतिथि समाजसेवी प्रेमदास मौर्य ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा मनुष्य के लिए वरदान है। इसी से सम्मान मिलता है।

अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. दयाराम मौर्य ख़ ने कहा कि गर्मी की छुट्टियों में भी पढ़ाई जारी रखें। तेज गर्मी में बीमारी से बचने के लिए खान-पान ठीक रखना चाहिए। संचालन अधिवक्ता -लेखिका रौतिका मौर्य रौतू ने किया। विचार प्रकट करने वालों में वीरेंद्र कुमार, अनुराग, आरती मौर्य, आनन्द,आकाश, उर्मिला प्रमुख रहे। पुरस्कार पाने वाले बच्चों ने भविष्य के लक्ष्य बताए। इस अवसर पर आदर्श मौर्य, आयुष, श्रावण कुमार ,जतिन पाल,देवांश, नैंसी, साक्षी, सृष्टि, अनन्या, श्लोक ने गीत, कहानी तथा चुटकुले प्रस्तुत किये।

जेवर, कपड़े एवं बच्चो समेत प्रेमी संग भागी विवाहिता

प्रतापगढ़ (ब्यूरो)। अंतू थाना क्षेत्र के गड़वारा चौकी अंतर्गत गांव राजापुर कला में मजदूरी करने गए पति को धोखा देकर एक विवाहिता अपने प्रेमी के साथ भाग गई। वह अपने पास दो बच्चो के साथ ही जेवर व कपड़ा भी ले गई है। बच्चो के जाने से पीड़ित पति रोकर बेहाल है। उसने पुलिस को तहरीर दी है। बताया गया कि गांव राजापुर कला निवासी गया मौर्य ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि वह मजदूरी करने गया था। उधर उसकी पत्नी गहने, कपड़े एवं दो बच्चो समेत अपने प्रेमी के साथ भाग गई। परिजनो से ज्ञात हुआ कि घर में आयोजित विवाह समारोह में पति का प्रेमी रिश्तेदार बनकर आया था। वह मजदूरी करने के लिए घर से निकला तो उसकी पत्नी अपने आशिक के साथ भाग गई। वह अपने साथ दो बच्चो को भी ले गई है। बच्चो के न रहने के कारण वह काफी परेशान है।

संचार क्रांति व पंचायतीराज सशक्तीकरण के लिए राजीव का योगदान अमूल्य- प्रमोद तिवारी

विधायक मोना के कैंप कार्यालय पर पुण्यतिथि पर पूर्व पीएम को दी गई श्रद्धांजलि

लालगंज प्रतापगढ़। नगर स्थित क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के कैंप कार्यालय पर पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यकर्ताओं ने स्वर्गीय राजीव गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम को वर्चुअल संबोधित करते हुए राज्यसभा में विपक्ष के उप नेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि राजीव गांधी की दूरदर्शिता से आज भारत दुनिया में संचार क्रांति के प्रणिता देश के रूप में ख्याति अर्जित किए हुए हैं उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिए पंचायती राज कानून के साथ संसद में भी महिलाओं के सशक्त प्रतिनिधित्व की देन राजीव गांधी का चिंतन है। वहीं कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने भी पूर्ण तिथि पर कार्यकर्ताओं को राजीव गांधी के व्यक्तित्व को समझाते हुए कहा कि देश के युवाओं को राजीव गांधी ने

मताधिकार का सबसे बड़ा संवैधानिक अधिकार सौंपा उन्होंने कहा कि देश की एकता और अखंडता की रक्षा के लिए राजीव गांधी का बलिदान सदैव देश की गौरव गाथा में स्वर्णिम अध्याय के रूप में चमकता रहेगा।कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी व संचालन मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ला ने किया।

संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश विशिष्ट अतिथि रहे।इस मौके पर छोटे लाल सरोज, विपिन शुक्ला, मुरलीधर तिवारी, घनश्याम मिश्रा, देवानंद मिश्रा, पप्पू जायसवाल, सिंटू मिश्रा, दयाराम वर्मा, शास्त्री सौरभ त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

सडक हादसे में बाइक सवार की मौत

मानधाता प्रतापगढ़। थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पिताईपुर मे ससुराल आए युवक की बाइक से घर जाते समय अहिना मोड़ पर हुई दुर्घटना में मौत हो गई। घटना से परिजनों मे कोहराम मचा है। बताया गया कि थाना क्षेत्र के पिताईपुर निवासी कोमल चन्द्र यादव के यहां अपने ससुराल मुलायम यादव उर्फभीम 30 वर्ष पुत्र कन्हैया लाल यादव निवासी टीना चितरी थाना लीलापुर आया था। वह रात ही में वापस अपने घर बाइक से जा रहे थे। उसी समय रात में करीब दस बजे मान्धाता के अहिना मोड़ पर आर डी आर पी एस डिग्री कॉलेज के सामने अनियंत्रित होकर अज्ञात वाहन टक्कर मार कर चला गया। सुबह आते जाते लोगों ने घायल युवक का शव देखने के बाद पुलिस को सूचना दी। पुलिस वालों ने मौके पर पहुच कर शव की पहचान करवा कर घर वालों को सूचना दी। उसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। एस ओ मान्धाता पुष्पराज सिंह ने बताया कि आज सुबह फोन पर सूचना मिलीकि रोड़ के किनारे एक शव पड़ा हुआ था। जिसे पहचान करा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।परिजनों के मुताबिक मृतक मुम्बई मे रहकर प्राइवेट कंपनी में काम करता था। दो साल पूर्व उसकी शादी हुई थी।उस दस माह की पुत्री आरुषि है।वह चार भाई बहनों मे चौथे नंबर पर था।उसकी मौत से परिजनों मे कोहराम मचा है।

सोना जितना तपता है, वह उतना निखरता है: नन्दी

प्रयागराज के भविष्य मेधावी छात्रों छात्राओं को मंत्री नन्दी ने किया सम्मानित

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने रविवार को सीबीएसई और आईसीएसई बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाओं मे प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को उनके घर जाकर सम्मानित किया।

मंत्री नन्दी ने मेधावी छात्र- छात्राओं का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि ये मेधावी छात्र ही प्रयागराज के भविष्य हैं, जो आगे चल कर देश और प्रदेश में विभिन्न उच्चस्थ पदों की जिम्मेदारी सम्भालेंगे और अपने प्रयागराज का नाम रौशन करेंगें।

मंत्री नन्दी ने छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने के साथ ही जीवन में सदैव संघर्ष को ही अपना साथी बनाने की सीख दी।

मंत्री नन्दी ने कहा कि लोहा जितना तपता है, उतनी ही ताकत भरता है, सोने को जितनी आग लगे वो उतना प्रखर निखरता है, हीरे पर जितनी धार लगे वो उतना खूब निखरता है... इसी तरह अपने जीवन को चमकाएं और खूब मेहनत करें, सफलता जरूर मिलेगी।

बैंक शाखा का मुख्यालय न बदले जाने का रंग लाया सांसद का प्रयास, ग्रामीणों में खुशी

लालगंज प्रतापगढ़। क्षेत्र के कैथौला गांव में स्थिति बैंक ऑफ बड़ौदा का स्थानांतरण अब नही होगा। आस पास के लोगो को जब जानकारी हुई तो सभी ने खुशी जताई।ज्ञात दे की कैथौला के साथ ही पड़ोस के गावों को बैंकिंग सुविधा प्रदान करने के लिए राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी व विधायक मोना जी के प्रयास से कई वर्ष पहले गांव में बैंक को स्थापित किया गया था।अभी हाल ही में बैंक के अधिकारियो ने इसे रानीगंज कैथौला बाजार ले जाने के लिए कोरम पूरा ही कर रहे थे कि मामले की जानकारी ग्रामीणों को हो गई। वह लोग परेशान हो गए।क्षेत्रीय लोगो ने बैंक स्थानांतरण की जानकारी राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी को दी साथ ही बैंक का स्थानांतरण न हो इसके लिए अनुरोध भी किया।राज्यसभा सांसद ग्रामीणों की सुविधा को देखते हुए नियमावली का हवाला देते हुए विभाग को पत्र लिखा।विभागीय जांच के बाद सब कुछ ठीक मिला और बैंक के स्थानांतरण को रोक दिया गया।बैंक से लाभान्वित कैथौला, कलापुर, सरैया, बरीखेड़ा, इटहा, मधुकरपुर, रोहड़ा, देल्लूपुर के ग्रामीणों ने इस मौके पर एक बैठक कर सांसद व क्षेत्रीय विधायक के प्रति आभार जताया। इस मौके पर पूर्व प्रमुख ददन सिंह,भैयाराम तिवारी, मो इस्लाम,देवेंद्र सिंह,भूपेंद्र यादव,सत्येंद्र सिंह,नन्हे खान, कबीर समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

कोरंही मे भागवत कथा 25 से

कुंडा प्रतापगढ़। बापराय क्षेत्र के कोरंही सरायप्रतापिन गांव में 25 मई से श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ होगा। संयोजक शारदाप्रसाद मिश्र ने बताया कि आचार्य देवव्रत महाराज कथावाचक होंगे।

धूमधाम से मनाई गई दीक्षित आईवीएफ की छठवीं वर्षगांठ

मातृ दिवस पर सांस्कृतिक व रंगारंग कार्यक्रम का हुआ आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। दीक्षित आईवीएफ क्लिनिक की छठवीं वर्षगांठ व मातृ दिवस पर आयोजित सांस्कृतिक व रंगारंग कार्यक्रम में दीक्षित आईवीएफ की टीम द्वारा मुण्डेरा स्थित एक होटल में अयोजित किया गया । कार्यक्रम सर्वप्रथम कौशांबी के चिकित्सकों व मेडिकल एसोसिएशन के लगभग 150 चिकित्सकों के सम्मानित से किया गया।उसके उपरांत सायंकाल नवनिर्वाचित महापौर गणेश केसरवानी ने दीपप्रज्वलन कर कार्यक्रम के द्वितीय सत्र का शुभारंभ कर सभी नवनिर्वाचित पार्षदगणों का अंगवस्त्र पहनाकर व पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया।

उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए नवनिर्वाचित महापौर ने कहा कि आप सभी के आशीर्वाद से मिले इस ऐतिहासिक विजय के आप सभी का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए डा0 पीयूष दीक्षित व डा0 सविता दीक्षित को दीक्षित आईवीएफ की छठवी वर्षगांठ पर बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। उसके उपरांत न्यायमूर्ति विपिन दीक्षित को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ दीक्षित आईवीएफ ने हर्षोल्लास के साथ अपनी छठवी वर्षगांठ धूमधाम के साथ मनाई गई।

इस दौरान दीक्षित आईवीएफ की टीम द्वारा फैशन शो , डांस , सिंगिंग व हास्यकवि डा0 श्लेष गौतम द्वारा अपनी कविताओं से उपस्थित लोगों को हसने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में सांसद केशरी देवी , जिला पंचायत अध्यक्ष डा0 बीके सिंह ,विधायक हर्षवर्धन वाजपेयी , एमएलसी डा0 के.पी श्रीवास्तव, दीपक पटेल साथ ही शहर प्रतिष्ठित चिकित्सकों व समाजसेवी सहित गणमान्य जनों व मातृ शक्तियों को सम्मानित करते हुए कार्यक्रम रंगारंग समापन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डा0 सविता दीक्षित , डा0 पीयूष दीक्षित , डॉक्टर कृष्ण सिंह पार्षद सुनीता सिंह , कामिनी कुशवाहा , दीपिका सिंह दीपू , शिव भारतीय , दीपक कुशवाहा, अमरजीत सिंह , अनिल कुशवाहा , लालू मित्तल , श्वेता मिल्ल , चंद्र शेखर ओझा समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय लोक अदालत का भव्य आयोजन

राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 192554 वादों का हुआ निस्तारण

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण इलाहाबाद के तत्वाधान में जनपद न्यायालय इलाहाबाद व समस्त तहसीलों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन आज जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार इलाहाबाद संतोष राय द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया।राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 192554 वादों का निस्तारण किया गया। जनपद न्यायाधीश इलाहाबाद के द्वारा 08 सिविल वाद निस्तारित किए गए। फौजदारी के कुल 4009 वादों का निस्तारण किया गया। पारिवारिक न्यायालय द्वारा कुल 108 वादों का निस्तारण आपसी सुलह समझौते के आधार पर किया गया। मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण पीठासीन अधिकारी बुद्धीसागर मिश्रा के द्वारा 51 वादों का निस्तारण किया गया।

विकास श्रीवास्तव अपर जनपद न्यायाधीश ईमी एक्ट के द्वारा विद्युत के 212 मामलों का निस्तारण किया गया। दिनेश कुमार गौतम मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के द्वारा 1137 वाद, अमित कुमार अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कक्ष संख्या -7 के द्वारा 1405 वाद, श्रीमती दीक्षा श्री वर्चुअल कोर्ट ट्रैफिक के द्वारा 13482 प्री लिटिगेशन वाद निस्तारित किए गए। राजस्व न्यायालय के द्वारा कुल 131582 वादों का निस्तारण किया गया। बैंक के प्री लिटिगेशन के 1464 मामले निस्तारित किए गए। रविकांत द्वितीय नोडल अधिकारी/ एडीजे लोक अदालत के निर्देशन में समस्त विभागों से समन्वय स्थापित कर लोक अदालत का सफल आयोजन किया गया। यह जानकारी सुभाष चंद्र मौर्य सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की गई।

गोवंश बचाने मे ट्रैक्टर पलटने से छह घायल

लेड़ियारी(प्रयागराज)। खीरी थाना क्षेत्र के ग्राम बहरैचा नर्सरी के पास रविवार को शाम चार बजे बेसहारा गोवंश के बचाने मे टेन्ट से लदे ट्रैक्टर पलटने से बैठे चार लोग घायल हो गए आनन-फानन मे मौजूद लोगों घायलों स्थानीय चिकित्सालय ले गए । सूचना पर पुलिस सहायता केन्द्र इन्चार्ज भप्पी सोनी पहुंचे । लेकिन एक गम्भीर रूप से घायल को प्रयागराज के लिए भेज दिया गया ।खीरी थाना क्षेत्र के ग्राम बघोल निवासी कुमारी शान्ति उम्र 13 वर्ष पुत्री बृजलाल, रितेश उम्र 10 वर्ष पुत्र लक्ष्मण कोल गंभीर रूप से घायल होने पर लेड़ियारी एक निजी अस्पताल ले आये । लेकिन चिकित्सक ने इन्हे प्रयागराज रिफर कर दिए । जबकि चार दो लोगों को मामूली चोट होने पर घर भेज दिए गए ।बताया जाता है कि संजीव टेन्ट हाउस डीलवा से ट्रैक्टर पर टेन्ट की सामान लादकर अपने घर के स्वजनों को बैठाकर घर वापस बघोल जा रहे थे, कि बहरैचा के नर्सरी के पास ट्रैक्टर पर सवार पलटने पर घायल हुए । जबकि एक की हालत नाजुक बताई गई।

आज लालगंज आएंगे विपक्ष के उप नेता प्रमोद तिवारी

लालगंज प्रतापगढ़। राजसभा में विपक्ष के उपनेता एवं सांसद प्रमोद तिवारी आज 22 मई सोमवार को लालगंज आएंगे। सांसद प्रमोद तिवारी मध्यान्ह 12:00 बजे से नगर स्थित कैंप कार्यालय पर कार्यकर्ताओं से मुलाकात व जनसमस्याओं की सुनवाई करेंगे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ला ने दी।

भाजपा सरकार की उपलब्धियों का प्रचार करें कार्यकर्ता - प्रकाश पाल

चित्रकूटः भारतीय जनता पार्टी चित्रकूट की जिला कार्यसमिति की बैठक कानपुर बुन्देलखण्ड क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल व प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभारी चित्रकूट देवेश कोरी ने ली। बैठक में एक माह की कार्य योजना को अंतिम रूप दिया गया। जिला कार्यसमिति का शुभारंभ श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पं दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों में माल्यार्पण व दीपप्रज्वलन कर किया गया। क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा कि अभी नगर पालिका और नगर निगमो, नगर पंचायत के चुनाव सम्पन्न हुये है। जिसमे सभी 17 नगर निगमों मे भारतीय जनता पार्टी ने जीत हासिल की है। नगर पालिका, नगर पंचायतों में पार्टी ने भारी जीत हासिल की है। इसके बाद हमारा लक्ष्य 2024 का चुनाव जीतना है। भाजपा ने मिशन 2024 को लेकर रणनीतिक तैयारी शुरू कर दी है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के 30 मई को 9 वर्ष पूरा होने पर पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता हर व्यक्ति व हर मतदाता तक सरकार की उपलब्धियों को पहुंचाएंगे। इसके लिए एक महीने का महासंपर्क अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत 30 मई से 30 जून तक विभिन्न कार्यक्रमों के जरिए प्रत्येक नागरिक से संपर्क व संवाद स्थापित किया जाएगा। 30 मई को पीएम मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के गरीब कल्याण को समर्पित नौ वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। अब मिशन 2024 व महासंपर्क अभियान की सफलता के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को जुटना होगा। उन्होंने बताया कि 29 को केन्द्र मे राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्रदेश मे प्रदेश अध्यक्ष प्रेस कर केन्द्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धिया बता कर कार्यक्रम की शुरुआत करेंगे। 30 को जिलो मे सासद, विधायक प्रेस करके जिलो मे उपलब्धि बताने का काम करेंगे। 21

जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस प्रत्येक शक्ति केंद्र पर व 23 जून को डॉ श्याम प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस बूथ स्तर पर मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि लोकसभा स्तर पर एक जनसभा आयोजित होगी जिसमें 10 हजार लोगों को आमंत्रित किया जाएगा। 20 जून के पहले प्रबुद्ध वर्ग व व्यापारी सम्मेलन आयोजित होंगे। प्रत्येक विधानसभा में मोर्चों के संयुक्त सम्मेलन तथा योजना लाभार्थी सम्मेलन आयोजित होंगे। लोकसभा स्तर पर एक बड़े विकास कार्य का अवलोकन होगा। सोशल मीडिया वालटियर सम्मेलन आयोजित होगा। लोकसभा क्षेत्र में ढाई सौ विशिष्ट परिवारों की सूची बनाई जाएगी जिसमें पदम् अवार्ड से सम्मानित लोग, खिलाड़ी, कलाकार, उद्योगपति, चिकित्सक, पूर्व न्यायाधीश, शहीद परिवार आदि शामिल होंगे। क्षेत्रीय अध्यक्ष ने कहा कि पिछड़ा मोर्चा सपा को और अकेले अनुसूचित मोर्चा बसपा को हरा सकता है । भारतीय जनता पार्टी के कमल की बटन दबाने से गरीब का आवास बन जाता है। रसोई गैस बिजली का मुक्त कनेक्शन मिल जाता है। धारा 370 खत्म हो जाती है। अयोध्या में राम मंदिर बन जाता है। कहा कि आज से कोई भी पार्टी मे किसी को आलोचना नही करना। कोई गुटबाजी नही चलेगी और पार्टी की तरफसे किसी की उपेक्षा नही की जायेगी। जिसमे पार्टी का हित हो वही काम करना है। प्रदेश उपाध्यक्ष देवेश कोरी ने कहा कि 2014 से 2023 तक प्रधानमंत्री ने देश की तस्वीर और तकदीर बदलने का काम किया है। उन्होंने कहा कि इन 9 वर्षों की अवधि में गरीब के लिए पक्का घर , बिजली, शुद्ध पेयजल, शौचालय, मुफ्त राशन, आयुष्मान कार्ड की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। किसान को 6 हजार रुपए की किसान सम्मान निधि मिल रही है। देश की अर्थव्यवस्था मजबूत हुई है। उन्होंने कहा कि हम सबको मिलकर सरकार की उपलब्धियों को घर-घर पहुंचाना है। 20 जून से 30 जून तक घर-घर संपर्क अभियान भी चलाया जाएगा। मोदी सरकार की 9 वर्षों की उपलब्धियों को जनता से साझा किया जाएगा और प्रचार सामग्री वितरित होगी। 25 जून को पीएम की मन की बात कार्यक्रम बूथ स्तर पर होगा। जिले के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की बैठक होगी। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे व संचालन जिला महामंत्री अश्वनी अवस्थी ने किया।इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभारी चित्रकूट देवेश कोरी, सांसद आर के सिंह पटेल, जिला पचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, पूर्व सांसद पैरी प्रसाद मिश्रा, रमेश द्विवेदी, पूर्व राज्यमंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय, पूर्व विधायक आत्रद शुक्ला, आलोक पाण्डेय, देव त्रिपाठी, ब्लॉक प्रमुख अरविन्द मिश्रा, नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता, मऊ नगर पंचायत अध्यक्ष अमित द्विवेदी, राजापुर नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्र, लवकुश चतुर्वेदी, दिनेश तिवारी, भोले सिंह, रजना उपाध्याय, हीरो मिश्रा, शिव शकर सिंह, बृजेश पाण्डेय, मुन्ना करवरिया, भागवत त्रिपाठी, दिव्या त्रिपाठी, मनोज तिवारी, अर्जुन शुक्ला, आभेष मिश्रा, रवि गुप्ता, अंजू वर्मा, महेन्द्र कोटार्य, रामदयाल त्रिपाठी, बब्बू त्रिपाठी, रणवीर सिंह, हेमन्त सिंह, विपुल प्रताप, ममता सिंह आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सुलह के आधार पर राष्ट्रीय लोक अदालत में हुआ 29443 मुकदमों का निस्तारण

चित्रकूटः राष्ट्रीय लोक अदालत में 29443 मुकदमों का निस्तारण सुलह समझौते के आधार पर रविवार को किया गया। इस दौरान 71305587 रूपए अर्थदण्ड व प्रतिकर के रूप में दिलाए गए। जनपद न्यायालय परिसर में रविवार को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में जनपद न्यायाधीश विष्णु कुमार शर्मा ने 11 वादों का निस्तारण करते हुए 213500 रूपए आपसी सुलह समझौते के आधार पर दिलाए। मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण के पीठासीन अधिकारी दिनेशचन्द्र ने 32 वादों का निस्तारण करते हुए 7730000 रूपए आपसी सुलह समझौते के आधार पर दिलाए। परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश रामकृपाल ने आठ जोड़ों को आपसी सुलह समझौते के आधार पर मिलाया और 32 वादों का निस्तारण करते हुए सुलह समझौते के आधार पर 3571000 रूपए दिलाए। अपर जिला जज प्रथम रविन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने एक वाद का निस्तारण किया। विशेष न्यायाधीश पाक्सो विनीत नारायण पाण्डेय ने एक वाद का निस्तारण करते हुए 500 रूपए अर्थदण्ड वसूला। त्वरित न्यायालय के अपर जिला जज संजय कुमार ने 122 वादो का निस्तारण किया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सूर्यकान्तधर दुबे ने 602 वादों का निस्तारण करते हुए 191510 रूपए अर्थदण्ड वसूल किया।

सिविल जज विदुषी मेहा ने दो वादों का निस्तारण किया। मऊ की सिविल जज जूडि सैफली यादव ने 184 वादों का निस्तारण करते हुए 7650 रूपए अर्थदण्ड वसूल किया। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम अदिति सिंह ने 50 वादो का निस्तारण करते हुए 1000 रूपए अर्थदण्ड, न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय संघमित्रा ने 157 वादों का निस्तारण करते हुए 124580 रूपए अर्थदण्ड वसूल किया। त्वरित न्यायालय की सिविल जज अंजलिका प्रियदर्शनी ने 83 वादों का निस्तारण करते हुए 1600 रूपए अर्थदण्ड वसूला। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पूर्ण कालिक सचिव अपर जिला जज फरूख इनाम सिद्दीकी ने बताया कि न्यायिक अधिकारियों द्वारा कुल 1277 वादों का निस्तारण करते हुए 11841340 रूपए तथा 28166 मामलों का निस्तारण राजस्व व अन्य विभागों द्वारा करते हुए 59464247 रूपए प्रतिकर के रूप में वसूला गया। इसके अलावा बीती 18 से 20 मई तक आयोजित विशेष लोक अदालत में कुल 74 वादों का निस्तारण किया गया। रविवार को हुई राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 29443 मुकदमों का निस्तारण करते हुए 71305587 रूपए अर्थदण्ड व प्रतिकर के रूप में दिलाए गए। इस मौके पर विशेष न्यायाधीश दीप नारायण तिवारी, अपर जिला जज नीरज कुमार श्रीवास्तव समेत सम्बन्धित न्यायिक अधिकारी मौजूद रहे।

परिक्रमा मार्ग की सफाई कर दिया जागरूकता संदेश

चित्रकूटः जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की प्रेरणा से स्वच्छ भारत मिशन के तहत कामदगिरि स्वच्छता समिति का अभियान चला रही है। चित्रकूट धाम कर्वी नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी लाल जी यादव ने बताया कि सफाई अभियान एक महत्वपूर्ण अभियान है। हमारे बच्चे हमारे, परिवार के जिम्मेदार लोग अपने बच्चों को स्वच्छता के प्रति जरूर जागरूक करें। स्वच्छ भारत मिशन के ब्रांड एम्बेसडर व कामदगिरि स्वच्छता समिति के अध्यक्ष राकेश केशरवानी ने बताया कि भारत सरकार द्वारा स्वच्छ भारत अभियान की शुरुआत की गई थी। इस अभियान का मूल उद्देश्य हमारे आसपास जो पौराणिक स्थल हो, शहर की गलियां हो, घर के आसपास गंदगी न रहने पाए। हमारा नगर स्वच्छ और सुंदर हो इस पर हम सभी को विचार करना चाहिए। खाद्य एवं सफाई निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला ने बताया कि भारत सरकार द्वारा की गई स्वच्छता की एक अनोखी पहल है। स्वच्छ भारत मिशन के जिला समन्वय सिवा कुमार ने बताया कि स्वच्छता घरों और सड़कों में ही नहीं पूरी दुनिया में होनी चाहिए। इस मौके पर अंजू वर्मा, जितेंद्र केशरवानी, सभासद शुभम केशरवानी, विवेक केशरवानी, विनोद कुमार, विनय कुमार, अनूप कुमार, दीपक मलिक आदि मौजूद रहे।

कौशाम्बी में संपन्न हुई अभाविप प्रांत सोशल मीडिया कार्यशाला

कार्यकर्ताओं को सिखाया गया एडिटिंग और कंटेंट लेखन का गुर

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी।अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् काशी प्रांत की प्रांत सोशल मीडिया संयोजक का आज नंदी वाणी पब्लिक स्कूलए कौशाम्बी में आयोजन किया गया। जिसमें काशी प्रांत के सभी जिलों से प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का पांच सत्रों में आयोजन किया गया था ए जिसमें मुख्य रूप से अभाविप के राष्ट्रीय सोशल मीडिया सह.संयोजक मयंक दुबे की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरुवात प्रांत सोशल मीडिया संयोजक अनमोल सोनी ने की ए जिसमें उन्होंने कार्यक्रम की प्रस्तावना रखी। उसके बाद मयंक दुबे ने सोशल मीडिया की आज के समय में भूमिका बताई। कार्यक्रम में सभी कार्यकर्ताओं को एडिटिंग करना सिखाया गया और सोशल मीडिया पर कंटेंट किस प्रकार से लिखा जाए उसपर भी चर्चा की गई। अंत में प्रांत मीडिया संयोजक अभिनव मिश्रा ने कंटेंट लेखन को लेकर विषय रखा। कार्यक्रम में प्रांत सह.मंत्री आंचल जीएसुधांशु रंजन मिश्रा जीए कौशाम्बी जिला संयोजक ऋषभ जी की भी उपस्थिति रही।

संदिग्ध परिस्थितियों में घर में लगी आग नुकसान

लोकमित्र ब्यूरो

सरसवां, कौशाम्बी। पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के पूरब शरीरा गांव निवासी रंजन सरोज पुत्र दुबे कि घर में शनिवार दोपहर 2-00 बजे संदिग्ध परिस्थितियों में घर बाहरी हिस्से में आग लग गई जब तक आग पर लोग काबू पाते तब तक बाहरी हिस्से में रखा गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया आगजनी में 10000 का नुकसान हुआ है। मामले की जानकारी स्थानीय राजस्व निरीक्षक को भी दे दी गई है

बच्चों को नियमित रूप से सुनना चाहिए भगवान का भजन - शास्त्री

चित्रकूटः मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की कर्म स्थली चित्रकूट पर नौ दिवसीय श्रीराम कथा का आयोजन हो रहा है। यह आयोजन बिहारा ग्राम पंचायत में पेरा तीर हनुमान मंदिर में बने रामेश्वर भोलेनाथ मंदिर में हो रहा है। कथा का आयोजन गांव के भोले राम शुक्ला जनकल्याण के लिए करा रहे है। श्रीराम कथा में रविवार को भरत चरित्र सुनकर भक्त भाव-विभोर हो उठे। कथा व्यास अनुज शास्त्री ने कहा है कि भगवान का स्मरण करते रहें, तभी कल्याण होगा। बच्चे भी भगवान का भजन सुनें ताकि उन्हें प्रभु भजन की आदत पड़े। रविवार को कथा के सातवे दिन आचार्य अनुज शास्त्री ने भरतजी के प्रसंग को विस्तार पूर्वक सुनाया। उन्होंने कहा कि जो राम के नाम को सदा जपते रहे, वह भरत ही थे। जब श्रीराम वनवास गए, तब भरत भी 14 साल तक धरती पर सोये थे। वह खुद सिंहासन पर नहीं बैठे बल्कि भगवान राम की पादुकाएं सिंहासन पर रख कर राज किया था। कलिकाल में तुलसीदास को भगवान श्रीराम के दर्शन भरत ने ही कराए थे। कथा व्यास ने कहा कि इसी पावन चित्रकूट पर भरत राम को मनाने आए थे। जो परिक्रमा मार्ग पर भरत मिलाप स्थान पड़ता है वहां पर आज भी उनके चरण चिन्ह बने हुए हैं। चित्रकूट में भाई-भाई का प्रेम देखकर पत्थर भी पिघल गए थे। भरत राज तिलक के लिए सभी तीर्थों का जल लेकर चित्रकूट आए थे। भगवान राम की आज्ञा से सिर्फ वह जल भरतकूप में डाला गया था।

कथा व्यास अनुज शास्त्री

स्टेट कोआर्डिनेटर ने किया जल की गुणवत्ता का परीक्षण

चित्रकूटः ग्राम पंचायत मदना, गढ़ीकला ब्लॉक मानिकपुर व ग्राम पंचायत तीरमऊ ब्लॉक रामनगर में राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ से आए हुए स्टेट कोऑर्डिनेटर पूर्व आईएएस गया प्रसाद ने ग्राम पंचायत मदना में आईएसए गतिविधियों तथा जीओपीआर द्वारा पाइपलाइन परियोजना की शुरुआत किए जाने का भी निरीक्षण किया। साथ ही एफटीके के लिए चयनित महिलाओं द्वारा जल गुणवत्ता की जांच का परीक्षण किया। स्टेट कोऑर्डिनेटर ने कार्यों की सराहना करते हुए समय-समय पर जल की जांच करते रहने की बात बताई। आईएसए द्वारा द्वितीय फेस में अब तक किए गए कार्यों का भी मूल्यांकन किया। इस मौके पर जीओपीआर के श्रीनिवासन, टीपीआई से अभय नारायण दीक्षित, जल निगम एई विश्वनाथ यादव, जेई विजय, ग्राम प्रधान मदना दीप सिंघा, तीर मऊ प्रधान सन्त सरण, आईएसए ओम ग्रामोद्योग एवं विकास समिति प्रयागराज टीम लीडर इंद्र भूषण राय, टीपी आई के अभय नारायण आदि मौजूद रहे।

फर्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) सदर महोदय प्रतापगढ़
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
म0मु0 967/06
नाम फरीकेन यतेन्द्र बहादुर आदि बनाम रामकुबेर आदि
बनाम
3/1 हरिकांत शर्मा आयु लगभग 45 वर्ष 3/2 मनोज कुमार शर्मा आयु लगभग 40 वर्ष सुतगण स्व0 लक्ष्मन प्रसाद समस्त नि0गण ग्राम सकरौली प0 त0 सदर जनपद प्रतापगढ़
तारीख पेशी 30.05.2023
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय मे आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 30.05.2023 को समय 07.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

फर्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान अपर सिविल जज (जू0डि0) कक्ष सं0 23 महोदय प्रतापगढ़
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
फ्रकीर्ण वाद सं0 479/22
नाम फरीकेन रामसुन्दर बनाम जमुना प्रसाद आदि
बनाम
1. जमुना प्रसाद आयु लगभग 68 वर्ष 2. कन्हैया लाल आयु लगभग 63 वर्ष सुतगण सुद्धू नि0 ग्राम अवधानपुर पो0 भोजेमउ प0 पट्टी त0 रानीगंज जिला प्रतापगढ़
तारीख पेशी 12.07.2023
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय मे आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 12.07.2023 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

फर्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) सदर महोदय प्रतापगढ़
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
वाद सं0 704/2022
नाम फरीकेन सूरसती आदि बनाम श्रीमती द्रोपदी देवी आदि
बनाम
1. श्रीमती द्रोपदी देवी आयु करीब 45 वर्ष पत्नी अर्जुन प्रसाद वर्मा 2. भीम प्रसाद वर्मा आयु करीब 40 वर्ष पुत्र देवीदीन कुर्मी नि0गण ग्राम दयाल दूबे का पुरवा प0 व त0 पट्टी जनपद प्रतापगढ़ उ0प्र. 3. गोबिन्द सहाय पाण्डेय आयु करीब 50 वर्ष सुत स्वर्गीय श्री नारायन पाण्डेय निवासी ग्राम रामापुर प0 व त0 पट्टी जिला प्रतापगढ़
तारीख पेशी 25.05.2023
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय मे आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 25.05.2023 को समय 07.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

फर्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान द्वितीय प्रधान पारिवारिक न्यायाधीश महोदय प्रतापगढ़
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
फौजदारी वाद सं0 886/22
नाम फरीकेन लक्ष्मी बनाम आशीष बनाम
आशीष कुमार मिश्रा सुत कमलाकान्त मिश्रा उर्फलालजी मिश्रा निवासी ग्राम बलापुर पो0 मान्धाता थाना जेठवारा जिला प्रतापगढ़
तारीख पेशी 07.06.2023
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय मे आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 07.06.2023 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

फर्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी महोदय लालगंज प्रतापगढ़
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
वाद सं0 00472/2018
नाम फरीकेन राज बहादुर आदि बनाम श्रीमती वचना आदि
बनाम
1. श्रीमती वचना पत्नी राम सजीवन नि0 ग्रा0 गौखाड़ी प0 रामपुर त0 लालगंज 2. गांव सभा द्वारा ग्राम प्रधान गौखाड़ी मजरे धारूपुर प0 रामपुर त0 लालगंज प्रतापगढ़
अ0धारा 116 अधिनियम उ0प्र0रा0स0 2006
तारीख पेशी 29.05.2023
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय मे आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 29.05.2023 को समय 07.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल 2004 अनुक्रमांक 1297406 एंव इण्टरमीडिएट वर्ष 2006 अनुक्रमांक 0996715 का अंक पत्र व प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है।
जितेंद्र सिंह
पुत्र स्व0 श्री चन्द्र प्रकाश सिंह
पता कसेरूआ खुर्द
पो0 सहसों, जनपद प्रयागराज।

कौशलेन्द्र कालेज आफ लॉ मनगढ़, कुण्डा-प्रतापगढ़
आवश्यकता है
कौशलेन्द्र कालेज आफ लॉ पाठ्यक्रम में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत प्राचार्य एवं प्रवक्ताओं की, जिनका विवरण निम्नवत् है–
प्राचार्य–01 पद
प्रवक्ता–10 पद
योग्यता एवं वेतनमान
विश्वविद्यालय अनुदान आयोग/बार काउन्सिल आफ इण्डिया/राज्य सरकार/प्रो0 राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय प्रयागराज में निर्धारित मानकानुसार।
नोट : इच्छुक योग्यताधारी अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करते हुए आवेदन पत्र 15 दिन के अन्दर महाविद्यालय के कार्यालय में प्रस्तुत करें।
प्रबन्धक
रोहित सिंह
मो0–9919777759
ई–मेल : kmvmangarh@gmail.com

9452526750, 9839665450,8565970115
दैनिक लोकमित्र
121, विवेक नगर प्रतापगढ़
सम्मन प्रकाशन दर 300 रू0 एक नाम तक अतिरिक्त प्रति व्यक्ति 10.00 रूपया पैनल विज्ञापन 5 से.मी. प्रति कालम 500/–प्रतिमाह
प्रथम पृष्ठ पर 100% अतिरिक्त
E-mail-lokmitra2005@gmail.com
प्रकाशक,मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्रणालय, विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित एवं लोकमित्र कार्यालय पल्टन बाजार प्रतापगढ़ से प्रकाशित
8738029050 सम्पादकः संतोष भगवन

शिक्षा के साथ-साथ बच्चों का सर्वांगीण विकास स्कूल की प्राथमिकता- डॉ पम्मी पाण्डेय

नेशनल पब्लिक स्कूल में समर टैलेंट हब कैंप 2023 का हुआ आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

बलरामपुर । शिक्षा के साथ-साथ बच्चों में सांस्कृतिक गतिविधि भी बहुत जरूरी है स्कूल ग्रीष्मावकाश के कारण बंद हो रहे हैं ऐसे में बच्चों शिक्षा प्रभावित ना हो इसके लिए उन्हें समर कैंप के साथ-साथ अन्य शैक्षिक गतिविधि स्कूलों में कराई जा रही है ताकि वह ग्रीष्मावकाश में घर पर बैठ कर बोर न हो सके यह बातें नेशनल पब्लिक स्कूल हरिहरगंज की प्रबंधक डॉक्टर पम्मी पांडे ने स्कूल में आयोजित समर कैंप में कहीं है सदर शिक्षा क्षेत्र के हरिहरगंज में स्थित नेशनल पब्लिक स्कूल में समर टैलेंट हब कैंप 2023 का आयोजन हुआ द्य कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंध निदेशक एवं कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ पम्मी पांडे ने मां शारदा के चित्र पर माल्यार्पण एवं समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया द्य प्रबंध निदेशक ने बताया कि विगत 6 वर्षों से प्रत्येक वर्ष ग्रीष्मावकाश प्रारंभ होने से पहले पांच दिवसीय समर टैलेंट हब कैंप का कार्यक्रम बच्चों के अंदर छिपी हुई प्रतिभा को खोजने तथा निखारने के लिए विद्यालय शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं अभिभावकों के सहयोग से आयोजित किया जाता है द्य कार्यक्रम संचालक प्रिंसिपल पंकज यादव ने बताया कि कोविड के प्रकोप होने से विगत 2 वर्षों से इस कार्यक्रम में बच्चे अपने घर पर रहते हुए ऑनलाइन प्रतिभाग करते थे परंतु वर्तमान सत्र में विद्यालय कैंपस में कार्यक्रम को लेकर बच्चों तथा

☞ब्रिंग आउट हिडेन टैलेंट थीम के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ

☞बच्चों के सर्वागीण विकास के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

अभिभावकों में अत्यंत उत्साह रहा जिसकी जितनी सराहना की जाए कम है

विद्यालय प्रबंध निदेशक कार्यक्रम अध्यक्ष डॉक्टर पम्मी पांडे ने बताया कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शैक्षिक कार्यक्रम- सुलेख, श्रुतलेख, निबंध प्रतियोगिता वाद विवाद प्रतियोगिता खेलों में खो- खो कबड्डी, क्रिकेट ,दौड़ ,ऊंची कूद लंबी कूद ,गोला फेंक सांस्कृतिक कार्यक्रम एकल गायन, समूह गायन ,मेहंदी ,रंगोली ,डांस आदि कार्यक्रम आयोजित हुआ

कार्यक्रम सह संयोजक पुनीत यादव एवं रविशंकर तिवारी ने विविध कार्यक्रमों में निर्णायक की भूमिका निभाई द्य कार्यक्रम में सीनियर वर्ग में अर्चना वर्मा ,पल्लवी तिवारी, आंचल पांडे, महेंद्र प्रताप यादव, अजीत शुक्ला ,अंशिका शुक्ला ,शशि शुक्ला ,काजल शुक्ला ,

विनीता मौर्य जूनियर वर्ग में वंदना, इरफान ,अंशु, काजल ,प्रियांशी पाठक ,शशांक प्राइमरी वर्ग में कीर्ति, निधि ,विकास ,मोहित ,आदर्श , शिवम, प्रवेश ,आराध्या ,दृष्टि, विधि ,कृष्णा ,सानवी ,अंकिता , सौम्या ,अमन आदि छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया द्य कार्यक्रम में शिक्षक शिक्षिका शिवानी सिंह ,सलोनी शुक्ला, मनीषा पांडे विकास शुक्ला, मोहिनी, चेतना मौजूद रहे

डिजिटल क्रांति के जनक थे राजीव गांधी: डी.पी राय

लोकमित्र ब्यूरो

सुलतानपुर। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी जी की 32 वीं पुण्यतिथित राजीव गांधी पार्क (तिकोनिया पार्क) में मनाई गई। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सुबह 9:00 बजे जिला कांग्रेस कमेटी पर स्वर्गीय राजीव गांधी के चित्र पर माल्यार्पण के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई उसके बाद राजीव गांधी पार्क में हवन पूजन एवं शांति भोज का कार्यक्रम संगोष्ठी के साथ संपन्न हुआ। विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए पूर्व राजसभा सांसद व कॉग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय सचिव देवा प्रसाद राय ने कहा कि स्वर्गीय राजीव गांधी डिजिटल भारत के जनक थे जब वह भारत में कंप्यूटर लाए थे तो उस समय विपक्षी दलों ने उनका बहुत विरोध किया था परंतु आज उसी कंप्यूटर से लोग अपनी सरकार बना रहे हैं। स्वर्गीय राजीव गांधी जैसा बनना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन है वह देव पुरुष थे। उन्होंने अपना पूरा जीवन भारत को तकनीकी रूप से सामरिक रूप से मजबूत बनाने में लगा दिया उनका योगदान भारत को बनाने में सदैव याद किया जाता रहेगा। पूर्व मंत्री मुईद अहमद ने कहा कि राजीव गांधी जैसी ईमानदारी आज के नेताओं में देखने को नहीं मिलती है, पंचायतीराज व्यवस्था लागू करके राजीव गांधी ने पंचायतों को मजबूत करने का काम किया था। शहर अध्यक्ष ने कहा कि स्वर्गीय राधे रमण मिश्र वैद्य ने शांति भोज की जो परंपरा शुरू की थी कांग्रेस जन ने उस परंपरा को जारी रखते हुए तिकोनिया पार्क में शांति भोज का आयोजन किया आस पास से गुजरते राहगीरों को भोजन कराया और स्वर्गीय राजीव गांधी की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। संगोष्ठी में प्रदेश सचिव व प्रभारी अनीश खान, ए.आई.सी.सी सदस्य फिरोज अहमद, युवा कॉग्रेस जिलाध्यक्ष वरुण मिश्र ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेता लाल पद्माकर सिंह, शहर कमेटी के उपाध्यक्ष महेश मिश्र वैद्य, मदन तिवारी, अमित सिंह, विनय त्रिपाठी, शक्ति तिवारी, सिराज अहमद भोला, माणिक श्रीवास्तव, शिव तिवारी, अंकुर द्विवेदी, अनवर शाही, दयाशंकर दूबे, मेराज अहमद, मीनू यादव, आवेश अहमद, मोहित तिवारी,कामरान जफर, राजेश तिवारी, अशोक उपाध्याय, कृष्ण कुमार मिश्र मुन्नू, हौसला प्रसाद भीम, विजयपाल, बलराम त्रिपाठी, मोहसिन सलीम, गुलाम मोइनुद्दीन, शहबाज खान, ममनून आलम, पवन मिश्र कटावां, दिलीप मिश्र, देवेंद्र तिवारी, कमर खान, शीतला प्रसाद साहू सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेसजन मौजूद रहे।

ट्रक-ट्रेलर में भिड़ंत में ड्राइवर की दर्दनाक मौत, दो अन्य घायल

लोकमित्र ब्यूरो

सुलतानपुर। अयोध्या-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर रविवार को ट्रक और ट्रेलर में आमने-सामने भीषण भिड़ंत हो गई। दोनों गाड़ियों के परखच्चे उड़ गए। दुर्घटना में ट्रक चालक की मौत हो गई है। दो अन्य घायल हुए हैं जिनका इलाज राजकीय मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम में भेजकर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। घटना जिले के कोतवाली नगर क्षेत्र के बाईपास लोहरामऊ ओवरब्रिज के पास कैलाश नगर की है। वहां ट्रक और ट्रेलर की आमने-सामने जोरदार टक्कर हुई। जिसकी आवाज सुनकर लोग अपने-अपने घरों से बाहर निकल आए। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर कोतवाली नगर व कोतवाली देहात पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को वाहनों से बाहर निकाल कर राजकीय मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने एक को मृत घोषित कर

दिया। दो अन्य का इलाज जारी है। मृतक की शिनाख्त उजैफा पुत्र सिहुरी निवासी कौशांबी के रूप में हुई है। वहीं दुर्घटना में सैफान पुत्र कल्लू हटवा पुरामुक्ति प्रयागराज व मुजीब अहमद पुत्र असलम नकराही कोतवाली देहात के रूप में हुई है। कोतवाल राम आशीष उपाध्याय ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम में भेजा गया है। अन्य विधिक कार्रवाई की जा रही है।

एक शैक्षिक सत्र के लिए किया जायेगा रसोईयों का चयन-बीएसए

बलरामपुर । जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी ने बताया कि बेसिक शिक्षा परिषद के अन्तर्गत एक ही परिसर में संचालित प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों के संविलियन के उपरान्त मध्यान्ह् भोजन योजनान्तर्गत कार्यरत रसोइयों की व्यवस्था के सम्बन्ध में शासनादेश के क्रम में मध्यान्ह् भोजन योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत/वार्ड समिति द्वारा विद्यालयों में मध्यान्ह् भोजन योजना संचालन की स्थिति में सम्बन्धित विद्यालयों हेतु रसोईयों के चयन के सम्बन्ध में आरक्षण, चयन समिति व अन्य व्यवस्था दी गई है। इसका पालन करते हुये रसोइयों की संख्या का पुर्ननिर्धारण एवं नवीनीकरण/चयन की सम्पूर्ण प्रक्रिया की जानी है।उन्होंने कहा कि चयन हेतु रसोईयों की अधिकतम संख्या का निर्धारण- रसोईयों की संख्या 30 सितम्बर, 2022 के नामांकित छात्र संख्या के आधार पर, 25 छात्रों पर 01 रसोईया, 26 से 100 पर 02, 101 से 200

पर 03, 201 से 300 पर 04, 301 से 1000 पर 05 तथा छात्र संख्या 1001 से ऊपर होने पर अधिकतम 06 रसोईया रखे जा सकते है। इसके लिए अर्हता/पात्रता निर्धारित की गयी है जिसमें रसोईयों के चयन के लिए आवेदन हेतु सम्बन्धित विद्यालय में अध्ययनरत् विद्यार्थियों के अभिभावक(माता-पिता, दादा-दादी, भाई-बहन, चाचा-चाची, ताई, बुआ आदि) ही अर्ह होगी। अभ्यर्थियों का चयन करते समय विधवा एवं परित्यक्ता को प्राथमिकता दी जायेगी। विधवा एवं परित्यक्त दोनो के आवेदन की स्थिति में विधवा को प्राथमिकता दी जायेगी। परित्यक्ता द्वारा निर्धारित प्रारूप पर ग्राम विकास अधिकारी से प्राप्त प्रमाण पत्र आवेदन पत्र के साथ प्रस्तुत करना होगा। अनु0 जाति अथवा पिछड़ा वर्ग का अभ्यर्थी होने पर सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदत्त जाति प्रमाण पत्र आवेदन पत्र के साथ प्रस्तुत करना होगा। इच्छुक पात्र अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र दिनांक 20 जून, 2023 तक अपने प्रमाण पत्र/प्रपत्रों के साथ सम्बन्धित विद्यालयों के प्रधानाध्यापक को विद्यालय अवधि में प्राप्त कराकर पावती प्राप्त करेंगे।चयन हेतु नियम व शर्ते गतवर्ष की भांति रहेगी। इस सम्बन्ध में विस्तृत विवरण तथा आवेदन पत्र एवं अन्य प्रारूप सम्बन्धित विद्यालयों तथा 222.ह्ढह्वद्बस्रह्द.शह्द से प्राप्त किया जा सकता है। रसोइया चयन एक शैक्षिक सत्र के लिए किया जायेगा। इस अवधि में नियमित कार्य करने पर शासन द्वारा निर्धारित दर से 10 माह हेतु मानदेय दिया जाएगा।

दुर्गापूजा पर्व को सकुशल संपन्न कराने के लिए मांगी रिपोर्ट

सुल्तानपुर। पिछले साल दुर्गा पूजा पर्व पर मूर्ति विसर्जन के दौरान बल्दीराय क्षेत्र के इब्राहीमपुर में हुए उपद्रव के मद्देनजर इस बार प्रशासन अभी से सतर्क हो गया है। पांच माह बाद आने वाले दुर्गा पूजा पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न करवाने के लिए प्रशासन ने अभी से तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए उप जिलाधिकारी बल्दीराय महेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने तहसील क्षेत्र के हलियापुर, कूड़ेभार, धनपतगंज व बल्दीराय के थानाध्यक्ष को पत्र भेजा है। पत्र में उन्होंने ग्राम का नाम, मूर्ति स्थापना स्थल, मूर्ति स्थापित करने वाले व्यक्ति का नाम व फोन नम्बर, मूर्ति कितने दिन रहेगी, कब विसर्जन होगा, किस मार्ग से होगा, स्वयं सेवकों का नाम आदि विवरण अभी से एक माह के भीतर उपलब्ध कराने को कहा है। एसडीएम ने बताया कि सुल्तानपुर में दुर्गा पूजा ही एक ऐसा पर्व है जो वृहत रूप में मनाया जाता है और

पिछली बार वलीपुर में कुछ अराजकतत्त्वों द्वारा साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास किया गया था। कुछ लोग चोटिल भी हुए थे। उसी समय के थानाध्यक्ष अभी थानों पर मौजूद हैं इसलिए इस समय सारी सूचना बेहतर ढंग से मिल जाएगी। प्रशासन पिछली बार की पुनरावृत्ति कतई नहीं होने देगा। क्षेत्र में कोई भी पर्व हो उसको शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए प्रशासन कटिबद्ध है। इसके लिए हर सम्भव प्रयास किया जा रहा है।

फंदे से लटकी मिली युवती, मौत

सुल्तानपुर। एक युवती ने कमरे के अंदर दुपट्टे से लटककर जिंदगी खत्म कर ली। घटना सुबह भोर की है, जब देर तक वो कमरे से बाहर नहीं निकली तो परिवार वालों को शक हुआ। दरवाजा तोड़ा गया तो वो लटकती पाई गई। परिवार वाले अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना जिले के कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के लहिया जलपापुर गांव की है। गांव की रहने वाली युवती सानिया (19) पुत्री ऐनुल हसन भोर मे घर के अंदर कमरे में गयी तो काफी देर तक नहीं लौटी। परिजनो ने खिड़की से झांक कर देखा तो वह कमरे में दुपटटा के सहारे लटक रही थी। यह दृश्य देखकर घर में हड़कंप मच गया। आनन-फानन परिजनों ने युवती को फंदे से उतारा और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भदैंया लेकर गए। सीएचसी में डाक्टरों ने जांच पड़ताल कर युवती को मृत घोषित कर दया। जिसके बाद परिजन चीखने-चिल्लाने लगे। घटना के कारणों

का अब तक पता नहीं चल सका। सूचना मिलने पर कोतवाली देहात पुलिस सीएचसी पहुंची और मामले की छानबीन शुरू कर दिया है। कोतवाली देहात थाना प्रभारी कृष्ण मोहन सिंह ने बताया कि परिजन शव उतारकर अस्पताल लेकर आए थे। मामला संदिग्ध है घटना की जांच पड़ताल की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम में भेजा गया है।

आर्थिक तंगी के कारण शिक्षा से वंचितों को आर्थिक सहयोग करेगा मोस्ट

लालजी बौद्ध पुनः मोस्ट प्रमुख और अरगराम पाल मोस्ट ब्लाक संयोजक हुए चयनित

सुलतानपुर। मोस्ट कल्याण संस्थान की ब्लाक यूनिट धनपतगंज के तत्वाधान में मनीपुर (पटना) में लालजी बौद्ध के नेतृत्व व महिला विंग की जिला संयोजक सीमा बौद्ध के संरक्षण में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मोस्ट समाज में आपसी समन्वय, सहकारिता, सहयोग की भावना कायम कर समाज निर्माण, गाँव-गाँव शिक्षा जागरूकता का कार्यक्रम और शोषितों-पीड़ितों हक वंचितों को न्याय दिलाने के लिए हर सम्भव प्रयास, आर्थिक तंगी के कारण शिक्षा से वंचितों को आर्थिक सहायता मोस्ट द्वारा किये जाने का संकल्प लिया गया। उक्त अवसर पर मोस्ट कल्याण संस्थान के निदेशक शिक्षक श्यामलाल निषाद ÷गुरुजी÷ ने कहा कि शोषकों द्वारा उत्पन्न खतरों के साथ-साथ पीड़ितों में भी लाभ का अवसर खोजने वालों के खतरों से निपटते हुए न्याय

व नैतिकता के अनुक्रम में आगे बढ़ते जाना है क्योंकि पिछड़ों के समक्ष उत्पन्न की जा रही चुनौतियाँ समाजहित में बेहतर करने का मार्ग प्रशस्त करती हैं। से.नि. ए.डी.ओ. पंचायत भरत राम ने कहा कि मोस्ट शोषितों-पीड़ितों, हक वंचितों की आवाज़ बन चुका है, भविष्य में इस आवाज़ को और बुलंद करने के लिए हम लोग गाँव-गाँव निकल पड़े हैं।बाबू रज्जन प्रसाद ने शेष जीवन मोस्ट समाज को जोड़ने के लिए कार्य करने का संकल्प लिया। से.नि. शिक्षक पेरियार सम्भोले वर्मा ने कहा कि पिछड़ों को शिक्षा के लिए प्रेरित करने का कार्य सबसे महान कार्य मोस्ट कल्याण द्वारा किया जा रहा है। इस मौके पर सर्वसम्मति से लालजी बौद्ध को पुनः मोस्ट प्रमुख और अरगराम पाल को मोस्ट संयोजक धनपतगंज नियुक्त किया गया तथा अनिल कुमार, अल्ला नेवाज, डा. अनिल कुमार, नंदलाल कनौजिया एवं रामचंद्र ने मोस्ट रक्षक दल में पंजीकरण कराया। इस मौके पर मोस्ट जनरल सेक्रेटरी राम उजागिर यादव, जिला सह संयोजक अमृतलाल निषाद, केश कुमारी निषाद, पूनम बौद्ध, सुनीता, अनिल कुमार, फूलपती, श्यामा देवी, शीला, गायत्री, नीरा देवी, स्वर्णलता, श्यामकली, बिंदु, सुनीता देवी, सुनील बौद्ध, शांति, जगरानी, सालिकराम, राम जग, संतराम, पंचम, खुशियाल बौद्ध, बग्गड़ प्रसाद, श्रीप्रकाश, संजय, पूरनदास, अंजू, लाल बहादुर, सुमित, अमन कुमार, यशवंत कुमार वर्मा, दुर्गा प्रसाद पाल, सचिन कुमार, नैतिक कुमार, जितेंद्र कुमार, अर्जुन, जय प्रकाश, राम चंद्र कोरी, आरती, संगीता, विभा, सीतापती, गुड्डा देवी, कृष्णा देवी, दशरथा देवी, पूनम देवी, श्रीमती, कोयला देवी, सुमन देवी, निशा देवी, सीमा, शकुंतला, संतोष कुमारी, विमला, सरोज कुमारी, केशवती आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

हॉस्पिटल की घटना को लेकर अग्नि परीक्षा से गुजर रहा है स्वास्थ्य विभाग

सुलतानपुर। एक परिवार के लिए बीता बुद्धवार काला बुद्धवार साबित हुआ है।मामला ही कुछ ऐसा है जिसकी भरपाई होना नामुम्किन है, जो हां जिले के लिए बीता बुद्धवार चर्चित बुद्धवार साबित हुआ है। बात कर रहे है चिकित्सीय पद्धति की, जनपद में कुछ ऐसे भी चिकित्सक है जिनके पास डिग्री भले ही क्यूं ना हो लेकिन उसका उपयोग मरीजों पर भारी पड़ रहा है। कभी-कभी मरीज़ को अपनी जांन गंवा कर चुकानी पड़ती है, आपको याद दिलाते चले गभडिया स्थित गोराबारिक में स्टार नर्सिंगहोम हुआ करता था। मामला 2020का है एक महिला का आपरेशन स्टार नर्सिंगहोम में हुआ था। महिला की मौत हो गई थी, उन दिनों स्वास्थ्य विभाग के मुखिया डॉ.सीबीएन त्रिपाठी हुआ करते थे, महिला के मौत का मामला स्वास्थ विभाग ने इतनी गंभीरता से लिया कि स्टार नर्सिंगहोम को सीज कर दिया गया। साथ ही धारा 304 गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया। जिसमें तीन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था और नतीजे में आजतक स्टार नर्सिंगहोम खुल ना सका। लेकिन यह तब हुआ जब विभाग ने खुद को साबित किया की नियम विरूद्ध कुछ भी हुआ तो ठोस कार्यवाही निश्चित है। यदि औपचारिकताएं ही पूरी होती रही तो ऐसे लापरवाह चिकित्सक मनबढ़ तो होगें ही साथ ही लापरवाही से ईलाज के दरम्यान होने वाली मौत का प्रतिशत भी बढ़ता ही रहेगा। फायजा हॉस्पिटल में हुई इलाज के दौरान मरीज की मौत और मौत के बाद हुए हंगामें को लेकर स्वास्थ विभाग द्वारा की जा रही जांच पर पीडित परिवार को इंसाफमिलने की आस है। देखना होगा दो स्वास्थ विभाग के सक्षम अधिकारियों द्वारा की जा रही जाच में किन-किन बिंदुओ पर जांच होगी। मृतक के परिजनों द्वारा फायजा हॉपिटल और उसके संचालक डॉ.सादिक अली लगाए गए आरोप सही साबित होगें या फि क्लीनचिट के साथ मामला समाप्त हो जाएगा।

पशुओं के दर्द और पीड़ा को संवेदनशीलता से पहचान कर उनके हित में कल्याणकारी कार्य करना उच्च मानवीय धर्म- एडवोकेट किशन भावनानी

गोंदिया – सृष्टि रचनाकर्ता ने 84 लाख योनियों की रचना कर माननीय योनि को सबसे अनमोल बुद्धि रत्न के रूप में अनमोल हीरा बक्शा इस विश्वास के साथ कि जैव विविधता की रक्षा करने में सामंजस्य का स्थापित करने में महत्वपूर्ण रोल अदा करके और इस सृष्टि की खूबसूरती में चार चांद लगाएगा परंतु मेरा मानना है कि इस सोच में हम माननीय जीव खरे नहीं उतरे क्योंकि हमने अपने स्वार्थ के कारण इन बाकी योनियों का पृथ्वी लोक पर जीना मुश्किल कर दिया है। किसी का शिकार, वध, फालतू बनाने इत्यादि के माध्यम से उनपर अत्याचार और अनेक योनियों को विलुप्त कर दिए हैं तथा अनेक योनियों को विलुप्तता की कगार पर जिम्मेदारी से भिड़े हुए हैं। हमारे बड़े बुजुर्गों की कहावत है सुबह का भूला शाम को घर लौटे तो उसे भूला नहीं कहते इसीलिए आज भी हम जागृत हो जाएं और जीव-जंतुओं पशुओं के दर्द और पीड़ा को संवेदनशीलता से पहचान कर उनके हित में कल्याणकारी कार्य कर अपने मानवीय धर्म निभानें का परिचय दे। वैसे भी हमने पिछले दिनों गुजरात में शेरों और एमपी में चीतों के रिहैबिलिटेशन के माध्यम से पशुओं जानवरों की सुरक्षा चिंता, समर्थन की अपनी मंशा जाहिर कर चुके है। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के सहयोग से आज हम इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे कि आओ कुदरत की अद्भुत रचना पशुओं की देखभाल और प्यार करें। साथियों बात अगर हम पशुओं की देखभाल करने उन्हें बचाने प्यार करने की करें तो, विश्व पशु दिवस पशुओं जानवरों के साम्राज्य को समर्पित एक दिन को संदर्भित करता है। हम सभी जानते हैं कि जानवर हमारे पारिस्थितिकी तंत्र का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, वे न केवल समर्थन देते हैं और हमारे जीवन को बेहतर बनाते हैं बल्कि वे मानव को दोस्ती का सही अर्थ भी सिखाते हैं। इसलिए, यह दिन हमें उनके अस्तित्व का जश्न मनाने की अनुमति देता है। साथियों बात अगर हम पशुओं की देखभाल करने उन्हें बचाने की करें तो, अगर पशुओ के प्रति हम संवेदनशील और जागरूक हो जाएँ तो और क्या चाहिए। कुछ बातों को अपना कर हम इनकी मदद कर सकते है, जो इस दिन पर संगोष्ठी यां वेबीनार आयोजित करने से ज्यादा महत्वपूर्ण है।हम देखते है की अक्सर लावारिस गायें कचरे के ढेर से भोजन ढूंढ कर खाती हैं, जिनमे रोटी, सब्जी के छिलके, और अन्य चीज़ें शामिल होती हैं, हम अक्सर ये गलती करते हैं की छिलकों तथा अन्य बची सामग्री को पॉलिथीन मे बांध कर फेंक देते हैं। अब गाय थैली तो खोल नहीं सकती अतः वो उस सामग्री को थैली सहित ही खा जाती है, अनुमानतः हर साल भारत मे हज़ारों गायों की मृत्यु पॉलीथिन खाने से होती है, विचार कीजिये की हमारी छोटी सी चूक बेजुबान को काल का ग्रास बना देती है। ये हमारे द्वारा अनजाने मे की जाने वाली क्रूरता ही है तो हम यहाँ से निराकरण शुरू कर सकते है, और किसी भी बची हुई खाद्य सामग्री को किसी स्वच्छ एवं पक्के फर्श पर रख दें और पॉलिथीन का इस्तेमाल ना करें।साथियों एक और चूक जो हमसे होती रही है वो ये कि हम कई बार घर की सफाई के दौरान या अन्य किसी मरम्मत के दौरान निकलने वाली धातु की वस्तुओं जैसे कील, कांच, फ्यूज बल्ब, डिस्पोजल सुई, नट बोल्ट या अन्य नुकीली वस्तुओं को यूँ ही खुले कचरे मे फेंक देते हैं और उसे भूख प्यास से बेहाल जानवर खाने की तलाश मे मुँह मे ले लेते हैं परिणामतः मुख मे घाव, पेट और आंतो मे घाव और अंततः दुखद मौत, हम इसे रोक सकते हैं , बस करना इतना सा है की इस तरह की नुकीली धातु , बल्ब , एक्सपायरी डेट्स की दवाइयां इत्यादि खुले मे ना फेंके इसकी बजाय उन्हें कबाड़ी को दें और दवाइयों को फ्लश मे बहा दें। हमारी छोटी सी कोशिश इन्हे बीमार और घायल होने से बचा सकती है। साथियों हम दैनिक जीवन मे कई बार चमड़े से बनी वस्तुओं का प्रयोग करते हैं जैसे ,पर्स, बेल्ट, जूते जैकेट इत्यादि, क्या हम जानते हैं चमड़ा उद्योग मे कितने ही जानवरों को उनकी खाल के लिए ख़रीदा और मारा जाता है। विचार करें और तय करें की चमड़े की चीज़ों का अन्य विकल्प इस्तेमाल करें और चमड़े का बहिष्कार करें। साथियों बात अगर हम भारत में पशुओं की रक्षा में संविधान कानून कायदों नियमों की करें तो, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के पास जानवरों पर अनावश्यक दर्द या पीड़ा रोकने के लिए और पशुओं के प्रति क्रूरता की रोकथाम के लिए पशु क्रूरता निवारण(पीसीए) अधिनियम,1960 लागू करने का अधिकार है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 51( ) के मुताबिक हर जीवित प्राणी के प्रति सहानुभूति रखना भारत के हर नागरिक का मूल कर्तव्य है।भारतीय दंड संहिता की धारा 428 और 429 के मुताबिक कोई भी व्यक्ति किसी जानवर को पीटेगा,ठोकर मारेगा,उस पर अत्यधिक सवारी और बोझ लादेगा,उसे यातना देगा कोई ऐसा काम करेगा जिससे उसे अनावश्यक दर्द हो दंडनीय अपराध है।

10 जून को होगी अटल आवासीय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा

बलरामपुर । नवोदय विद्यालय की तरह देवीपाटन मंडल गोंडा के मनकापुर तहसील मे संचालित अटल आवासीय विद्यालय में छठवीं कक्षा में दाखिले के लिए आवेदन शुरू हो गया है नवीन शैक्षिक सत्र 2320 के लिए 10 जून को जिले में प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा में निर्माण श्रमिकों के बच्चे पात्र होंगे। प्रवेश परीक्षा में अधिक से अधिक बच्चों को आवेदन कराने के लिए श्रम विभाग एवं बेसिक शिक्षा विभाग सहित अन्य विभाग जुटे हुए हैं श्रम आयुक्त कुलदीप सिंह ने बताया कि प्रवेश परीक्षा के लिए छात्रों के अभिभावक का श्रमिक पंजीयन कार्ड की फोटोकॉपी श्रमिक के आधार कार्ड की फोटो कॉपी बच्चे के आधार कार्ड की फोटो कॉपी बच्चे का क्लास 5वी की रिपोर्ट कार्ड सम्मिलित करना होगा उन्होंने कहा कि जिन बच्चों को अटल आवासीय विद्यालय में दाखिला लेना है वह जल्द से जल्द आवेदन करके 10 जून को हो रहे प्रवेश परीक्षा में शामिल हो वेद परीक्षा में सफल होने के बाद विद्यालय में दाखिला दिया जाएगा श्रम आयुक्त ने बताया कि एमपीपी इंटर कॉलेज परीक्षा केंद्र बनाया गया है

अभी तक 86 छात्रों ने नामांकन फार्म लिया है उनमें 57 छात्रों रजिस्ट्रेशन कराया है परीक्षा की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है जिलाधिकारी की निगरानी में अटल आवास योजना एमपी पी इंटर कॉलेज केंद्र पर आयोजित होगी

भाजपा सरकार की उपलब्धियों का प्रचार करें कार्यकर्ता - प्रकाश पाल

चित्रकूटः भारतीय जनता पार्टी चित्रकूट की जिला कार्यसमिति की बैठक कानपुर बुन्देलखण्ड क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल व प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभारी चित्रकूट देवेश कोरी ने ली। बैठक में एक माह की कार्य योजना को अंतिम रूप दिया गया। जिला कार्यसमिति का शुभारंभ श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पं दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों में माल्यार्पण व दीपप्रज्वलन कर किया गया। क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा कि अभी नगर पालिका और नगर निगमो, नगर पंचायत के चुनाव सम्पन्न हुये है। जिसमे सभी 17 नगर निगमों मे भारतीय जनता पार्टी ने जीत हासिल की है। नगर पालिका, नगर पंचायतों में पार्टी ने भारी जीत हासिल की है। इसके बाद हमारा लक्ष्य 2024 का चुनाव जीतना है। भाजपा ने मिशन 2024 को लेकर रणनीतिक तैयारी शुरू कर दी है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के 30 मई को 9 वर्ष पूरा होने पर पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता हर व्यक्ति व हर मतदाता तक सरकार की उपलब्धियों को पहुंचाएंगे। इसके लिए एक महीने का महासंपर्क अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत 30 मई से 30 जून तक विभिन्न कार्यक्रमों के जरिए प्रत्येक नागरिक से संपर्क व संवाद स्थापित किया जाएगा। 30 मई को पीएम मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के गरीब कल्याण को समर्पित नौ वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। अब मिशन 2024 व महासंपर्क अभियान की सफलता के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को जुटना होगा। उन्होंने बताया कि 29 को केन्द्र मे राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्रदेश मे प्रदेश अध्यक्ष प्रेस कर केन्द्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धिया बता कर कार्यक्रम की शुरुआत करेंगे। 30 को जिलो मे सासद, विधायक प्रेस करके जिलो मे उपलब्धि बताने का काम करेंगे। 21

जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस प्रत्येक शक्ति केंद्र पर व 23 जून को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस बूथ स्तर पर मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि लोकसभा स्तर पर एक जनसभा आयोजित होगी जिसमें 10 हजार लोगों को आमंत्रित किया जाएगा। 20 जून के पहले प्रबुद्ध वर्ग व व्यापारी सम्मेलन आयोजित होंगे। प्रत्येक विधानसभा में मोर्चों के संयुक्त सम्मेलन तथा योजना लाभार्थी सम्मेलन आयोजित होंगे। लोकसभा स्तर पर एक बड़े विकास कार्य का अवलोकन होगा। सोशल मीडिया वालटियर सम्मेलन आयोजित होगा। लोकसभा क्षेत्र में ढाई सौ विशिष्ट परिवारों की सूची बनाई जाएगी जिसमें पदम् अवार्ड से सम्मानित लोग, खिलाड़ी, कलाकार, उद्योगपति, चिकित्सक, पूर्व न्यायाधीश, शहीद परिवार आदि शामिल होंगे। क्षेत्रीय अध्यक्ष ने कहा कि पिछड़ा मोर्चा सपा को और अकेले अनुसूचित मोर्चा बसपा को हरा सकता है । भारतीय जनता पार्टी के कमल की बटन दबाने से गरीब का आवास बन जाता है। रसोई गैस बिजली का मुक्त कनेक्शन मिल जाता है। धारा 370 खत्म हो जाती है। अयोध्या में राम मंदिर बन जाता है। कहा कि आज से कोई भी पार्टी मे किसी को आलोचना नही करना। कोई गुटबाजी नही चलेगी और पार्टी की तरफसे किसी की उपेक्षा नही की जायेगी। जिसमे पार्टी का हित हो वही काम करना है। प्रदेश उपाध्यक्ष देवेश कोरी ने कहा कि 2014 से 2023 तक प्रधानमंत्री ने देश की तस्वीर और तकदीर बदलने का काम किया है। उन्होंने कहा कि इन 9 वर्षों की अवधि में गरीब के लिए पक्का घर , बिजली, शुद्ध पेयजल, शौचालय, मुफ्त राशन, आयुष्मान कार्ड की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। किसान को 6 हजार रुपए की किसान सम्मान निधि मिल रही है। देश की अर्थव्यवस्था मजबूत हुई है। उन्होंने कहा कि हम सबको मिलकर सरकार की उपलब्धियों को घर-घर पहुंचाना है। 20 जून से 30 जून तक घर-घर संपर्क अभियान भी चलाया जाएगा। मोदी सरकार की 9 वर्षों की उपलब्धियों को जनता से साझा किया जाएगा और प्रचार सामग्री वितरित होगी। 25 जून को पीएम की मन की बात कार्यक्रम बूथ स्तर पर होगा। जिले के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की बैठक होगी। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे व संचालन जिला महामंत्री अश्वनी अवस्थी ने किया।इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभारी चित्रकूट देवेश कोरी, सांसद आर के सिंह पटेल, जिला पचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, पूर्व सांसद भैरो प्रसाद मिश्रा, रमेश द्विवेदी, पूर्व राज्यमंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय, पूर्व विधायक आज़ाद शुक्ला, आलोक पाण्डेय, देव त्रिपाठी, ब्लॉक प्रमुख अरविन्द मिश्रा, नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता, मऊ नगर पंचायत अध्यक्ष अमित द्विवेदी, राजापुर नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्र, लवकुश चतुर्वेदी, दिनेश तिवारी, भोले सिह, रजना उपाध्याय, हीरो मिश्रा, शिव शकर सिंह, बृजेश पाण्डेय, मुन्ना करवरिया, भागवत त्रिपाठी, दिव्या त्रिपाठी, मनोज तिवारी, अर्जुन शुक्ला, आभेष मिश्रा, रवि गुप्ता, अंजू वर्मा, महेन्द्र कोटार्य, रामदयाल त्रिपाठी, बब्बू त्रिपाठी, रणवीर सिंह, हेमन्त सिंह, विपुल प्रताप, ममता सिंह आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल 2004 अनुक्रमांक 1297406 एंव इण्टरमीडिएट वर्ष 2006 अनुक्रमांक 0996715 का अंक पत्र व प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है।

जितेंद्र सिंह
पुत्र स्व0 श्री चन्द्र प्रकाश सिंह
पता कसेरूआ खुर्द
पो0 सहसों, जनपद प्रयागराज।

फर्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) सदर महोदय प्रतापगढ़
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 टी0
मु0मु0 967/06
नाम फरीकेन चतेन्द्र बहादुर आदि
बनाम रामकुबेर आदि
बनाम
3/1 हरिकांत शर्मा आयु लगभग 45 वर्ष 3/2 मनोज कुमार शर्मा आयु लगभग 40 वर्ष सुतगण स्व0 लाल्ता प्रसाद समस्त नि0गण ग्राम सकरौली प0 त0 सदर जनपद प्रतापगढ़
तारीख पेशी 30.05.2023
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 30.05.2023 को समय 07.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

फर्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) कक्ष सं0 23 महोदय प्रतापगढ़
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 टी0
प्रकीर्ण वाद सं0 479/22
नाम फरीकेन रामसुन्दर बनाम जमुना प्रसाद आदि
बनाम
1. जमुना प्रसाद आयु लगभग 68 वर्ष 2. कन्हैया लाल आयु लगभग 63 वर्ष सुतगण सुद्धू नि0 ग्राम अवधानपुर पो0 भोजेमउ प0 पट्टी त0 रानीगंज जिला प्रतापगढ़
तारीख पेशी 12.07.2023
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 12.07.2023 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

फर्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) सदर महोदय प्रतापगढ़
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 टी0
वाद सं0 704/2022
नाम फरीकेन सूरसती आदि बनाम श्रीमती दोपदी देवी आदि
बनाम
1. श्रीमती दोपदी देवी आयु करीब 45 वर्ष पत्नी अर्जुन प्रसाद वर्मा 2. भीम प्रसाद वर्मा आयु करीब 40 वर्ष पुत्र देवीदीन कुर्मी नि0गण ग्राम दयाल दूबे का पुरवा प0 व त0 पट्टी जनपद प्रतापगढ़ उ0प्र. 3. गोबिन्द सहाय पाण्डेय आयु करीब 50 वर्ष सुत स्वर्गीय श्री नारायन पाण्डेय निवासी ग्राम रामापुर प0 व त0 पट्टी जिला प्रतापगढ़
तारीख पेशी 25.05.2023
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 25.05.2023 को समय 07.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

फर्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान द्वितीय प्रधान पारिवारिक न्यायाधीश महोदय प्रतापगढ़
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 टी0
फौजदारी वाद सं0 886/22
नाम फरीकेन लक्ष्मी बनाम आशीष
बनाम
आशीष कुमार मिश्रा सुत कमलाकान्त मिश्रा उर्फलालजी मिश्रा निवासी ग्राम बलापुर पो0 मान्धाता थाना जेठवारा जिला प्रतापगढ़
तारीख पेशी 07.06.2023
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 07.06.2023 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

फर्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) कक्ष सं0 24 महोदय प्रतापगढ़
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 टी0
मु0सं0 1560/97
नाम फरीकेन हीरा सिंह आदि बनाम कल्लू आदि
बनाम
1/1. हरी लाल आयु 38 साल 1/2. हरिकेश आयु 35 साल सुतगण कल्लू उर्फ रमई 1/3. रानी आयु 30 साल पुत्री कल्लू उर्फ रमई 1/4. सीमा देवी आयु 58 साल विधवा कल्लू उर्फ रमई समस्त निवासीगण रामनगर भोजपुर प0 व त0 सदर जिला प्रतापगढ़
तारीख पेशी 25.05.2023
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 25.05.2023 को समय 07.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

फर्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी महोदय लालगंज प्रतापगढ़
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 टी0
वाद सं0 00472/2018
नाम फरीकेन राज बहादुर आदि बनाम श्रीमती वचना आदि
बनाम
1. श्रीमती वचना पत्नी राम सजीवन नि0 ग्रा0 गौखाड़ी प0 रामपुर त0 लालगंज 2. गांव सभा द्वारा ग्राम प्रधान गौखाड़ी मजरे धारूपुर प0 रामपुर त0 लालगंज प्रतापगढ़
अ0धारा 116 अधिनियम उ0प्र0रा0सं0 2006
तारीख पेशी 29.05.2023
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 29.05.2023 को समय 07.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

कौशलेन्द्र कालेज आफ लॉ मनगढ़, कुण्डा-प्रतापगढ़
आवश्यकता है
कौशलेन्द्र कालेज आफ लॉ पाठ्यक्रम में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत प्राचार्य एवं प्रवक्ताओं की, जिनका विवरण निम्नवत् है–
प्राचार्य–01 पद
प्रवक्ता–10 पद
योग्यता एवं वेतनमान
विश्वविद्यालय अनुदान आयोग/बार काउन्सिल आफ इण्डिया/राज्य सरकार/प्रो0 राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय प्रयागराज में निर्धारित मानकानुसार।
नोट : इच्छुक योग्यताधारी अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करते हुए आवेदन पत्र 15 दिन के अन्दर महाविद्यालय के कार्यालय में प्रस्तुत करें।
प्रबन्धक
रोहित सिंह
मो0–9919777759
ई–मेल : kmvmangarh@gmail.com

सुलह के आधार पर राष्ट्रीय लोक अदालत में हुआ 29443 मुकदमों का निस्तारण

चित्रकूटः राष्ट्रीय लोक अदालत में 29443 मुकदमों का निस्तारण सुलह समझौते के आधार पर रविवार को किया गया। इस दौरान 71305587 रूपए अर्थदण्ड व प्रतिकर के रूप में दिलाए गए। जनपद न्यायालय परिसर में रविवार को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में जनपद न्यायाधीश विष्णु कुमार शर्मा ने 11 वादों का निस्तारण करते हुए 213500 रूपए आपसी सुलह समझौते के आधार पर दिलाए। मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण के पीठासीन अधिकारी दिनेशचन्द्र ने 32 वादों का निस्तारण करते हुए 7730000 रूपए आपसी सुलह समझौते के आधार पर दिलाए। परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश रामकृपाल ने आठ जोड़ों को आपसी सुलह समझौते के आधार पर मिलाया और 32 वादों का निस्तारण करते हुए सुलह समझौते के आधार पर 3571000 रूपए दिलाए। अपर जिला जज प्रथम रविन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने एक वाद का निस्तारण किया। विशेष न्यायाधीश पाक्सो विनीत नारायण पाण्डेय ने एक वाद का निस्तारण करते हुए 500 रूपए अर्थदण्ड वसूला। त्वरित न्यायालय के अपर जिला जज संजय कुमार ने 122 वादों का निस्तारण किया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सूर्यकान्तधर दुबे ने 602 वादों का निस्तारण करते हुए 191510 रूपए अर्थदण्ड वसूल किया।

सिविल जज विदुषी मेहा ने दो वादों का निस्तारण किया। मऊ की सिविल जज जूडि सैफाली यादव ने 184 वादों का निस्तारण करते हुए 7650 रूपए अर्थदण्ड वसूल किया। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम अदिति सिंह ने 50 वादों का निस्तारण करते हुए 1000 रूपए अर्थदण्ड, न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय संघमित्रा ने 157 वादों का निस्तारण करते हुए 124580 रूपए अर्थदण्ड वसूल किया। त्वरित न्यायालय की सिविल जज अंजलिका प्रियदर्शनी ने 83 वादों का निस्तारण करते हुए 1600 रूपए अर्थदण्ड वसूला। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पूर्ण कालिक सचिव अपर जिला जज फरुख्य इकबाल सिद्दीकी ने बताया कि न्यायिक अधिकारियों द्वारा कुल 1277 वादों का निस्तारण करते हुए 11841340 रूपए तथा 28166 मामलों का निस्तारण राजस्व व अन्य विभागों द्वारा करते हुए 59464247 रूपए प्रतिकर के रूप में वसूला गया। इसके अलावा बीती 18 से 20 मई तक आयोजित विशेष लोक अदालत में कुल 74 वादों का निस्तारण किया गया। रविवार को हुई राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 29443 मुकदमों का निस्तारण करते हुए 71305587 रूपए अर्थदण्ड व प्रतिकर के रूप में दिलाए गए। इस मौके पर विशेष न्यायाधीश दीप नारायण तिवारी, अपर जिला जज नीरज कुमार श्रीवास्तव समेत सम्बन्धित न्यायिक अधिकारी मौजूद रहे।

परिक्रमा मार्ग की सफाई कर दिया जागरूकता संदेश

चित्रकूटः जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की प्रेरणा से स्वच्छ भारत मिशन के तहत कामदगिरि स्वच्छता समिति का अभियान चला रही है। चित्रकूट धाम कर्वी नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी लाल जी यादव ने बताया कि सफाई अभियान एक महत्वपूर्ण अभियान है। हमारे बच्चे हमारे, परिवार के जिम्मेदार लोग अपने बच्चों को स्वच्छता के प्रति जरूर जागरूक करें। स्वच्छ भारत मिशन के ब्रांड एम्बेसडर व कामदगिरि स्वच्छता समिति के अध्यक्ष राकेश केशरवानी ने बताया कि भारत सरकार द्वारा स्वच्छ भारत अभियान की शुरुआत की गई थी। इस अभियान का मूल उद्देश्य हमारे आसपास जो पौराणिक स्थल हो, शहर की गलियां हो, घर के आसपास गंदगी न रहने पाए। हमारा नगर स्वच्छ और सुंदर हो इस पर हम सभी को विचार करना चाहिए। खाद्य एवं सफाई निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला ने बताया कि भारत सरकार द्वारा की गई स्वच्छता की एक अनोखी पहल है। स्वच्छ भारत मिशन के जिला समन्वय सिवा कुमार ने बताया कि स्वच्छता घरों और सड़कों में ही नहीं पूरी दुनिया में होनी चाहिए। इस मौके पर अंजू वर्मा, जितेंद्र केशरवानी, सभासद शुभम केशरवानी, विवेक केशरवानी, विनोद कुमार, विनय कुमार, अनुप कुमार, दीपक मलिक आदि मौजूद रहे।

कौशाम्बी में संपन्न हुई अभाविप प्रांत सोशल मीडिया कार्यशाला

कार्यकर्ताओं को सिखाया गया एडिटिंग और कंटेंट लेखन का गुर

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी।अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद्ए काशी प्रांत की प्रांत सोशल मीडिया संयोजक का आज नंदी वाणी पब्लिक स्कूलए कौशाम्बी में आयोजन किया गया। जिसमें काशी प्रांत के सभी जिलों से प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का पांच सत्रों में आयोजन किया गया था ए जिसमें मुख्य रूप से अभाविप के राष्ट्रीय सोशल मीडिया सह.संयोजक मयंक दुबे की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरुवात प्रांत सोशल मीडिया संयोजक अनमोल सोनी ने की ए जिसमें उन्होंने कार्यक्रम की प्रस्तावना रखी। उसके बाद मयंक दुबे ने सोशल मीडिया की आज के समय में भूमिका बताई। कार्यक्रम में सभी कार्यकर्ताओं को एडिटिंग करना सिखाया गया और सोशल मीडिया पर कंटेंट किस प्रकार से लिखा जाए उसपर भी चर्चा की गई। अंत में प्रांत मीडिया संयोजक अभिनव मिश्रा ने कंटेंट लेखन को लेकर विषय रखा। कार्यक्रम में प्रांत सह.मंत्री आंचल जीएसुधांशु रंजन मिश्रा जीए कौशाम्बी जिला संयोजक ऋषभ जी की भी उपस्थिति रही।

संदिग्ध परिस्थितियों में घर में लगी आग नुकसान

लोकमित्र ब्यूरो

सरसवां, कौशाम्बी। पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के पूरब शरीरा गांव निवासी रंजन सरोज पुत्र दुबे कि घर में शनिवार दोपहर 2:00 बजे संदिग्ध परिस्थितियों में घर बाहरी हिस्से में आग लग गई जब तक आग पर लोग काबू पाते तब तक बाहरी हिस्से में रखा गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया आगजनी में 10000 का नुकसान हुआ है। मामले की जानकारी स्थानीय राजस्व निरीक्षक को भी दे दी गई है

बच्चों को नियमित रूप से सुनना चाहिए भगवान का भजन - शास्त्री

चित्रकूटः मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की कर्म स्थली चित्रकूट पर नौ दिवसीय श्रीराम कथा का आयोजन हो रहा है। यह आयोजन बिहारा ग्राम पंचायत में पेरा तीर हनुमान मंदिर में बने रामेश्वर भोलेनाथ मंदिर में हो रहा है। कथा का आयोजन गांव के भोले राम शुक्ला जनकल्याण के लिए करा रहे हैं। श्रीराम कथा में रविवार को भरत चरित्र सुनकर भक्त भाव-विभोर हो उठे। कथा व्यास अनुज शास्त्री ने कहा है कि भगवान का स्मरण करते रहें, तभी कल्याण होगा। बच्चे भी भगवान का भजन सुनें ताकि उन्हें प्रभु भजन की आदत पड़े। रविवार को कथा के सातवे दिन आचार्य अनुज शास्त्री ने भरतजी के प्रसंग को विस्तार पूर्वक सुनाया। उन्होंने कहा कि जो राम के नाम को सदा जपते रहे, वह भरत ही थे। जब श्रीराम वनवास गए, तब भरत भी 14 साल तक धरती पर सोये थे। वह खुद सिंहासन पर नहीं बैठे बल्कि भगवान राम की पादुकाएं सिंहासन पर रख कर राज किया था। कलिकाल में तुलसीदास को भगवान श्रीराम के दर्शन भरत ने ही कराए थे। कथा व्यास ने कहा कि इसी पावन चित्रकूट पर भरत राम को मनाने आए थे। जो परिक्रमा मार्ग पर भरत मिलाप स्थान पड़ता है वहां पर आज भी उनके चरण चिन्ह बने हुए हैं। चित्रकूट में भाई-भाई का प्रेम देखकर पत्थर भी पिघल गए थे। भरत राज तिलक के लिए सभी तीर्थों का जल लेकर चित्रकूट आए थे। भगवान राम की आज्ञा से चि वह जल भरतकूप में डाला गया था।

कथा व्यास अनुज शास्त्री ने कहा कि जो व्यक्ति अपने नाम के आगे स्वयं संत लिखे, वह कभी संत नहीं हो सकता। सूरज कभी नहीं कहता कि वह सूर्य है। जब रात का अंधकार मिटता है तो सूरज का अस्तित्व स्वयं ही लोगों को पता लग जाता है। संतों की पहचान सबसे अधिक प्रयागराज को है, क्योंकि कुंभ में सबसे ज्यादा संतों का स्नान संगम में ही होता है। वे स्वयं पहचान लेते हैं। उन्होंने कहा कि बिना हरि संत नहीं मिलते। संत दर्शन से पाप स्वयं छोड़कर चले जाते हैं। संत के भी कई प्रकार होते हैं। कोई केश से, कोई भेष से, कोई देह से, अंदर से, कोई बाहर से, कोई स्वभाव से, कोई आचरण से संत होता है। बिहारा के शुक्ला परिवार द्वारा आयोजित श्रीराम कथा सोमवार को विश्राम लेगी। कथा के सातवें दिन कथा सुनने पहुंचे भागवत रत्न आचार्य नवलेश दीक्षित ने कहा व्यास अनुज शास्त्री का माला पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर रमाकांत मिश्रा, रामनरेश मिश्रा, रमेश शुक्ला, किशोर चंद्र शुक्ला, सौम्या मिश्रा, राजा भैया शुक्ला, सूर्यपाल शुक्ला, अजय पयासी, मुन्ना त्रिपाठी, हिमांशु शुक्ला, द्वारिका द्विवेदी, संतोष कुमार मिश्रा, जगदीश प्रसाद मिश्रा आदि मौजूद रहे।

स्टेट कोआर्डिनेटर ने किया जल की गुणवत्ता का परीक्षण

चित्रकूटः ग्राम पंचायत मदना, गढ़ीकला ब्लॉक मानिकपुर व ग्राम पंचायत तीरमऊ ब्लॉक रामनगर में राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ से आए हुए स्टेट कोऑर्डिनेटर पूर्व आईएएस गया प्रसाद ने ग्राम पंचायत मदना में आईएसए गतिविधियों तथा जीबीपीआर द्वारा पाइपलाइन परियोजना की शुरुआत किए जाने का भी निरीक्षण किया। साथ ही एफटीके के लिए चयनित महिलाओं द्वारा जल गुणवत्ता की जांच का परीक्षण किया। स्टेट कोऑर्डिनेटर ने कार्यों की सराहना करते हुए समय-समय पर जल की जांच करते रहने की बात बताई। आईएसए द्वारा द्वितीय फेस में अब तक किए गए कार्यों का भी मूल्यांकन किया। इस मौके पर जीबीपीआर के श्रीनिवासन, टीपीआई से अभय नारायण दीक्षित, जल निगम एई विश्वनाथ यादव, जेई विजय, ग्राम प्रधान मदना दीप मिश्रा, तीर मऊ प्रधान सन्त सरण, आईएसए ओम ग्रामोद्योग एवं विकास समिति प्रयागराज टीम लीडर इंद्र भूषण राय, टीपी आई के अभय नारायण आदि मौजूद रहे।

केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश

कौशाम्बी। जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने आज जनपद में केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना के लिए ग्राम-पाता में चिन्हित की गई भूमि का स्थलीय निरीक्षण कर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि सभी आवश्यक कार्यवाही शीघ्र पूर्ण कर लिया जाव। जिलाधिकारी ने तहसीलदार मंझनपुर श्री भूपाल सिंह को नजरी नक्शा बनाने तथा फैन्सिंग कराने के निर्देश दियें। इसके साथ ही उन्होंने सरकारी भूमि पर हुए अतिक्रमण को भी हटवाने के निर्देश दिये।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्राणालय विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित व लोकमित्र कार्यालय आजाद नगर(निकट बड़ा शिवाला), मंझनपुर कौशाम्बी से प्रकाशित
सम्पादकः कृष्णानन्द त्रिपाठी

योग भारतीय सनातन धर्म का गौरव है- रत्नेश कुमार

मातृभूमि सेवा मिशन धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र की रायबरेली इकाई द्वारा प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम संपन्न

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली। भारत में योग हजारों साल पहले विकसित हुआ था तभी से योग का निरंतर अभ्यास किया जा रहा है योग के अंतर्गत व्यायाम,प्राणायाम ,मुद्रा ,बंध, ध्यान और योग आसन आते है मातृभूमि सेवा मिशन धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र इकाई रायबरेली द्वारा संचालित निःशुल्क योग शिविर में आज मुख्य अतिथि रत्नेश कुमार (जिला प्रभारी विद्यालय निरीक्षक) द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया और यूपी परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्राओं को प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार प्रदान किया गया मुख्य अतिथि के द्वारा सम्मानित छात्राएं -नैंसी यादव, अवनि पटेल, आयुषी गौतम ,रिचा गौतम ,साक्षी यादव, दीप्ति !मिशन के संयोजक प्रदीप पांडेय, हरिनाम सिंह डिग्री कॉलेज के प्रबंधक विजय सिंह बघेल ,

वरिष्ठ समाजसेवी राजन सिंह द्वारा अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया द्य मातृभूमि सेवा मिशन धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र हरियाणा के संस्थापक डॉक्टर श्रीप्रकाश मिश्र का उद्देश्य - मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है यह संस्था अनेक वर्षों से समाज के असहाय ,गरीब एवं जरूरतमंद बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु विद्यालय एवं छात्रावास सहित विभिन्न प्रकार की सामाजिक गतिविधियां संचालित कर रहा है मिशन के संयोजक प्रदीप पांडेय ने बताया कि मिशन का लक्ष्य ऐसे बच्चों को राष्ट्र की मुख्यधारा से जोड़कर एक आदर्श नागरिक बनाना है जिससे समाज के ऐसे बच्चे आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत के निर्माण में अपने दायित्व का निर्वाह कर सकें और भारत को विश्व गुरु बना सकें संस्था के वरिष्ठ सदस्य राजन सिंह ने कहा कि मातृभूमि सेवा मिशन की रायबरेली इकाई विगत 3 वर्षों से लोकमंगल की विभिन्न सामाजिक गतिविधियां संचालित कर रही है दैनिक योग संचालन योग प्रशिक्षक बृजमोहन के द्वारा शहीद स्मारक पार्क में प्रातः 5रू00 से 7रू00 के मध्य होता है समय-समय पर विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन होता है आज के कार्यक्रम का समापन सूरज सिंह के द्वारा सफलतापूर्वक हुआ द्यकार्यक्रम में उपस्थित अध्यात्मिक साधक - आर.के. सिंह, वासुदेव, बी.के. बरनवाल ,टीआर शर्मा ,महेश सिंह, रमेश बहादुर, उमा मिश्रा ,नूरजहां , पिंकू सिंह, बृजेश कुमार सिंह, कुलदीप सिंह, सचिन ,देव अग्रहरी, अमित कुमार, रामजी गुप्ता, सुधा यादव ,गिरीश कुमार, ओमप्रकाश शर्मा, जेपी सिंह तनु अग्रहरि आदि लोग मौजूद थे।

विदेश भेजने के नाम पर की गई धोखाधड़ी और लाखों रुपए ठगने का आरोप

रायबरेली लालगंज। कोतवाली क्षेत्र के मधुकर पुर निवासी मेराज अहमद पुत्र वारिस अली ने नरही हजरतगंज जिला लखनऊ निवासी खुर्शीद अख्तर व जमशेद अख्तर पुत्र गण मोहम्मद रबी के खिलाफ लालगंज कोतवाली में विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी करने व लाखों रुपए ठगने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। मामले की जानकारी देते हुए मेराज अहमद ने बताया कि प्रति पक्षी खुर्शीद और जमशेद से उनकी जान पहचान थी ।दोनों ने उन्हें झांसे में लेते हुए बताया कि उनकी दुबई में वहां के लोगों से जान पहचान है और वह वहां नौकरी दिलाने का काम करते हैं जिसके चलते झांसे में आकर मेराज अहमद ने स्वयं व अपने आठ साथियों के विदेश जाने का खर्च करीब 7लाख रुपए खाते के जरिए दोनों के सुपुर्द कर दिया और दो लाख रुपए नगद भी दिया। मेराज अहमद का कहना है कि पैसा देने के बाद मेराज और खुर्शीद ने सभी लोगों को विदेश भेज दिया लेकिन वहां पहुंचने पर पता चला कि सभी को टूरिस्ट वीजा पर भेजा गया है ।नौकरी नहीं मिलेगी जिसके कारण परेशान होकर विदेश गये सभी लोगों ने अपना ढाई लाख रुपए खर्च किया और किसी तरह भारत वापस आये।

प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी जी के पुण्यतिथि पर निशुल्क स्वास्थ्य एवं जांच शिविर का आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली। स्थानीय सिमहैंस हॉस्पिटल रायबरेली में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी जी के 33 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर निशुल्क स्वास्थ्य एवं जांच शिविर का आयोजन किया गया भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी जी की पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित इस शिविर में सिमहैंस हॉस्पिटल के निदेशक डॉक्टर मनीष चौहान नगर पालिका अध्यक्ष सत्रोहन सोनकर मोहम्मद इलियास भाई जिला कांग्रेस अध्यक्ष पंकज तिवारी शहर कांग्रेस अध्यक्ष धीरज श्रीवास्तव अतुल सिंह श्री विजय शंकर अग्निहोत्री श्री निर्मल शुक्ला एवं पूर्व अध्यक्ष श्री वीके शुक्ला जी ने राजीव गांधी जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की।

पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित इस निशुल्क स्वास्थ्य एवं जांच शिविर की सभी के द्वारा सराहना की गई इस शिविर में हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर गौरव मिश्रा ने निशुल्क मरीजों को परामर्श प्रदान किया एवं उनकी समस्याओं के निदान हेतु उन्हें उचित जानकारी प्रदान की निशुल्क स्वास्थ्य एवं जांच शिविर में हड्डियों की जांच के लिए बोन मास डेंसिटी मशीन भी मंगाई गई थी इस मशीन के द्वारा 121 लोगों ने अपनी जांच कराई साथ ही 67 लोगों ने ब्लड शुगर की जांच 88 लोगों ने ब्लड प्रेशर की जांच एवं 37 लोगों ने ईसीजी की जांच निशुल्क कराई निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 187 मरीज जो का परीक्षण किया गया एवं उन्हें उचित परामर्श प्रदान किया गया इस अवसर पर नगर के सम्मानित अतिथि गण भी उपस्थित थे जिसमें राजा साहब चंदापुर श्री हर्षेंद्र बहादुर सिंह , श्री मनोज गुप्ता ओमिका चौहान एम्स हॉस्पिटल का समस्त स्टाफ उपस्थित था।

डीएम ने महराजगंज स्थित अस्थाई गौशाला का किया औचक निरीक्षण, दिये आवश्यक निर्देश

रायबरेली। जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव ने महराजगंज की अस्थाई गौशाला हरदोई का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने गोवंशों के खानपान के बारे में एसडीएम महराजगंज व उपस्थित अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि गर्मी व बढ़ते हुए तमान को दृष्टिगत रखते हुए सभी गौशालाओं में गोवंशों को पीने हेतु समुचित पानी की व्यवस्था रहे तथा समय समय पर इनका सत्यापन भी सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि गोवंश को बीमारियों आदि से बचाव व गर्मी से राहत दिलाने के लिए सभी उपायों के साथ ही सभी व्यवस्थाओं को पूरी तरह से दुरुस्त की जाए। इसके अलावा गौशालाओं को ढक कर रखा जाए।

पशुओं को किसी भी प्रकार की बीमारी आदि न हो सके इसी जांच भी पशु चिकित्साधिकारी से नियमित रूप से कराते रहे। गोवंशों के खान-पान चारा आदि व्यवस्थाओं को पूरी तरह से दुरुस्त रखते हुए साफ सफाई के साथ ही किसी भी प्रकार की कमी न होने पाये और गौवंशों की बेहतरी के लिए निरंतर कार्य किये जाये। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निरीक्षण रजिस्टर, स्टॉक रजिस्टर, पंचनामा आदि रजिस्टरों का अवलोकन किया तथा सम्बन्धित अधिकारी से निरीक्षण आदि व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि कस्बों में जो आवारा गौवंश मिले उन्हें गौशालाओं में पहुचाकर उसका संरक्षण किया जाये।जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी महराजगंज व सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये कि गौशालाओं को प्रभावी तरीके से संचालित किया जाये तथा गौशालाओं में निराश्रित गोवंशों को रखा जाए तथा उनकी देखभाल भी बेहतर तरीके से की जाये। शहर व ग्राम पंचायत में किसी भी दशा में गोवंश निराश्रित न घुमता मिले। इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता व लापरवाही न बरती जाये। उन्होंने कहा कि गौशालाओं में चारा, पानी आदि में किसी भी प्रकार की कोई कमी न रहे।इस अवसर पर उपजिलाधिकारी महराजगंज, पशु चिकित्साधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी जी की 33वीं पुण्यतिथि के अवसर पर जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी रायबरेली ने विभिन्न कार्यक्रमों का किया आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी जी की 33वीं पुण्यतिथि के अवसर पर जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी रायबरेली ने विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया।

कार्यक्रम की शुरूआत जिला पंचायत परिसर स्थित राजीव गांधी जी की प्रतिमा पर जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी व शहर अध्यक्ष धीरज श्रीवास्तव एवं अन्य उपस्थित कांग्रेस जनों द्वारा माल्यार्पण, जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा तिलक भवन में श्रद्धांजलि सभा, प्रत्याशी विधानसभा सदर डा.मनीचेयरमैन नगर पालिका परिषद शत्रोहन सोनकर, पूर्व महामंत्री उ.प्र. कांग्रेस कमेटी ओ.पी. श्रीवास्तव, पी.सी.सी.सदस्य संजीव पाण्डेय व अभय त्रिवेदी कमेटी द्वारा जिला कांग्रेस कार्यालय तिलक भवन में भोजन वितरण कर पुण्यतिथि मनाई गयी। प्रवक्ता महताब आलम ने बताया कि आधुनिक भारत के निर्माता एवं कम्प्युटर क्रान्ति के जनक श्री राजीव गांधी जी को देष हमेषा याद रखेगा। उनकी पुण्यतिथि पर रायबरेली जनपद के सभी ब्लाक कांग्रेस कार्यालय बछरावां, महराजगंज, षिवग-सजय, हरचन्दपुर, सतांव, खीरो, राही, अमावां, लालगंज, डलमऊ, सरेनी, ऊंचाहार, जगतपुर,

दीनषाहगौरा, रोहनियां में राजीव गांधी जी के चित्र पर माल्यार्पण कर भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी जी की 33वीं पुण्यतिथि मनाई। इस अवसर पर प्रमुख रूप से विधानसभा प्रत्याषी श्रीमती सुधा द्विवेदी व अतुल सिंह, प्रवक्ता महताब आलम, पूर्व चेयरमैन नगर पालिका परि-नवजयाद मो. इलियास, वी.के शुक्ला, विजयषंकर अग्निहोत्री, निर्मल शुक्ला, सईदुल हसन,रवीन्द्र सिंह, अजीत सिंह,

नौषाद हुसैन खतीब, जे.पी.त्रिपाठी, आर.के. सिंह, घनष्याम शुक्ला, मनोज तिवारी, वीरेन्द्र यादव, कल्याणचन्द्र श्रीवास्तव, जितेन्द्र शुक्ला, हाफिज रियाज, अनिल मिश्रा, कामता नाथ सिंह, मो.अषरफ खान, सौरभ शुक्ला, श्रीमती रेनू सिंह, श्रीमती जयश्री त्रिपाठी, प्रमोद पाण्डेय, आषी-नवजया द्विवेदी, सूर्य कुमार बाजपेई, मनोज मिश्रा, सर्वोत्तम मिश्रा, संतो-नवजया मौर्य, छोटे मिश्रा, बाबू यादव, मो.असलम, अंषुमान गांधी, अंकुर सिंह चौधरी, सै.अरषद, मो.सरताज, सुमित कुमार विमल सहित अन्य कांग्रेसी जन मौजूद रहे।

दम्पति की बाइक में अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मौके पर ही महिला की दर्दनाक मौत

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली सलोन। रेस्टोरेंट से खाना खाकर लौट रहे दम्पति की बाइक में अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी।दुर्घटना में मौके पर ही महिला की दर्दनाक मौत हो गई।जबकि युवक को सीएचसी सलोन से जिला अस्पताल रिफर किया गया है।घायल युवक सीएचसी सलोन में डाटा ऑपरेटर है।सलोन कोतवाली क्षेत्र के राजापुर माफी निवासी उदयभान उर्फ रिंकू पुत्र रमाकांत सीएचसी सलोन में डाटा कर्मी के पद पर तैनात है।शनिवार की देर रात उदयभान और उसकी पत्नी धनलक्ष्मी(35)अपने स्टाफकर्मियों के साथ हाइवे पर स्थित एक रेस्टोरेंट में डिनर करने गए हुए थे।डिनर करने के बाद अन्य लोग बाईपास से अस्पताल की ओर चले गए। जबकि उदयभान अपनी पत्नी के साथ अपाचे मोटर साइकिल से घर राजापुर माफी जा रहा था।इसी बीच किसी अज्ञात वाहन ने राष्ट्रीय राजमार्ग रम्पा का पुरवा मोड़ के पास बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।जिससे महिला का सिर किसी पत्थर से टकरा गया।वही युवक टक्कर लगने के बाद बाइक समेत फिसलकर सड़क किनारे गिर गया।घण्टो दोनो पति पत्नी सड़क किनारे खाई ने रक्त रंजित अवस्था मे पड़े रहे।इसी बीच होश में आने पर युवक ने दुर्घटना की जानकारी मोबाइल पर परिजनों को दी।घटना स्थल पर जबतक परिजन पहुँचते महिला की मौत हो चुकी थी।

जबकि युवक को सीएचसी सलोन से जिला अस्पताल रिफर किया गया है।महिला की मौत की सूचना पर परिजनों में मातम छाया है।ग्रामीणों ने बताया कि मृतक के तीन बच्चे है।बड़ी बेटी पंखुड़ी(7)बेटा वेद(5)और अर्थव(3)है।सलोन कोतवाल नारायण कुशवाहा ने बताया कि मृतका के शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है।एडिशनल सीएमओ ने बताया की घायल युवक सीएचसी में डाटा ऑपरेटर कर्मी था।बीती रात हुई सड़क दुर्घटना हृदय विदारक है।अस्पताल में दो मिनट का मौन रखकर मृत आत्मा के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की गई है।

राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन संपन्न

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण व उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन आज दीवानी परिसर रायबरेली में किया गया। उक्त कार्यक्रम का उद्घाटन तरुण सक्सेना माननीय अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जनपद न्यायाधीश के द्वारा दीप प्रज्वलन व सरस्वती के चित्र पर पुष्प चढ़ा करके किया गया। जिला जज द्वारा उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए बताया गया कि न्याय व्यवस्था में वादकारियों का हित सर्वोच्च होता है। वादकारियों के मध्य सुलह-समझौते के आधार पर लम्बित मामलों को निपटाने व आमजन को सुलभ व सुगम न्याय उपलब्ध कराने हेतु राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर प्रधान न्यायाधीश-कुटुम्ब न्यायालय सत्य प्रकाश त्रिपाठी, चेयरमैन-मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण महेन्द्र नाथ, अपर प्रधान न्यायाधीश चन्द्रमणि मिश्रा, विशेष न्यायाधीश एस0सी0एस0टी0 सतीश कुमार त्रिपाठी, त्रिपुरारी मिश्रा, अपर जिला जज विद्याभूषण पाण्डेय (नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय लोक अदालत), मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पवन कुमार सिंह व अन्य न्यायिक अधिकारीगण, सिटी मजिस्ट्रेट, सेन्ट्रल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कमलेश चन्द पाण्डेय, महामंत्री अमरेन्द्र सिंह व विभिन्न बैंक के अधिकारीगण भी उपस्थित रहे। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अपर जिला जज उमाशंकर कहार ने बताया की राष्ट्रीय लोक अदालत में एक लाख छब्बीस हजार से अधिक मुकदमे निस्तारित किये गये। बैंको व फाइनेन्स कम्पनियों के प्री-लिटिगेशन स्तर पर मामले निस्तारित कराये गये तथा मौके पर ही समझौते कराये गये। इस लोक अदालत में अन्य मामलों के साथ-साथ बड़ी संख्या में ई-चालान के मामले, चेक बाउंस (एन0आई0एक्ट) के मामले तथा वैवाहिक विवाद के मामले निस्तारित किये गये। तलाक के मुहाने पर खड़े कई जोड़ों का सुलह-समझौता कराकर वापस भेजा गया। आमजन की सहायता के लिए न्यायालय परिसर में कई जगह सहायता पटल व हेल्प डेस्क बनाये गये। राष्ट्रीय लोक अदालत में आने वाले सभी व्यक्तियों के हैण्ड सैनिटाइजेशन व मास्क की व्यवस्था की गयी थी।

जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट, मुकदमा दर्ज

रायबरेली लालगंज । कोतवाली क्षेत्र के नरपतगंज में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट की घटना हुई है ।मारपीट की घटना में एक पक्ष से मोहम्मद शमीम और नियाज घायल हुए हैं। वहीं दूसरे पक्ष से नसीम और चांद बाबू घायल हुए हैं ।मामले में मोहम्मद शमीम पुत्र खैराती ने प्रति पक्षी चांद बाबू ,नौशाद, नफीस और नब्बू के खिलाफमामला दर्ज कराया है तो वहीं दूसरे पक्ष से नसीम पुत्र डब्बू ने इस्लाम ,नियाज, रियाज ,समीम, चांद बाबू व एक अन्य के खिलाफमारपीट करने के बाबत मामला दर्ज कराया है ।नसीम का आरोप है कि प्रतिपक्षी गणों ने उनकी टीन शेड व पक्की दीवार गिरा दिया है। लालगंज पुलिस ने दोनों पक्षों का मुकदमा दर्ज कर लिया है और विवेचना शुरू कर दी है।

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन रायबरेली एवं मेदांता हॉस्पिटल लखनऊ के सहयोग से एक इंटरएक्टिव सेशन का हुआ आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन रायबरेली एवं मेदांता हॉस्पिटल लखनऊ के सहयोग से एक इंटरएक्टिव सेशन का आयोजन कंटिन्युड मेडिकल एजुकेशन के तहत 19 मई को किया गया इस कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर सौरव निगम द्वारा किया गया इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ ब्रजेश बहादुर सिंह ने आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया इस कार्यक्रम में मेदांता हॉस्पिटल लखनऊ से यूरोलॉजी एंड किडनी ट्रांसप्लांट सर्जरी डिपार्टमेंट के निदेशक डॉक्टर अनीश श्रीवास्तव ने यूटीआई अंडरस्टैंडिंग इसबलस एम डी आर इंपैक्ट ऑन द यूरोलॉजी प्रैक्टिस विषय पर अपने व्याख्यान प्रस्तुत किए एवं एंडोक्राइन एंड ब्रेस्ट सर्जरी डिपार्टमेंट के निदेशक डॉ अमित अग्रवाल ने ब्रेस्ट कैंसर एंड इमर्जिंग एपिडेमिक विषय पर अपने व्याख्यान प्रस्तुत किए उपस्थित सभी चिकित्सकों ने मेडिकल एजुकेशन प्रोग्राम का आनंद उठाया और दोनों ही वक्ताओं से अपने प्रश्नों के उत्तर प्राप्त किए और अपनी शंकाओं का समाधान किया आज के समय में दिन पर दिन मेडिकल एजुकेशन अपने आप को अपडेट करता जा रहा है इसी प्रकार चिकित्सकों को भी अपने आप को अपडेट अपडेट करने का मौका मिलना चाहिए जिससे कि हम नई सुविधाओं और नई विधाओं की जानकारी प्राप्त कर अपने मरीजों को कम पैसे में अच्छी सुविधाओं का लाभ दे सके कार्यक्रम के अंत में डॉक्टर ओमिका चौहान सचिव इंडियन मेडिकल एसोसिएशन रायबरेली ने सभी के प्रति अपना धन्यवाद ज्ञापित किया इस अवसर पर डॉक्टर डीआर मोरया डॉक्टर मनीष त्रिवेदी डॉ एस पी मौर्या डॉ अरविंद गुप्ता डॉ आर एस मालवीय डॉ अपर्णा अग्रवाल डॉ विकास द्विवेदी डॉक्टर एमपी सिंह आदि चिकित्सकों ने कार्यक्रम का लाभ उठाया

चोरी की घटना का लालगंज पुलिस ने किया खुलासा,चोरी के सामान के साथ दो अभियुक्तों को किया गिरफ्तार और भेजा जेल

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली लालगंज। प्रभारी निरीक्षक शिव शंकर सिंह और उनकी पुलिस टीम ने 4 मई की रात हुई अदरक चोरी की घटना का खुलासा किया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि चोरी की घटना करने वाले जगतपुर रामगढ़ी निवासी अमित कुमार पुत्र इंद्रपाल पासवान और नीरज कुमार पुत्र बृजमोहन निवासी ग्राम चिखड़ी थाना खीरों को पकड़ा गया है ।उनके पास से अदरक चोरी कर उसे बेचकर 73300रुपये और बची हुई चार बोरी अदरक भी बरामद हुई है दोनों अभियुक्तों को मुखबिर की सूचना पर सेमरपहा बाईपास के नजदीक से पकड़ा गया है। चोरी की घटना में प्रयुक्त बोलेरो पिक अप वाहन संख्या यूपी 33 केटी1809 भी बरामद हुई है। पिकअप को सीज कर दिया गया है। चोरी करने वाले अभियुक्तों को पकड़ने वाली टीम में कोतवाल शिव शंकर सिंह सहित उप निरीक्षक राजेश यादव, उपनिरीक्षक अजय मिश्रा ,सिपाही नितिन परमार, राहुल पटेल और आकाश कुमार शामिल रहे। वही उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष विवेक शर्मा ने चोरी की घटना के खुलासे पर संतोष जताया है। हालांकि कृषि उत्पादन मंडी समिति लालगंज प्रशासन मंडी के अंदर चोरी की घटना को नकार रहा है। मंडी के अधिकारियों का कहना है कि जब किसी भी तरह की जिन्स व्यापारी के द्वारा मंडी में लाई ही नहीं गई है तो चोरी मंडी से कैसे हुई है।

भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यसमिति की बैठक संपन्न

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली। भारतीय जनता पार्टी जिलाकार्यसमिति की बैठक लोकसभा प्रभारी वीरेंद्र तिवारी के मार्गदर्शन में जिला अध्यक्ष रामदेव पाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें मुख्य अतिथि अवध क्षेत्र की क्षेत्रीय महामंत्री श्रीमती नीरज वर्मा जी के द्वारा शीर्ष नेतृत्व द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए योजना रचना की गई एवं केंद्र एवं प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को जन जन तक पहुंचाने के लिए कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया गया शासन की मंशा अनुसार किसानों की समस्याओं के निस्तारण के लिए प्राथमिकता से चर्चा की गई जिसमें किसान सम्मान निधि से वंचित किसानों का पंजीकरण कराकर किसान सम्मान निधि दिलाने का संकल्प लिया गया एवं जून माह में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा चलाए जा रहे अभियानों में कार्यकर्ताओं को घर-घर संपर्क अभियान सभी मंडलों में मंडल की बैठक मंडल कार्य समिति की बैठक करके घर-घर संपर्क अभियान प्रत्येक कार्यकर्ता को अपने बूथ पर करना है प्रदेश नेतृत्व द्वारा पार्टी द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों पर व्यापक चर्चा की गईइस अवसर पर राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह विधायक अशोक कुमार पूर्व विधायक रामलाल अकेला धीरेंद्र बहादुर सिंह पूर्व जिला अध्यक्ष सुशील शर्मा लोकसभा संयोजक आरबी सिंह प्रदेश कार्यसमिति सदस्य किरण सिंह राहुल हसन रिजवी जिला महामंत्री अमरेश मौर्य शरद सिंह दिनेश त्रिपाठी मारुति मिश्रा जिला उपाध्यक्ष दल बहादुर सिंह वीरेंद्र सिंह जन्मेजय सिंह देवेंद्र सिंह मोहित अग्रवाल जिला मंत्री विवेक शुक्ला विजय सिंह ओमकार यादव राधेश्याम पाल कृष्णा चौधरी संतोष गुप्ता निखिल पांडे आकांक्षा शुक्ला सुधा अवस्थी किरण भारती

श्रृंग्वेरपुरधाम मे खून के धब्बो की हुई जाँच,भैरव बाबा प्रतिमा के साथ शिव मन्दिर तोड़ा

लोकमित्र ब्यूरो

लालगोपालगंज (प्रयागराज)। श्रृंग्वेरपुरधाम मे राजघाट के गंगा तट पर स्थित भैरव बाबा मंदिर मे असामाजिक तत्वों द्वारा भैरव बाबा प्रतिमा और शिव मन्दिर के साथ प्रांगण को तोड़ दिया गया है। जिसकी जानकारी थाना नवाबगंज पुलिस को मिलते ही पुलिस फ़ोर्स घटना स्थल पर पहुँच गई।जानकारी के मुताबिक श्रृंग्वेरपुरधाम मे स्थानीय ग्रामीणों द्वारा एक दशक पहले भैरव बाबा प्रतिमा स्थापित की गई थी। जिसे असामाजिक तत्वों द्वारा तोड़े जाने के बाद ग्रामीणों मे आक्रोश व्याप्त हो गया। भैरव बाबा प्रतिमा की आँख, सिर, भुजा और पैर को खंडित कर दिया गया है। साथ ही चबूतरे पर लगी टाइल्स और शिव मंदिर मे भी तोड़फोड़ कर दी गई। थाना नवाबगंज अंतर्गत श्रृंग्वेरपुर पुलिस चौकी क्षेत्र मे मन्दिर तोड़े जाने और खून के धब्बे पाए की संभावना को देखते हुए ग्रामीणो मे हाहाकार मच गया। सुबह से शाम तक ग्रामीण आस्था पर हुई चोट को लेकर परेशान रहें। भैरव बाबा और शिव मंदिर मे हुई तोड़ फोड़ के घटना की जानकारी ग्रामीणों ने थाना नवाबगंज पुलिस को दी। घटना की जानकारी सूचना पाते ही थाना प्रभारी अनूप सिंह पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच गए। तत्काल ग्रामीणों की आस्था को देखते हुए जाँच पड़ताल भी शुरू कर दी गई। ग्रामीणों ने भैरव बाबा चबूतरे पर खून के छींटे फैले होने के बारे मे इंस्पेक्टर अनूप सिंह को बताया। हालांकि प्रभारी ने कहा कि खून के छींटे नहीं लग रहे है। बावजूद इसके प्रभारी ने फॉरेनसिक जाँच कराई। प्रभारी थाना नवाबगंज ने घटना स्थल पर ग्रामीणों से कहा कि तोड़ फोड़ किसी नसेड़ी या पागल व्यक्ति द्वारा किया गया लग रहा है। श्रृंग्वेरपुर महोत्सव के महामंत्री अरुण द्विवेदी और संजय गुप्ता ने श्रृंग्वेरपुर पुलिस चौकी मे मामले की गंभीरता से जाँच कराये जाने के लिए तहरीर दिया है। महामंत्री अरुण द्विवेदी ने कहा कि हमारे भगवान की प्रतिमा पर इस तरह का प्रहार हमारी आस्था पर गंभीर चोट है। इसी के साथ शासन से दोषी को गिरफ्तार करने की मांग भी उठाई है।

खून के छींटे के बीच पति के गायब होने पर महिला भटकती रही

श्रृंग्वेरपुरधाम मे मंदिरों मे फोरेंसिक टीम ने खून के छींटे की जाँच करने मे जुटी हुई थी। उधर बेसहारा महिला अपने पति की की खोजबीन मंदिर के आसपास करती रही। रामचौरा निवासी शिवकुमारी पति रामगनेश पंडा की तलाश दिनभर करती रही। बताया कि शनिवार से पति गायब है। शिवकुमारी का कहना है कि पति ने पीला कुर्ता, मेहरून धोती और सफ़ेद गमछा पहन कर घर से निकले थे। मैं उन्हें ढूंढ रही हूँ। कोई तो हमारी मदद करो। पति के गायब होना और खून के छींटे ग्रामीणों को संदेह करने मे मजबूर कर रहें है।

फॉरेंसिक टीम ने मन्दिर मे लिया सैम्पल, धब्बो की हुई जाँच

श्रृंग्वेरपुरधाम मे भैरव बाबा मन्दिर मे हुए कड़े प्रहार और चबूतरे पर खून के छींटे जैसे मिलने पर साइंस फॉरेन्सिक लैब की टीम जाँच के लिए घटना स्थल पर पहुँची। फॉरेन्सिक टीम ने जगह जगह खून के सैम्पल लिये। मंदिर मे धब्बो पर कैमिकल डाला गया। इसी के साथ टीम द्वारा टाइल्स के टुकड़े भी साथ मे ले गए।

कई दिनों से जल निगम की मुख्य आपूर्ति पाइप लाइन टूटी, पानी के लिए त्राहि त्राहि

लोकमित्र ब्यूरो

नारीबारी(प्रयागराज)। टोंस पम्प गौरा में जल निगम पाइप लाइन टूटने से चार दिन से क्षेत्र के दर्जनों गांवो में पेयजल का संकट उत्पन्न हो गया है।पठारी क्षेत्र होने के कारण गर्मी बढ़ते ही क्षेत्र में पेयजल संकट बढ़ता जा रहा है। पूर्व में सैकड़ों गांवो को आपूर्ति करने वाले जल निगम की दशा इतनी दयनीय हो गई की आसपास के गांवो में भी पेयजल आपूर्ति करने में नकारा साबित हो रहा है। टोंस नदी गौरा पंप से नारीबारी जल निगम टैंक में पानी एकत्र कर आसपास के गांवो में आपूर्ति किया जाता है। पांच दिन पहले गौरा से आपूर्ति लाइन भ्रष्ट हो गई है। सहायक अभियन्ता जल निगम नारीबारी अजीत मौर्य ने बताया कि नगरीय आपूर्ति में फाल्ट है।अवर अभियंता नगरीय श्यामबाबू पाल ने बताया कि चालीस साल पुरानी पाइप लाइन भ्रष्ट हो गई है। मरम्मत में दिक्कत हो रही है।शंकरगढ़ नगर तक पेयजल आपूर्ति करने की योजना है। नारीबारी से शंकरगढ़ तक नई पाइप लाईन बिछ गई है। कल्याणपुर तक आपूर्ति शुरू हो गई थी। किन्तु गौरा से नारीबारी की मुख्य आपूर्ति पाइप लाइन भ्रष्ट हो गई है। मरम्मत कराया जा रहा है। वहीं जल स्तर गिरने के कारण क्षेत्र के अधिकतर हैंडपंप भी नाकारा हो कर हवा और कीचड़ उगल रहे हैं।

नारीबारी बड़ौदा बैंक के आगे गुरुकुलम विद्यालय मोहल्ले में सड़क के किनारे लगे हैंड पंप को घर के अन्दर कर लेने से दो दर्जन घरों के सैकड़ों लोगों को जल निगम आपूर्ति बन्द होने पर डिब्बा लेकर बूंद बूंद पानी के लिए भटकना पड़ रहा है।वहीं नारीबारी गांव में वार्ड नंबर तीन, चार में जल निगम की महीनों से खुदी पाइप लाइन जोड़ने के चक्कर में युवक की करेंट से जान चली गई।इसी तरह सुखल सहनी, गन्ने सीधटिकट, झझरा चौबे आदि गांवो में हैंड पंप बेकार हो चुके हैं। कुछ गांवो में गर्मियों में टैंकर से जलापूर्ति किया जाता था। ग्रामीणों ने जल स्तर सुधार हेतु जल निगम की आपूर्ति सुचारू रूप से चलवाने एवं नहर चलवाने की मांग किया है।

पुलिस ने वारंटी को किया गिरफ्तार

लोकमित्र ब्यूरो

फूलपुर (प्रयागराज)। फूलपुर पुलिस ने जरिये मुखबिर मिली सूचना के आधार पर मामले के एक वांरटी को उदईपुर गाँव से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पकड़े गये आरोपी के विरूद्ध लिखा-पढी कर जेल भेज दिया।बताया जाता है कि फूलपुर पुलिस द्वारा परिवाद सं0 513/21 धारा 138 एनआई एक्ट थाना सिविल लाइन्स से संबधित वांरटी समर बहादुर पटेल पुत्र गौरी शंकर पटेल निवासी उदईपुर पो0 कोठारी थाना फूलपुर को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध लिखा-पढी कर जेल भेज दिया। पुलिस टीम में उ0नि0 सुनील प्रसाद व हे0कां0 रामाश्रय सिंह यादव शामिल रहे।

मनरेगा मजदूर कम दाम पर कार्य करने को मजबूर

लोकमित्र ब्यूरो

फूलपुर (प्रयागराज)। सरकार द्वारा संचालित महात्मागांधी रोजगार गारंटी योजना इन दिनो बहुत ही दैनिय स्थिति में गुजर रही है। सरकार ने जब इस योजना को लागू किया था तो गरीबो, मजदूरा व मजलूमों के चेहरे पर एक खुशी की आश जगी थी। किंतु तकनीकी खामियों और सरकार की गड़बड़ नीतियों के चलते अब मनरेगा में काम करने के लिए गांवो में मजदूर ढूंढना काफी टेढ़ी खीर साबित हो रहा है। शासन से दबाव आता है कि मनरेगा के अंतर्गत मानव दिवस श्रीजन किया जाय। अधिक से अधिक लोगो को रोजगार से जोड़ा जाय गांवो में जल संचयन के लिए तालाबों की खोदाई, चकमार्गों का निर्माण कराया जाय। जिसको लेकर ब्लाक स्तर पर खंड विकास अधिकारी से लेकर मनरेगा तकनीकी सहायक को जिम्मेदारी दी गई है। यही नहीं गांव स्तर पर ग्राम रोजगार सेवक महिला मेठ से लेकर ग्राम पंचायत विकास अधिकारी और ग्राम प्रधान पर दबाव दिया जाता है कि गांवो में मनरेगा के तहत अधिक से अधिक लोगो को उक्त रोजगार से जोड़कर उन्हे काम दिया जाय, किंतु विडंबना यह है कि गांवो में इस समय मजदूरों की मजदूरी साढ़े तीन सौ रुपए से लेकर चार सौ रुपए प्रतिदिन मिल रही है। यहां तक कि उन्हे चाय व नाश्ता भी नही दिया जाता। केंद्र और प्रदेश सरकार जब से मुफ्त राशन वितरण करने लगी तब से मजदूर मिलना काफी मुस्किल हो गया है। उसके बाद मनरेगा मजदूरों को वर्तमान समय में सरकार 230 रुपए दिहाड़ी के हिसाब से अब देना शुरू किया है। जबकि पूर्व वर्ष में यह 213 रुपए ही मिलता था। इतना ही नही समय से इनके खातों में पैसा भी नहीं आता, कभी दो महीने तो कभी तीन तीन महीने इंतजार करना पड़ता है। यही नहीं अब तो सरकार ने एक अलग ही आदेश जारी कर दिया है की सभी की हाजिरी अब आन लाइन होगी जो मौके पर उपस्थित रहेगा। उसी के खाते में मजदूरी का पैसा जायेगा ऐसे में गांवो में मनरेगा मजदूर मिलना काफी कठिन काम हो गया है। इसको लेकर गांव स्तर पर महिला मेठ से लेकर ग्राम रोजगार सेवक, ग्राम पंचायत विकास अधिकारी और ग्राम प्रधान तक मजदूर खोजने में हैरान रहते है। शनिवार को फूलपुर विकास खंड के कोड़ापुर गांव में तालाब खुदाई का कार्य करने पहुंचे मनरेगा मजदूरों का दर्द सुनकर सरकार की नीतियों पर सवाल खड़ा हो रहा है। इस संबंध में खंड विकास अधिकारी फूलपुर हनुमान प्रसाद वर्मा ने बताया कि यह सरकार की महत्वपूर्ण योजना है। मनरेगा मजदूरो की मजदूरी सरकार तय करती है। हम तो केवल शासन के निर्देश का पालन कराने के लिए लगे रहते है।

दबंगो ने दुकानदार से की मारपीट, दी जान से मारने की धमकी

थरवई (प्रयागराज)। थरवई थाना क्षेत्र के तकिया चौराहे पर स्थित एक मिठाई की दुकान पर दंबगों ने जमकर तोड़फोड़ करते हुए दुकानदार को जान से मारने की धमकी दिया। भुक्तभोगी ने थाने जाकर आरोपी के विरूद्ध तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज करया है। जानकारी के मुताबिक राजमनी पटेल तकिया चौराहे पर अपनी मिठाई की दुकान चलाता है। रविवार को उसकी दुकान पर जितेंद्र पटेल निवासी गारापुर अपने एक सहयोगी के साथ पहुंचा और गाली गलौच करने लगा। जब राजमनी ने विरोध किया तो दबंगो ने ईट पत्थर चलाना शुरू कर दिया। जिससे राजमनि के दुकान काउंटर टूट गया। दबंगो ने राजमनि को जान से मारने की धमकी देते हुए चले गये। भुक्तभोगी ने थाने जाकर आरोपी के विरूद्ध लिखित तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराया। पुलिस मामले की जॉच में जुट गई है।

निरोगी जीवन के लिए मोटा अनाज बहुपयोगी: गणेश केसरवानी

प्रयागराज। भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश वरिष्ठ महामंत्री व उप्र खाद्य पदार्थ उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष और कार्यक्रम संयोजक ज्ञानेश मिश्र के नेतृत्व में मोटा अनाज ÷श्री अन्न÷ खाए -स्वस्थ रहे व निरोगी रहे* ÷ के नारे व पोस्टर के साथ प्रधानमंत्री की प्रेरणा से व्यापार मंडल द्वारा वर्ष 2023 को मिलेट्स ईयर अर्थात मोटा अनाज वर्ष मनाया गया। इसके तहत सभी वर्ग के लोगो को मोटा अनाज÷ श्री अन्न ÷खाने के लिए प्रेरित व जागरूक करने के उद्देश्य से सिविल लाइंस बस अड्डा पर आयोजित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रयागराज महापौर गणेश केसरवानी द्वारा उद्घाटन करके मोटा अनाज ÷श्री अन्न÷ वितरण व जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर पर आने वालो लोगो को मोटा अनाज मुफ्त वितरित करके इसके खाने के फायदे भी बता

कर जागरूक किया गया। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि प्राचीन भारत में हमारे ऋषि- मुनियों ने मानव कल्याण और मानव जीवन को निरोगी बनाने के लिए अनेकों उपाय किए जिसमें से मुख्य रूप पौष्टिक आहार, जीवन रक्षक औषधि, योग और स्वच्छ प्राकृतिक वातावरण पेड़ पौधे एवं स्वच्छ जल पर विशेष ध्यान दिया जिसे आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वस्थ भारत निर्माण के लिए ऋषि मुनि की परंपराओं को अंगीकार कर रहे हैं यही कारण है।श्री केसरवानी ने आगे कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के प्रयास से संयुक्त राष्ट्र ने इस वर्ष 2023 को मिलेट्स ईयर (मोटा अनाज वर्ष) घोषित किया है और संयुक्त राष्ट्र के आवाहन पर भारत सहित 72 से अधिक देश इस वर्ष 2023 को अंतरराष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष मना रहे है। मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी नेबताया कि मोटा अनाज वितरण में प्रमुख रूप से 700 पैकेट ज्वार, 700 पैकेट बाजरा, 700 पैकेट मक्का के अलावा चना जोधरीआदि रहे।अभियान में प्रयागराज महानगर महामंत्री नवीन अग्रवाल, कानपुर से भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के महानगर महामंत्री मनीष गुप्ता सलोने व युवा महामंत्री मनोज विश्वकर्मा, राजेश केसरवानी, दुर्गेश त्रिपाठी, रमेश गुप्ता, अब्दुल वहीद, बुंदेलखंड से प्रकाश गुप्ता व राकेश गुप्ता, प्रयागराज से जिलाध्यक्ष अनिल दुबे, युवा अध्यक्ष आयुष गुप्ता, उपाध्यक्ष रोहित गुप्ता,पुरषोत्तम वैश्य, अभिनव सिंह, अभिषेक सिंह, मो अयूब और लखनऊ सहित महानगरों के अलावा प्रदेश के अन्य जिलों से व्यापारी शामिल थे।

निर्माण में घटिया सामग्री प्रयोग किए जाने पर डीजीपीडब्ल्यूडी को लिखा पत्र

प्रयागराज। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के विज्ञान विभाग परिसर के एमसीसी ग्राउंड में निर्माणाधीन लेक्चर हॉल में बुलंद इंफ्रा द्वारा घटिया सामग्री प्रयोग किए जाने पर डीजी सीपीडब्ल्यूडी शैलेंद्र शर्मा से लिखित शिकायत की गई है।इलाहाबाद विश्वविद्यालय के छात्र नेता अजय यादव सम्राट ने पत्र के माध्यम से अवगत कराया कि इलाहाबाद विश्वविद्यालय में भ्रष्टाचार का विकराल रूप देखने को मिला अधीक्षण अभियंता के मिलीभगत से घटिया सामग्री प्रयोग करके बिल्डिंग बनाई जा रही है। आरोप है कि ढलाई में सीमेंट का प्रयोग मानक के अनुरूप नहीं है। बालू बहुत ही महीन व घटिया बालू का प्रयोग किया जा रहा है। प्लास्टिक साइजर का प्रयोग कम एवं घटिया कंपनी का प्रयोग किया जा रहा है। आरोप है कि गिट्टी 20 एमएम तथा 10 एमएम का भी घटिया प्रयोग किया जा रहा है।बिल्डिंग में हो रहे भ्रष्टाचार के खिलाफ 3 मई को पत्र के माध्यम से अधिशासी अभियंता एवं अधीक्षण

अधीक्षण अभियंता पर मिलीभगत का छात्र नेता ने लगाया आरोप

अभियंता को अवगत कराया गया परंतु अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई जब मैं दोबारा 11 मई को इस प्रकरण में अधीक्षण अभियंता स्वप्निल पाठक से मिलकर उनको अवगत कराना चाहा लेकिन उन्होंने इस मामले पर मुझसे मिलने से मना कर दिया क्योंकि इनकी मिलीभगत से कार्य हो रहा है। कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है छात्र नेता अजय सम्राट ने पत्र के माध्यम से डीजी सीपीडब्ल्यूडी शैलेंद्र शर्मा से मांग किया कि इस मामले को स्वतः संज्ञान लेकर एक उच्च स्तरी कमेटी गठित करके जांच करवाई जाए और अधीक्षण अभियंता स्वप्निल पाठक के साथ-साथ जितने भी इसमें जिम्मेदार अधिकारी संलिप्त हैं उन पर विधिक कार्रवाई की जाए।

जागरण का भाव पत्रकारिता का प्रमुख भाव है: प्रो. तिवारी

हिंदी पत्रकारिता और साहित्य निर्माण विषयक संगोष्ठी का समापन

प्रयागराज। हिन्दी पत्रकारिता और साहित्य की जुगलबंदी से समाज को चेतना प्राप्त होती है। राष्ट्रीय चेतना का निर्माण इसी पत्रकारिता से संभव हुआ है। जागरण का भाव पत्रकारिता का प्रमुख भाव है। आज पठनीयता की समस्या पत्रकारिता की प्रमुख समस्या बनती जा रही है। उक्त बातें %हिंदी पत्रकारिता और साहित्य निर्माण% विषयक दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के तृतीय सत्र में बोलते हुए बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के प्रो. मुन्ना तिवारी ने कहीं। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय से पधारे डॉ. मलखान सिंह ने कहा कि हमें सकारात्मकता के साथ पत्रकारिता की चुनौतियों से निपटना चाहिए। रचना समय की उपज है इसी तरह पत्रकारिता भी अपने समय की ही उपज होती है और उसके सवाल भी अपने समय के सवाल होते हैं। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के डॉ. धनंजय चोपड़ा ने कहा इलाहाबाद शहर स्वराज पत्रिका का शहर है, 1868 की %वृतांत दर्पण% हो या

बाद की %हिंदी प्रदीप% %प्रयाग समाचार% हो अथवा %अभ्युदय% प्रयाग ने हिंदी पत्रकारिता को महत्वपूर्ण योगदान दिया है। प्रयाग, प्रयोगों का शहर है, चाहे कुंभ की भीड़ को संभालने का प्रयोग हो, पांच प्रधानमंत्रियों का प्रयोग हो या फिर साहित्यिक आंदोलनों का प्रयोग, प्रयाग का सशक्त हस्तक्षेप सब जगह मिलता है। पत्रकार के निर्माण में उसका मोहल्ला, परिवार, स्कूल, आसपास आदि सबका महत्व है। पत्रकारिता चुनौतीपूर्ण और कठिन काम है। आज के आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जमाने में पत्रकारिता और चुनौतीपूर्ण हुई है। इस तृतीय तकनीकि सत्र का संचालन हिंदी विभाग इलाहाबाद विश्वविद्यालय के डॉ. शिव कुमार यादव ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन इस दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के संयोजक, हिन्दी विभाग इलाहाबाद के डॉ. राजेश कुमार गर्ग ने किया।

पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 राजीव गांधी के शहादत दिवस पर उनके चित्र पर पुष्प चढ़ाकर किया याद

लोकमित्र ब्यूरो

बहरिया (प्रयागराज)। सिकंदरा में कांग्रेस के राष्ट्रीय सदस्य अशफाक अहमद के आवास पर पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 राजीव गांधी के शहादत दिवस पर उनके चित्र पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुष्प चढ़ाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस मौके पर डा0 जगत नारायण सिंह ने कहा कि राजीव गांधी ने पंडित जवाहरलाल नेहरू और इंदिरा गांधी की राजनीतिक विरासत को ही नहीं संभाला बल्कि देश को तकनीक व वैश्विक बुलंदियों तक पहुंचाने के लिए अभूतपूर्व कार्य किए। उन्होंने आगे कहा कि राजीव गांधी ने इंटरनेट की सुविधा, कंप्यूटर, राइट टू इनफार्मेशन, पेशा कानून, देश में शिक्षा के लिए विकास को शिखर तक ले जाना चाहते थे। राजीव गांधी ने भारत देश को विकसित देश और शिक्षित देश बनाकर गरीबों को भी उन्नत की ओर ले जाना चाहते थे। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय गांधी के व्यक्तित्व को कभी भुलाया नहीं जा सकता। रश्मिता दुबे

ने कहा कि राजीव गांधी पंचायतों और नगर पालिकाओं को महिलाओं के लिए एक तिहाई आरक्षण के साथ एक तिहाई दर्जा दिलाने का व्यक्तिगत रूप से नेतृत्व किया। महिलाओं को उनकी प्रेरणा से सीख लेने की जरूरत है। यही उनके लिए हम सबकी सच्ची श्रद्धांजलि है। कांग्रेस के राष्ट्रीय सदस्य अशफाक अहमद ने कहा कि राजीव गांधी ने सूचना क्रांति की बुनियाद रखी। जिसने भारत को पूरी तरह से बदल दिया। उन्होंने असम, पंजाब, मिजोरम और दार्जिलिंग जैसे अशांत क्षेत्रों में शांति बहाल करने एवं इन्हें विकास के रास्ते पर वापस लाने के लिए कई समझौते किए। उन्होंने कहा कि राजीव ने सबसे बड़ा काम 18 साल की उम्र में युवाओं को राजनैतिक अधिकार दिया। राजीव गांधी पंचायती राज व्यवस्था के जनक थे। कार्यक्रम में विनोद विश्वकर्मा, मो0 सददाम, अंजली, अंशिता, शिवप्रसाद प्रजापति, मो0 शमीम प्रधान, राज नाथ यादव, बृजेन्द्र पटेल, मो0 हफीज, मो0 वसीम, अमनेश दुबे, मो0 मजहर, मो0 आरिफ, मो0 रऊफ, पवन पटेल, अखिलेश गौतम, सुरेन्द्र यादव व मो0 फारूक समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

स्व0 राजीव गॉधी की 32 वीं पुण्यतिथि बड़े धूमधाम से मनाई गई

लोकमित्र ब्यूरो

फूलपुर (प्रयागराज)। रविवार को स्व0 राजीव गांधी के 32 वीं पुण्यतिथि जी0के0 द्विवेदी राजाबाबू वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने फूलपुर में भारत के सबसे युवा प्रधान मंत्री भारतरत्न स्व0 राजीव गांधी जी के तैल चित्र पर माल्यार्पण करते हुये श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस अवसर पर उन्होने कहा कि राजीव गांधी जी आधुनिक भारत के शिल्पी थे। जिन्होंने 19 सदी मे ही भारत को 21 वी सदी मे ले जानें का सपना देखा था। वे पंचायती राज सशक्तिकरण एवं सूचना क्रान्ति के जनक थे। 18 वर्ष के युवाओं को पहली बार मतदान का अधिकार दिलाया था। 21 मई 1991 में श्रीपेरंबदूर मेआत्मघाती बम से अलगाववादी संगठन लिट्टे के द्वारा राजीव जी की की हत्या कर दी गयी थी। भारत के ऐसे सच्चे सपूत जिन्होंने भारत की एकता और अखण्डता के लिये अपना बलिदान दे दिया था की

पुण्य तिथि पर सादर नमन करते हैं, और विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। गोष्ठी मे मुख्यतः कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक कुमार मिश्रा, अनुपम द्विवेदी पूर्व सभासद, होमियोपैथ डाक्टर अरुण कुमार मिश्र, मो0 अकरम, अत्रिमुनी दूबे, जगदीश तिवारी, विनोद कुमार बिंद और जनाब अख्तर अली पवन नौटंकी मास्टर आदि थे। जिन्होंने माल्यार्पण कर अपनें अपने विचार रखे। गोष्ठी की अध्यक्षता कमलाकान्त मिश्रा ने किया और संचालन जगदीश तिवारी जी ने किया।इसी तरह भारद्वाज गुरुकुलम संस्थान रुदापुर देवनहरी मे संस्थान के निदेशक एडवोकेट देवराज उपाध्याय ने आधुनिक भारत के कंप्यूटर क्रांति के जनक पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व0 राजीव गांधी जी की पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर श्री उपाध्याय ने कहा कि समूचा भारत राजीव गांधी जी के लहू का ऋणी रहेगा। श्री गांधी ने भारत के विभिन्न मंत्रालयों का उत्तरदायित्व बहुत जिम्मेदारी से निभाया है। देश उनके कृतित्व और व्यक्तित्व से आज भी शिक्षा ले रहा है। इस अवसर पर कृपा शंकर पांडेय, सुभाष चंद विश्वकर्मा, राम सिंह, रमेश चंद्र मिश्रा, गोविंद सिंह, दिलीप कुमार, आशुतोष मिश्रा, विनय विपुल व संजय शर्मा शामिल रहे।

गौरव के दम पर प्रयाग जिमखाना फाइनल में

प्रयागराज। प्रयाग जिमखाना क्रिकेट क्लब ने मुंशी काली प्रसाद टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता में जय सेल्स वारियर्स को सात विकेट से हराकर प्रतियोगिता के फाइनल में जगह बनाई है। विजेता टीम के गौरव पाठक की नाबाद धमाकेदार पारी (97 रन, 47 गेंद, दस चौके, छह छक्के) के दम पर अपनी टीम को फाइनल में पहुँचाया है। रविवार को केपी कॉलेज मैदान पर टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए जय सेल्स वारियर्स ने 20 ओवर में आठ विकेट पर 174 रन (इमरोज 50, मो. खालिद 37, आशुतोष तिवारी 24 नाबाद, ऐमन सिद्दीकी 15 रन, शहान जैदी 4/34, विपिन कुमार यादव 3/34, पर बनाए। जवाब में प्रयाग जिमखाना क्रिकेट क्लब की टीम ने 16.3 ओवर में तीन विकेट पर 180 रन (गौरव पाठक 97 नाबाद, संजीत पटेल 50, विपिन कुमार यादव 27 रन, नितिन कुमार 2/37, कलीम अख्तर 1/32) पर बना लिए।

आर ए एफ में आतंकवाद विरोधी दिवस मनाया गया

फाफामऊ। देश में कमांडेंट प्रति वर्ष पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री राजीव गांधी की पुण्य तिथि के रूप में आतंकवाद विरोधी दिवस मनाया जाता है। वाहिनी के कमांडेंट मनोज कुमार गौतम ने जवानों व अधिकारियों को आतंकवाद से होने वाले दुष्प्रभाव को बताते हुए भाईचारा के साथ रहने के प्रति जागरूक किया और साथ ही आतंकवाद से डटकर मुकाबला करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि हम सभी के पास एकजुट होकर आतंक विरोधी सहयोग और समन्वय के महत्व को प्रतिबिंबित करने का अवसर है। इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य युवाओं को हिंसा व आतंकवाद की राह से विमुख करना है। अंत में कमांडेंट श्री मनोज कुमार गौतम ने सभी अधिकारियों व जवानों को आतंकवाद व हिंसा के खिलाफ शपथ दिलाया। इस अवसर पर प्रेम जीत कुमार (दि 0कमा0 अधि 0), नरेन्द्र कुमार (दि 0कमा0

अधि 0), बृजेश कुमार दुबे (उप कमांडेंट), विनोद कुमार (उप कमांडेंट), प्रदीप कुमार पाठक (उप कमांडेंट), टी 0 एन 0 सिंह (उप कमांडेंट), प्रदीप कुमार(उप कमांडेंट), तथा अन्य अधिकारीगण, अधीनस्थ अधिकारी व जवान उपस्थित रहे।

खलिहान से अवैध कब्जा हटवाने का दिया आदेश, मचा हडकंप

बहरिया (प्रयागराज)। सार्वजनिक जमीन पर अवैध कब्जा करने पर ग्राम प्रधान ने तहसीलदार और एसडीएम से शिकायत की। एसडीएम ने जांच कर कब्जा हटवाने का निर्देश दिया है।

बता दे बहरिया के ग्रामसभा सारी पट्टी में खलिहान की जमीन पर अवैध कब्जा किया गया है। जो खलियान के खाते में दर्ज है उस पर ग्रामवासी खलिहानन आदि लगाते चले आ रहे हैं। कुछ अराजक तत्वों और दबंगों द्वारा खलिहान की जमीन पर अवैध रूप मिट्टी गिरा कर कब्जा किया जा रहा है। इसकी शिकायत ग्रामीणों ने शनिवार को समाधान दिवस पर एसडीएम फूलपुर से की। एसडीएम ने खलिहान की जमीन को खाली कराने का आदेश दिया। राजस्व निरीक्षक को खलिहान की जमीन को चिन्हित कराकर पुलिस बल के साथ अवैध कब्जा हटवाने का आदेश दिया है।

एफसीआई अफसर की पत्नी पर चाकू से किए ताबड़तोड़ 33 वार; जिसे पनाह दी, उसी ने छीन ली जिंदगी

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। लखनऊ में एफसीआई अफसर की पत्नी अनामिका सिंह (35) हत्याकांड का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर खुलासा कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। साजिश के तहत अफसर के नौकर अर्जुन सोनी का साथी इटौंजा निवासी वीरेंद्र कुमार यादव लूट करने पहुंचा था। इस दौरान अनामिका ने मोर्चा ले लिया था। तब उसने चाकू से गोदकर मार दिया और फरार हो गया। पुलिस ने शनिवार को आरोपी नौकर को गिरफ्तार कर लिया है। दूसरे आरोपी की तलाश जारी है। गिरफ्तार आरोपी ने पूरी वारदात कुबूली है।

हत्या के आरोपी वीरेंद्र यादव ने नृशंसता की सारी हदें पार कर दीं। अनामिका पर चाकू से 33 बार वार किए। शरीर का कोई ऐसा हिस्सा नहीं था जहां पर जख्म न हो। पूरा शरीर ही छलनी कर दिया। आखिरी सांस तक चाकू से गोदता रहा। सिर पर भी भारी चीज से एक बार वार किया। ये खुलासा अनामिका की पोस्टमार्टम रिपोर्ट से हुआ है। गर्दन, चेहरे व सिर पर ही 15 वार हैं, शरीर के बाकी हिस्सों पर जख्म के 18 निशान हैं। शनिवार को जब अनामिका के पिता दुबई से लखनऊ पहुंचे तब पोस्टमार्टम कराया।

जो नौकर अर्जुन सोनी ढाई साल से आदर्श के घर पर रह रहा था उसका पुलिस वेरिफिकेशन नहीं कराया गया। इसमें भी लापरवाही बरती। एडीसीपी पूर्वी सैयद अली अब्बास ने बताया कि बृहस्पतिवार को वीरेंद्र, अर्जुन साहू से मिलने पहुंचा था। तब उसका मकसद था रेकी करना। रेकी करने के दूसरे ही दिन वारदात को अंजाम दिया। वहीं जब वारदात को अंजाम देकर वीरेंद्र भाग गया था तब अर्जुन ने आदर्श को फोन कर बताया था कि अनामिका का कोई कत्ल करके चला गया है।

जिसे पनाह दी, उसी ने जिंदगी छीन ली

अनामिका के परिजन वारदात के बाद से स्तब्ध हैं। परिजनों ने बताया कि जब इस घर में केवल नौकर अर्जुन रहता था तब आदर्श उससे मामूली किराया लेते थे। जब वह यहां रहने आए तो पहले तीसरी मंजिल पर उसका कमरा बनवाया। ताकि उसे कोई दिक्कत न हो। किराया भी माफ कर दिया था। मदद भी करते रहते थे।

कंपनी का कर्मचारी बन संपर्क करे तो हो जाएं सतर्क

एफसीआई अफसर की पत्नी अनामिका की हत्या करने के लिए आरोपियों ने नायाब तरीका अपनाया। एक दिन पहले एक फर्जी मैसेज अनामिका को भेजा। इसे टेलीकॉम कंपनी का दर्शाया। उसमें अपना नंबर भी लिखा। अनामिका ने मैसेज आदर्श को फॉरवर्ड कर दिया। तब आदर्श ने उस नंबर पर संपर्क किया।

वीरेंद्र ने कॉल रिसीव कर खुद को कंपनी का कर्मचारी बता इंटरनेट प्लान अपग्रेड करनी की बात कही। इसके बाद दूसरे दिन यानी शुक्रवार को उसका उनके घर पर आना तय हुआ। ये पूरा खेल वीरेंद्र ने इसलिए किया जिससे वह अनामिका के घर के भीतर दाखिल हो सके। इसलिए जरूरत है कि सावधानी बरतें। इस तरह से कोई शख्स कंपनी का अधिकारी व कर्मचारी बनकर संपर्क करता है तो सत्यापन जरूर कर लें।

राजीव गांधी की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में मनाया

शिकोहाबाद। नगर कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर नगर अध्यक्ष मुकेश गॉड की अध्यक्षता में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. राजीव गांधी के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर याद किया। इस अवसर पर कांग्रेसियों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

नगर अध्यक्ष ने स्वर्गीय गांधी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि स्वर्गीय राजीव गांधी भारत को 21वीं सदी में ले जाने का सपना देखा था। जो संचार क्रांति दिखाई देती है, यह उनकी दूरदर्शी सोच थी। उनके देखे गए सपने से ही आज देश में संचार क्रांति दिखाई देती है। उन्होंने जब कंप्यूटर लाने का आह्वान किया था, तब वर्तमान में केंद्र की सत्ता में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी नेताओं ने कंप्यूटर का घोर विरोध किया था। वर्तमान में प्रधानमंत्री मोदी डिजिटल इंडिया की बात करते हैं, उस समय देश में कंप्यूटर नहीं आया होता तो भारत डिजिटल इंडिया कैसे बन पाता।

छोटे का कटा सिर लेकर पहुंचा बड़ा भाई : मंजर देख फूट-फूटकर रोया पिता

लोकमित्र ब्यूरो

अगवानपुर। मुरादाबाद के अगवानपुर निवासी फैजान का कटा सिर शनिवार को पुलिस ने परिजनों को सौंप दिया, जबकि उसके धड़ का 11 मई को ही अंतिम संस्कार कर दिया गया था। फैजान के पिता इंतजार के लिए शनिवार का दिन बेहद दुख भरा रहा। बेटे की मौत के बाद उनका दुख उस वक्त और गहरा गया, जब बड़ा बेटा शहनावाज फैजान का सिर लेकर उनके सामने पहुंचा। सिर देखकर पिता फूट-फूट कर रोने लगे।

इस दौरान मौके पर मौजूद हर इंसान की आंखें नम हो गईं। परिजन फैजान की मौत के सदमे में गमगीन थे, वह कुछ भी बोल नहीं पा रहे थे। वहीं हर कोई नम आंखों के साथ केवल मौत का शोक मना रहा था। यहां मौजूद सभी लोग हत्या की वारदात से हैरान थे। ग्रामीणों ने गमगीन माहौल में सिर को सुपुर्द-ए-खाक तो कर दिया। जबकि 11 मई को फैजान के शव का दाह संस्कार किया गया था।

सिविल लाइंस थानाक्षेत्र के अगवानपुर मोहल्ला कुरैशियान निवासी मोहम्मद फैजान 5 मई की सुबह करीब 11 बजे फैजान घर से बिना बताए कहीं चला गया था। मोहम्मद फैजान की पत्नी शुक्रवार को सिविल लाइंस थाने में अपने पति की गुमशुदगी दर्ज कराने गई थी।

पुलिस ने महिला को 7 मई के दिन फकीरपुरा पुलिस चौकी और सोनकपुर ओवरब्रिज के पास एक गहरे गड्ढे में मिले सिर कटे शव की फोटो दिखाईं थी। इसके अलावा महिला को मृतक के कपड़े और अन्य सामान दिखाया था। तब महिला ने मृतक की पहचान पति फैजान के रूप में की थी। सीओ सिविल लाइंस अर्पित कपूर ने बताया कि कुछ लोगों से पूछताछ की जा रही है।

गृहे गृहे गायत्री महायज्ञ का बयालीसवां चरण सम्पन्न

» जन्म से लेकर अंत्येष्टि तक 16 संस्कार होते है

लोकमित्र ब्यूरो

अमेठी। युगतीर्थ शांन्तिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में गृहे गृहे गायत्री महायज्ञ के अंतर्गत रविवार की सुबह जनपद के गड़ेरी गांव के 13 घरों में एक साथ, एक समय गायत्री महायज्ञ सम्पन्न हुआ।

यज्ञाचार्य सुभाष चंद्र द्विवेदी ने बताया कि यज्ञ भारतीय संस्कृति का प्रतीक है। हमारे धर्म मे जितनी महत्ता यज्ञ को दी गई है उतनी किसी और को नहीं दी गई है। हमारा कोई शुभ-अशुभ धर्म कृत्य यज्ञ के बिना पूर्ण नहीं होता है। जन्म से लेकर अंत्येष्टि तक 16 संस्कार होते है जिनमे अग्निहोत्र आवश्यक है। यज्ञाचार्य त्रिवेणी प्रसाद सिंह में कहा कि शास्त्रों में यज्ञ को सर्व कामना पूर्ण करने वाली कामधेनु और स्वर्ग की सीढ़ी कहा गया है। आत्म साक्षात्कार और ईश्वर प्राप्ति का तो यज्ञ अमोध साधन है। यज्ञ से अमृतमयी वर्षा होतो है, उससे अन्न, पशु, वनस्पति, दूध, धातु, खनिज पदार्थ आदि की प्रचुर मात्रा में उत्पत्ति होती है और प्राणियों कंपालन होता है। आचार्य इंद्रदेव शर्मा ने बताया कि यज्ञ से आकाश में अदृश्य रूप से ऐसा सद्भावनापूर्ण सूक्ष्म वातावरण पैदा होता है जिससे संसार मे फैले हुए अनेक प्रकार के रोग-शोक, भय-क्लेश, कलह, द्वेष, अन्याय, अत्याचार नष्ट हो सकते हैं और सभी प्रेम, सुख-शांति से रह सकते हैं।

बयालीसवें चरण में गड़ेरी के यजमान लालजी मिश्रा, धर्म राज मिश्रा, शोभ नाथ शुक्ला, कैलाश नाथ शुक्ला, प्रेम प्रकाश मिश्रा, उमेश चन्द्र त्रिपाठी, सत्य देव द्विवेदी, राम नरेश मिश्रा, राजू मिश्रा, राधेश्याम मिश्रा, दिनेश कुमार विश्व कर्मा,मूल चन्द्र जायसवाल व कुसुम सिंह के घरों में यज्ञाचार्य इंद्रदेव शर्मा

त्रिवेणी प्रसाद सिंह, सुभाष चंद्र द्विवेदी, सत्य प्रकाश तिवारी, गिरिजा शंकर, महेश कुमार, सुशील शर्मा, कविता शर्मा, सविता शर्मा, सरिता शर्मा, कोमल मिश्रा, सुनील तिवारी, करुणा शंकर शुक्ल, सुशील शर्मा, अशोक कुमार, महेन्द्र प्रताप मिश्रा व पवन मिश्रा आदि ने गायत्री महायज्ञ सम्पन्न कराकर देवस्थापना व गंगा जली स्थापित कराया।

इसी क्रम में जामों ब्लाक के शिवनगर हरगांव में विमल सिंह के यहाँ साप्ताहिक दीपयज्ञ सम्पन्न हुआ। जिला समन्वयक डॉ० त्रिवेणी सिंह ने सभी यजमानों को शुभकामनाएं देते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने में रमाकांत मिश्रा, लाल अशोक चन्द्र सिंह, अवधेश कुमार सिंह, दयानन्द सिंह के योगदान की सराहना की।

नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में 250 मरीजों का किया परीक्षण

शिकोहाबाद। नगला जाट में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉ. प्रिया यादव और सर्जन विवेक यादव ने 250 मरीजों का परीक्षण किया और उन्हें मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए प्रेरित किया। नगला जाट में एक निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। उदघाटन डॉ. प्रिया यादव और विवेक यादव ने किया।

शिविर में दोनों चिकित्सकों ने लगभग 250 मरीजों का परीक्षण किया और निःशुल्क दवा वितरित की। इस अवसर पर डॉ. प्रिया यादव ने महिलाओं में बढ़ते बांझपन की समस्या को लेकर सचेत किया और इससे बचने के लिए महिलाओं को योगा करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं को योगा को अपने दैनिक जीवन में ढालना चाहिए। वहीं डॉ. विवेक यादव ने मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए ग्रामीणों को प्रेरित किया।

तस्करों का जुगाड़ देख पुलिस भी चकराई : उड़ीसा से राजस्थान जा रहा एक करोड़ का गांजा पकड़ा गया, दो गिरफ्तार

लोकमित्र ब्यूरो

सोनभद्र। यूपी के सोनभद्र जिले में पुलिस ने करीब 10 क्विंटल गांजे के साथ दो अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है। गांजा उड़ीसा से राजस्थान ले जाया जा रहा था। ट्रक में कबाड़ की बोरियां लदी थी। इसके नीचे गांजा छिपाया गया था। पुलिस टीम ने पूछताछ के बाद तस्करों को संबंधित धाराओं में जेल भेज दिया। बरामद गांजे की कुल कीमत करीब एक करोड़ रुपये से ज्यादा आंकी गई है।

सोनभद्र एसपी डॉ. यशवीर सिंह ने बताया कि अवैध मादक पदार्थ की बिक्री व तस्करी रोकने के लिए एएसपी कालू सिंह व सीओ घोरावल अमित कुमार के निर्देशन में टीम गठित की गई थी। मुखबिर की सूचना पर शनिवार रात एसओजी व करमा पुलिस की संयुक्त टीम ने सोनभद्र-मिर्जापुर मुख्य मार्ग पर टिकुरिया गांव के पास घेराबंदी कर राजस्थान नंबर के एक ट्रक को रोका।

तलाशी के दौरान ट्रक में पुराने कांच के कबाड़ से भरी बोरियों के नीचे गांजा छिपाकर रखा गया था। ट्रक की बॉडी में इसके लिए अलग से चेंबर बना था, जिसमें 150 बड़े व 112 छोटे बंडल में कुल 981 किलोग्राम गांजा भरा था। पकड़े गए तस्करों की पहचान राजस्थान के भरतपुर जिले के रूपवास थाना अंतर्गत नरेंद्र सिंह और नागौर जिले के मेड़ता सिटी थाना क्षेत्र निवासी सीताराम बेड़ा के रूप में हुई।

एसपी ने बताया कि तस्करों से पूछताछ में मिली जानकारी के बाद विशाल अग्रवाल नामक तीसरे शख्स के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज कर उसकी गिरफ्तारी के लिए टीम लगाई गई है। बरामद गांजा करीब एक करोड़ व वाहन की कीमत करीब 30 लाख रुपये है। पुलिस टीम में सीओ घोरावल अमित कुमार, करमा एसओ देवेंद्र प्रताप सिंह, एसएसआई विमलेश कुमार सिंह, एसआई आशीष पटेल आदि शामिल रहे।

चूड़ी बनाने वाला कांच बताकर ले जाते थे गांजा

दोनों ने पूछताछ में बताया कि वह ट्रक लेकर फिरोजाबाद से उड़ीसा जाते हैं। तोतापाड़ा में एक होटल के बाहर गाड़ी खड़ी कर देते हैं। वहं विशाल अग्रवाल का कोई आदमी गाड़ी ले जाता है। दो दिन बाद गाड़ी लोडकर हमें देता है। गाड़ी में नीचे गांजा और ऊपर कांच का कबाड़ लदा होता है, जिससे किसी को कुछ पता नहीं चलता।

गाड़ी को फिरोजाबाद में चूड़ी बनाने वाला कांच बताते हुए लेकर जाते हैं। फिरोजाबाद पहुंचने पर वहां शहर की एक टंकी पर गाड़ी खड़ी करा ली जाती है। आगे फिर विशाल अग्रवाल अपने किसी आदमी को भेजकर गाड़ी मंगवा लेता है। इस तरह पहले भी कई बार गाड़ी ले जा चुके हैं।

न्यायालय परिसर में हुआ लोक अदालत का आयोजन

» लंबित पड़े 300 वादों का किया गया निस्तारण

» 1.5 लाख प्रकरणों के निस्तारण का था लक्ष्य

लोकमित्र ब्यूरो

फिरोजाबाद। जिला मुख्यालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत का शुभारंभ जिला जज, जिलाधिकारी व एसएसपी ने किया। न्यायालय परिसर में आयोजित लोक अदालत में सवा लाख प्रकरणों का निपटारे का लक्ष्य रखा गया।

विभिन्न सरकारी विभागों और न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के निपटने से लोगों को शासकीय कार्यालयों और अदालतों के चक्कर काटने से मुक्ति मिली। वहीं परिवहन विभाग के 600 में से 300 मामलों का निस्तारण किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला जज हरवीर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक राजस्व न्यायालयों की ओर से वादों का निस्तारण किया गया। सबसे अधिक लंबी कतार यातायात पुलिस के द्वारा काटे गए चालानों के निस्तारण के लिए लगी थी।

बैंकों के अधिकारियों के पास बकाए का समायोजन करने वालों की भीड़ लगी थी। जनपद न्यायालय, राजस्व न्यायालय, ग्राम न्यायालयों तक में सुनवाई करते दिखाई दिए। लोक अदालत में सैकड़ों की संख्या में लोग अपने वादों के निस्तारण के लिए पहुंचे। संचालन प्राधिकरण के सचिव यजुवेन्द्र विक्रम सिंह ने किया। अपर जिला जज एवं नोडल अधिकारी हो रवींद्र कुमार ने राष्ट्रीय लोक अदालत उनके में मिले सहयोग के लिए आभार गांव के व्यक्त किया।

यूपी में गोवा जैसा 'बीच' : यहां मिलेगा समुद्र तट का मजा, जंगल सफारी का रोमांच

लोकमित्र ब्यूरो

पीलीभीत। पीलीभीत टाइगर रिजर्व (पीटीआर) का जंगल न केवल बाघों को लेकर बल्कि पर्यटन को लेकर भी देश-विदेश में सुर्खियां बटोर रहा है। पीटीआर की महोफ रेंज के जंगल और शारदा डैम के किनारे स्थित चूका बीच का नजारा सैलानियों के लिए गोवा का आनंद दिलाता है। छह महीने तक चलने वाले पर्यटन सीजन के दौरान हजारों सैलानी यहां आकर प्राकृतिक सुंदरता को करीब से निहारते हैं। जंगल सफारी का रोमांच भी देखने को मिलता है।

पीलीभीत मुख्यालय से 37 किलोमीटर दूर स्थित चूका बीच का मुख्य प्रवेश द्वार है। यहां से सैलानी अपने वाहन को खड़ा कर जंगल सफारी के वाहन से घूमते हैं। दरअसल पर्यटन स्थल पर निजी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध है। इसलिए वन विभाग की ओर से 26 जंगल सफारी वाहनों की व्यवस्था की गई है। एक वाहन से अधिकतम छह लोग भ्रमण पर जा सकते हैं।

वाहन का खर्च 3300 रुपये प्रवेश काउंटर पर जमा करना पड़ता है। इसके बाद सैलानी चूका बीच के अलावा जंगल के पांच अन्य स्थलों को निहारते हैं। जंगल भ्रमण के लिए दिन में दो समय निर्धारित किए गए हैं। इसमें सुबह छह बजे से तीन घंटे का समय होता है। शाम को तीन बजे से छह बजे तक भ्रमण का समय है। जंगल में बाघों की दुनिया भी निराली है। जंगल में चहलकदमी करते बाघ सैलानियों के लिए आकर्षण का केंद्र बनते हैं।

चूका बीच आने वाले सैलानियों के लिए ठहरने की भी बेहतर व्यवस्था है। इसमें चूका बीच में बनी वाटर, ट्री, बैंबो और थारू हट बुक कर सकते हैं। सैलानी ऑनलाइन वेबसाइट upecotourism.in पर जाकर बुकिंग कर सकते हैं। पर्यटन सत्र के दौरान रोजाना दो से तीन सौ सैलानी घूमने आते हैं। छुट्टी के दिनों में संख्या और भी बढ़ जाती है।

ऐसे पहुंच सकते हैं चूका बीच

पीलीभीत पहुंचने के बाद सैलानियों को गौहनिया चौराहे पर पहुंचना पड़ेगा। इसके बाद माधोटांडा मार्ग पर 30 किलोमीटर की दूरी तय कर कलीनगर के हरदोई ब्रांच नहर के पुल से सटे नहर मार्ग पर एक किलोमीटर चलकर खटीमा मार्ग पर जाना पड़ेगा। यहां से सात किलोमीटर की दूरी तय कर सैलानी मुस्तफाबाद गेस्ट पहुंचेंगे। जंगल सफारी वाहन को बुक करने के बाद पर्यटन स्थल के भ्रमण के लिए रवाना होंगे।

तेरे संग रहूंगी जीजू: साली को सगाई से पहले लेकर भागा, ससुर ने कराई एफआईआर, पत्नी ने साथ रहने के लिए मांगी 'कीमत'

बदायूं। उत्तर प्रदेश के बदायूं जनपद में प्रेम प्रसंग का अजब मामला सामने आया है। एक युवती को अपने जीजा से प्यार हो गया। सगाई से पहले उसने परिवार से बगावत कर दी और जीजा के साथ चली गई। इस मामले में युवती के पिता ने दामाद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी। मामला थाने पहुंचा, जहां युवती जीजा के साथ रहने पर अड़ी रही। वहीं युवक की पत्नी ने अजब शर्त रख दी।

मामला बिसौली कोतवाली क्षेत्र के एक गांव का है। युवक अपनी ही साली को उसकी सगाई से एक दिन पहले भगा ले गया। पुलिस ने दोनों को पकड़ा तो युवक की पत्नी भी कोतवाली में आ गई। पत्नी ने कहा कि वह अपने पति की संपत्ति चाहती है। इसके बाद वह अपनी साली के साथ रहता रहे। इधर, साली युवक के साथ ही रहने की जिद पर अड़ी रही।

बीच रास्ते में दो महिला यात्रियों को छोड़ कर भागे चालक-परिचालक, शिकायत पर अभद्रता

लोकमित्र ब्यूरो

शिकोहाबाद। नोयडा से औरैया आ रही स्लीपर बस में कुछ महिला यात्री बस में चढ़ीं। मथुरा टोल पर बस रुकी और यात्री शौचालय के लिए नीचे उतरीं। आरोप है कि इस दौरान महिलाएं थोड़ी दूर निकल गईं। इतनी देर में चालक बस को लेकर गंतव्य के लिए रवाना हो गया। महिलाएं चीखती रहीं, लेकिन उनकी नहीं सुनी गई। पीछे आ रही बस में महिलाएं बैठ गईं और उन्होंने 11 किलो मीटर निकलने के बाद बस को रुकवाया और उसमें सवार हुईं। जब महिलाओं ने इसका विरोध किया तो महिलाओं की तरफदारी ले रहे व्यक्ति नरेंद्र निवासी हीरापुर भोगनीपुर कानपुर देहात के साथ अभद्रता कर दी। इसके बाद महिलाओं ने 1090 पर फोन कर शिकायत की। शिकोहाबाद पुलिस ने बस को मैनपुरी चौराहे पर रोक लिया। जिससे चौराहे पर काफी देर तक बस खड़ी रहीं। पीड़ित महिला ने थाने में तहरीर दी है।

नगर के मैनपुरी चौराहे पर रविवार सुबह पांच बजे सूचना पर थाना पुलिस ने नोयडा से आ रही स्लीपर बस संख्या 1657 को रोक लिया। बस से उतरी महिला अंजली निवासी उमरैन विधूना औरैया ने उतरते ही हंगामा शुरू कर दिया। जिससे भीड़ एकजुट हो गई। लेकिन इस बीच बस के चालक-परिचालक गायब हो गये। उधर बस में सवार अन्य यात्रियों ने बस को रवाना करने के लिए बात कही। बाद में पुलिस ने महिलाओं से तहरीर देने और बस को गंतव्य के लिए रवाना करने के लिए कहा। महिलाएं थाना पहुंची और बस के चालक-परिचालक के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक हरवेंद्र मिश्रा ने बताया कि महिलाओं की तहरीर पर मामले की जांच की जा रही है।

मां मेरी मैम बहुत गंदी हैं : मासूम बोली- वो मुझे बाथरूम में ले गई थी, उन्होंने मेरे साथ गंदी हरकत की और...

लोकमित्र ब्यूरो

महाराजगंज। महराजगंज के नौतनवां कस्बे के एक निजी स्कूल में शिक्षिका के बच्ची के साथ गंदी हरकत करने के मामले में रोज नए राज खुल रहे हैं। बच्ची की मां ने आरोप लगाया है कि बेटी ने शिक्षिका को चिह्नित कर लिया था। बावजूद इसके मनमानी पर उतारू पुलिस ने उससे पूछताछ नहीं की। उन्होंने कहा कि लगता है पुलिस दबाव में आ गई है।

उधर, शनिवार की शाम को बच्ची की मां और उसके नाना ने डीएम से मुलाकात कर शिक्षिका पर कार्रवाई की मांग की। मां ने कहा कि कार्रवाई नहीं हुई तो वह परिवार के साथ धरने पर बैठेगी। बच्ची की मां डीएम को अपनी बात बताने के बाद बाहर निकलीं तो उन्होंने कहा कि अब गंदी हरकत करने वाली शिक्षिका नहीं बच पाएगी। उनकी पूरी कारस्तानी डीएम को बता दी गई है। निष्पक्ष ढंग से जांच हुई तो उनकी कलई खुल जाएगी।

बच्ची के नाना ने बताया कि इस तरह की घटना बेहद निंदनीय है। बच्चों के साथ गंदी हरकत होने से उनके जेहन पर क्या असर पड़ेगा, इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। उधर, लोग यह सवाल खड़ा करने लगे हैं कि पुलिस की यह कैसी जांच है जिससे न तो पीड़ित परिवार संतुष्ट हो पा रहा है न ही खुद पुलिस।

बच्ची के नाना के अनुसार विद्यालय में सीसीटीवी फुटेज की जांच के दौरान बच्ची ने एक शिक्षिका को पहचान लिया था। इसके बाद वह बिना किसी विरोध के प्रिंसिपल कक्ष से उठकर बाहर चली गई। करीब आधे घंटे बाद लौटी थी। इसके बावजूद पुलिस ने उससे पूछताछ नहीं की। उधर, विशेष समुदाय से जुड़े विद्यालय की घटना आंतरिक रूप से आग की तरफ फैली तो उससे ताल्लुक रखने वाले कई रसूखदार विद्यालय पर पहुंचने लगे। सूत्र बता रहे हैं कि कुछ रसूखदारों के हस्तक्षेप के कारण पुलिस पूछताछ करने से पुलिस परहेज कर रही है। परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने घटना वाले दिन के सीसीटीवी फुटेज की जांच 11:30 से 1:15 बजे तक की है। यदि स्कूल समय 7:30 बजे से सीसीटीवी के फुटेज को खंगाला जाय तो सच्चाई सामने आ जाएगी।

स्कूल की जांच के लिए कोई पत्र नहीं मिला है। वह स्कूल हमारे जांच के दायरे से बाहर है। कोई भी कार्रवाई नियमानुसार की जा सकती है।- आशीष कुमार सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी

बेहद बारीकी से सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई। जांच में कोई साक्ष्य नहीं मिला। अन्य स्रोतों से पूछताछ की गई। लेकिन, पुख्ता साक्ष्य हाथ नहीं लगे। ऐसे में किस आधार पर केस दर्ज कर लिया जाय। फिलहाल जांच चल रही है। - सत्यप्रकाश सिंह, थानाध्यक्ष, नौतनवां

डीएम को सुनाई पीड़ा, निष्पक्ष जांच का दिया भरोसा

बच्ची की मां व उसके नाना शनिवार की देर शाम डीएम से मिलकर पूरी घटना की जानकारी दी। डीएम ने बच्ची से भी पूछताछ की। डीएम के अनुसार बच्ची सटीक जानकारी नहीं दे पा रही थी। अलबत्ता बच्ची की मां ने शिक्षिका की करतूत बताई। बच्ची के नाना ने बताया कि डीएम ने करीब आधे घंटे तक घटना के बारे में पूछताछ की। उन्होंने बताया कि पहले तो डीएम से मिलने में इधर-उधर भटकना पड़ा। लेकिन, देर शाम को मुलाकात हो गई। डीएम सत्येंद्र कुमार ने बताया कि मामले की निष्पक्ष जांच की जाएगी।

नर्सिंग कोर्स में भी डुअल डिग्री प्रोग्राम शुरू करने पर भी विचार : डॉ. टी दिलीप

लोकमित्र ब्यूरो

मुरादाबाद। इंडियन नर्सिंग काउंसिल के प्रेसिडेंट डॉ. टी दिलीप कुमार बतौर मुख्य अतिथि बोले, पैलिएटिव केयर नर्सिंग वर्तमान समय की आवश्यकता है। नर्सिंग स्टुडेंट्स को इस तरह से प्रशिक्षण किया जाए कि वे अच्छी पैलिएटिव नर्स बन सकें। इसके लिए बीएससी नर्सिंग के सेलेबस को भी अपडेट किया गया है। पैलिएटिव केयर से जुडे. जरूरी मॉडयूल्स को करिकुलम में जोड़ा गया है। नर्सिंग स्टुडेंट्स को थ्योरी के साथ-साथ पैलिएटिव केयर पर प्रशिक्षण दें। नर्सिंग स्टुडेंट्स को पेशेंट से जुड़कर उसके फिजिकल, मेंटल और सोशल स्वास्थ्य की भी केयर करनी होगी। डॉ. टी दिलीप तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के कॉलेज ऑफ नर्सिंग की ओर से पैलिएटिव केयर नर्सिंग पर आयोजित नेशनल कांफ्रेंस में बोल रहे थे। नेशनल कांफ्रेंस की थीम एमेंडिंग द क्वालिटी ऑफ हैल्थ इन पैलिएटिव केयर नर्सिंग रही। इससे पूर्व इंडियन नर्सिंग काउंसिल के प्रेसिडेंट डॉ. टी दिलीप कुमार ने बतौर मुख्य अतिथि, टीएमयू के रजिस्ट्रार डॉ. आदित्य शर्मा, डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन, मेडिकल कॉलेज के वाइस प्रिंसिपल प्रो. एसके जैन, नर्सिंग कॉलेज की प्रिंसिपल प्रो. पूनम शर्मा, वाइस प्रिंसिपल प्रो. जसलीन एम., ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ. सपना आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। डिप्टी रजिस्ट्रार गवर्नेंश प्रो. बसवराज मुधोल ने स्वागत भाषण, जबकि वोट ऑफ थैंक्स डॉ. सपना सिंह और डॉ. जसलीन एम. ने दिया। इस अवसर पर पोस्टर प्रतियोगिता का भी हुई।कॉन्फ्रेंस में दूसरी ओर यूपी स्टेट मेडिकल फैकल्टी के सेक्रेटरी डॉ. आलोक कुमार बतौर गेस्ट ऑफ ऑनर अपने संदेश को भी पढ़कर सुनाया गया। डॉ. टी दिलीप कुमार बोले, हम नर्सिंग में प्रैक्टिकल बेस्ड ज्ञान पर अधिक फोकस कर रहे हैं, जिससे भविष्य में हम समाज को कॉम्पिटेंट नर्सेज दे सकें। हम नर्सिंग में भी डुअल डिग्री प्रोग्राम को शुरू करने के बारे में भी विचार कर रहे हैं। नर्सिंग के छात्र विभिन्न एनजीओ से जुड़कर पैलिएटिव पेशेंट को अपनी सेवाएं दे सकते हैं। क्रिटिकल नर्स प्रैक्टिशनर का कोर्स भी नर्सिंग के स्टुडेंट्स को कठिन परिस्थितियों में नर्सिंग सेवाएं देने का अवसर प्रदान करता है। नेशनल हैल्थ मिशन प्रोग्राम भी नर्सों की स्थिति बेहतर बनाने के लिए और समाज को समाज को बेहतर नर्सिंग सेवाएं देने के लिए कार्यरत है। पॉलिसी मेंकर्स भी इस बात का ध्यान रखते हैं कि नर्सिंग से जुड़ी करिकुलम एक्टिविटीज को बेहतर बनाया जाए, जिससे नर्सिंग के छात्र-छात्राएं प्रैक्टिकल ज्ञान को बढ़ा सकें। टीएमयू के रजिस्ट्रार डॉ. आदित्य शर्मा बोले, पैलिएटिव केयर पेशेंट के अनुपात में सेवा प्रदान करने वाली नर्सेज का अनुपात कम है, इसीलिए नर्सिंग के स्टुडेंट्स को पैलिएटिव केयर नर्सिंग के क्षेत्र में अपनी सेवाएं प्रदान करनी चाहिए, ताकि किसी पीड़ति व्यक्ति को वह मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य की सेवाएं दे सकें।

हज-2023 हेतु लखनऊ उड़ान स्थल से प्रथम उड़ान से 288 हज यात्रियों का पहला जत्था सकुशल रवाना

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। 23 हेतु लखनऊ उड़ान स्थल से प्रथम उड़ान से 288 हज यात्रियों का पहला जत्था सकुशल रविवार को अपने निर्धारित समय 12रू00 बजे चैधरी चरण सिंह अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से रवाना हो गया। मौलाना अली मियां मेमोरियल हज हाउस, सरोजनीनगर लखनऊ पर हज यात्रियों के पहले जत्थे को रवाना करने हेतु मुख्य अतिथि के रूप में ईमाम ईदगाह मौलाना खालिद रशीद फिरंगीमहली व केन्द्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर, उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से दानिश आजाद अंसारी, राज्य मंत्री अल्पसंख्यक कल्याण मुस्लिम वक्फ एवं हज एवं अध्यक्ष उ0प्र0 राज्य हज समिति मोहसिन रजा, विधायक जया देवी व उ०प्र० राज्य हज समिति के सदस्यगण, निदेशक जे० रीभा आई.ए.एस व निदेशालय अल्पसंख्यक कल्याण उ०प्र० के अन्य अधिकारी व जिला प्रशासन के प्रमुख अधिकारियों ने हज यात्रियों को बधाई देते हुए देश व प्रदेश सरकार व हज की सेवा में लगे हुए लोगों के लिए व मुल्क की फलाह-बहबूद व तरक्की की दुआ करने की गुजारिश के साथ हरी झंडी दिखाकर यात्रियों की बसों को हवाई अड्डे के लिए रवाना किया। हवाई अड्डे पर यात्रियों की उड़ान का शुभारम्भ लखनऊ के जिलाधिकारी महोदय श्री सूर्यपाल गंगवार ने फीता काटकर किया।

इस अवसर पर राज्य मंत्री दानिश आजाद अंसारी, ने हज यात्रियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने हज यात्रियों से अपील किया। कि हज की इबादत के दौरान वह अपनी दुआओं में देश की तरक्की, अमन व खुशहाली बनाएं रखने की भी दुआ करें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए संकल्पबद्ध है और हज यात्रियों की सभी सुविधाओं का पूरा ध्यान रखा जा रहा है। इस अवसर पर एयरपोर्ट पर सऊदी सरकार व सऊदी एयरलाइंस के अधिकारी एयरपोर्ट अथॉरिटी, कस्टम इमीग्रेशन व हज समिति के अधिकारीगण ने पुष्प देकर जायरीन को विदा किया। आज की उड़ान की मुख्य विशेषता है कि पूरे विश्व से हज 2023 हेतु मदीना मुनव्वराह पहुँचने वाली यह प्रथम हज उड़ान है, जिसके यात्रियों का स्वागत सऊदी अरब काउन प्रिंस व नागरिक उड्डयन मंत्रालय, हज मंत्रालय व हज से सम्बन्धित समस्त विभागों के अधिकारियों द्वारा मदीना पहुँचने पर किया जायेगा। प्रथम उड़ान संख्या एस0वी0 3891 से 288 हज यात्रियों में जिसमें 149 पुरुष व 139 महिलाएं सम्मिलित हैं। इस उड़ान में सबसे अधिक 150 हज यात्री लखनऊ के व 94 हज यात्री बाराबंकी के गये हैं। इसके अतिरिक्त इस उड़ान से उच्च न्यायालय के न्यायाधीश श्री अब्दुल मोईन अपने परिवार सहित व वुमेन पसर्नल लॉ बोर्ड की चेयरमैन श्रीमती शाइस्ता अम्बर अपने पुत्र के साथ रवाना हुई। द्वितीय उड़ान संख्या एस०पी० 3895 से 282 हज यात्रियों में 151 पुरुष एवं 131 महिलाएं सम्मिलित है। इस उड़ान में सबसे अधिक बाराबंकी जिले के 85, रायबरेली जिले के 61, लखनऊ के 49 व उन्नाव के 46 हज यात्री हैं। आगामी उड़ान के हज यात्रियों को सूचित किया जाता है कि वह अपना वीजा हज कमेटी आफ इण्डिया की वेबसाइट पर लॉगइन कर निकालकर साथ रखें। यह जानकारी आज यहां उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति के एस०पी० तिवारी सचिव व कार्यपालक अधिकारी ने दी।

'धर्म का अनुचित इस्तेमाल कर रही हैं विभिन्न पार्टियां, लोगों को जागरुक करें'

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। बसपा सुप्रीमो मायावती ने दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, जम्मू कश्मीर और झारखंड के पार्टी संगठन के कार्यकर्ताओं तथा पार्टी के जनाधार को बढ़ाने के लिए वरिष्ठ पदाधिकारियों बैठक की। उन्होंने कहा कि सबसे जरूरी यह है कि कुछ पार्टियां अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए धर्म का अत्यधिक व अनुचित इस्तेमाल कर रहीं हैं। इसके प्रति लोगों को जागरूक करने से ही देश की राजनीति करवट ले सकती है।

बैठक में उन्होंने कहा कि इन राज्यों में व केंद्र शासित क्षेत्रों में गरीब, मजदूरों के जीवन में बेहतरी के बजाय हालात और खराब होते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बहुप्रतीक्षित विकास के सरकारी दावों की पोल खोलने के लिए यह स्थिति काफी है। दिल्ली सरकार में आपसी अविश्वास व असहयोग से आम जनता का हित प्रभावित हो रहा है।

उन्होंने बसपा कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि कश्मीर में भी पार्टी के कार्यकर्ता अपनी तैयारी पूरी रखे। वहां कभी भी चुनाव हो सकता है। झारखंड में युवाओं को पार्टी से जोड़कर आगे बढ़ाने की रणनीति बनाने की जरूरत है। हिमाचल में बसपा को अपनी तमाम कमियों को दूर करके आगे बढ़ाना जरूरी है।

₹2000 के नोट मामले पर मायावती ने कहा, करेंसी में बदलाव से पहले इसके प्रभाव पर मंथन करें सरकार

लखनऊ। ₹2000 के नोट को जमा करने के मामले पर मायावती ने नरम रुख दिखाया है । उन्होंने सरकार पर हमला नही बोला है। कहा है कि करेंसी की विश्व बाजार में कीमत का संबंध देश का हित वह प्रतिष्ठा से जुड़ा होने के कारण इसमें जल्दी-जल्दी बदलाव करना जनहित को सीधे तौर पर प्रभावित करता है। इसलिए ऐसा करने से पहले इसके प्रभाव व परिणाम पर समुचित अध्ययन जरूरी है। सरकार को इस पर जरूर ध्यान देना चाहिए।

सभी सरकारी अस्पताल अलर्ट मोड में करें कार्य : ब्रजेश

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। प्रंचड गर्मी के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए डिप्टी सीएम ने रविवार को सभी सरकारी अस्पतालों को अलर्ट मोड में कार्य करने के निर्देश जारी कर दिये।

हीट वेब के चलते डायरिया समेत दूसरी संक्रामक बीमारियों के बढ़ने की आशंका को देखते हुए सभी सरकारी अस्पतालों को खास सतर्क रहने को कहा। उन्होंने कहा कि इमरजेंसी सेवाओं को और मजबूत करने की जरूरत है। जिससे संक्रामक रोग फैलने की दशा में आसानी से बीमारी से निपटा जा सकता है। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने निर्देश देते हुए कहा कि सरकारी अस्पतालों में संक्रामक रोगियों के भर्ती की पुख्ता व्यवस्था करें और दवा, जाँच में किसी भी तरह की कमी नहीं होनी चाहिए। सभी जिलों में सीएमओ रैपिड रिस्पांस टीम बनाये और बीमारी की फैलने की दशा में राहत कार्य पहुँचा सकें। नगरीय सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को अलर्ट करें। यहाँ से बीमारी पर काबू पाना आसान होगा। समय पर राहत कार्य से बीमारी के प्रसार को रोका जा सकता है। सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में ओरआरएस, ग्लूकोज, एंटीबायोटिक समेत दूसरी दवाओं का स्टॉक जुटा लें।

ब्रजेश पाठक ने कहा कि जिलाधिकारी, नगर निगम और स्वास्थ्य विभाग की टीम नियमित पानी की जाँच करें। घरों से लेकर सड़क पर लगे नलों से पानी लेकर जाँच करायें। जल संस्थान व दूसरे जिम्मेदार विभागों के अफसर पानी की गुणवत्ता बरकरार रखने में किसी भी तरह की कोताही न बरतें। मानक के अनुसार क्लोरीन पानी में मिलाये। ताकि लोगों को साफ-सुथरा पीने लायक पानी की आपूर्ति की जा सके। उन्होंने कहा कि लोगों को संक्रामक बीमारियों के प्रति जागरूक करें। इसके लिए सीएमओ अभियान चलायें जिससे डायरिया, मलेरिया, डेंगू, टॉयफाइड समेत दूसरी बीमारी से बचाव व लक्षण के बारे में बताये। ताकि लोग शुरूआत में लक्षणों की पहचान कर इलाज करा सकें।

रहीमाबाद में लिफ्ट के बहाने बाइक लूटने का आरोप

मलिहाबाद, लखनऊ। रहीमाबाद थाना क्षेत्र में रविवार को अपनी बाइक से बाग जा रहे एक व्यक्ति से लिफ्ट के बहाने बाइक लूटने का प्रयास किया गया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। आरोपी को पुलिस ने अपनी हिरासत में ले लिया है। रहीमाबाद के गौंदामुअज्जम नगर गांव का रहने वाला विशाल पुत्र लल्लू ने बताया की रविवार को वह अपनी बाइक स्पेलेंडर प्रो से अपनी बाग सलामत खेड़ा जा रहा था तभी एक अजनबी व्यक्ति गौंदा सलामत खेड़ा रास्ते में मिला जिसने लिफ्ट मांगी। विशाल ने बताया की उसने बाइक रोककर उसे बिठा लिया। थोड़ी दूर जाने के बाद आरोपी ने बाइक रोकने की बात कही। पीड़ित ने बाइक रोक दी। आरोप है की आरोपी उसे मारने पीटने लगा और बाइक छीनने लगा। पीड़ित ने शोर मचाया तो आस पास के लोगों ने आरोपी को पकड़ लिया जिसे पुलिस को सूचना देकर पुलिस कस्टडी में दे दिया गया।

'अध्यादेश न्यायपालिका का अपमान'

नीतीश के बाद केजरीवाल के समर्थन में अखिलेश, बोले– जनता से बदला ले रही भाजपा

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। राजधानी दिल्ली को लेकर केंद्र सरकार की तरफ से लाए गए अध्यादेश पर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने ट्वीट कर केन्द्र सरकार पर निशाना साधा है। अखिलेश यादव ने ट्वीट कर अध्यादेश लाने के लिए बीजेपी को घेरा है। पूर्व सीएम ने कहा कि दिल्ली का अध्यादेश न्यायपालिका का अपमान है। ये बीजेपी की नकारात्मक राजनीति का परिणाम है और लोकतांत्रिक-अन्याय का भी।

अखिलेश यादव ने आगे कहा कि बीजेपी जानती है कि लोकसभा चुनाव में दिल्ली की सभी सीटों पर उसकी करारी हार होने वाली है तभी जनता से पहले से ही बदला ले रही है। अध्यादेश के नाम पर ये जनादेश की हत्या है।

आपको बता दें कि केंद्र सरकार राष्ट्रीय राजधानी सिविल सेवा प्राधिकरण के रूप में एक स्थाई प्राधिकरण स्थापित करने के लिए एक अध्यादेश लाई है। जिसके अध्यक्ष दिल्ली के मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, प्रधान सचिव (गृह) के साथ स्थानांतरण पोस्टिंग, सतर्कता और अन्य प्रासंगिक मामलों से संबंधित मामलों में एलजी को सिफारिशें करनी होंगी। मतभेद की स्थिति में उपराज्यपाल का फैसला ही अंतिम होगा।

हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर कारीगर झुलसा

लखनऊ। बीबीडी थाना क्षेत्र में बीबीडी कॉलेज के सामने हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से एक कारीगर बुरी तरह से झुलस गया। कारीगर एक हर्बल ब्यूरी पार्लर का एसी सही करने के लिए छत पर चढ़ा था। इस दौरान अचानक वह हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे उपचार के लिए सिविल अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि छत पर काम करने के दौरान कारीगर 11 हजार हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर हाईवे की सर्विस लेने पर जा गिरा।घटना के बार ब्यूटी पार्लर संचालिका वहां से भाग खड़ी हुई। राहगीरों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने पहुंचकर उसे अस्पताल में भर्ती कराया है।

देश की एकता अखंडता के लिए राजीव गांधी ने दी कुर्बानी : खाबरी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश कांग्रेस ने आज यहां पार्टी मुख्यालय पर भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 राजीव गांधी जी की 32वीं पुण्यतिथि पर की उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण व सर्वधर्म शांति पाठ आयोजित कर श्रद्धापूर्वक याद किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व सांसद बृजलाल खाबरी ने कांग्रेसजनों के साथ कालिदास मार्ग स्थित ''राजीव गांधी पार्क'' पहुंचकर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके अलावा प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय ''राजीव चैक'' पर स्थित प्रतिमा पर भी कांग्रेस नेताओं ने माल्यार्पण किया। वहीं पार्टी मुख्यालय (मीडिया हाल) में सर्व धर्म शांति पाठ भी आयोजित किया गया। इस दौरान उ0प्र0 कांग्रेस के प्रांतीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी एवं नकुल दुबे भी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बृजलाल खाबरी ने कहा कि देश की एकता अखंडता के लिए शहादत देने वाले राजीव गांधी जी ने अपनी दूरदर्शी सोच और आधुनिक भारत निर्माण के दृढ़ संकल्प के दम पर भारत को वैश्विक स्तर पर एक मजबूत लोकतांत्रिक देश के रूप में पहचान दिलाई है। सामाजिक न्याय की परिकल्पना को स्थापित करने के लिए पंचायती राज कानून को कड़ाई से अनुपालन कराने के लिए राजीव गांधी जी के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। औद्योगिक विकास एवं कम्प्यूटर क्षेत्र में उनके द्वारा लाई गई क्रांति का ही नतीजा है कि आज वैशविक स्तर पर भारतीय कम्प्यूटर दक्ष युवाओं का डंका पूरे विश्व में बज रहा है। खाबरी ने बताया कि 18 वर्ष के भारतीय युवाओं को मिला मताधिकार और ग्रामीण महिलाओं को मिला सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक सम्मान राजीव गांधी जी द्वारा चलाये गये क्रांतिकारी कार्यक्रमों से ही फलीभूत हो सका है। सरल स्वभाव के मालिक राजीव गांधी जी द्वारा भारतीय शिक्षा को नया आयाम देने के लिए देश भर में सात सौ से अधिक जवाहर नवोदय विद्यालयों द्वारा आवासीय शिक्षा देने की व्यवस्था दी गई।

फाइलेरिया बीमारी छिपाएं नहीं बताएं : डॉ.रितु

लखनऊ। राजधानी के मोहनलालगंज के सिसेंडी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर फाइलेरिया बीमारी के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए शनिवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जिला मलेरिया अधिकारी डा. रितु श्रीवास्तव ने नेटवर्क के सदस्यों से कहा कि आप समुदाय के बीच से ही हैं इसलिए ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक करें कि फाइलेरिया बीमारी को छिपाएं नहीं बल्कि बताएं । बीमारी को छिपाने से यह बढ़ेगी ही, घटेगी नहीं । इसलिए लोगों को फाइलेरिया से बचाने के लिए आगे आयें और सेवाभाव का धर्म निभाएं और आप ब्रांड एंबेसडर के तौर पर काम कर रहे हैं । इसके साथ ही उन्होंने फाइलेरिया नेटवर्क की सराहना करते हुए कहा कि अभी तक फाइलेरिया के रोगियों को ढूंढने में स्वास्थ्य विभाग का जो सहयोग किया है वह फाइलेरिया उन्मूलन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

अखिल भारतीय ब्रह्म समाज द्वारा 98 बटुकों का उपनयन संस्कार कराया

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। भारत अनेक संस्कृतियों का देश है यहां अनेक संस्कृत में विद्यमान हैं इन्हीं में हिंदू धर्म का अपना अलग ही महत्व है हिंदू धर्म में अनेक संस्कार की जाते हैं जिनमें एक उपनयन यगोपवित संस्कार प्रमुख है लखनऊ में अपनी संस्कृति की रक्षा हेतु अनेक संगठन विद्वान हैं इन्हीं में एक संगठन अखिल भारतीय ब्रह्म समाज है जो अपनी अलग कार्यशैली के लिए प्रसिद्ध है यह संस्था वर्ष पर अनेक सामाजिक कार्य कर्मों का आयोजन करता रहता है।

जैसे होली मिलन समारोह मेधावी बच्चों का सम्मान हरियाली तीज यगोपवित संस्कार आदि इस वर्ष यज्ञोपवीत संस्कार 21 मई 2023 को लखनऊ स्थित गोमती तट पर झूलेलाल वाटिका में आदि शंकराचार्य आश्रम में आयोजित किया गया इस कार्यक्रम में 98 बटुकों का उपनयन संस्कार विधिवत हिंदू रीति रिवाज से संपन्न हुआ इस कार्यक्रम की भव्यता पूरे शहर में चर्चा का विषय रहा सभी लोगों ने कार्यक्रम की फूलपुर प्रशंसा की सभी बटुक अपने परिवार के साथ संस्कार में सलीम रहे।

हमारे संवाददाता से बात करते हुए संस्था के अध्यक्ष सीपी अवस्थी ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम हम लोग लोगों के सहयोग से आयोजित करते हैं हमारा मूल उद्देश्य अपने हिंदू धर्म में संस्कृत को बढ़ावा देना है वर्तमान में हमारे भाई अपने सांस्कृतिक मूल्यों से इधर हो रहे हैं इसी को संजीव ने की जरूरत हम सभी को है एक प्रश्न के उत्तर में संगठन के महामंत्री देवेंद्र शुक्ला ने अपनी बात जोरदार ढंग से प्रस्तुत करते हुए कहा कि हमारी संस्था को इतने बड़े आयोजन करने के लिए संगठन के सभी सदस्य पदाधिकारी तथा शासन प्रशासन का भरपूर सहयोग प्राप्त होता है। कार्यक्रम में कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे जिनमें राज्यसभा सांसद अशोक बाजपेई पूर्व मेयर संयुक्ता भाटिया, इस्कॉन मंदिर से श्री श्री अपरिमेय श्याम दास जी, पूर्व विधायक सुरेश चंद तिवारी, लखनऊ की नवनिर्वाचित महापौर सुषमा खर्कवाल, विधान परिषद सदस्य गुड्डू त्रिपाठी आदि लोग उपस्थित रहे। राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अर्जुन द्विवेदी ने उपनयन संस्कार संबंधित कार्यक्रम के बारे में संवाददाता को जानकारी देते हुए बताया इस संगठन द्वारा पूरे वर्ष इसी तरह से सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहते हैं। संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री देवेंद्र शुक्ला ने एक सफल कार्यक्रम के लिए संगठन के सभी पदाधिकारियों व सदस्यों, प्रशासन तथा आम जनमानस को धन्यवाद दिया।

नवविवाहिता ने दहेज़ उत्पीड़न का दर्ज कराया मुकदमा

» कृष्णानगर कोतवाली क्षेत्र के तुलसी पार्क गीतापल्ली आजाद नगर का मामला

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। कृष्णानगर कोतवाली क्षेत्र में रहने वाली एक नवविवाहिता को पति समेत ससुरालीजनों ने दहेज़ में दस लाख रुपये की मांग एवं संपत्ति में हिस्सा की मांग की मांग पुरी न होने पर प्रताड़ति करते हुए घर से भगा दिया। पीड़ति ने अपने परिवारीजनों संग स्थानीय थाने पर पहुंच लिखित शिकायत की है।

कृष्णा नगर कोतवाली क्षेत्र तुलसी पार्क गीतापल्ली आजाद नगर निवासी पीड़ति अर्चना दीक्षित पुत्री राज किशोर तिवारी के मुताबिक उसका विवाह वर्ष 2022 अप्रैल माह में पुरे रीती रिवाज के साथ विनीत दीक्षित उर्फ़ सत्यम पुत्र विमल दीक्षित के साथ हुआ था।

शादी के कुछ दिन बाद से ही पति विनीत दीक्षित, ससुर विमल दीक्षित व ननद शिप्रा दीक्षित एंव मौसेरी सास आशा अवस्थी ने अपनी नवविहिता बहु से अतिरिक्त दहेज की मांग कोलेकर शारीरिक व मानसिक रुप से प्रताड़ति करना शुरु कर दिया था । आरोप है कि पति व ससुर तथा मौसेरी सास पीड़ति पर अपने मायके की सम्पत्ति में हिस्सा मांगने का दवाव बना रहे थे। विरोध करने पर पीड़ति को उसके पति व ससुर तथा ननद द्वारा प्रार्थिनी को जान से मारने की कोशिश भी की गयी। मानसिक व शारीरिक प्रताड़ना से तंग आकर विवाहिता ने अपने मायके वालो को जानकारी दी। जब मायके से माता पिता आये तो उनके साथ भी इन लोगो ने अभद्र व्यवहार किया जिसपर वह अपने माता पिता संग मायके आ गई।

एसआरएन चिकित्सालय प्रयागराज में सीटी स्कैन की फर्जी रिपोर्ट तैयार कर जारी करने का आरोप

अलीम उद्दीन

लखनऊ। स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय प्रयागराज के 11 जूनियर चिकित्सकों ने रेडियोडायग्नोसिस विभाग एस०आर०एन० चिकित्सालय प्रयागराज के विभागाध्यक्ष को शिकायती पत्र भेज कर रेडियोडायग्नोसिस विभाग में सी0टी0 स्कैन की फर्जी रिपोर्ट जारी करने का आरोप लगाया है। जिससे एस०आर०एन० चिकित्सालय में हड़कम्प मच हुआ है।

बतातें चलें कि स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय प्रयागराज के जूनियर डॉक्टरों का आरोप है कि रेडियोडायग्नोसिस विभाग में सी०टी० स्कैन की फर्जी रिपोर्ट तैयार कर जारी की जा रही हैं। जिसको लेकर डा० हर्ष सिंह (असिस्टेंट प्रोफेसर) एवं डा० संजय कुमार सिंह द्वारा 19 दिसम्बर 2022 को एस०आर०एन० चिकित्सालय प्रयागराज के विभागाध्यक्ष को पत्र भेज कर पूरे मामले को अवगत कराया गया था लेकिन लेकिन आज तक किसी भी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं हुई है। वहीं सी0टी0 की फर्जी रिपोर्ट विभाग में कार्यरत जूनियर चिकित्सकों के नाम और हस्ताक्षर से जारी की जा रही है। जिससे रेडियोडाययग्नोसिस विभाग की छवी धूमिल की जा रही है। वहीं न्यायालय द्वारा फ़र्ज़ी रिपोर्टिंग के आरोप में विधिक कार्यवाही सम्बन्धित जूनियर चिकित्सक पर की जा सकती है। इन फ़र्ज़ी रिपोर्ट के द्वारा किसी भी निर्दोष को फ़साया जा सकता है, जो कि कानूनन ग़लत होगा और इस संदर्भ में जबाबदेह उस जूनियर चिकित्सक को बनाया जाएगा। स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय प्रयागराज के 11 जूनियर चिकित्सकों ने रेडियोडायग्नोसिस विभाग एस०आर०एन० चिकित्सालय प्रयागराज के विभागाध्यक्ष और उसकी प्रतिलिपि मोतीलाल नेहरू मेडिकल कालेज प्रयागराज के प्रधानाचार्य को 11 मई 2023 को पुनः शिकायती पत्र भेज कर मामले को गम्भीरता से लेते हुए नियमानुसार शीघ्रताशीघ्र आवश्यक कार्यवाही करने की माँग की है। वहीं अस्पताल के जूनियर डॉक्टरों ने अल्टीमेटम देते हुए कहा है कि यदि एक सप्ताह के भीतर आवश्यक कार्यवाही न हुई तो हम जूनियर चिकित्सक अपने बचाऊ में कोई भी क़ानूनी कदम उठाने के लिए स्वतंत्र रहेंगे।

पत्नी सुलह को तैयार नहीं तो बिल्डिंग से कूदने का प्रयास

लखनऊ। थाना वजीरगंज क्षेत्र में एक युवक लोक अदालत के दौरान बिल्डिंग से कूदने का प्रयास किया। हालांकि पुलिस की सूझबूझ से उसकी जान बच गई और पुलिस ने खुदकुशी करने से रोक लिया। बताया जा रहा है कि पति-पत्नी के बीच आपसी विवाद चल रहा है। पत्नी ने समझौता नहीं किया तो खुदकुशी करने की धमकी देने लगा।

रविवार को वजीरगंज क्षेत्र में भौखण्डी बिल्डिंग के तीसरे माले में लोक अदालत की सुनवाई चल रही थी। इस दौरान चौक का रहने वाला एक युवक पत्नी के विवाद को लेकर पहुंचा। पत्नी को बार-बार समझाया की समझौता कर लो लेकिन वह समझौता करने का तैयार ही नहीं हुई। पुलिस ने बताया कि पत्नी पर दबाव बनाने के लिए बिल्डिंग से कूदने का नाटक करने लगा। इस दौरान एसआई राकेश कुमार चौरसिया व अधिवक्ता व अन्य लोगों की सूझबूझ से उसे कूदने से पहले ही पकड़ लिया गया।

'शिक्षा पदम अवार्ड' से सम्मानित हुए शिक्षक

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। एसोसिएशन ऑफ प्राइवेट स्कूल्स, उत्तर प्रदेश के बैनर तले में निजी स्कूलों के संचालकों की परिचर्चा 'मंथन-2023' का आयोजन आज सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में किया गया। इस परिचर्चा में प्रदेश के लगभग सभी जनपदों के निजी स्कूलों के संचालकों ने भारत सरकार की नई शिक्षा नीति को भावी पीढ़ी के लिए अत्यन्त उपयोगी बताते हुए इसे सफल बनाने के लिए सारगर्भित चर्चा की। इस अवसर पर शिक्षकों व शिक्षाविदों को 'शिक्षा पदम अवार्ड' से सम्मानित किया गया। इससे पहले, मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर ने दीप प्रज्वलित कर 'मंथन-2023' का उद्घाटन किया। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में कौशल किशोर ने कहा कि नई शिक्षा नीति भावी पीढ़ी के लिए वरदान है क्योंकि इसमें भावी पीढ़ी के सर्वांगीण विकास के समावेशी उपाय दिये गये हैं। समारोह के विशिष्ट अतिथि संदीप सिंह, बेसिक शिक्षा मंत्री ने कहा कि इस परिचर्चा से नये विचार सामने आयेंगे, जिससे शिक्षा जगत में निश्चित ही रचनात्मक बदलाव आयेगा। इस अवसर पर विजय किरन आनंद, आई.ए.एस., बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा महानिदेशकय डा. कुलभूषण शर्मा, प्रेसीडेन्ट, सेन्ट्रल इण्डिपेन्डेन्ट स्कूल एलायन्स (नीसा)य डा. अमित चन्द्रा, सीनियर कन्सल्टेन्ट, सेन्ट्रल स्क्वायर फाउण्डेशनय डा. सुशील गुप्ता, प्रेसीडेन्ट, एसोसिएशन ऑफ प्रोग्रेसिव स्कूल्स ऑफ आगराय शालिनी भार्गव, स्कूल मैनेजिंग ट्रस्टी, झाँसीय रवि प्रकाश जायसवाल, बृजेश यादव, आफाक,कपिल लोहिया एवं राकेश नंदन आदि कई विशिष्ट वक्ताओं ने सारगर्भित विचार व्यक्त किये।<एसोसिएशन ऑफ प्राइवेट स्कूल्स, उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष डा. अतुल कुमार ने बताया कि इस परिचर्चा में वक्ताओं ने इस बात पर जोर दिया कि जिस प्रकार टेलीकॉम सेक्टर में इण्डिपेन्डेन्ट रेगुलेशन बॉडी 'ट्राइ' की स्थापना की गई है, ठीक उसी प्रकार शिक्षा जगत की विसंगतियों को दूर करने हेतु एक इण्डिपेन्डेन्ट रेगुलेशन बॉडी का गठन वर्तमान समय की अनिवार्य आवश्यकता है एवं यह नई शिक्षा नीति के अध्याय 8 के अनुरूप होगा। इस परिचर्चा में स्कूल संचालकों ने आर.टी.ई. एक्ट के अन्तर्गत छात्रों के दाखिले का जल्द भुगतान करने पर भी जोर दिया एवं शासन-प्रशासन से इस सम्बन्ध में माननीय उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश का अतिशीघ्र पालन करने का अनुरोध किया। इसी क्रम में शिक्षा महानिदेशक श्री विजय किरन आनंद, आई.ए.एस., से अनुरोध किया गया कि छात्रों का डेटा फीड करने में आने वाली दिक्कतों का समाधान करें, जिससे कि सभी स्कूल छात्रों का डेटा 'डाइस' वेबसाइट पर अपलोड कर सकें। परिचर्चा के अन्त में डा. अतुल कुमार ने मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि, आमन्त्रित वक्ताओं व प्रदेश भर से पधारे स्कूल संचालकों का आभार व्यक्त करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि आज दिन भर चली इस परिचर्चा के सकारात्मक परिणाम अवश्य ही सामने आयेंगे।

संक्षेप

मैजिक पलटने से 5 लोग घायल

फिरोजाबाद। थाना मक्खनपुर के सीएनजी पेट्रोल पंप के समीप अनियंत्रित मैजिक पलटने से उसमें सवार 5 लोग दबकर घायल हो गए घायलों को उपचार के लिए सरकारी ट्रामा सेंटर लाया गया है। राजस्थान राज्य के जिला लाडनू निवासी दुर्जन नाथ पुत्र जोरा नाथ अपने परिवार के संजना पुत्री सूरज नाथ पूनम पुत्री सूरज नाथ कस्तूरी देवी पटेल दुर्जन नाथ और रेशमा के साथ मैजिक में सवार होकर शिकोहाबाद से टूंडला की ओर जा रहे थे रास्ते में थाना मक्खनपुर के नए बाईपास पर स्थित सीएनजी पेट्रोल पंप के समीप मैजिक अनियंत्रित होकर पलट गई जिसके फलस्वरूप उसमें सवार उक्त सभी लोग घायल हो गए सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची वह सभी को उपचार के लिए सरकारी ट्रामा सेंटर लेकर आई जहां सभी का इलाज जारी है।

युवक ने की ट्रेन से कटकर खुदकुशी

फिरोजाबाद। थाना टूंडला जीआरपी क्षेत्र के अंतर्गत टूंडला दिल्ली डाउन मैन लाइन पर रविवार की प्रातः एक युवक ने ट्रेन से कटकर खुदकुशी कर ली पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लेकर आई है। रविवार की प्रातः लोगों ने टूंडला दिल्ली डाउन मैन लाइन पर एक युवक का शव पड़ा देखा युवक की गर्दन कटी हुई थी सब पड़ा देख ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई सूचना पर जीआरपी मौके पर पहुंची और उसने शवकी शिनाख्त कराने का प्रयास किया परंतु शिनाख्त नहीं हो सकी पुलिस अज्ञात के रूप में शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लेकर आई है जहां शव को विच्छेदन गृह में रखवा दिया है पुलिस के अनुसार मृतक की आयु करीब 40 वर्ष बताई गई है वह शरीर पर सफेद रंग का गमछा बांधे है

टास्क फोर्स ने शहादत दिवस पर पूर्व पीएम को दी श्रद्धांजलि

टूंडला। सूचना का अधिकार टास्क फोर्स की एक संगोष्ठी जिला कार्यालय अहाता शोभाराम पर आहूत हुई। जिसमें भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी जी के शहादत दिवस का आयोजन किया गया। बैठक में जिसमें जिला अध्यक्ष जिला कांग्रेस सूचना का अधिकार विभाग टास्क फोर्स डॉ बीएस गौतम ने भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए कहा आतंकवाद विरोधी दिवस के रूप में 32 बी शहादत दिवस पर याद किया गया। श्रद्धांजलि अर्पित की गई और कहा कि राजीव गांधी असमय हमारे बीच से चले गए। उन्होंने देश को विकसित राष्ट्र बनाने का सपना देखा था। वरिष्ठ कांग्रेस नेता अनिल उपाध्याय ने कहा कि राजीव गांधी लोकतंत्र के सच्चे प्रहरी थे। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम ऊंचा किया। उन्होंने संचार क्रांति एवं कंप्यूटर देश में उन्हीं की देन है। महिला सशक्तिकरण कर महिलाओं को पंचायत में आरक्षण प्रदान किया। इस अवसर पर विशंभर सिंह, रमेश चंद, मोहम्मद सरफराज, जीतू शर्मा, अब्दुल जब्बार, फरीदुद्दीन, अनूप कुमार, प्रमोद रावत, सोनीलाल सिंह, मुन्नीलाल, अरविंद कुमार, राजा, राजीव मल्होत्रा, राजा खान, जितेंद्र जैन आदि लोग उपस्थित रहे।

युवक को उधारी के रुपए मांगना पड़ा महंगा दबंगों ने गले पर ब्लेड मारकर किया घायल

फिरोजाबाद। थाना रामगढ़ क्षेत्र के मोहल्ला सेलई मैं रविवार की दोपहर एक युवक को उधारी के रुपए मांगना भारी पड़ गया दबंगों ने उसे मारपीट कर गले पर ब्लेड मारकर घायल कर दिया पुलिस उसे उपचार के लिए सरकारी ट्रामा सेंटर ले कर आई है। सेलई निवासी 21 वर्षीय विशाल उर्फ रामू पुत्र सोबरन सिंह के मोहल्ले के ही जय सिंह पर उधार के रुपए चाहिए थे वह रविवार की दोपहर रुपए लेने के लिए जय सिंह के घर गया आरोप है उसे रुपए तो नहीं दिए जय सिंह और उसके परिजनों ने विशाल के साथ मारपीट की और गले पर डिलीट मार दिया जिससे वह लहूलुहान हो गया सूचना पुलिस को दी पुलिस उसे उपचार के लिए सरकारी ट्रामा सेंटर ले कर आई है जहां उसका डॉक्टरी परीक्षण कराया है।

शार्ट सर्किट से लगी जूतों की दुकान में आग, लाखों रुपये का नुकसान

जसराना। जसराना के मुस्तफाबाद के फरिहा रोड पर शनिवार की रात्रि जूतों की एक दुकान में भीषण आग लग जाने से लाखों रुपये का नुकसान हो गया है। फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। इस दौरान अफरातफरी का माहौल बना रहा। गनीमत यह रही कि आग ज्यादा आसपास फैली नहीं। फरिहा रोड पर बंश शू स्टोर के नाम से जूतों की दुकान है। दुकान को गौरव कुमार निवासी मुस्तफबााद चलाता है। शनिवार की रात्रि में दुकान के अंदर शार्ट सर्किट हो जाने से आग लग गई। रात्रि में दुकान से निकलते धुंए को देख लोगों ने गौरव को सूचना दी। सूचना पर गौरव मौके पर पहुंचा। आनन-फानन में लोग एकत्र हुए तो देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया, जिसके बाद आग की लपटें दुकान से बाहर निकलने लगी। सूचना पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक पूरी दुकान में रखे जूते जल चुके थे। गौरव ने बताया कि उसका लगभग पांच से छह लाख रुपए के बीच नुकसान हुआ है। पीडित ने शासन एवं प्रशासन से मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है।

कंपनी के कर्मचारियों पर ठगी का आरोप, थाने पहुंची भीड़

शिकोहाबाद। रविवार दोपहर बड़ी संख्या में महिला-पुरुषों की भीड़ एकत्रित होकर थाना पहुंची। अचानक भीड़ को देख थाने पर तैनात पुलिस कर्मी भी हैरान रह गये। भीड़ ने बताया कि सुभाष चौराहे के समीप एक फाइनेंस कंपनी खुली थी। उसने लोन कराने के नाम पर प्रत्येक व्यक्ति से 2100 रुपये वसूल किये। लेकिन रविवार सुबह अचानक अफवाह फैली कि कंपनी भाग रही है। अपने रुपये वापस लेलो। इसी को लेकर लोग एकत्रित होकर थाना पहुंचे और तहरीर दी। पुलिस कंपनी संचालक को पूछताछ के लिए थाना लाई है। थाना पहुंचे लगभग 50 लोगों को देख पुलिस सचेत हो गई। भीड़ को एकत्रित देख कुछ लोगों को बुलाया और उनसे पूछताछ की। भीड़ ने बताया कि नगर में डेढ़ माह पूर्व एक फाइनेंस कंपनी एसआरआर माइक्रो सोल्यूशन फेडरेशन के नाम से आई थी। उसने लोगों से संपर्क किया और अपने एजेंट बनाए। एजेंटों के माध्यम से लोगों को दो लाख रुपये तक का लोन कराने के लिए कहा गया। इस पर कुछ लोग लालच में आ गए और उन्होंने 2100 रुपये की रसीद कटवाई। कंपनी संचालक ने सभी लोगों को रसीद दी। लेकिन रविवार सुबह अचानक अफवाह फैली कि कंपनी भागने वाली है। जैसे ही यह लोगों को सूचना मिली। लोग अपने रुपये वापस लेने के लिए कंपनी के दफ्तर पहुंच गये। जब संचालक ने रुपये बापस करने से इंकार किया तो लोग एकत्रित होकर थाना पहुंच गये। प्रभारी निरीक्षक हरवेंद्र मिश्रा ने लोगों की बात सुनी और दारोगा भेज कर कंपनी संचालक को पूछताछ के लिए थाना लाए।

कांग्रेसी नेता बलजीत कौशिक ने संत नगर का दौरा कर सुना लोगों का दुखड़ा

कालोनी के हालात देखकर बोले कांग्रेसी नेता, सरकार और प्रशासन को आनी चाहिए शर्म

लोकमित्र ब्यूरो

फरीदाबाद। ओल्ड फरीदाबाद स्थित संत नगर में व्याप्त समस्याओं को लेकर स्थानीय निवासी नारकीय जीवन जीने को मजबूर हो रहे है। यहां हालात ऐसे है कि यहां अधिकतर गलियों में गंदा पानी भरा हुआ है, जिसके चलते लोगों को आवागमन में तो दिक्कत हो ही रही है वहीं यहां मच्छर आदि पनपने से यहां बीमारियां फैलने का अंदेशा बना हुआ है।<

लोगों की समस्याओं को लेकर रविवार को फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता बलजीत कौशिक ने संत नगर का दौरा करके गलियों में जाकर लोगों की समस्याओं का जाना। इस दौरान यहां की हालात देखकर वह भी दंग रह गए, यहां गलियां गंदे पानी से भरी हुई है, जिसके चलते यहां आने जाने में लोगों को परेशानियां होती है, गंदगी के चलते यहां मच्छरों की भरमार हो रही है, जिसके चलते यहां डेंगू, मलेरिया व अन्य जानलेवा बीमारियां फैलने का अंदेशा बना हुआ है, लेकिन व प्रशासन मौन है।

इस मौके पर बलजीत कौशिक ने कहा कि करीब नौ सालों में भाजपा ने केवल कागजों में विकास किया है, स्मार्ट सिटी के नाम पर भाजपा के मंत्रियों व विधायकों ने केवल जनता के खून पसीने की कमाई लूटी है, भाजपा के मंत्री व प्रशासनिक अधिकारी संत नगर के हालात देखें तो उन्हें स्वयं ही विकास का पता चल जाएगा। उन्होंने कहा कि आज जनता का भाजपा सरकार से पूरी तरह से मोहभंग हो चुका है और कर्नाटक में कांग्रेस की जीत इसका स्पष्ट उदाहरण है। बलजीत कौशिक ने कहा कि जनता कांग्रेस के शासनकाल को याद करने लगी है, खासकर फरीदाबाद की जनता पूर्व विधायक आनंद कौशिक के कार्यकाल को याद करती है, उस दौरान लोगों को पर्याप्त सुविधाएं मिलती थी।

श्री कौशिक ने प्रशासन व सरकार को चेतावनी दी कि अगर 15 दिन के अंदर संत नगर में गंदे पानी की निकासी व गलियों में भरा पानी साफ नहीं हुआ तो कांग्रेस पार्टी जनता के साथ मिलकर धरना प्रदर्शन और नगर निगम मुख्यालय का घेराव करने से भी गुरेज नहीं करेगी।

इस अवसर पर विनोद कौशिक प्रेसीडेंट विचार विभाग एचपीसीसी, अनुज शर्मा एडवोकेट, जवाहर ठाकुर, सुनील पाराशर, प्रशांत तनेजा, छावन नागर, प्रधान छब्बन, आजाद, जहीर मास्टर, रहीश, गायत्री देवी, इकराम, जुम्मा अब्बा, लेखराज, कमल, नीतू, राम विज, इंद्रीश, नरेश, बबलू, विजजा, ममता, लक्ष्मी, संध्या, हेमलता, मंजू, शिवानी, बीना, देंवेद्र कुमार, सोनू, बनवारी लाल, धीरज, राजेंद्र मास्टर जी, यूनिस खान सहित अनेकों स्थानीय लोग मौजूद थे।

विधायक त्रिखा ने झंडी दिखा बुर्जुगों को किया गंगा स्नान के लिए रवाना

लोकमित्र ब्यूरो

फरीदाबाद। बड़खल की विधायक सीमा त्रिखा ने आज सुबह वरिष्ठ नागरिकों के जत्थे को झंडी दिखाकर हरिद्वार के लिए रवाना किया। सेक्टर -16 के कम्युनिटी सेंटर से वातानुकूलित लक्ज़री बस में 40 से अधिक वरिष्ठ नागरिक गंगा स्नान के लिए रवाना हुए। सीमा त्रिखा ने बुज़ुर्ग महिला से नारियल तुड़वाकर कर व झंडी दिखा कर बस को रवाना करते हुए गंगा स्नान करने गए बुज़ुर्गों को यात्रा की मंगलकामनाएं दी। सभी यात्रियों ने हर हर गंगे का नारा लगाते हुए यात्रा का शुभारम्भ किया तथा विधायक त्रिखा को शुभाशीष दिया। सेक्टर -16 सीनियर सिटीजन्स क्लब के अध्यक्ष राम मिगलानी , महासचिव पीसी शर्मा , उपाध्यक्ष एसएल भाटिया ,वित सचिव जेपी कंसल, जेसी चावला, पीसी गर्ग , सीबी ठुकराल , एमएल मेहता सहित अनेक बुज़ुर्गों ने जाने से पूर्व श्रीमती त्रिखा का फूल मालाओं से स्वागत किया। विधायक सीमा त्रिखा ने कहा कि वह आज जो भी हैं उसमे बुज़ुर्गों का विशेष योगदान रहा है ,उनका आशीर्वाद सदा उनके साथ रहा है। वह कामना करते हैं कि सभी बड़े बुज़ुर्गों का हाथ उनपर बना रहे और वह सेवा करती रहें। श्री मिगलानी ने कहा कि हरिद्वार से लौट के उनका वरिष्ठ नागरिक क्लब उनके स्वागत समारोह का आयोजन भी करेगा।

डीसी विक्रम सिंह ने किया एचसीएस परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण

लोकमित्र ब्यूरो

फरीदाबाद। डीसी विक्रम सिंह ने रविवार को एचसीएस परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। वहीं स्ट्रोंग रूम का भी निरीक्षण कर ड्यूटी पर लगे अधिकारियो को दिशा निर्देश दिए। इस दौरान डीसी विक्रम ने कहा कि अधिकारी यह भी सुनिश्चित करें कि परीक्षा के दौरान किसी प्रकार की लापरवाही की गुंजाइश ना हो। परीक्षा के लिए हरियाणा लोक सेवा आयोग/ एचपीएससी ने जो नियम निर्धारित किए हैं, उनका दृढ़ता से पालन करना सुनिश्चित करें । उन्होंने कहा कि किसी भी अधिकारी को कोई शंका हो तो उनसे फोन पर मौखिक रूप निर्देश ले ले। एचसीएस परीक्षाओं पहला चरण प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक व दूसरा चरण दोपहर 03 बजे से सांय 05 बजे आयोजित किया जा रहा है। एचपीएससी की हिदायतों के अनुसार परीक्षाओं में कोताही बरतने वाले लोगों के खिलाफ तुरंत कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।वहीं परीक्षा केंद्रो में केवल ड्यूटी देने वाले अधिकारी अन्दर जा सकते हैं। इसके अलावा कोई भी अधिकारी परीक्षा केंद्रो के अन्दर जाने पर एचपीएससी द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार पूर्णतया पाबंदी है। डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि एचसीएस परीक्षाओं का यह काफी संवेदनशील कार्य है जिसे सभी अधिकारियों को पूरी जिम्मेदारी के साथ करना सुनिश्चित करें। उल्लेखनीय है कि फरीदाबाद में रविवार को 89 केन्द्रों पर 2 शिफ्टों में एचसीएस की लिखित परीक्षाएं आयोजित की गई।

पत्रकारों पर राष्ट्र व समाज के प्रति जिम्मेदारी अधिक : विपिन भाटिया

» विश्व संवाद केंद्र फरीदाबाद पश्चिम द्वारा आयोजित देवऋषि नारद जयंती कार्यक्रम

लोकमित्र ब्यूरो

फरीदाबाद। विश्व संवाद केंद्र फरीदाबाद पश्चिम द्वारा आयोजित देवऋषि नारद जयंती कार्यक्रम के मुख्य वक्ता संपादक एवं प्रसार भारती के वरिष्ठ सलाहकार ज्ञानेंद्र बर्तरिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि हम पत्रकारों को पश्चिमी देशों की चाल को समझना होगा। पश्चिमी देशों के पत्रकारों को पता है कि उन्हें राष्ट्रहित को ध्यान में रखते हुए क्या दिखाना है और क्या नहीं दिखाना है, मगर हमें वो फ्री प्रेस का पाठ पढ़ाकर कुछ भी दिखाने के लिए उकसाते हैं। श्री बर्तरिया ने देवऋषि नारद जयंती कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता उपरोक्त विचार व्यक्त किए।

एनआईटी फरीदाबाद नीलम बाटा मार्ग स्थित वैश्य भवन में विश्व संवाद केंद्र फरीदाबाद पश्चिम द्वारा आयोजित देवऋषि नारद जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसकी शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सी. दास ग्रुप एवं रेडियो महारानी के निदेशक विपिन भाटिया ने कहा कि सोशल मीडिया के आने के बाद से पत्रकारों पर राष्ट्र व समाज के प्रति जिम्मेदारी अधिक बढ़ गई है। सोशल मीडिया पर फेक न्यूज़ की जो बाढ़ आई हुई है उसकी सच्चाई उजागर करना भी बहुत जरुरी है और पत्रकार उसे बखूबी उजागर कर भी रहे हैं।

समारोह के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संपर्क प्रांत प्रमुख श्रीमान गंगा शंकर मिश्र जी ने बताया कि पत्रकारों को इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि वे जो खबर लिख या दिखा रहें हैं वो राष्ट्र के लिए कितनी उपयोगी है कहने का भाव यह है कि पत्रकार अपनी खबरों में राष्ट्रहित की बात करें। उन्होंने पोखरण में हुए परमाणु परीक्षण का संस्मरण सुनाते हुए बताया कि परीक्षण के बाद देश के वैज्ञानिकों, सेना और स्थानीय ग्रामीणों को सभी ने बधाई दी कि किसी ने भी इस खबर को लीक होने नहीं दिया, मगर दिल्ली में मौजूद बहुत से पत्रकारों को भी इसकी जानकारी होने के बावजूद उन्होंने राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए उसे नहीं छापा। यदि यह खबर लीक हो जाती तो अमेरिका भारत को परमाणु परीक्षण करने नहीं देता। फरीदाबाद विभाग प्रचार प्रमुख माधव जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि देव ऋषि नारद पत्रकारों के आदर्श हैं। उनके गुणों की जितनी उपमा दी जाए वह कम है।

कार्यक्रम के समापन संबोधन में फरीदाबाद पश्चिम के संघचालक संजय अरोड़ा जी ने आपातकाल के दौरान अपने संस्मरण सुनाते हुए बताया की सत्ता द्वारा पत्रकारिता पर अंकुश लगाने के कुप्रयास को संघ ने समाज के सहयोग से विफल किया। देवऋषि नारद जयंती कार्यक्रम में उपस्थित सभी पत्रकार बंधुओं एवं भगनियों को पटका पहनाकर उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ फरीदाबाद पश्चिम महानगर के संघचालक संजय अरोड़ा जी, प्रचार प्रमुख विश्वनाथ, सह प्रचार प्रमुख राजीव एवं शहर के अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

सरकार पहलवानों के धरने को कर रही है कमजोर करने का प्रयास : सुभाष लाम्बा

लोकमित्र ब्यूरो

फरीदाबाद। राज्य कर्मियों के प्रमुख संगठन ऑल इंडिया स्टेट गवर्नमेंट एम्पलाइज फेडरेशन ने यौन उत्पीडन के खिलाफ चल रहे पहलवानों के आंदोलन का समर्थन किया है। फेडरेशन ने भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष की गिरफ्तारी व पद से बर्खास्त करने की मांग का पुरजोर समर्थन करते हुए 23 मई को जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करने और आंदोलन के साथ एकजुटता प्रकट करने का फैसला लिया है। ऑल इंडिया स्टेट गवर्नमेंट एम्पलाइज फेडरेशन के अध्यक्ष सुभाष लांबा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि राज्य कर्मचारी इससे पहले भी 8-9-10 मई को सभी राज्यों में प्रदर्शन कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि मंगलवार को होने वाले प्रदर्शन दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, चंडीगढ़, यूपी व राजस्थान से सैकड़ों की संख्या में कर्मचारी जंतर-मंतर पर शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि सरकार ने किसान आंदोलन की तर्ज पर पहलवानों के शांतिपूर्ण धरने को एक विशेष जाति, इलाके,एक ही अखाड़े, राजनीति से प्रेरित बताकर कमजोर करने का भरपूर प्रयास किया। लेकिन जब सभी प्रयास असफल हो गए तो पुलिस दमन से धरने को समाप्त करवाने के प्रयास किए जा रहे हैं। जो घोर निंदनीय ही नहीं असहनीय भी है और दिल्ली पुलिस के आलोकतांत्रिक रवैए को पुनः उजागर करता है। उन्होंने कहा कि मेडल जीतने पर देश इन पहलवानों को सिर पर बैठाता है और पीएमओ व खेल मंत्रालय उनको चाय पर आमंत्रित कर फोटोशूट करवाए जाते है। लेकिन आज उनके साथ हो रही बदसलूकी और ओलंपियन पहलवानों के बह रहे आंसुओं पर उनकी चुप्पी हैरान करने वाली है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा बुलंद करने वाली नेत्रियां की चुप्पी पर भी सवाल उठ रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह सब देश देख रहा है। उन्होंने बताया कि सात महिला पहलवानों ने सीपी पुलिस स्टेशन में भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष पर यौन उत्पीडन के गंभीर आरोप लगाते हुए शिकायत दी थी, जिसमें एक नाबालिग पहलवान भी शामिल है। आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने और पद से बर्खास्त करने की मांग को लेकर ओलंपियन पहलवानों ने जंतर-मंतर पर धरना शुरू किया। पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई न होने पर पीड़ितों को माननीय सर्वोच्च न्यायालय में अपील दायर करनी पड़ी। माननीय सर्वोच्च न्यायालय के दखल के बाद दो एफआईआर दर्ज हुई है। लेकिन पुलिस ने अभी तक आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया है। खेल मंत्रालय ने आरोपी को पद से भी नहीं हटाया है। उन्होंने कहा कि पहलवानों ने आरोप लगाया है कि पद पर रहते हुए आरोपी सबूतों को मिटाने और आरोप लगाने वाली महिला पहलवानों को शिकायत वापस लेने का दबाव बना रहा है।

फायरिंग के दौरान गोली से घायल हुए दो लोगों संबंधित प्रकरण में एक आरोपी गिरफ्तार

फिरोजाबाद। थाना मक्खनपुर क्षेत्र में गुरुवार की रात फायरिंग के मामले में 5 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। फायरिंग के दौरान गोली लगने से दो लोग घायल हो गए थे। एक युवक का आगरा में उपचार चल रहा है। अदमपुर निवासी जगमोहन पुत्र अमर सिंह अपने चचेरे भाई भानु प्रताप सिंह पुष्पेंद्र तथा राजेंद्र के साथ गुरुवार की देर रात जलेसर से कार में सवार होकर गांव आ रहे थे। गांव के समीप ही गाड़ियों में सवार लोगों ने उन्हें रोका। गाली गलौज के बाद उन पर हथियारों से फायर कर दिए। फायरिंग के दौरान गोली लगने से जगमोहन और भानु प्रताप घायल हो गए थे दोनों घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। गंभीर हालत देख भानु प्रताप को आगरा रेफर किया गया। पुलिस ने नामजद आरोपियों में से एक आरोपी ओमप्रकाश को गिरफ्तार कर जेल भेजा है शेष आरोपियों की तलाश जारी है।

'आमजन की सेवा करना ही है सबसे बड़ा पुरुषार्थ ओर धर्म'

लोकमित्र ब्यूरो

फरीदाबाद। हरियाणा के पूर्व उद्योग मंत्री विपुल गोयल ने अपने सेक्टर 16 कार्यालय से ओल्ड फ़रीदाबाद विधानसभा के संत नगर इलाके से एक बस शनिवार सांय हरिद्वार में गंगा स्नान के लिए झंडी दिखाकर रवाना की। इस मोके पर उनके साथ उनके कार्यकर्ता भी रात को बस रवाना करते समय साथ रहे।

गौरतलब है कि पूर्व उद्योग मंत्री पिछले काफी वर्षों से फरीदाबाद क्षेत्र की जनता को धार्मिक जगहों पर तीर्थ यात्राएं करवाने के लिए हरिद्वार, शिर्डी साईं धाम, वैष्णो देवी, पटना साहेब आदि निशुल्क भेजते रहे है ओर यही क्रम पिछले आठ वर्षो से लगातार जारी है। यहाँ आपको बतादें की पूर्व मंत्री विपुल गोयल हमेशा अपने क्षेत्र के लिए कुछ अलग करने के लिए जाने जाते है । विपुल गोयल जोकि बतौर मंत्री रहते समय से ही लाखो लोगों को तीर्थ यात्राएं निशुल्क करवा चुके है ओर हजारों गरीब व विधवा औरतों को राशन बांट चुके हैं। पूर्व मंत्री ने बताया कि जाने वाले तीर्थ यात्रियों का रहने व खाने- पीने का पूरा प्रबन्ध उनकी तरफ से ही रहता है।

पूर्व मंत्री ने लोगो को तीर्थ यात्रा पर भेजते हुए उनकी मंगल यात्रा की कामना की ओर लोगो से क्षेत्र की प्रगति ओर खुशहाली की कामना माँ गंगा से करने के लिए कहा। इससे पहले महिलाओं ने पूर्व मंत्री को आशीर्वाद दिया ओर जिंदाबाद के नारे लगाते हुए फूल मालाओं के साथ पगड़ी पहनाकर स्वागत किया व आशीर्वाद दिया । इस मौके पर पंडित मुकेश शास्त्री पूर्व चैयरमेन मार्केट कमेटी, विजय शर्मा अजरौंदा, मनीष राघव एडवोकेट, बिजेंदर जैन, संजय मल्होत्रा, मंदी कुमार, पंडित वीके शास्त्री, सुभाष भगत, कमल सैनी, पंडित सुरेंद्र बबली, सीमा भारद्वाज, जगबीर पहलवान, इब्राहिम खान सदर मस्जिद ओल्ड, बॉबी डोगरा व अन्य लोग उपस्थित थे।

प्राथमिक विद्यालय की जमीन पर, दबंगों ने किया हैं, खुलेआम कब्जा

लोकमित्र ब्यूरो

अमेठी। राजस्व अभिलेखों में दर्ज प्राथमिक विद्यालय कुरंग की जमीन पर गांव के दबंग भूमाफिया ने कब्जा कर मकान का निर्माण कर लिया है। जिसकी शिकायत ग्राम वासियों ने की। शिकायत की जांच की जांच हल्का लेखपाल अजय कुमार, कानूनगो लालमणि ,अमित कुमार,व अरविंद सिंह व चौकी इंचार्ज रामगंज विनोद यादव की टीम ने की। जांच सही पाए जाने की पुष्टि राजस्व टीम ने की। विद्यालय के जमीन के 0.020हेक्टे भाग पर गांव के ही दबंग भूमाफिया का कब्जा है। योगी सरकार के बुलडोजर के डर से अवैध रूप से कब्जेदार ज्ञानमती पत्नी राम अवतार यादव ने अदालत में झूठा शपथ पत्र पेश करते हुए बताया कि विद्यालय की जमीन पर उनका पुश्तैनी कब्जा है। जिस पर विद्यालय प्रशासन ने कभी रोक नहीं लगाई।

मामला अमेठी जनपद के विकासखंड भादर के अंतर्गत स्थित कुरंग गांव का है ।जहां प्राथमिक विद्यालय कुरंग राजस्व अभिलेखों में गाटा संख्या 324 क्षेत्रफल 0.1520 हेक्टेयर कन्या पाठशाला प्राथमिक विद्यालय कुरंग के नाम दर्ज है। विद्यालय की जमीन पर अवैध कब्जा गांव के ही राम अवतार यादव व उनके परिजनों ने पक्का मकान का निर्माण कार्य करके कब्जा कर लिया है। इसकी शिकायत कई बार उच्चाधिकारियों से की गई लेकिन नतीजा ढाक के तीन पात ही रहा। इसकी शिकायत गांव के ही लोगों ने सन 2013 में तत्कालीन खंड शिक्षा अधिकारी भादर राकेश यादव के समय में की गई थी। उस समय विद्यालय में अंजू शर्मा प्रधानाध्यापक थी ।उस समय जांच में तत्कालीन खंड शिक्षा अधिकारी ने बीएसए को सौंपी जांच आख्या में लिखा कि विद्यालय के दो विश्वा भाग पर रामअवतार यादव व उनके परिजनों का कब्जा है ।लेकिन खंड शिक्षा अधिकारी राकेश अंजू शर्मा व प्राथमिक विद्यालय भोजपुर शिव सहाय यादव की मिलीभगत से विद्यालय की जमीन से कब्जा नहीं हटाया गया तथा शेष भाग में विद्यालय की बाउंड्री वाल बनाकर यह दिखाने का प्रयास किया गया कि विद्यालय की जमीन से कब्जा हटा दिया गया है ।परंतु सत्यता इसके बिल्कुल विपरीत थी।कब्जेदार द्वारा आज भी विद्यालय की जमीन पर कब्जा किया गया है। पुनः प्राथमिक विद्यालय पर कब्जे की शिकायत जनवरी माह के अंतिम सप्ताह में गांव के निवासी अमरपाल यादव द्वारा की गई। जिस पर एसडीएम अमेठी ने राजस्व टीम गठित की। जिसमें हल्का लेखपाल अजय कुमार ,अमित कुमार ,अरविंद सिंह तथा राजस्व निरीक्षक लालमणि सहित चौकी इंचार्ज रामगंज विनोद यादव के नेतृत्व में विद्यालय के जमीन की पैमाइश की गई ।पैमाइश में जांच सही पाई गई ।मौके पर गई लेखपाल की टीम ने स्पाट मेमो में दिखाया कि विद्यालय के पिछले भाग के 0.020 हेक्टेयर पर गांव के ही राम अवतार यादव व उनके परिजनों का कब्जा बरकरार है ।पैमाइश के समय विद्यालय के प्रधानाध्यापिका व सहायक अध्यापक चंद्रजीत सिंह मौके पर मौजूद थे। इसके कुछ समय बाद बीएसए अमेठी द्वारा प्राथमिक विद्यालयों की जमीन पर कब्जा किए गए विद्यालयों की सूची मांगी गई जिस पर प्राथमिक विद्यालय कुरंग के प्रधानाध्यापिका द्वारा झूठा शपथ पत्र दिया गया। जब भूमाफिया को विद्यालय की जमीन से कब्जा हटाने के लिए लेखपाल की टीम ने बताया तो योगी सरकार के बुलडोजर के डर से आनन-फानन में भू माफिया की पत्नी ज्ञानमती पत्नी राम अवतार यादव दीवानी न्यायालय सुल्तानपुर में न्यायालय सिविल जज दक्षिणी कक्ष संख्या 24 में मुकदमा दायर किया। मुकदमे में ज्ञानमती द्वारा स्वीकार किया गया कि उसके ससुर मनीराम यादव ने विद्यालय की जमीन पर कब्जा किया था और बंटवारे में वह जमीन उनके खाते में आई है। जिस पर दो कमरे व बरामदा बना लिया है। दिनांक 05 /02/ 2023 को हल्का लेखपाल द्वारा बताया गया कि ज्ञानमती का घर गाटा संख्या 324 में है जो राजस्व कागजात में कन्या प्राथमिक पाठशाला के नाम पर दर्ज और कहा कि आप अपना मकान तुरंत हटा लो । वादिनी अनपढ़ महिला है ।किसी तरह गुजर बसर कर रही है। पति मजदूरी करने के लिए हमेशा बाहर जाते रहते हैं परिवार के अन्य लोग पश्चिम तरफ अलग मकान बनाकर रह रहे हैं ।इसके अलावा उनका आरोप है कि राजस्व अभिलेखों में भले ही कन्या प्राथमिक पाठशाला के साथ अंकित है ।परंतु उक्त भूभाग पर कभी भी विद्यालय का कब्जा व दखाल नहीं रहा है बल्कि विद्यालय द्वारा जो भी भूभाग उपयोग में लाया जा रहा है ।उसकी स्थल पर बाउंड्री बनी है जिससे वादिनी का कोई वास्ता या सरोकार नहीं है। महिला के आरोपों की पुष्टि करने पर पता चला कि महिला ने झूठा आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया है ज्ञानमती पत्नी रामअवतार के पास मिताई का पुरवा मजरे सोनारी गांव में घर व खेती करने योग्य भूमि है ।जिस पर खेती भी की जा रही है ।इसके साथ ही वादिनी ज्ञानमती के पति प्राइवेट विद्यालय में सहायक अध्यापक के पद पर कार्यरत हैं।

सवा करोड़ रुपये से बनेगी तिगांव की फिरनी : राजेश नागर

लोकमित्र ब्यूरो

फरीदाबाद। विधायक राजेश नागर आज तिगांव की फिरनी के निर्माण कार्य की शुरुआत करवाने पहुंचे। इस अवसर पर उन्होंने बुजुर्गों के हाथ नारियल फुड़वाए वहीं स्थानीय लोगों ने उनका फिरनी निर्माण करवाने के लिए धन्यवाद किया।

विधायक राजेश नागर ने बताया कि इस फिरनी को बनाने पर करीब सवा करोड़ रुपये की लागत आएगी। वहीं इसको बनाने में करीब दो महीने का समय लगेगा जिसके बाद लोगों को बड़ा लाभ मिल सकेगा। नागर ने बताया कि तिगांव की फिरनी बन जाने से बड़ा ट्रैफिक बाजार में जाने से बच जाएगा जहां पर उन्हें काफी जाम से जूझना पड़ता है। विधायक ने बताया कि ठेकेदार को समय पर निर्माण कार्य पूरा करने के लिए कहा गया है जिससे लोगों को इसे समय पर दिया जा सके। विधायक राजेश नागर ने कहा कि अन्य कई सडक़ों के एस्टीमेट भी मंजूरी के लिए गए हुए हैं और उनके भी जल्द ही टेंडर कॉल करने की प्रक्रिया पूरी कर निर्माण शुरु किए जाएंगे।

नागर ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के आशीर्वाद से हमारी फाइलों को जल्द मंजूरी मिल जाती है और सरकार के पास किसी भी काम के लिए फंड की कोई कमी नहीं है। उन्होंने स्थानीय लोगों से कहा कि वह अपने स्थानीय मुद्दों के लिए उनसे कभी भी मिल सकते हैं। आपने मुझे सेवा का अवसर दिया है जिस पर खरा उतरने के लिए मैं प्रयासरत हूं। इस अवसर पर तिगांव के सरपंच विक्रम प्रताप नागर, तिगांव अधाना पट्टी के सरपंच वेद प्रकाश अधाना, पूर्व निगम पार्षद राजेश तंवर, जिला पार्षद अनिल पाराशर, अमन नागर, दयानंद नागर, वीरेंद्र भगतजी, बिल्लू पहलवान, वेद मेंबर, जय किशन वर्मा, शम्मी नागर, सुभाष नागर, हरिचंद,कृष्णा, पीडब्ल्यूडी एसडीओ प्रकाश लाल, जेई वीरेंद्र सिंह, तिगांव एसएचओ दलवीर सिंह सहित अनेक प्रमुख व्यक्ति मौजूद रहे।

जी-7 सम्मेलन में परोक्ष रूप से चीन पर निशाना साध गए पीएम मोदी, रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर कही बड़ी बात

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने बयान में कहा कि यूक्रेन की मौजूदा स्थिति कोई राजनीति या आर्थिक मुद्दा नहीं है बल्कि यह एक मानवीय मुद्दा मानवीय मूल्यों का मुद्दा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सभी देशों को अंतरराष्ट्रीय कानूनों, संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने बयान में परोक्ष रूप से चीन पर भी निशाना साधा और कहा कि यथास्थिति में एकतरफा बदलाव की किसी भी कोशिश का विरोध होना चाहिए।

जी-7 के एक कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कोई भी विवाद और तनाव की स्थिति को शांतिपूर्वक तरीके से बातचीत के जरिए सुलझाया जाना चाहिए। पीएम मोदी ने भगवान बुद्ध का जिक्र करते हुए बताया कि दुनिया में ऐसी कोई समस्या नहीं है, जिसका भगवान बुद्ध की शिक्षाओं से सुलझाया ना जा सके। भगवान बुद्ध ने शत्रुता को बातचीत से खत्म करने की बात कही थी और हमें भी इसी भावना के साथ आगे बढ़ना चाहिए।

'यूक्रेन की हरसंभव मदद करेंगे'

जी-7 की बैठक से इतर प्रधानमंत्री मोदी ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की से भी बात की। यूक्रेनी राष्ट्रपति के साथ मुलाकात के बाद पीएम मोदी ने कहा कि यूक्रेन की मदद के लिए भारत जो संभव होगा, वो सब करेगा। जी-7 के सम्मेलन में यूक्रेन युद्ध पर काफी फोकस रहा। प्रधानमंत्री ने कहा कि हम शुरुआत से ही कहते रहे हैं कि बातचीत और कूटनीति के जरिए आज किसी भी समस्या को सुलझाया जा सकता है। यूक्रेन संकट में भी भारत मदद करने की कोशिश करेगा।

चीन पर साधा निशाना

पीएम मोदी ने अपने संबोधन में किसी का नाम लिए बगैर कहा कि सभी देश यथास्थिति बदलने के खिलाफ एकसुर में आवाज उठाएं। भारत का सीमा पर चीन के साथ लंबे समय से विवाद चल रहा है और दोनों देश सीमा विवाद में उलझे हुए हैं। ऐसे में पीएम मोदी के उक्त बयान को चीन पर परोक्ष रूप से निशाना माना जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि किसी भी विवाद का शांतिपूर्ण तरीके से समाधान निकाला जा सकता है।

पीएम मोदी ने कहा कि मौजूदा वैश्विक स्थिति का विकासशील देशों पर बुरा असर पड़ रहा है। मौजूदा संकट के चलते खाने, तेल और फर्टिलाइजर का संकट बढ़ा है, खासकर विकासशील देश इससे सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं।

'आतंकी हमले में आज तक कोई भाजपा नेता नहीं मरा'

राजीव गांधी को याद करते हुए फिसली सिद्धारमैया की जुबान

नई दिल्ली। राजीव गांधी की पुन्यतिथि पर कर्नाटक के नए सीएम सिद्धारमैया ने केंद्र सरकार पर जमकर तंज कसे। लोगों को संबोधित करते हुए कर्नाटक सीएम की जबान फिसल गई और उन्होंने केंद्र सरकार पर तंज कस दिया।

सिद्धारमौया ने कहा- 'पीएम मोदी सिर्फ आतंकवाद पर बात करते हैं, लेकिन आजतक एक भी भाजपा का नेता आतंकवादी हमले में मारा नहीं गया है। भाजपा लगातार कहती रहती हौ कि हम आतंकवाद को बढ़ावा देते हैं लेकिन हमारे कांग्रेसी नेता इंदिरा गांधी और राजीव गांधी दोनों ही आतंकवादी हमले का शिकार हुए थे।' सीएम के भाषण के बाद कर्नाटक कांग्रेस अध्यक्ष और डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार बंगलुरु पार्टी कैडर को संबोधित करते हुए राज्य में सरकार बनने के बाद अपनी प्रतिक्रिया दी है। राज्य विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के 135 से ज्यादा सीटें जीतने के बावजूद शिवकुमार इस प्रदर्शन से खुश नहीं हैं।

उन्होंने कहा- 'हमने विधानसभा चुनाव में 135 से ज्यादा सीटें जीती, लेकिन मैं इससे खुश नहीं हूं। मेरे या सिद्धारमैया के घर मत आना। हमारा अगला लक्ष्य लोकसभा चुनाव है और इसके लिए हमें अच्छे से लड़ना चाहिए।' बता दें कि कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने 135 सीटें जीतकर राज्य में सरकार बनाने में कामयाब रही। पार्टी के वरिष्ट नेता सिद्धारमैया को मुख्यमंत्री और डीके शिवकुमार को उप मुख्यमंत्री के तौर पर चुना गया।

पीएम नहीं, राष्ट्रपति को करना चाहिए नए संसद भवन का उद्घाटन : राहुल

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पीएम मोदी द्वारा नए संसद भवन के उद्घाटन की खबरों पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। राहुल के अनुसार संसद भवन का उद्घाटन प्रधानमंत्री के हाथों नहीं बल्कि राष्ट्रपति के हाथ से होना चाहिए।

नए संसद भवन का उद्घाटन पीएम मोदी के हाथों 28 मई को होने वाला है। राहुल गांधी ने इस पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए ट्वीटर में कहा- 'राष्ट्रपति को नए संसद भवन का उद्घाटन करना चाहिए, न कि प्रधानमंत्री को।'

नए संसद भवन का उद्घाटन उसी दिन होने वाला है जिस दिन हिदुत्व विचारक वी डी सावरकर का जन्मदिन है। ऐसे में विपक्षी पार्टी केंद्र सरकार पर निशाना साध रही है। कांग्रेस का मानना है कि यह राष्ट्र निर्माताओं का अपमान है।

नए संसद भवन के लोकसभा कक्ष में 888 सदस्यों के बैठने की व्यवस्था होगी। वहीं राज्यसभा में 384 सदस्य बैठ सकेंगे। संयुक्त सत्र के दौरान सदन में 1,272 सदस्यों के बैठने की व्यवस्था की गई है।

नए संसद भवन की आधारशिला 10 दिसंबर 2020 में रखी गई थी। नवनिर्मित भवन का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री मोदी से भेंट कर उनसे इसका उद्घाटन करने का आग्रह किया था।

दिल्ली में भीषण गर्मी तो बेंगलुरु में सुहाना हुआ मौसम, झमाझम बारिश की वजह से कई जगहों पर जलभराव, ओले भी गिरे

बेंगलुरु। कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में रविवार की दोपहर मूसलाधार बारिश हुई। एक तरफ राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली समेत देश के कई हिस्सों में भीषण गर्मी से जनता बेहाल है, जबकि दूसरी ओर बेंगलुरु में झमाझम बारिश हो रही है और मौसम सुहाना हो गया है। साथ ही ओलावृष्टि भी हुई। बेंगलुरु के कई हिस्सों की तस्वीरें और वीडियोज सामने आए। जिनमें सड़कों पर बिफरे पेड़-पौधे दिखाई दे रहे हैं। वहीं, कई पेड़ बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए। इसके अलावा सदाशिव नगर के साथ ही कई इलाकों में जलभराव भी देखा गया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्विटर पर यूजर्स बारिश के साथ-साथ ओले की तस्वीरें साझा कर रहे हैं। ट्विटर पर वीडियो और तस्वीरों की बाढ़ आ गई है। यूजर्स झमाझम हो रही बारिश का वीडियो साझा करते हुए इसे प्री-मानसून बता रहे हैं।

गुजरात दौरे पर पहुंचे अमित शाह, बोले– तटीय सुरक्षा में चूक के कारण हुआ 26/11 का हमला

द्वारका (गुजरात)। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा, तटीय सुरक्षा में चूक के कारण 26/11 मुंबई आतंकी हमला हुआ। 26 नवंबर, 2008 को जब दस आतंकियों ने मुंबई पर हमला किया, तब कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सत्ता में थी। उन्होंने कहा कि जिस देश की सीमाएं सुरक्षित नहीं होतीं, उस देश में विकास के कोई मायने नहीं होते।

शाह ने गुजरात के देवभूमि द्वारका जिले के ओखा में शनिवार को 470 करोड़ रुपये की लागत से नेशनल एकेडमी ऑफ कोस्टल पुलिसिंग (एनएसीपी) के स्थायी परिसर की आधारशिला रखते हुए ये टिप्पणियां कीं। उन्होंने कहा, इस देश ने हमारी तटीय सुरक्षा में चूक के लिए एक बड़ी कीमत चुकाई है।

मोदी सरकार के तहत, तटीय सुरक्षा पर एक समग्र नीति का पालन किया जा रहा है और इस तरह के दुस्साहस करने की योजना बना रहे दुश्मनों को अब करारा जवाब दिया जाएगा। शाह ने कहा, पीएम मोदी ने 2018 में इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए ओखा में एनएसीपी शुरू करने की मंजूरी दी थी। यह देश की पहली राष्ट्रीय अकादमी है, जो तटरेखा की सुरक्षा में पुलिस बलों को प्रशिक्षित करती है। इसने 2018 में गुजरात मत्स्य अनुसंधान केंद्र के परिसर से काम करना शुरू किया।

सालाना 3,000 लोगों का होगा प्रशिक्षण

शाह ने कहा कि पूरे देश में कुल तटीय पुलिसकर्मियों की संख्या लगभग 12 हजार है और इस अकादमी के पूरी तरह परिचालन में आने के बाद यहां एक साल में 3,000 लोगों के प्रशिक्षण की व्यवस्था हो जाएगी। इस प्रकार 4 साल में भारत की तटीय सुरक्षा करने वाले सभी कर्मियों की शत-प्रतिशत ट्रेनिंग पूरी हो जाएगी।

पांच चौकियों का उद्घाटन

शाह ने कहा कि लगभग 56 करोड़ की लागत से यहां बीएसएफ की पांच अलग-अलग कंपनियों की चौकियों और 18वीं वाहिनी के एक निगरानी टावर का उद्घाटन हुआ है। इन पर तैनात हमारे सजग प्रहरी सुविधा के साथ यहां रह पाएंगे और देश की सुरक्षा को सुनिश्चित करेंगे।

अब एक खेप में 12,000 करोड़ की ड्रग पकड़े जा रहे शाह ने कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए के 10 साल के शासनकाल में कुल 680 करोड़ रुपये की ड्रग पकड़ी गई, लेकिन अब एक ही खेप में 12,000 करोड़ की ड्रग पकड़ने का काम भारतीय सुरक्षा एजेंसियों ने किया है जो ये बताता है कि हमारी ऐजेंसियां और मुस्तैद हुई हैं।

आरोपपत्र में सीबीआई का दावा, टाइटलर के भड़काने पर भीड़ ने तीन लोगों की ली थी जान

नई दिल्ली। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने 1984 के सिख विरोधी दंगों को लेकर शनिवार को कांग्रेस नेता जगदीश टाइटलर के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया। मामला दंगों के दौरान पुल बंगश से जुड़ा है, जहां भीड़ ने तीन लोगों को मार डाला था।

विशेष अदालत के समक्ष दायर आरोपपत्र में जांच एजेंसी ने कहा, टाइटलर ने एक नवंबर 1984 को पुल बंगश गुरुद्वारा आजाद मार्केट में जुटी भीड़ को उकसाया। इसके बाद भीड़ ने गुरुद्वारे में आग लगा दी और तीन सिखों ठाकुर सिंह, बादल सिंह व गुरचरण सिंह को मार डाला। टाइटलर पर दंगा भड़काने, अवैध रूप से भीड़ जुटाने, हत्या व दंगों के लिए उकसाने, धार्मिक स्थल को क्षति पहुंचाने जैसे मामलों में कई धाराएं लगाई गई हैं। अदालत इस मामले पर 2 जून को संज्ञान लेगी। हालांकि, टाइटलर ने आरोपों से इन्कार करते हुए कहा, अगर मेरे खिलाफ सबूत हों, तो मैं खुद फांसी चढ़ने को तैयार हूं।

अप्रैल में लिए आवाज के नमूने

इस मामले में सीबीआई ने 11 अप्रैल को टाइटलर को आवाज के नमूने देने के लिए बुलाया था। जांच एजेंसी का कहना था कि उसे 38 साल पुराने इस मामले में कुछ नए साक्ष्य मिले हैं, जिसके लिए उनकी आवाज के नमूने लेना आवश्यक है।

नृत्यांगन हॉबी सेंटर ने धूमधाम से मनाया अपना वां वार्षिकोत्सव 'नृत्य नादय'

पटना। हाय रामा ये क्या हुआ, फ्रॉग सॉन्ग, मधुबाला से भी आला दिखती हो जैसे गानों पर जैसे हीं नन्हें-मुन्हें बच्चों ने प्रस्तुति देनी शुरू की वैसे हीं सारा हॉल तालियों की गरगराहट से गूंज उठा। भगवान शिव और माँ पार्वती के मिलन नृत्य को दर्शाकर बच्चों ने जो मनमोहक प्रस्तुति दी, वो दृश्य हर कोई अपने कैमरे में कैद कर लेना चाहता था। मौका था नृत्यांगन हॉबी सेंटर के बारहवें वार्षिकोत्सव का जिसका आयोजन शनिवार को राजेंद्रनगर स्थित प्रेमचंद रंगशाला में बड़े ही धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत सेलिब्रिटी गेस्ट बॉलीवुड अभिनेत्री और मशहूर क्लासिकल डांसर सुधा चंद्रन, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिहार सरकार के उद्योग मंत्री समीर महासेठ, विशिष्ट अतिथि पटना की मेयर सीता साहू, राज कुमार नाहर, डॉ. रत्ना पुरकायस्था, उषा झा, उर्मिला मिश्रा व देबो प्रिया के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके पश्चात संस्थान की निदेशिका मौसम शर्मा ने आगत अतिथियों को शॉल, गुलदस्ता व मोमेंटो देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ स्वागत नृत्य से किया गया जिसे अंतरज्योति बालिका विद्यालय के बच्चों द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में संस्थान की लेडीज ग्रुप द्वारा शास्त्रीय नृत्य थारे रहियो एवं बलमा घोड़े पे क्यों सवार है पर धमाकेदार प्रस्तुति दी गई जिसे देख लोग मंत्रमुग्ध हो गए। कार्यक्रम में आकर्षण का केंद्र संस्थान की निदेशिका को समर्पित मधुबाला से भी आला दिखती हो नृत्य रहा जिसे संस्थान के बच्चों ने बखूबी निभाया और दर्शकों की वाहवाही लूटी। वहीं अन्य बच्चों ने भी बॉलीवुड नृत्य-संगीत की प्रस्तुति देकर सभी लोगों का दिल जीत लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अभिनेत्री सुधा चंद्रन ने नृत्यांगन के बच्चों की नृत्य कौशल की तारीफ़ की और उन्हें बारहवें वार्षिकोत्सव की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि शास्त्रीय नृत्य हमारी सांस्कृतिक विरासत का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। वहीं मुख्य अतिथि उद्योग मंत्री समीर महासेठ ने भी बच्चों की तारीफ़ करते हुए उनका हौसला बढ़ाया। कार्यक्रम की संचालिका व नृत्यांगन की निदेशिका मौसम शर्मा ने कहा की मुझे यह बताते हुए बहुत ही खुशी हो रही है की हमारी संस्थान ने सफलतापूर्वक 11 वर्ष पुरे कर लिए हैं। हर वर्ष हम कुछ नए वादें कर उसे पूरा करने के लक्ष्य के साथ निरंतर आगे बढ़ते रहते हैं। मौसम शर्मा ने कहा की इस संस्थान के माध्यम से अबतक हजारों बच्चों ने प्रशिक्षण लेकर अपना परचम लहराया है।

पिकअप वैन ने मोटरसाइकिल को मारी टक्कर, तीन युवकों की मौत, वैन चालक फरार

नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में रविवार को एक पिकअप वैन ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिसमें तीन युवकों की मौत हो गई। यह घटना कलकत्ता के उत्तरी बाहरी इलाके में अगरपारा इलाके की है।

तीनों ही युवक सुबह खरदाहा की ओर जा रहे थे, लेकिन तीनों ही कुछ देर के लिए तेंतुलताला बस अड्डे पर रुके थे। जैसे ही उन्होंने अपनी यात्रा शुरू की एक पिकअप वैन ने मोटरसाइकिल को पीछे से टक्कर मार दी। इस घटना के बाद वैन का चालक अपनी वाहन के साथ फरार हो गया। तीनों मृतकों की पहचान रोहित केसरी, नसीम अली और करण सिंह के तौर पर हुई है। सड़क हादसे के तुरंत बाद ही उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

एमएक्स प्लेयर की वीसर्व ऑडियंसप्रो के साथ साझेदारी

मुंबई। भारत के नंबर वन ओटीटी प्लेटफॉर्म, एमएक्स प्लेयर ने वीसर्व ऑडियंसप्रो के साथ साझेदारी की है। यह साझेदारी ब्रांडों के लिए एक गेम-चेंजर है और इसके मूल में सादगी के साथ अत्याधुनिक समाधान लाती है - चाहे वह नए दर्शकों को अनलॉक करना हो या मौजूदा ग्राहकों को बनाए रखने के लिए नए तरीके खोजना हो, यह सिक्के के दोनों पक्षों को संबोधित करता है। यह साझेदारी एमएक्स प्लेयर की क्षमता को अनलॉक करने के लिए विज्ञापनदाताओं के लिए दो नए रास्ते प्रस्तुत करती है- ऽ ब्रांड अब एमएक्स प्लेयर पर फ्रीक्वेंसी कैंपेन के साथ नए ऑडियंस को अनलॉक करने के लिए तेज पहुंच के लिए किराना दुकानदारों, क्रेडिट स्कोर, आधुनिक ट्रेड ऑफलाइन शॉपर्स, ट्रैवल ट्रांजैक्शंस और कई अन्य जैसे ऑडियंसप्रो से 700 प्लस गहरे निर्धारक खंडों में से चुन सकते हैं। ऽ ऑडिएंसप्रो इनसाइट्स का लाभ उठाते हुए, एमएक्स प्लेयर अब 1पी डेटा वाले ब्रांडों को सामग्री की खपत में गहन अंतर्दृष्टि और उनके उपभोक्ताओं के 700 प्लस लेनदेन व्यवहार बिंदुओं की पेशकश करने में सक्षम होगा। यह अद्वितीय अंतर्दृष्टि को सबसे आगे लाएगा और एमएक्स प्लेयर पर अपने रीमार्केटिंग अभियानों को अधिक वैयक्तिकृत बनाने के लिए ब्रांडों को बेहतर क्रिएटिव बनाने में मदद करेगा। उदा. एमएक्स प्लेयर कंटेंट इनसाइट्स जैसे नाइट आउल्स सेगमेंट $ ऑडियंसप्रो फूड एंड ग्रॉसरी बायर सेगमेंट $ विज्ञापनदाता के 1पी सेगमेंट अब क्यूएसआर ब्रांड को अत्यधिक प्रासंगिक क्रिएटिव के साथ एमएक्स प्लेयर पर बेहतर सेगमेंटेड अभियान चलाने की अनुमति देंगे। सौरभ खन्ना, वीपी - वीसर्व ऑडियंसप्रो ने कहा, ''गुणवत्ता पहुंच और पैमाने, तेज ऑडियंस सेगमेंटेशन, और अत्याधुनिक डेटा-संचालित समाधानों का संयोजन ब्रांडों के लिए एक आकर्षक प्रस्ताव प्रस्तुत करता है।

विधानसभा चुनाव के बाद प्रियंका नहीं गईं यूपी! राज्यों को मजबूत करने की जिम्मेदारी

नई दिल्ली। बीते कुछ दिनों में हुए अलग अलग राज्यों के चुनावों में प्रियंका गांधी की सक्रियता और उसके बाद आए परिणामों से पार्टी ने उनको लेकर कई बड़ी योजनाएं बनाई हैं। तय योजना के मुताबिक प्रियंका गांधी को अब उन राज्यों में चुनावी कमान देने की तैयारी हो रही है जहां पर पार्टी या तो सत्तापक्ष से मजबूत लड़ाई में है या फिर पार्टी के भीतर प्रियंका गांधी की मेहनत से राज्य में मजबूत जनाधार तैयार किया जा सकेगा। फिलहाल संगठनात्मक स्तर पर प्रियंका गांधी को उत्तर प्रदेश से निकालने की योजना बन गई है। ताकि कांग्रेस के लिहाज से फिलहाल ड्राई हुए इस प्रदेश में अपनी ज्यादा ऊर्जा लगाने की बजाय प्रियंका गांधी उन राज्यों में फोकस करें जहां संभावनाएं बहुत ज्यादा नजर आ रही हो। इसमें राजस्थान, मध्य प्रदेश छत्तीसगढ, तेलंगाना और उड़ीसा समेत केरल और कर्नाटक शामिल है।

कभी उत्तर प्रदेश में जोर-शोर से चुनावी अभियान को हवा देकर माहौल बनाने वाली पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी को संगठन उत्तर प्रदेश से दूसरे राज्यों में बड़ी जिम्मेदारियों के साथ भेजने की तैयारी कर रहा है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस पार्टी से जुड़े एक वरिष्ठ नेता कहते हैं कि यह बात तो सही है कि प्रियंका गांधी उत्तर प्रदेश में हुए विधानसभा चुनावों के बाद से यहां नहीं आई है लेकिन उत्तर प्रदेश के तमाम जिम्मेदारियों से अवमुक्त होगी ऐसा फिलहाल पार्टी की ओर से कोई आधिकारिक आदेश तो अभी नहीं आया है। हालांकि कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता पीएल पुनिया कहते हैं कि मलिकार्जुन खरगे के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद से पार्टी के भीतर कई स्तर के संगठनात्मक बदलाव किए जाने हैं। ऐसे में कौन से पदाधिकारी को किस राज्य की जिम्मेदारी दी जाएगी यह तो कर्नाटक चुनाव के बाद ही तय किए जाने का फैसला लिया जाना था। वह कहते हैं कर्नाटक में चुनाव हो चुके हैं तो निश्चित तौर पर अब बैकरूम एक्सरसाइज चल ही रही होगी कि संगठनात्मक स्तर पर किस तरीके का फेरबदल होगा।

उत्तर प्रदेश कांग्रेस पार्टी से जुड़े वरिष्ठ नेता कहते हैं कि प्रियंका गांधी ने उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनावों में जिस तरीके से मेहनत की उसी का परिणाम रहा कि ग्राउंड स्तर पर संगठनात्मक ढांचा मजबूत हुआ। हालांकि यह बात भी मानते हैं कि पार्टी में मचे अंदरूनी घमासान की वजह से पार्टी को वह फायदा चुनावों में नहीं हुआ जिसकी उम्मीद जताई जा रही थी। पार्टी से जुड़े सूत्रों का कहना है कि प्रियंका गांधी पूरी तरीके से उत्तर प्रदेश तो नहीं छोड़ेगी क्योंकि लोकसभा के चुनावों में उत्तर प्रदेश में कांग्रेस बड़े सियासी और संगठनात्मक स्तर पर अपनी मजबूत पकड़ बनाने की योजना बना रहा है। जानकारी के मुताबिक कांग्रेस की दो प्रमुख पुरानी सीट रायबरेली और अमेठी पर इस बार फिर से गांधी परिवार के दो प्रमुख सदस्यों की प्रमुख दावेदारी बताई जा रही है। इसमें अगर एक सीट पर प्रियंका गांधी चुनाव लड़ने की तैयारी करती हैं तो प्रियंका गांधी उत्तर प्रदेश में मजबूत तरीके से कांग्रेस को खड़ा करने में मदद कर सकेंगी।

वही उत्तर प्रदेश में हुए विधानसभा चुनावों के बाद से प्रियंका गांधी की अचानक कम हुई सक्रियता को लेकर तमाम तरह के सवाल उठ रहे हैं। कहा तो यह तक जा रहा है कि प्रियंका गांधी के लखनऊ में बनाए गए आशियाने में अब उतनी सक्रियता नहीं रहती जितनी कि प्रियंका गांधी की उत्तर प्रदेश में मौजूदगी के दौरान हुआ करती थी। कांग्रेस के नेता पी एल पुनिया कहते हैं कि कुछ चुनाव में जिस तरीके से कांग्रेस ने अलग-अलग राज्यों में सरकारें बनानी शुरू की है उससे कांग्रेस के सभी बड़े नेताओं के सामूहिक प्रयास झलकते लगते हैं। लेकिन निश्चित तौर पर प्रियंका गांधी की ओर से की गई मेहनत कर्नाटक और हिमाचल जैसे राज्यों में एक अलग ही मुकाम रखती हैं। वही पार्टी से जुड़े सूत्रों का कहना है कि प्रियंका गांधी उत्तर प्रदेश में अपनी बतौर राष्ट्रीय महासचिव की पुरानी सक्रियता तो जरूर कम कर सकती है लेकिन अमेठी और रायबरेली में पुरानी सक्रियता के साथ ही जुटी रहेंगी।

जिन राज्यों में विधानसभा के चुनाव हैं वहां पर ज्यादा सक्रिय रहेंगी प्रियंका

कांग्रेस पार्टी से जुड़े सूत्रों का कहना है कि प्रियंका गांधी को आने वाले दिनों में जिन राज्यों में विधानसभा के चुनाव होने हैं वहां पर ज्यादा सक्रिय करने की बात कही जा रही है हालांकि इसको लेकर प्रियंका गांधी और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष की बैठक के बाद हो सकेगा कि प्रियंका गांधी की भूमिका क्या होगी। लेकिन उत्तर प्रदेश की तरह सियासी रूप से मजबूत करने के लिहाज से प्रियंका गांधी को मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, तेलंगाना, कर्नाटक और केरल जैसे राज्यों में बड़ी जिम्मेदारी देने की तैयारी और भूमिका जरूर बनाई जा रही है। पार्टी के वरिष्ठ नेता मानते हैं कि राहुल गांधी के साथ-साथ प्रियंका गांधी को दी जाने वाली जिम्मेदारी से लोकसभा के चुनावों में पार्टी मजबूती के साथ सियासी मैदान में खड़ी भी होगी और चुनाव भी लड़ सकेगी।

एन बीरेन सिंह बोले- अतीत बीत चुका है, अब हमारा मिशन राज्य में सामान्य स्थिति बहाल करना

इंफाल। मणिपुर में बीते दिनों हुई हिंसा के बाद अब धीरे-धीरे हालात सामान्य होने लगे हैं। इस दौरान राज्य के सीएम एन बीरेन सिंह ने राज्य के हालात के बारे में जानकारी दी है। उन्होंने रविवार को कहा कि अतीत बीत चुका है। हमारा मिशन मणिपुर राज्य में सामान्य स्थिति बहाल करना है। उन्होंने यह भी कहा कि जो हिंसा हुई वह समुदायों के बीच लड़ाई का परिणाम नहीं थी। समुदायों के बीच कोई लड़ाई नहीं थी। संघर्ष पर बोलते हुए मणिपुर के सीएम एन बीरेन सिंह ने कहा कि अतीत बीत चुका है, अब हमारा मिशन मणिपुर राज्य में सामान्य स्थिति बहाल करना है। समुदायों के बीच कोई लड़ाई नहीं थी और कोई लड़ाई नहीं होनी चाहिए। यह सरकार के पास है, जब भी सरकार कुछ करने की कोशिश करती है तो प्रतिरोध और स्वीकृति दोनों होंगे।